RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 31
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 19 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



पर्यावरण संरक्षण के लिए भूमि पेडनेकर आईं आगे

विविध-12

www.dailypioneer.com

# लद्दाख की बर्फीली ठंड को भी मात देंगे हमारे जांबाज जवान

**एलएसी पर गतिरोध**

● एलएसी पर तैनात सैनिकों के लिए आधुनिक आवास तैयार बिजली, गर्म पानी और सफाई का विशेष इंतजाम

● जाड़े में शून्य से 40 डिग्री नीचे तक चला जाता है यहां पर तापमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





लद्दाख में सैनिकों के लिए सुविधाओं से युक्त आवास। इनमें -30 से -40 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी हमारे जवान आराम से रह सकेंगे

**कई** दौर की बातचीत के बाद भी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी गतिरोध को खत्म करने में अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

इस बीच भारतीय सेना यहां पर प्रीफ्रेबिकेटेड हीटेड हट (गर्म तंबू) समेत बुनियादी सुविधाओं को तेजी से बढ़ा रही है जिससे कि सैनिकों को जाड़े के मौसम मुश्किलें पेश न आए और वे अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर सकें। इन आधुनिक आवासों में गर्म पानी, स्वच्छता जैसी पर्याप्त सुविधाएं होंगी। तनाव कम करने की दिशा में थोड़ी बहुत प्रगति की पृष्ठभूमि में सेना पिछले कुछ महीनों से अपनी जमीनी आपूर्ति को तेजी से बढ़ा रही है। ये सारे प्रयास इसलिए किए जा रहे हैं जिससे कि लद्दाख में एलएसी पर अगले कुछ महीनों तक तैनात रहने वाले सैनिकों को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराई जा सकें। सेना के पास जाड़े के कपड़ों और बूटों का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में है। अब उसका पूर्वी लद्दाख में तैनात सैनिकों के लिए आधुनिक आवासीय सुविधाएं तैयार की दिशा में चल रहा प्रयास पूरा हो चुका है। इस इलाके में हर साल नवंबर के बाद 40 फीट तक बर्फबारी होती है तथा तापमान शून्य से 30-40 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला जाता है। पूर्वी लद्दाख में जिन स्थानों पर गतिरोध चल रहा है उनमें से अधिकांश स्थान 15 हजार फीट से भी ज्यादा ऊंचाई पर स्थित हैं।

ऐसी ऊँचाईयों पर ऑक्सीजन की कमी के कारण सेना ने एहतियात बरतते हुए ऐसे वातावरण से तालमेल बैठाने में माहिर सैनिकों को यहां पर तैनात किया है। जून में गलवान घाटी में हिंसक झड़प के मद्देनजर हालात बिगड़ने के बाद कई अतिरिक्त सैनिकों को यहां लाया गया है जिन्हें सियाचिन ग्लेशियर पर तैनाती का पर्याप्त अनुभव है। भारतीय सेना ने बताया कि तमाम सुविधाओं से युक्त परंपरागत स्मार्ट कैंप के अलावा बिजली, पानी, जगह को गर्म रखने की सुविधा, स्वास्थ्य और स्वच्छता सुविधाओं से युक्त अत्याधुनिक आवासीय सुविधा की व्यवस्था की गई है। उसने कहा कि अग्रिम पंक्ति में तैनात सैनिकों को तैनाती की रणनीतिक जरूरतों के मद्देनजर गर्म रहने वाले तंबूओं (टेंट) में रखा गया है। असके अलावा किसी भी प्रकार की आपात जरूरत के लिए असैन्य निर्माण भी किया गया है।बयान के अनुसार, पूर्वी लद्दाख में तापमान शून्य से 30-40 डिग्री सेल्सियस नीचे तक गिरता है और नवंबर के बाद वहां 40 फुट तक बर्फ गिरती है। इसके अलावा, कुछ समय के लिए वहां तक का सड़क मार्ग अवरुद्ध हो जाता है।

सेना ने बताया कि कड़ाके की ठंड में वहां तैनात सैनिकों की अभियान क्षमता को बनाए रखने के लिए भारतीय सेना ने सेक्टर में मौजूद सभी सैनिकों के आवास की व्यवस्था कर दी है। दूसरी ओर चीन ने भी एलएसी पर अपने सैनिकों के रहने के लिए आवासीय व्यवस्था में सुधार किया है क्योंकि वे जाड़े में यहां तैनात रहने की तैयारी कर रहे हैं। अक्टूबर में चीन की सरकारी मीडिया ने जाड़े से पहले यहां सैनिकों के रहने के लिए चीनी सेना (शेष पेज 9)

# उत्तर प्रदेश में 69,000 प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती का रास्ता साफ

● सर्वोच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार को दी अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को मई में घोषित परिणामों के आधार पर सहायक बेसिक शिक्षकों के 69,000 रिक्त पदों पर भर्ती करने की बुधवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति यू यू ललित की अगुवाई वाली पीठ ने सहायक बेसिक शिक्षकों के चयन के लिए कट ऑफ अंक बरकरार रखने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की याचिका समेत अन्य याचिकाओं को खारिज कर दिया।

संघ और कई अन्य शिक्षा मित्रों ने उत्तर प्रदेश सरकार के सात जनवरी, 2019 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में कहा गया था कि सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2019 को उत्तीर्ण करने के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को कम से कम 65 प्रतिशत अंक और आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 60 प्रतिशत अंक हासिल करने होंगे। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि उसने राज्य सरकार के इस प्रतिवेदन को दर्ज कर लिया है कि परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहने वाले शिक्षा मित्रों को अगले चयन में प्रतियोगिता में बैठने का एक और अवसर दिया जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य को उत्तर प्रदेश में शिक्षा मित्र शिक्षकों को सहायक बेसिक शिक्षकों के तौर पर चयन के लिए फिर से प्रतियोगिता में भाग लेने का एक और मौका देने की अनुमति होगी।

इससे पहले न्यायालय ने राज्य से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा था। अदालत ने इन पदों पर भर्ती के लिए कट-ऑफ अंक अधिक रखने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले को बरकरार रखा था। न्यायालय ने राज्य सरकार से यह बताने को कहा था कि उसने सामान्य श्रेणी के लिए 45 और आरक्षित वर्ग के लिए 40 प्रतिशत कट-ऑफ अंक हासिल करने की पूर्ववर्ती अहर्ता में बदलाव क्यों किया। राज्य ने अपने जवाब में कहा कि सबसे अच्छे उम्मीदवारों को चुनने के लिए कट-ऑफ अंक बढ़ाए गए और इस फैसले में कुछ भी गैर-कानूनी नहीं है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सहायक बेसिक शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी करने को हरी झंडी दे दी थी। अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया था कि वह आगामी तीन महीने में प्रक्रिया पूरी करे। 25 जुलाई 2017 को शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से (शेष पेज 9)

### योगी ने निर्णय का किया स्वागत



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहायक अध्यापकों की भर्ती के प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्णय पर सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे शिक्षामित्र जिन्हें मौका नहीं मिला है, उनको राज्य सरकार द्वारा एक और अवसर दिया जाएगा। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि शीघ्र ही भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति लेकर सहायक अध्यापक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करें।

# लद्दाख को चीन में दिखाने पर ट्विटर ने मांगी माफी

● इस माह के अंत तक गलती को ठीक करने का किया वादा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सोशल** मीडिया कंपनी ट्विटर ने लद्दाख को गलत ढंग से चीन के हिस्से के तौर पर दर्शाने को लेकर एक प्रमुख संसदीय समिति से लिखित में माफी मांगी है और यह वादा किया कि इस महीने के आखिर तक वह इस गलती को सुधार लेगी।

डाटा संरक्षण विधेयक संबंधी संयुक्त समिति की प्रमुख मीनाक्षी लेखी ने बुधवार को यह जानकारी दी। लेखी ने बताया कि भारत के मानचित्र की गलत ढंग से जियो-टैगिंग करने के मामले में ट्विटर ने मुख्य निजता अधिकारी डेमियन केरेन के हस्ताक्षर वाले एक हलफनामे के तौर पर अपना पक्ष रखा है। पिछले महीने इस समिति ने लद्दाख को गलत ढंग से चीन के हिस्से के तौर पर दर्शाने को लेकर ट्विटर की सख्त लहजे में आलोचना की थी और अमेरिका में मौजूद इस कंपनी से हलफनामे के रूप में स्पष्टीकरण मांगा था। समिति के समक्ष उपस्थित होने पर ट्विटर इंडिया के प्रतिनिधियों ने माफी मांगी थी, लेकिन समिति के सदस्यों ने उनसे कहा था कि देश की संप्रभुता पर सवाल करने वाला यह एक आपराधिक कृत्य है और ट्विटर की ओर से हलफनामा देना पड़ेगा।

लेखी ने कहा, ट्विटर ने लद्दाख को चीन में दर्शाने के लिए अब हलफनामे के रूप में लिखित माफी मांगी है। भाजपा सांसद ने कहा, उन्होंने भारत की भावनाओं को आहत करने के लिए माफी मांगी है और कहा है कि वे 30 नवंबर तक गलती सुधार लेंगे। भारत सरकार ने देश का गलत मानचित्र दिखाने को लेकर ट्विटर को सख्त चेतावनी दी थी। सरकार ने कहा था कि देश की संप्रभुता और अखंडता का अनादर (शेष पेज 9)

# शशिकला ने 10 करोड़ का जुर्माना भरा, शीघ्र रिहाई की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** की दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की पूर्व सहयोगी और आय से अधिक संपत्ति मामले में जेल की सजा काट रही वीके शशिकला ने बुधवार को बेंगलुरु की अदालत में 10 करोड़ रुपए का जुर्माना भरा और जल्द ही उनकी रिहाई होने की उम्मीद है। उनके वकील ने यह जानकारी दी। इस बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने स्पष्ट किया है कि शशिकला की संभावित रिहाई से अन्नाद्रमुक के, उनसे और उनके परिवार से दूरी बनाए रखने के रुख में बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी और सरकार दोनों ही शशिकला से दूरी बनाकर रखेंगी। कोयंबटूर में पलानीस्वामी ने संवाददाताओं से कहा कि शशिकला के मामले में पार्टी के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। वहीं, शशिकला के वकील राजा सेंतुर पांडियन ने बताया कि 10 करोड़ रुपए के जुर्माने की राशि बेंगलुरु की अदालत में जमा कराई गई। उन्होंने बताया अदालत जल्द ही जेल प्राधिकारियों को (शेष पेज 9)

# नीतीश पर शिक्षा मंत्री मेवालाल को हटाने का दबाव

● भ्रष्टाचार के आरोपों का कर रहे हैं सामना और इसी मुद्दे पर पार्टी से रह चुके हैं निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना



**बिहार** सरकार में जदयू कोटे से डॉ. मेवालाल चौधरी को मंत्री बनाए जाने को लेकर मुख्य विपक्षी दल राजद सहित विभिन्न दलों ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरा और मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की जिन्हें पूर्व में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर पार्टी से निलंबित भी किया गया था।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने सवाल किया कि असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में आरोपी चौधरी को शिक्षा मंत्री बनाकर क्या भ्रष्टाचार करने का ईनाम एवं लूटने की खुली छूट प्रदान की है? तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर आरोप लगाया, भ्रष्टाचार के अनेक मामलों में भगौडे आरोपी को शिक्षा मंत्री बना दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा, कुर्सी की ख़ातिर अपराध, भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता पर मुख्यमंत्री जी प्रवचन जारी रखेंगे। राजद नेता ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति और भवन निर्माण में भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों में भारतीय दंड संहित की धारा 409,420,467, 468,471 और 120ब के तहत आरोपी मेवालाल चौधरी को शिक्षा मंत्री बनाकर क्या भ्रष्टाचार करने का ईनाम एवं लूटने की खुली छूट प्रदान की है? उधर, मंत्री से इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है वहीं, उनके निजी सहायक अभिषेक कुमार ने कहा कि केवल अदालत तय करेगी कि वह दोषी हैं कि नहीं।

इससे पहले राजद ने आधिकारिक ट्वीट में आरोप लगाया कि तेजस्वी जी पर फ़र्जी केस करवा कर इस्तीफ़ा माँग रहे थे और यहाँ खुद एक भ्रष्टाचारी मेवालाल को मंत्री बना रहे है। गौरतलब है कि नवनिर्वाचित जदयू विधायक डॉ. मेवालाल चौधरी ने राज्य की तारापुर विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है। उन्हें पहली बार नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। राजनीति में प्रवेश से पहले मेवालाल भागलपुर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति थे।

असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में अनियमितता के आरोपों और एफआईआर दर्ज किए जाने के मद्देनजर चौधरी (67) को साल 2017 में नीतीश कुमार नीत जदयू से निलंबित कर दिया गया था। यह मामला साल 2012 में असिस्टेंट प्रोफेसर और कनिष्ठ वैज्ञानिकों की नियुक्ति में कथित अनियमितता से संबंधित है। भाजपा जो उस समय विपक्ष में थी, ने भी तब चौधरी के खिलाफ मुद्दे को उठाया था। तब राज्य में महागठबंधन की सरकार थी। तेजस्वी यादव ने नीतीश मंत्रिमंडल में किसी मुस्लिम के मंत्री नहीं बनाए जाने पर भी चुटकी ली। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों में से किसी को भी मंत्री नहीं बनाया। जबकि भ्रष्टाचार के अनेक मामलों में भगौडे आरोपी को शिक्षा मंत्री बना दिया। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद ने (शेष पेज 9)

# लक्ष्मी विलास बैंक के जमाकर्ताओं का पैसा पूरी तरह सुरक्षितः प्रशासक

● टीएन मनोहरन को बैंक का प्रशासक नियुक्त किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**लक्ष्मी** विलास बैंक के प्रशासक टीएन मनोहरन ने बुधवार को कहा कि बैंक के जमाकर्ताओं का पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने भरोसा जताया कि नियामक द्वारा तय समयसीमा के अंदर ही बैंक का विलय डीबीएस बैंक इंडिया के साथ हो जाएगा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को केनरा बैंक के पूर्व गैर-कार्यकारी चेयरमैन टीएन मनोहरन को लक्ष्मी विलास बैंक का प्रशासक नियुक्त किया। आरबीआई ने संकट में फंसे निजी क्षेत्र के बैंक के निदेशक मंडल को हटाने के बाद प्रशासक की नियुक्ति की। बैंक पर लेन-देने को लेकर पाबंदी लगाई गई है और प्रति खाता 25,000 रुपए की निकासी की सीमा तय की गई है। मनोहरन ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्हें भरोसा है कि लक्ष्मी विलास बैंक का डीबीएस बैंक इंडिया के साथ विलय 16 दिसंबर, 2020 से पहले हो जाएगा। प्रशासक ने कहा, उनकी पहली प्राथमिकता जमाकर्ताओं को आश्वस्त करना है कि उनका पैसा पूरी तरह से सुरक्षित है और बैंक के पास जमाकर्ताओं का पैसा लौटाने को लेकर पर्याप्त नकदी है।

लक्ष्मी विलास बैंक के पास 20,000 करोड़ रुपए जमा है जबकि उसने 17,000 करोड़ रुपए कर्ज दे रखा है। आरबीआई विलय को लेकर अंतिम मसौदा 20 नवंबर को जारी करेगा। दूसरी ओर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अधिकारियों का संगठन एआईबीओसी ने बुधवार को कहा कि लक्ष्मी विलास बैंक (एलवीबी) का विलय सिंगापुर की डीबीएस बैंक की अनुषंगी इकाई (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,180 | ↑ 227 | |
| निफ्टी | 12,938 | ↑ 64 | |
| सोना | 50,253 | ↓ 357 | /10g |
| चांदी | 62,693 | ↓ 532 | /kg |

### क्विक न्यूज

**कलबुर्गी से हिंडन के बीच सीधी उड़ान शुरू**

**कलबुर्गी।** कर्नाटक के कलबुर्गी से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में स्थित हिंडन हवाई अड्डे के बीच बुधवार को सीधी विमान सेवा की शुरुआत हुयी। इस सेवा को क्षेत्रीय संपर्क योजना 'उड़े देश का आम नागरिक' (आरसीएस- उड़ान) के तहत झंडी दिखायी गयी। पिछले साल बोली प्रक्रिया के बाद स्टार एयर को आरसीएस-उड़ान-तीन के तहत इस मार्ग पर उड़ान के लिये सेवा शुरू करने की अनुमति दी गयी थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि विमानन कंपनी सप्ताह में तीन उड़ानों का परिचालन करेगी और 50-सीटों वाले एम्ब्रेयर-145 लक्जरी विमान को परिचालन के लिये उतारेगी। बयान में कहा गया है कि इस मार्ग पर उड़ान सेवा के साथ स्टार एयर के विमान 16 मार्ग पर उड़ान भरेंगे।

# मरीज को प्लाज्मा देने से कम नहीं होता मौत का खतरा

● कोरोना संक्रमण के प्रकोप और प्लाज्मा की बढ़ती मांग के बीच आईसीएमआर ने चेताया

● दिशानिर्देश जारी, राज्यों को अंधाधुंध इस्तेमाल पर अंकुश लगाने की सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** भर में कोरोना को मात दे चुके लोगों से प्लाज्मा की बढ़ती मांग के बीच भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि कोविड संक्रमण के इलाज के लिए प्लाज्मा थैरेपी से बचना चाहिए, क्योंकि इससे मरीज में मौत का खतरा कम नहीं होता है।

इस पद्धति का अंधाधुंध इस्तेमाल उचित नहीं है। प्लाज्मा पद्धति में महामारी को मात देकर ठीक हुए रोगियों के प्लाज्मा का इस्तेमाल दूसरे रोगियों के उपचार में किया जाता है। महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित दिल्ली, महाराष्ट्र और ओडिशा ने न केवल प्लाज्मा थैरेपी की जमकर वकालत की थी, बल्कि इसकी कमी को पूरा करने के लिए प्लाज्मा बैंक भी स्थापित किए हैं।

हालांकि आईसीएमआर ने प्लाज्मा के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया है। इसके बजाय शीर्ष चिकित्सा संस्थान ने इसके लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं और राज्यों को इसके अंधाधुंध इस्तेमाल पर चेताया है। देश की शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान इकाई ने अपने परामर्श में कहा है कि प्लाज्मा दान करने वाले व्यक्ति के शरीर में कोविड-19 के खिलाफ काम (शेष पेज 9)

### फाइनल ट्रायल में फाइजर का टीका 95 प्रतिशत तक असरदार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस को काबू करने के लिए उम्मीद जगाने वाली कई खबरों के बीच अमेरिकी दवा कंपनी फाइजर ने दावा किया है कि इसका कोराना टीका तीसरे चरण के ट्रायल के अंतिम विश्लेषण में 95 फीसद प्रभावी पाया गया है।

इसके साथ ही कंपनी के लिए अगले कुछ ही दिनों में अंतिम स्वीकृति के लिए अमेरिकी नियामकों के पास आवेदन देने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी दवा कंपनी और इसके पार्टनर बायोएनटेक एसई ने कहा है कि उनकी वैक्सीन ने सभी उम्र और वर्ग के लोगों को कोरोना से बचाया है और अभी तक कोई गंभीर सुरक्षा समस्या भी (शेष पेज 9)

# राम-लक्ष्मण-सीता की मूर्तियां ब्रिटेन से वापस आईं

● बीस साल पहले नागापटीन्नम के विष्णु मंदिर से चोरी हुईं कांस्य प्रतिमाएं तमिलनाडु को सौंपीं गईं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



वर्ष 1978 में तमिलनाडु से चोरी हुईं 13वीं शताब्दी की विजयनगरम काल की श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता सीता की प्रतिमाएं।

**करीब** बीस साल पहले चोरी भगवान राम, लक्ष्मण, देवी सीता और हनुमान की तीन फीट लंबी कांस्य प्रतिमाएं ब्रिटेन से भारत आ गई हैं। विजयनगरम काल की ये मूर्तियां तमिलनाडु के नागापटीन्नम के विष्णु मंदिर से 1978 में गायब हुई थीं। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री प्रहलाद पटेल ने चारों बेशकीमती प्रतिमाएं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मुख्यालय में तमिलनाडु को सौंप दी।

उल्लेखनीय है कि लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने इन प्रतिमाओं को बरामद कर 15 सितंबर को ही भारतीय उच्चायोग को लौटाया था। पटेल इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़े थे। प्रहलाद पटेल ने बुधवार को भारतीय उच्चायोग को बधाई दी और लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस का भी आभार व्यक्त किया तथा साथ ही इन प्रतिमाओं को बरामद करने के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए तमिलनाडु सरकार के प्रतिमा प्रकोष्ठ की भी प्रशंसा की।

पिछले साल अगस्त में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग को कला प्रेमियों के समूह 'इंडिया प्राइड प्रोजेक्ट' ने सूचना दी थी कि तमिलनाडु के मंदिर से विजयनगरम काल की प्राचीन प्रतिमाओं की चोरी हुई थी और भारत से बाहर इनकी तस्करी की गई जो ब्रिटेन पहुंचाई गईं। प्राचीन प्रतिमाओं के संग्रहकर्ता कलाप्रेमी ने इन्हें हासिल कर लिया था और बाद में इन्हें सच्ची ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए भारत सरकार को लौटाने की बात कही। संग्रहकर्ता को (शेष पेज 9)

# कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग व सर्विलांस सिस्टम सक्रिय रखें

● कोविड के खिलाफ यूपी मॉडल की डब्ल्यूएचओ ने की सराहना, सीएम ने यूपी की जनता को दी बधाई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 के खिलाफलड़ाई में यूपी मॉडल की डब्ल्यूएचओ द्वारा सराहना किए जाने पर उत्तर प्रदेश की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा की जा रही कार्यवाही की स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्व की सर्वोच्च संस्था द्वारा प्रशंसा किया जाना यह सिद्ध करता है कि प्रदेश सरकार ने सही रणनीति लागू की।


मुख्यमंत्री ने अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि विभिन्न देशों तथा भारत के कई राज्यों में कोविड-19 की सेकेण्ड वेव देखने को मिल रही है। इसके दृष्टिगत प्रत्येक स्तर पर पूरी सतर्कता बनाए रखते हुए आईसीयू बेड्स की उपलब्धता की समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने कोविड-19 से बचाव व उपचार की व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम की व्यवस्था को पूर्व की भांति सक्रिय रखा जाए। उन्होंने अन्य राज्यों से आने वाले लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। सीएम ने कहा कि जब तक कोविड-19 की कोई कारगर दवा अथवा वैक्सीन उपलब्ध नहीं हो जाती तब तक सतर्कता ही बचाव है। इसके दृष्टिगत उन्होंने लोगों से छठ पर्व का अनुष्ठान घर में ही रहकर सम्पन्न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसके लिए लोग अपने घर में टब अथवा अन्य किसी बड़े बर्तन में पानी भरकर अनुष्ठान सम्पन्न कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीम-11 द्वारा पूरे समन्वय के साथ बेहतर परिणाम दिए गए हैं। कार्य की गति को आगे भी इसी प्रकार जारी रखा जाए। उन्होंने इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम में इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कोविड-19 की मेडिकल टेस्टिंग रैण्डम आधार पर किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर ऐसी व्यवस्था लागू की जाए जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए इंतजार न करना पड़े। इस सम्बन्ध में किसानों के लिए पर्ची जारी किए जाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने 72 घण्टे के अन्दर किसानों की उपज का भुगतान सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि पिछले दिनों अतिवृष्टि से जिन जनपदों में किसानों की फसल को क्षति हुई है, वहां नुकसान का आकलन करते हुए प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा देने की व्यवस्था की जाए।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी छठ पर्व की बधाई

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्य की जनता को छठ पर्व की बधाई दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि प्रकृति के प्रति वंदनीय भाव के प्रतीक लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के प्रथम व्रत नहाए-खाए की आप सभी को शुभकामनाएं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पूर्व के त्योहारों की भांति छठ पर्व भी घर पर ही मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है बल्कि कमजोर हुआ है। बचाव ही इसका सर्वोत्तम उपाय है। योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि प्रकृति के प्रति वंदनीय भाव के प्रतीक, लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के प्रथम व्रत नहाए खाए की आप सभी को शुभकामनाएं। कोरोना अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, कमजोर हुआ है। बचाव ही सर्वोत्तम उपाय है। पूर्व के त्योहारों की भांति छठ भी घर पर ही मनाने का प्रयास करें। वहीं एक सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक छठ पूजा के अवसर पर घाटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था किए जाने के साथ ही महिलाओं को यह पर्व घर पर मनाने के संबंध में प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा घाटों के किनारे पारंपरिक स्थानों पर अर्घ्य दिए जाने के समुचित प्रबंध किए जाने के साथ ही पानी के बहाव के समुचित प्रबंध किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। घाटों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को उनके सरकारी आवास पर केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय ने भेंट की

## गोपाष्टमी पर सभी गो-आश्रय स्थलों पर कार्यक्रम के निर्देश

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने 22 नवम्बर को गोपाष्टमी के अवसर पर प्रत्येक गो-आश्रय स्थल पर एक कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सांसद, विधायक, पार्षद, ग्राम प्रधान आदि जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। इस दिन पशु स्वास्थ्य परीक्षण का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया है कि गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश का खुरपका-मुंहपका के सम्बन्ध में टीकाकरण किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि पशु चिकित्साधिकारी नियमित रूप से गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण करते रहें। संरक्षित गोवंश के लिए शीत से बचाव के लिए सभी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। कुपोषित परिवारों को मुख्यमंत्री निराश्रित, बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत गौ आश्रय स्थल से गाय उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

## देव दीपावली पर 15 लाख दीपों से जगमगाएंगे काशी के घाट

● गंगा नदी की लहरों पर लेजर शो के साथ प्रोजेक्टर के माध्यम से काशी व शिव की महिमा और गंगा अवतरण आदि का होगा भव्य प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अयोध्या** में दिवाली के भव्य व सफल आयोजन के बाद काशी की विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली को योगी सरकार भव्य बनाने जा रही है। देव दीपावली पर पिछले साल काशी के घाटों को दस लाख दीयों की रोशनी से रोशन किया गया था, जबकि इस बार देव दीपावली को भव्य बनाने के लिए 15 लाख से अधिक दीयों को जलाया जाएगा। 30 नवम्बर कार्तिक पूर्णिमा के दिन बनारस के 84 घाट 15 लाख दीयों की रोशनी से झिलमिलाएंगे। यह जानकारी उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक अविनाश मिश्रा ने दी।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष देव दीपावली पर ग्रैंड शो का आयोजन किया जाएगा। साथ ही गंगा नदी में पानी की लहरों पर लेजर शो एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से काशी की महिमा, शिव की महिमा एवं गंगा अवतरण आदि का भव्य प्रदर्शन होगा। बनारस के घाटों पर देव दिवाली हर साल बड़े पैमाने पर मनाई जाती है और दुनिया भर से लोग इसे देखने आते हैं। श्री मिश्रा ने बताया कि देव दीपावली के दिन 20-25 घाटों पर बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यहां पर आने वाले पर्यटक नाव से भी इसका नजारा देख सकेंगे। पर्यटकों को पिछले वर्षों से अलग हटकर इस बार काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। गंगा आरती में भी ऐसी व्यवस्था होगी कि लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और दूरी को बनाए रखें।

## लगेगा लोन मेला, सीएम देंगे ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार इस माह के अंत में भव्य ऋण मेले का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति का प्रमाण पत्र देंगे।

अपर मुख्य सचिव नवनीत सगहल ने बुधवार को लोकभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में ऋ ण वितरण और विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैंकों से तालमेल कर लोन डिस्बर्स की कार्यवाही समय से पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि एक जिला-एक उत्पाद तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत टूल किटों के वितरण को विशेष प्राथमिकता दी जाए। हर हाल में 30 नवंबर तक टूलकिट वितरण का कार्य पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वरोजगार कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसके तहत उद्यमियों तथा नव उद्यमियों को रोजगार स्थापित करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराए जाने का प्राविधान है। प्रत्येक जनपद में वृहद रूप से रोजगार सृजन के लिए रोजगार प्लान बनाया जाए। इस वित्तीय वर्ष में एमएसएमई से 50 लाख लोगों को रोजगार, स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। अभी तक छह लाख से अधिक नई इकाइयों को 18 हजार करोड़ रुपये का ऋण दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पहले से चल रही छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों में भी ऋण वितरित किया गया है। इससे भारी संख्या में रोजगार का सृजन हुआ है। इन प्रयासों से प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग में अधिकारियों, कर्मचारियों के पदोन्नति के जितने प्रकरण विचाराधीन हैं, उनको तत्काल निस्तारित किया जाए। कर्मियों को समय से एसीपी का लाभ दें। अपर मुख्य सचिव ने अयोध्या में सीपेट के ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना तथा खिलौना नीति की प्रगति की जानकारी ली। जल्द से जल्द नीति तैयार करने के निर्देश दिए।

## अपराध पर नियंत्रण राज्य सरकार की प्राथमिकता: योगी

●सीएम के समक्ष हुआ उप्र पुलिस एवं फारेंसिक साइंस विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के समक्ष आज उनके सरकारी आवास पर उप्र पुलिस एवं फॉरेंसिक साइंस विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना शीघ्रातिशीघ्र की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित करते हुए अपराध पर नियंत्रण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में दायर विभिन्न प्रकार के वादों के निस्तारण में फॉरेंसिक रिपोर्ट की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। प्रदेश में विधि विज्ञान के क्षेत्र में दक्ष लोगों की उपलब्धता तथा फॉरेंसिक साइंस में उच्चस्तरीय शोध के उद्देश्य से राज्य सरकार उप्र पुलिस एवं फॉरेंसिक साइंस विश्वविद्यालय की स्थापना कर रही है। प्रस्तुतीकरण के दौरान मुख्यमंत्री को उप्र पुलिस एवं फॉरेंसिक साइंस विश्वविद्यालय के गठन, इसके लिए भूमि के आवंटन, बजट के आगणन, विश्वविद्यालय के संचालनार्थ पदों के सृजन, विश्वविद्यालय में प्रस्तावित विभागों, कुल प्रस्तावित पदों, उप्र पुलिस एवं फॉरेंसिक साइंस विश्वविद्यालय एवं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के बीच एमओयू इत्यादि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने सरोजनीनगर तहसील में पुलिस प्रशिक्षण संस्थान के नाम दर्ज 57.549 हेक्टेयर भूमि में से इस विश्वविद्यालय के लिए 50 एकड़ भूमि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## अदालत के फैसले का दूरगामी परिणाम होगा: सतीश चन्द्र द्विवेदी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बेसिक** शिक्षा विभाग में 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में रिक्त चल रहे 37339 पदों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश चन्द्र द्विवेदी ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि न्यायालय का आदेश प्राप्त होने के बाद शेष बचे पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षामित्रों को जो एक अवसर देने का कोर्ट ने निर्देश दिया है, उस पर हमें कोई आपत्ति नहीं है। अगली नई जो भर्ती होगी उसमें शिक्षामित्रों को एक अवसर दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ द्विवेदी ने कहा कि मैं उन सभी अभ्यर्थियों को बधाई देता हूँ, जिनके इस फैसले के बाद भर्ती का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस फैसले का दूरगामी परिणाम होगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का योगी सरकार का जो दूरगामी निर्णय था, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश को यह संदेश दे दिया है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर गांव, गरीब, किसान, मजदूर के बच्चे का अधिकार है। जिस पर योगी सरकार काम कर रही थी। उन्होंने कहा कि हम 69000 में से 31227 पदों पर न्यायालय के निर्णय के अनुसार भर्ती कर चुके हैं, शेष पदों पर न्यायालय का आदेश प्राप्त होते ही भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।


### यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना

1. रेलवे ट्रैक एवं स्टेशन के आस-पास भीड़ एकत्रित न करें, यह खतरनाक हो सकता है।
2. रेलगाड़ी के डिब्बों में स्टोव, आतिशबाजी का सामान, विस्फोटक वस्तुएं, गैस सिलिण्डर, तेजाब, फिल्म, मिट्टी का तेल एवं पेट्रोल जैसे अन्य ज्वलनशील एवं खतरनाक वस्तुओं को साथ लेकर यात्रा न करें। इन वस्तुओं से आग लग सकती है। यह भारतीय रेल अधिनियम 1989 के अनुच्छेद 164 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।
3. यात्री यदि इस प्रकार के ज्वलनशील एवं खतरनाक विस्फोटक वस्तुओं को गाड़ी या स्टेशन प्लेटफार्म पर देखें तो तुरन्त इसकी सूचना गार्ड/टीटीई, स्टेशन मास्टर, आर.पी.एफ./ राजकीय रेलवे पुलिस को दें, इसी में आपकी एवं सभी यात्रियों की सुरक्षा है।
4. गाड़ी की छत एवं पावदान पर यात्रा न करें, यह जानलेवा एवं दण्डनीय है।
5. गाड़ी में यात्रा के दौरान कोविड-19 से बचाव सम्बन्धी नियमों का पालन अवश्य करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
ग्राहक सेवा मुस्कान के साथ
मुजाधि/संरक्षा-01
nerailwaygkp www.ner.indianrailways.gov.in N.E. Railway


## पूर्व राज्यपाल के निधन पर जताया शोक

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गोवा की पूर्व राज्यपाल मृदुला सिन्हा के निधन पर दु:ख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि मृदुला सिन्हा जी का व्यक्तित्व अत्यंत सरल एवं मित्रवत था। उन्होंने साहित्य एवं राजनीति के माध्यम से विभिन्न आयामों में समाज सेवा की है। राज्यपाल के रूप में भी उन्होंने अनेक अनुकरणीय परम्पराओं की शुरूआत की थी। पटेल ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए दु:खी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश अंकित कुमार मिश्रा व जन्मतिथि 01.08.1996 अंकित हो गयी है, जो कि गलत है। सही नाम शुभ मिश्रा व जन्मतिथि 02.07.2004 है। निवासी-P-69, संजय गाँधी पुरम, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम फातिमा खातून था। अब मुझे खातूना पत्नी यार मोहम्मद ग्राम-केवटली, पोस्ट- मैना, थाना-इटवा, जिला-सिद्वार्थनगर से जाना पहचाना जाय। खातूना पत्नी यार मोहम्मद ग्राम- केवटली, पोस्ट-मैना थाना-इटवा, जिला-सिद्वार्थनगर।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मयंक जेटली व पुत्रवधू भाव्या जेटली उर्फ इती सारस्वत को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और पूर्णत संबंध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य की जिम्मेदारी मुझ पर तथा मेरे परिवार पर नहीं होगी। प्रेमनाथ शर्मा 49, N-ब्लाक किदवई नगर, कानपुर-208011


## भाजपा की नीतियों से कृषि अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की नीतियों से कृषि अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट और बर्बाद हो गई है। किसान प्राकृतिक आपदा से ज्यादा सरकारी रवैये से संकट में है। भाजपा ने कर्ज माफी, आय दुगनी करने तथा उपज की उत्पादन लागत का डेढ़ गुना दाम देने के झूठे वादों से उसके वोट ले लिए और फिर कारपोरेट के पास उसको बंधक बनाने की साजिश को अंजाम दे दिया। अखिलेश ने कहा कि बेमौसम बरसात और धान की खरीद में भ्रष्टाचार के चलते किसान बदहाली में है और सरकार उसके प्रति संवेदनाशून्य व्यवहार कर रही है। ऐसे में किसान आत्महत्या न करेंगे तो क्या करें। किसान के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1888 रूपए प्रति कुंतल है किन्तु बाजार में उसे हजार, बारह सौ रूपये में ही धान बेचना पड़ रहा है। धान क्रय केन्द्रों पर किसान को अपमानित किया जाता है। धान की खरीद में कई बाधाएं डाली जाती हैं। धान की क्वालिटी, नमी आदि कमियां बता कर किसान लौटा दिया जाता है। उसे खाद के दाम भी देने में देरी की जाती है। अखिलेश ने कहा कि सच तो यह है कि किसान भगवान भरोसे ही जिंदा है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही सरकारों में उसे शोषण और उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा है। अब किसान सन् 2022 के विधानसभा चुनावों की ही प्रतीक्षा कर रहा है जब वह अपने मन की नई समाजवादी सरकार चुनेगा और भ्रष्ट भाजपा से निजात पा सकेगा।

## प्राथमिकता पर किसानों को दिया जाए जमीन का मुआवजा: मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने भूमि से सम्बन्धित किसानों को मुआवजे की धनराशि का वितरण प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिये। बैठक में जनपदों को एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने के सम्बन्ध में बैठक में बताया गया कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में जिला एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी का गठन एवं उन्हें क्रियाशील किया जा चुका है। सभी 75 जनपदों का एक्शन प्लान तैयार कर लिये गये हैं। 26 जनपदों के एक्शन प्लान अनुमोदित भी किये जा चुके हैं तथा 30 नवम्बर तक शेष जनपदों के एक्शन प्लान भी अनुमोदित हो जायेंगे। बायर-सेलर मीट व प्रदर्शनी के आयोजन के सम्बन्ध में बताया गया कि वर्चुअल प्रदर्शनी का आयोजन किया जा चुका है तथा नवम्बर में भी बी-2-बी मीट प्रस्तावित है।

## बीजेपी प्रदेश प्रभारी का प्रदेश दौरा आज से

● स्नातक निर्वाचन चुनाव में पार्टी पदाधिकारियों का करेंगे मार्गदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में हो रहे शिक्षक व स्नातक सीट के विधान परिषद चुनावों के लिए बीजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रवास कार्यक्रम 19 नवम्बर से शुरू होगें। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी विभिन्न जिलों में स्नातक चुनाव को लेकर आयोजित बैठकों में सम्मिलित होकर विधान परिषद चुनावों के लिए पार्टी पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर मार्गदर्शन करेंगे। बैठकों में पार्टी के जिलाध्यक्ष, जिला प्रवासी, शिक्षक, स्नातक चुनावों के लिए जिला संयोजक व विधानसभा संयोजक सहित अन्य प्रमुख लोग सम्मिलित होंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी चुनाव के प्रभारी अमरपाल मौर्य ने बताया कि 19 नवम्बर को पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह इलाहाबाद-झांसी स्नातक सीट के विधान परिषद चुनाव को लेकर प्रयागराज में दोपहर 2 बजे व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह आगरा शिक्षक, स्नातक चुनाव को लेकर कन्नौज में दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में सम्मिलित होकर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करेगें। प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह के साथ सुनील बंसल 19 नवम्बर को प्रयाग व 20 नवम्बर को वाराणसी में 12 बजे से चुनाव को लेकर आयोजित बैठकों में सम्मिलित होगें। स्वतंत्र देव सिंह 19 नवम्बर को दोपहर 12 बजे कन्नौज व सायं 4 बजे आगरा में आगरा शिक्षक, स्नातक सीट के विधान परिषद चुनाव को लेकर आयोजित बैठकों में सम्मिलित होंगे।

## रेफरल या गंभीर मरीज को एडमिट करने से मना न करें: खन्ना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के चिकित्सा शिक्षा, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान ने अपने मानक को बनाए रखा है। इसने अपने कार्यों से निरंतर ख्याति और प्रतिष्ठा को अर्जित किया है। पीजीआई चिकित्सा क्षेत्र में प्रदेश का एक गौरव है, जहां प्रदेश ही नहीं अपितु देश व विदेशों से भी मरीज अपना इलाज कराने आते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान के डायरेक्टर से लेकर सभी फैकल्टी मेंबर का लक्ष्य होना चाहिए कि किसी भी रेफरल या गंभीर मरीज को एडमिट करने से मना न किया जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए। चिकित्सा शिक्षा मंत्री बुधवार को एसजीपीजीआई में मैरिड हास्टल के उद्घाटन के उपरांत आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।



खन्ना ने कहा कि परिसर में आवासों के उपलब्ध होने से डाक्टर्स की रोगियों की देखभाल करने में न केवल समय की बचत होगी अपितु आकस्मिकता की स्थिति में चिकित्सक रोगी तक शीघ्र पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि संस्थान में बेड की संख्या के साथ साथ अन्य सभी सुविधाओं को और अधिक बेहतर किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस संस्थान के लिए 821 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कोविड.19 के संक्रमण के कारण प्रदेश सरकार के वित्तीय संसाधनों में कमी होने के बावजूद इसके बजट में कोई कमी नहीं की गई। इसका उद्देश्य है कि लोगों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि संस्थान में जितनी भी सुविधाएं हो सके उन्हें बढ़ाया जाए।

संस्थान द्वारा प्रदेश के रोगियों के हित में उन्हें नवीनतम तकनीकी से अत्याधुनिक चिकित्सा प्रदान करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रिकवरी रेट बढ़ा है। प्रारम्भ में प्रदेश में जहां 1 दिन में मात्र 72 टेस्ट किए गए थे वही यह संख्या बढ़ाकर लगभग डेढ़ लाख से अधिक टेस्ट प्रतिदिन पहुंचायी गयी। इस अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाति सिंह, राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा संदीप सिंह, सांसद मोहनलालगंज कौशल किशोर, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ रजनीश दुबे, निदेशक पीजीआई के निदेशक प्रो राधा कृष्ण धीमन एवं अन्य उपस्थित रहे।

## मत्स्य विभाग बेस्ट स्टेट कैटिगरी में प्रथम स्थान के लिए चयनित

**लखनऊ।** भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश में संचालित ब्लू रिवोल्यूशन योजनान्तर्गत संचालित परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन तथा प्रदेश की मत्स्य उत्पादकता एवं उत्पादन में वृद्धि के दृष्टिगत राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड हैदराबाद द्वारा मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश को बेस्ट स्टेट कैटिगरी में बेस्ट इनलैण्ड स्टेट घोषित करते हुए देश में प्रथम पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। यह जानकारी आज मत्स्य विभाग के निदेशक एसके सिंह ने दी। श्री सिंह ने बताया कि मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश को यह पुरस्कार आगामी 21 नवम्बर को केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री गिरिराज सिंह, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री डा संजीव कुमार बालियान एवं मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री प्रताप चन्द्र सारंगी द्वारा नई दिल्ली में विश्व मात्स्यिकी दिवस 2020 के अवसर पर प्रदान किया जायेगा।


### कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा.)-सीतापुर

पत्रांक -मेमो/मो.दु.दा.न्याया./किरा./वाहन/आबद्ध/2020 दिनांक -18.11.2020

**सूचना**

उ.प्र. शासन परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ की अधिसूचना सं. -77/30-3-2018 दिनांक 9-01-2019 के माध्यम से मोटरयान अधिनियम 1988 (अधि. सं. -59 सन् 1988) की धारा-185 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके प्रदेश में मोटर दुर्घटना सम्बंधी मामलों के निस्तारण हेतु 75 मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण की स्थापना की गई है तथा प्रत्येक जनपद में दावा न्यायाधिकरण में एक पीठासीन अधिकारी का पद सृजित किया गया है तथा पीठासीन अधिकारी को उ.प्र. शासन परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ के शासनादेश सं.-338/30-03-2019 दिनांक 18-03-2019 द्वारा मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के कार्य संचालन हेतु अधिकतम 35 हजार रू. प्रति वाहन प्रति माह किराए पर दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

उपरोक्त के क्रम में एक नए किराए के वाहन (बंद बॉडी की कार आदि के समरूप) की आवश्यकता है। इच्छुक वाहन स्वामी से उक्त न्यायालय में सम्बद्ध कराए जाने हेतु सील बंद लिफाफे में निविदा मांगे जाते है। सम्बद्ध की जाने वाले यान के साथ निम्नवत प्रतिबंध लागू होंगे-

1. मय चालक सहित इंधन एवं वाहन का रखरखाव एवं संचालन से सम्बंधित खर्चे वाहन स्वामी द्वारा वहन किए जाएंगे। समस्त माइलेज का व्यय वाहन स्वामी का है।
2. न्यूनतम धनराशि पर प्राप्त कोटेशन की स्वीकृति विचार्णीय होगी।
3. कार अथवा इसी प्रकार की यान जो ऊंचे माडल की हो, को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. वाहन के प्रपत्र यथा टैक्स, फिटनेस, बीमा, परमिट आदि अद्यावधित होने चाहिए।

इच्छुक वाहन स्वामी द्वारा अपने निविदा दिनांक 25-11-2020 को शाम 4 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। न्यूनतम दर पर प्राप्त निविदा की यान न्यायाधिकरण के साथ सम्बद्ध की जाएगी, वाहन किराए पर लिए जाने की प्रक्रिया में सुसंगत वित्तीय नियमों, निर्देशों में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबंधों का नियमानुसार पालन किया जाएगा। वाहन का संचालन प्रति माह 1800 किमी. होगा।

(प्रवीण कुमार सिंह)
सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी
(प्रशा.)-सीतापुर


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# बेकाबू डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत

## गंभीर अवस्था में घायल एक भाई ट्रामा सेंटर में भर्ती, डंपर चालक मौके से फरार

संवाददाता। सरोजनीनगर

**बंथरा** थाना क्षेत्र में बुधवार को बेटी की शादी के लिए लड़का देख कर एक ही बाइक से लौट रहे तीन सगे भाइयों को तेज रफ्तार बेकाबू डंपर ने जोरदार ठोकर मार दी। जिससे मौके पर ही दो भाइयों की मौत हो गई। जबकि एक भाई बुरी तरह घायल हो गया। घायलावस्था में उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उधर घटना के बाद डंपर चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में लेने के साथ ही दोनों मृतकों के शवों को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्नाव जिले के हसनगंज थानान्तर्गत तेगा पुर निवासी संतपाल (48), अपने छोटे भाई राजकुमार (45) और मुल्क राज (43) के अलावा उन्नाव के ही माखी



थानान्तर्गत डीहा गांव निवासी अपने ममिया ससुर जगरूप, अजगैन थानान्तर्गत शहजाद पुर निवासी भांजी माया और अपने बेटे अमरेंद्र के साथ अपनी बेटी शैल कुमारी की शादी के लिए बुधवार को बंथरा के रामदास पुर गांव निवासी गया प्रसाद के घर लड़का देखने आए थे। बताया जाता है कि लड़का देखने के बाद संत पाल, मुल्क राज और राजकुमार एक बाइक से, जबकि जगरूप, माया और अमरेंद्र दूसरी बाइक पर सवार होकर वापस घर जा रहे थे। फतेहगंज-नारायनपुर रोड होते हुए जैसे ही संत पाल, मुल्क राज और राजकुमार अपराहन करीब 3 बजे बंथरा के बनी - मोहान रोड पर नारायनपुर मोड़ के पास पहुंचे। तभी मोहान की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बेकाबू डंपर (यूपी 78 एफटी 8948) ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में संत पाल और मुल्क राज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

## साइकिल सवार छात्रा को ट्रैक्टर ट्राली ने रौंदा

**गोसाईंगंज** के भटानी गांव के पास बुधवार की सुबह साइकिल से स्कूल जा रही टिकनिया मऊ गांव निवासी 14 वर्षीय छात्र सदफ राशिद उर्फ फैजा को एक ईंट लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने पीछे से रौंद दिया। जिससे छात्रा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक के चाचा शारिक के अनुसार उनकी भतीजी सदफ कक्षा नौ की छात्रा थी। बुधवार की सुबह अपनी सहेलियों चांदनी व रुशदा के साथ गोसाईंगंज के एक निजी विद्यालय पढ़ने साइकिल से जा रही थी। तभी ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली ने उसे पीछे से रौंद दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज धीरेन्द्र कुशवाहा के मुताबिक ट्रैक्टर चालक घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर मौके से फरार हो गया।

# दो यातायात निरीक्षक निलंबित, चालक व परिचालक बर्खास्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रोडवेज** बस में बिना टिकट यात्रियों को सफर करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर एक और बस में बिना टिकट मामला पकड़ा गया। जिसमें बस में सवार 82 यात्रियों में 55 यात्री बिना टिकट सफर कर रहे थे। गाजियाबाद क्षेत्र की ओर से की गई कार्रवाई की सूचना निगम मुख्यालय पर आते ही अफसरों में हड़कंप मच गया। परिवहन निगम मुख्यालय ने पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए दो यातायात निरीक्षकों को निलंबित कर दिया। वहीं संविदा के चालक परचालकों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। बता दें कि 17 नवंबर को रोडवेज बस नंबर यूपी 14 सीटी 0273 बुलंदशहर से जहांगीराबाद जा रही थी। रास्ते में बस की चेकिंग गाजियाबाद क्षेत्र के सहायक यातायात निरीक्षक दुर्वेश कुमार व बदन सिंह ने की। क्षेत्रीय प्रबंधक एके सिंह ने बताया कि बुलंदशहर के एआरएम के सूचना पर बस में छापेमारी करते हुए 55 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया है। इस मामले में सीजीएम संचालन का चेकिंग का ब्यौरा तलब किया है। बिना टिकट मामले में दो यातायात निरीक्षक में धमेंद्र सिरोही व रामरतन को निलंबित कर दिया गया है। वहीं संविदा चालक राजीव कुमार व संविदा परिचालक सन्नी कुमार को नौकरी से बर्खास्त करने की कार्रवाई की गई।

## एटीएस ने बांग्लादेशी भाइयों का पांच दिन का पुलिस कस्टडी रिमांड मांगा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ। वर्ष 2015 से फर्जी पासपोर्ट के जरिए सहारनपुर में रह रहे दो बांग्लादेशी भाई मो. इकबाल व मो. फारुख का एटीएस ने विशेष अदालत से पांच दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मांगा है। विशेष अदालत ने एटीएस की इस अर्जी पर सुनवाई के लिए 19 नवंबर की तारीख मुकर्रर की है। अदालत ने इसके साथ ही इस अर्जी पर सुनवाई के दौरान इन दोनों मुल्जिमों को जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग जेल से उपस्थित होने का आदेश भी दिया है।




# सोशल मीडिया की सक्रियता दायरे में होना जरूरी: ठाकुर

## महिला सशक्तीकरण को मिलेगी मजबूती और भू-माफिया के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वर्तमान** समय के इस आधुनिक परिवेश में सोशल मीडिया की सक्रियता काफी बढ़ चुकी है। जिसके फायदे और नुकसान दोनों ही हैं। इसलिए इससे होने वाले नुकसान पर काबू पाने के लिए एक सक्रिय अभियान चलाया जाएगा। मंगलवार देर रात पुलिस कमिश्नर का पदभार ग्रहण करने के बाद बुधवार को नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने पुलिस लाइन स्थित संगोष्ठी भवन में हुई पत्रकार वार्ता में अपने विचार रखे।

उन्होंने खासतौर पर सोशल मीडिया को अपनी पहली चुनौती बताया उनका कहना था कि सोशल मीडिया वर्तमान समय में बहुत ही तेजी से लोगों के बीच अपनी जगह बना रही है। जहां इसके कई फायदे भी हैं। वहीं इसमें कई नुकसान भी है। जिसे समझना बहुत जरूरी है। अच्छा संदेश जहां जनता के लिए फायदेमंद हो सकता है। वहीं गलत संदेश लोगों के बीच वैमनस्य और सांप्रदायिक तनाव पैदा कर सकता है। ऐसे लोगों की सख्त रूप से निगरानी कराई जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने महिला सशक्तीकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति की तारीफ करते हुए कहा कि यह मिशन खास तौर पर महिलाओं को ताकत प्रदान करेगा इसे और प्रभावी बनाने के लिए इस पर और व्यापक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के सभी थाना प्रभारियों समेत आला अधिकारियों को खासतौर पर इस बात का निर्देश दिया गया है कि किसी भी सूरत में पीड़ित की समस्या का निराकरण किया जाए। उसका मुकदमा दर्ज कर जल्द से जल्द विवेचना कर उसकी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी सूरत में पीड़ित को थाने से वापस ना भेजा जाए । उन्होंने बंथरा में हुए जहरीली शराब कांड पर विशेष रूप से करवाई करने की बात कहते हुए कहा कि एक टीम बनाकर अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। सरकारी शराब की दुकानों की नियमित रूप से जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कच्ची शराब अब गांव में कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है विशेष समाप्त करना बहुत जरूरी हो गया है।

## आज से शुरू होगी बीएड में दाखिले के लिए काउंसिलिंग

**लखनऊ।** प्रदेश भर के बीएड कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू होगी। तीन चरण में होने वाली काउंसिलिंग में रैंक के अनुसार स्टूडेंट्स शामिल होंगे। इसके बाद पूल काउंसिलिंग और फिर डायरेक्ट एडमिशन का मौका दिया जाएगा।

बीएड कोऑर्डिनेटर प्रो. अमिता वाजपेयी ने बताया कि काउंसिलिंग के पहले चरण में एक से 50 हजार रैंक तक वाले स्टूडेंट्स शामिल होंगे। आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के स्टूडेंट्स के लिये इस बार 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। स्टूडेंट्स को इसका फायदा काउंसिलिंग के समय ही दिया जाएगा। इस बार स्टूडेंट्स को काउंसिलिंग के समय जीरो फीस का लाभ नहीं मिलेगा।

**बीएड काउंसिलिंग का शेड्यूल** : 19 नवंबर को एक से 50000 रैंक वाले स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन, 20 व 21 को रजिस्ट्रेशन व च्वाइंस फिलिंग, 23 को च्वाइंस फिलिंग, 24 को सीट आवंटन, 25 व 26 को सीट निर्धारण व फीस जमा।




## गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए मिलजुल कर मनायें प्रकाशोत्सव पर्व एवं छठ पूजा

दीपावली पर्व एक धार्मिक, विविध रंगों के प्रयोग से रंगोली सजाने, प्रकाश और खुशी का, अंधकार हटाने का, मिठाईयों का, पूजा आदि का त्यौहार है, जो पूरे भारत के साथ साथ देश के बाहर भी कई स्थानों पर मनाया जाता है। यह रोशनी की कतार या प्रकाश का त्यौहार कहा जाता है। यह पाँच दिन धनतेरस, नरक चतुर्दशी, अमावस्या, कार्तिक सुधा पधमी, यम द्वितीया या भाई दूज, का हिन्दू त्यौहार है जो धनतेरस अश्वनी माह के पहले दिन से शुरु होता है और भाई दूज कार्तिक माह के अन्तिम दिन पर खत्म होता है।

दीपावली के त्यौहार की तारीख हिन्दू चन्द्र सौर कलैण्डर के अनुसार निंधारित होती है। यह बहुत खुशी से घरों को सजाकर बहुत सारी लाइटों, दिये, मोमबत्तियॉ, आरती पढकर, उपहार बॉटकर, मिठाईयॉ, ग्रीटिंग कार्ड, एस एम एस भेजकर, रंगोली बनाकर, खेल खेलकर, मिठाईयॉ खाकर, एक दूसरे के गले लगकर और भी बहुत सारी गतिविधियों के साथ मनाते है। आइये हम सभी फर्रुखाबाद की गंगा जमुनी तहजीब को कायम

**संदेश**

रखते हुए मिलजुल कर प्रकाशोत्सव पर्व मनाये ।

छठ एक प्रमुख त्योहार है जो बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है खासकर बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में। यह त्योहार सूर्य देव को समर्पित है। छठ का त्योहार साल में दो बार मनाया जाता है कार्तिक शुक्ल षष्ठी और चैत्र शुक्ल षष्ठी। इन दोनों अवसरों पर सूर्य देव की पूजा करने की विधि समान रहती है।

छठ पूजा एक हिंदू त्योहार है जो मुख्य रूप से भारतीय राज्यों बिहार पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड में और नेपाल में भी मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान सूर्य और छठी मैया को समर्पित है। इस खास मौके को परिवार और दोस्तों के साथ उनके साथ छठ पूजा की मनोकामना के लिए मनाए जाने वाले चित्रों का जश्न मनाएं। छठ पूजा 2020 की शुभकामनाएं। इसी के साथ सभी को व सुधी पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को दीपावली एवं छठ पूजा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।



**विनय सिंह**
ब्यूरो चीफ



**मोहनलाल गौड़**
नगर संवाददाता



**अनिल मिश्रा**
तहसील संवाददाता
कायमगंज

**कार्यालय: होटल हिन्दुस्तान के निकट बढ़पुर, फर्रुखाबाद**















विद्युत वितरण मण्डल–चतुर्थ, लेसा सिस गोमती– लखनऊ

**(अल्पकालीन ई–निविदा पुनः आमंत्रण /रीटेण्डर सूचना)** एतद्द्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निम्नलिखित ई–निविदा में मात्र एक ही सफल प्रस्ताव प्राप्त होने के कारण उक्त ई–निविदा को पुनः ऑनलाईन रीटेण्डर करते हुए निविदा अपलोड करने एवं खुलने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :– **क्र0सं0** 1 **ई–निविदा सं0** 38/ वि0वि0मं0(च0) /20–21 **उ0प्र0 सरकार की ई टेण्डर वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर अपलोड करने की तिथि** दिनांक 28–11–2020 को 12.00 बजे तक **निविदा खुलने की तिथि** दिनांक 28–11–2020 को 16.00 बजे अथवा उपरान्त (खुलने की तिथि) निविदा में दी गयी अन्य नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी। **नोट :–** निविदा शुल्क रू0 1180.00 पुनः जमा करना अनिवार्य होगा। **अधीक्षण अभियन्ता, वि0वि0मं0(च0), सिस गोमती–लेसा मं0वि0वि0नि0 लिमिटेड 82–83 इन्द्रलोक हाइडिल कालोनी कृष्णानगर, लखनऊ** संख्या : 8072/वि0वि0मं0(च0)/कैम्प/ निविदा दिनांक : 18.11.2020
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

# राजधानी में 294, सूबे में कोरोना वायरस के 2930 नए केस मिले

**● एकेटीयू के कुलपति पत्नी सहित संक्रमित, विश्वविद्यालय 48 घण्टे के लिए बन्द**

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक व उनकी पत्नी आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके साथी विवि के एक अन्य अधिकारी सहित चार कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। जिसके चलते विवि को 19 व 20 नवंबर को सेनिटाइजेशन के लिए बंद कर दिया गया है। वहीं बुधवार को सूबे में 2930 व राजधानी में 294 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 21954 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3124 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7441 मरीजों की और राजधानी में 947 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 509175 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2529 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 487221 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत रूरा कानपुर देहात**

संख्या–1320/एन0पी0आर0/अलाव/2020 दिनांक 09/11/2020

**कोटेशन सूचना**

नगर पंचायत रूरा के समस्त फर्मों व लकड़ी विक्रेताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में शीत लहर एवं ठण्ड को दृष्टिगत रखते हुए नगर के प्रमुख चिन्हित स्थलों पर अलाव जलवाये जाने के लिए जलाऊ सूखी लकड़ी (ठिंगर स्वरूप में) की आपूर्ति हेतु दिनांक 28.11.2020 को अपरान्ह 3:00 बजे लकड़ी विक्रेताओं अथवा उनके द्वारा नियुक्ति प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय नगर पंचायत रूरा अपरान्ह 3:30 बजे खोले जायेंगे। किसी भी कोटेशन अथवा समस्त कोटेशन को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रूरा कानपुर देहात**

# गंभीर घटना पर डीएम व पुलिस कप्तान तत्काल मौके पर पहुंचें

**● मुख्य सचिव ने डीएम-कमिश्नर के साथ की वीडियो कान्फ्रेंसिंग**

**● छठ पर्व से जुड़ी संस्थाओं से घरों में ही पूजा करने को प्रेरित किया जाए**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव आरके तिवारी ने बुधवार को प्रदेश के डीएम व कमिश्नर के साथ वीडियो कान्फ्रेंन्सिंग करके कानून–व्यवस्था, छठ पर्व की तैयारी, कोविड–19 की रोकथाम, पराली प्रबन्धन सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये।

मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि गंभीर घटनाओं के घटित होने पर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तत्काल मौके पर पहुंचे। पंचनामा एवं पोस्टमार्टम में अनावश्यक विलम्ब न हो। परिस्थितियों के अनुसार जिलाधिकारी की अनुमति से रात्रि में भी पोस्टमार्टम किया जा सकता है। विलम्ब होने पर असामाजिक तत्व मौके का फायदा उठाते हैं और गलत तथ्य सोशल मीडिया एवं मीडिया में फ्लैश होने लगते हैं। अत: किसी भी प्रकार की गंभीर घटना घटित होने पर डीएम व कप्तान तत्काल मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को भी उससे अवगत कराएं और मीडिया को भी सही जानकारी दें। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के आयोजनकर्ता एवं छठ पर्व से जुड़ी संस्थाओं से अपने–अपने घरों में ही पूजा, अर्घ्य आदि करने को प्रेरित व अनुरोध किया जाए इससे कोविड को रोकने में मदद मिलेगी। कतिपय जिलों में जहरीली व अवैध शराब के मामले प्रकाश में आने पर उन्होंने कहा कि जहरीली एवं अवैध शराब को सख्ती से रोका जाये। छापेमारी की जाये तथा दोषियों पर गैंगस्टर्स एवं एनएसए की कार्यवाही की जाये। अवैध शराब के मामलों में दोषियों के साथ–साथ आबकारी पुलिस का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये और उनके विरूद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाये। मुख्य सचिव ने तालाबों, झीलों एवं वेटलैण्ड्स के सम्बन्ध में एनजीटी की गाइडलाइन्स की जानकारी देते हुए कहा कि तालाबों, झीलों एवं वेटलैण्ड्स में अवैध कब्जों को सख्ती से रोका जाये। जिलों में सभी वेटलैण्ड्स, तालाबों आदि का सर्वे कर उनका चिन्हांकन कर लिया जाये तथा अभियान चलाकर व समस्त अवैध कब्जों को हटाकर 28 नवम्बर तक प्रमाण दें कि अब तालाबों आदि पर कोई अवैध कब्जा नहीं है। पराली जलाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि जिन जिलों से अधिक शिकायतें आ रही हैं उनमें अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

# घाटों पर पहुंचे डीएम, छठ पूजा की तैयारियों को परखा



**● घाटों पर कोरोना हेल्प डेस्क की स्थापना के निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**छठ** पूजा को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश, पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर, नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने लक्ष्मण मेला पार्क, झूलेलाल वाटिका, गुप्तेश्वर घाट और धोबी घाटों का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गोमती नदी की सफाई के लिए नगर निगम और घाट की मरम्मत के लिए एलडीए के अधिकारी तत्काल अपने कार्यो में लग जाए। साथ ही निर्देश दिया कि कोविड 19 के संक्रमण के तहत सभी घाटों पर कोविड–19 हेल्प डेस्क को बनाया जाए। घाटों पर आने वाले लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग और कोविड–19 प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन कराने का आदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त घाटों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है ताकि सुरक्षा व्यवस्था बनी रहें। साथ ही सभी घाटों पर पेय जल की व्यवस्था, स्वच्छता व सेनेटाइज़ेशन पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

घाटों पर छठ पूजा के मद्देनजर मुख्य रूप से सफाई व्यवस्था व मार्ग प्रकाश, हाईमास्क, पार्किंग, रैंप की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही सिचाई विभाग को निर्देश दिया गया कि जहां जहां घाटों पर गंदगी है, काई व जल कुंभी आदि को हटवाया जाए।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बिजुआ–खीरी**

पत्रांक–2200/निविदा आमंत्रण/क्षे0पं0/2020–21 दिनाक–18.11.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड बिजुआ खीरी में चतुर्थ राज्य वित्त/पंचम वित्त आयोग एवं पन्द्रहवा वित्त आयोग वर्ष 2020–21 की धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यों हेतु स्वीकृत प्रॉक्कलन के अनुसार न्यूनतम दर पर कार्य कराने हेतु इच्छुक फर्मों/ठेकेदार से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनु0 लागत (लाख में) | 02 प्रतिशत घरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खण्ड विकास अधिकारी आवास पर शौचालय मरम्मत इण्टरलॉक व वायर फसिंग कार्य। | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त | 3.66 | 7320.00 | 03 माह |
| 2 | विकास खण्ड परिसर में टाइप–3 आवासों की मरम्मत व रंगाई – पुताई कार्य। | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त | 9.52 | 19040.00 | 03 माह |
| 3 | विकास खण्ड परिसर में टाइप–3 एवं टाइप–2 आवासों की मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य। | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त | 5.01 | 10020.00 | 03 माह |
| 4 | कार्यालय परिसर में निर्मित आवासों का जीर्णोद्वार व रंगाई पुताई कार्य। | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त | 4.88 | 9760.00 | 03 माह |
| 5 | पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से सलामुद्दीन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त | 9.35 | 18700.00 | 03 माह |
| 6 | हजूरपुरवा से फुटहा मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य। | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त | 5.65 | 11300.00 | 03 माह |
| 7 | पड़रिया तुला में उस्मानी इण्टर कालेज के दक्षिण मिश्रीलाल डिग्री कालेज तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त | 9.72 | 19440.00 | 03 माह |
| 8 | पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से गदियाना तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त | 9.28 | 18560.00 | 03 माह |
| 9 | पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से कमियापुर तक खड़न्जा मरम्मत कार्य। | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त | 9.998 | 19996.00 | 03 माह |
| 10 | माहू टांडा से बीबीपुर तक खड़न्जा मरम्मत कार्य। | चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त | 9.97 | 19940.00 | 03 माह |
| 11 | ग्राम पंचायत मूडाखुर्द में शौचालय निर्माण कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (टाइड फण्ड) | 9.08 | 18160.00 | 03 माह |
| 12 | ग्राम पंचायत रामापुर में शौचालयों का निर्माण कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (टाइड फण्ड) | 9.08 | 18160.00 | 03 माह |
| 13 | मीरा थाना के पास तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (टाइड फण्ड) | 9.75 | 19500.00 | 03 माह |
| 14 | नाथपरवा में महादेव के मकान से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (टाइड फण्ड) | 9.60 | 19200.00 | 03 माह |
| 15 | लालू टांडा में पुतान के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (टाइड फण्ड) | 9.73 | 19460.00 | 03 माह |
| 16 | जोधपुर से पृथ्वी के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (टाइड फण्ड) | 8.66 | 17320.00 | 03 माह |
| 17 | पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से जगनपुरवा तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (अनटाइड फण्ड) | 9.20 | 18400.00 | 03 माह |
| 18 | पलियापुरवा सम्पर्क मार्ग से टापर पुरवा के मध्य पुलिया निर्माण कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (अनटाइड फण्ड) | 5.87 | 11740.00 | 03 माह |
| 19 | रूद्रपुर गुलरिया में अनुराग शर्मा के घर के आगे तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (अनटाइड फण्ड) | 4.62 | 9240.00 | 03 माह |
| 20 | सौना, त्रिकौलिया चौराहे से पड़रियातिलकापुर तक खडन्जा मरम्मत कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (अनटाइड फण्ड) | 9.99 | 19980.00 | 03 माह |
| 21 | डिमरौल पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से रतनापुर तक खड़न्जा मरम्मत कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (अनटाइड फण्ड) | 8.56 | 17120.00 | 03 माह |
| 22 | जोधपुर से करसौर सम्पर्क मार्ग पर खडन्जा निर्माण कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (अनटाइड फण्ड) | 9.88 | 19760.00 | 03 माह |
| 23 | पी0डब्ल्यू0डी0 मार्ग से श्यामसुन्दर के घर तक पुलिया व खडन्जा निर्माण कार्य। | पन्द्रहवां वित्त (अनटाइड फण्ड) | 9.31 | 18620.00 | 03 माह |

उपरोक्तानुसार विकास खण्ड बिजुआ–खीरी में निर्मित होने वाली परियोजनाओं के निर्माण हेतु जनपद खीरी के लोक निर्माण, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों, पजीकृत फर्मों से निविदा दिनांक 03.12.2020 को 3.00 बजे अपरान्ह तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म 30.11.2020, 01.12.2020 एवं 02.12.2020 को प्रातः 11.00 बजे से 03.00 बजे अपरान्ह तक विक्रय किए जायेंगे जो दिनांक 03.12.2020 को 03.00 बजे अपरान्ह तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उपरोक्त कार्य दिवस में अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा की कार्यवाही की जायेगी। पंजीकृत ठेकेदार उपरोक्त अवधि में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय में आकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

➢ **नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत है :**

1. प्रत्येक निविदा दाता को जमानत के रूप में 02 प्रतिशत धनराशि का राष्ट्रीय बैंक से निर्गत एफ0डी0 आख्या डाकघर से निर्गत राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में निविदा के समय देय होगा जो कि खण्ड विकास अधिकारी बिजुबा–खीरी के पदनाम से बंधक होगा।
2. निविदा फार्म पर कटिंग या उपरिलेखन मान्य नहीं होगा।
3. निविदा फार्म पर दर का उल्लेख स्पष्ट रूप से करना होगा।
4. बिना कारण बताए निविदा/निविदाएं अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी बिजुआ–खीरी को होगा जो सभी को मान्य होगा।
5. खण्ड विकास अधिकारी, बिजुआ–खीरी या निविदा समिति को तौल मोल के आधार (Negotiton Basis) पर दरें स्वीकृत करने का अधिकार होगा।
6. स्वीकृत निविदादाता को जिस परियोजना पर कार्य कराये जाने होंगे उस परियोजना स्थल पर आवश्यकतानुसार गुणवत्तापूर्ण सामग्री आपूर्ति करना होगा।
7. समय से मानक अनुरूप कार्य न कराने पर जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।
8. निविदा के साथ अनुबंध पत्र एवं हैसियत प्रमाण–पत्र की छाया प्रति लगाना होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बिजुआ–खीरी।**

# हाईकोर्ट ने पूछा, क्या ऐसी स्थिति में मुल्जिम को जेल में रखना उचित है

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**● कोरोना के चलते मुकदमे का ट्रायल आगे नहीं बढ़ पाने का मामला**

**कोरोना** महामारी के चलते एक आपराधिक मुकदमे का ट्रायल आगे नहीं बढ़ पाने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार से सवाल जवाब किया है। पीठ ने पूछा है कि क्या ऐसी स्थिति में मुल्जिम को जेल में रखना उचित है। यदि हैए तो इसका तार्किक कारण क्या हो सकता है। पीठ ने इस संदर्भ में राज्य सरकार के वकील को सरकार और ट्रायल कोर्ट से भी निर्देश प्राप्त करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई सात दिसंबर को होगी।

जस्टिस राजेश सिंह चैहान की एकल सदस्यीय पीठ ने यह आदेश राम निवास उर्फ ननकन की जमानत याचिका पर दिया है। पीठ ने इससे पूर्व मुल्जिम के मुदकमे की प्रगति रिपोर्ट तलब की थी। इस पर गोण्डा की एफटीसीए प्रथम की अदालत ने रिपोर्ट प्रेषित कर अवगत कराया कि 26 मार्च 2019 को ही इस मामले में मुल्जिम पर आरोप तय हो चुका है। लेकिन पिछले कई महीनों से कोविड.19 महामारी के कारण ट्रायल की प्रक्रिया रुकी हुई है। एकल पीठ ने इस रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इसका आशय है कि निचली अदालत ट्रायल प्रक्रिया आगे बढ़ाने में असमर्थ है। यदि निचली अदालत ट्रायल प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ा सकती है तो मुल्जिम को न्यायिक हिरासत में रखने का यह कोई तार्किक कारण नहीं है। जबकि आने वाले दिनों में कोविड.19 नियंत्रण में भी आता नहीं दिखता। पीठ का कहना था कि हमारे सामने प्रश्न है कि ऐसी परिस्थिति में जबकि ट्रायल कोर्ट प्रक्रिया को आगे बढाने में सक्षम नहीं हैं, क्या मुल्जिम की आजादी को कम किया जा सकता है। यह भी टिप्पणी किया कि मुल्जिम को इसलिए जेल में रखा गया है ताकि ट्रायल जल्द से जल्द पूरा किया जाए। लेकिन स्थिति दूसरी है, तो ऐसे में क्या किया जाना चाहिए।

## चेती पुलिस, शराब ठेकों में चलाया जांच अभियान

**निगोहां।** लखनऊ कमिश्नरेट थाना क्षेत्र बंथरा थानांतर्गत देशी शराब पीने से मौतों के बाद हरकत में आई निगोहां पुलिस ने बुधवार देर शाम क्षेत्राधिकारी निगोहां व आबकारी पुलिस व भारी भरकम पुलिस बल के साथ निगोहां क्षेत्र के देशी व विदेशी शराब ठेकों पर सघन अभियान चलाया। बुधवार को क्षेत्राधिकारी निगोहा सैयद नैमुल हसन व थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने एवं आबकारी विभाग ने निगोहा थाना क्षेत्र के भगवानपुर , मस्तीपुर, मीरक नगर, दयालपुर, मदाखेड़ा ,सुदौली मोड़ सहित लगभग एक दर्जन देसी शराब के ठेको व अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकानो पर सघन जांच अभियान चलाया है। बताते चलें इन लाइसेंसी शराब की दुकानों पर बिकने वाली शराबो पर समय समय पर नकली व मिलावटी शराब बेचने का आरोप भी लगता रहा है। हालांकि पिछले दिनों निगोहां सीओ सैय्यद नैमुल हसन के दिशा निर्देश पर निगोहां पुलिस लगभग एक दर्जन लोगों को अवैध शराब बनाने व बेचने के आरोप में जेल भी भेज चुकी है।

## अनियमित भुगतान के मामले में पूर्व कुलपति को मिली क्लीन चिट

**लखनऊ।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय की बुधवार को सम्पन्न बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट की बैठक ने पूर्व कुलपति प्रो. आरसी सोबती को किए गए अनियमित भुगतान के मामले में गठित कमेटी की सिफारिशों पर क्लीन चिट दे दी है। साथ ही वित्त अधिकारी रमाशंकर सिंह को सेवानिवृत्त से पहले उनके सभी बकाया का भुगतान करने के प्रस्ताव पर स्वीकृत प्रदान कर दी है। विवि के कुलपति प्रो संजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बाम की बैठक में सेवानिवृत्त न्यायाधीश शैलेन्द्र सक्सेना की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट रखी गई। जिस पर विचार के बाद सदस्यों ने सिफारिश पर अपनी मुहर लगा दी। इसमें कमेटी ने उन सभी पांच अधिकारियों को क्लीन चिट दे दी है। जिन पर पूर्व कुलपति को नियमों के खिलाफ जाकर उनकी पूर्व विवि से मिल रही पेंशन का काटे बगैर पूरा वेतन भुगतान करने का आरोप था।

# नर्सिंग छात्र की मौत के मामले में महिला मित्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हसनगंज** कोतवाली क्षेत्र में बीते जुलाई में नर्सिंग छात्र अमन चौधरी की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। अमन के पिता ने उसकी दोस्त के खिलाफ हत्या कर शव गोमती में फेंके जाने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर उन्होंने बेटे के दोस्त वर्षा के खिलाफ हसनगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर की मानें तो बीते 27 जुलाई को हसनगंज क्षेत्र में गोमती नदी में शव उतराता मिला था। सूचना पर पहुंचे एसजीपीजीआइ परिसर निवासी धर्मेश कुमार ने शव की शिनाख्त कपड़े और मोबाइल के आधार पर बेटे अमन के रुप में की थी। धर्मेश ने बताया कि उनका बेटा बहुत हिम्मती था वह आत्महत्या नहीं कर सकता है। धर्मेश के मुताबिक बेटे की मौत के बाद वह उसके हॉस्टल गए थे तो कमरे में लेडीज चप्पल मिली थीं। उन्होंने वर्षा के परिवार वालों से अमन की मेल आइडी और पासवर्ड भी मांगा था पर उन्होंने नहीं दिया था। धर्मेश ने बताया कि थाने से लेकर वह आलाधिकारियों के यहां न्याय की गुहार करते रहें। सुनवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय में अर्जी दी। न्यायालय के आदेश पर मंगलवार रात हसनगंज कोतवाली में वर्षा के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ।

## शताब्दी वर्ष समारोह का आज मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का शताब्दी वर्ष समारोह गुरुवार से शुरू होगा। 19 से 25 नवम्बर तक चलने वाले समारोह का उद्धघाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा भी कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। समारोह का उद्घाटन विश्वविद्यालय परिसर स्थित मालवीय सभागार में किया जाएगा।

## को-एजुकेशन स्कूलों में सीएमएस गोमती नगर को प्रथम स्थान

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) को शैक्षिक पत्रिका 'एजूकेशन वर्ल्ड' की ऑल इण्डिया स्कूल रैंकिंग 2020-21 में उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ को-एजूकेशन स्कूल घोषित किया गया है। एजूकेशन वर्ल्ड एवं ओपिनियन पोल एजेन्सी सी-फोर के सर्वे में देश भर के 2000 से अधिक विद्यालयों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के 14 मापदंडों पर आँका गया, जिसमें गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) ने प्रथम रैंक अर्जित करते हुए लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ को-एड स्कूल कहलाने का गौरव प्राप्त किया है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की इस उपलब्धि का सम्पूर्ण श्रेय विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा अनन्त एवं उनके शिक्षकों को जाता है।

## बाराबंकी संप्रेक्षण गृह से भागी किशोरी लखनऊ में मिली

**लखनऊ।** बारांबकी के संप्रेक्षण गृह से भागी इटावा की किशोरी को मंगलवार की देर रात लखनऊ से बरामद कर लिया गया है। संप्रेक्षण गृह से भाग कर सीधे वह बस अड्डे पहुंची और लखनऊ जाने वाली बस पर सवार हो गई। शक होने पर बस परिचालक ने उसे अपनी सीट पर बिठाया और सीधे लखनऊ के नाका कोतवाली पहुंचकर पुलिस के सिपुर्द कर दिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस किशोरी को वापस लायी और संप्रेक्षण गृह की अधीक्षिका कंचन वर्मा ने उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया।

## जेल वार्डर परीक्षा के लिए 10 जिलों में बनाए गए 401 परीक्षा केंद्र

**लखनऊ।** जेल वार्डर, फायरमैन एवं कांस्टेबल घुड़सवार पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती के लिए होने वाली ऑफलाइन परीक्षा उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में कराई जाएगी। इन जिलों में कुल 401 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा 19 व 20 दिसंबर को दो पालियों में होगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के आईजी एवं अपर सचिव भर्ती विजय भूषण ने बताया कि परीक्षा केंद्र आगरा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, बरेली, मेरठ, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद में बनाए गए हैं। अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। इस भर्ती में जेल वार्डर के 3638 पद, कांस्टेबल घुड़सवार पुलिस के 102 पद तथा अग्निशमन विभाग में फायरमैन के 2085 पद शामिल हैं।

## सदर तहसील में वकीलों के तोड़े गए चैम्बर बनाने की मांग

**लखनऊ(विसं)।** सदर तहसील में ध्वस्त किए गए वकीलों का चैम्बर तत्काल निर्मित कराने व क्षतिपूर्ति देने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग सेंट्रल बार एसोसिएशन ने की है। सीबीए की इस मसले पर एक आपातकालीन बैठक हुई। इस बैठक में उक्त आशय का प्रस्ताव पारित करते हुए 19 नवंबर तक इन मांगों को पूरा करने की मांग जिलाधिकारी से की गई। सीबीए के अध्यक्ष आदेश कुमार सिंह व महासचिव संजीव पांडेय के संचालन में हुए बैठक में इस घटना की समवेत स्वर में निंदा की गई। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि यदि इन मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 20 नवंबर से वकील पूर्ण रूप से न्यायिक कार्यो से विरत रहेंगे व जिला प्रशासन के विरुद्ध काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन भी करेंगे।

## निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 26 को करेंगे विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ।** देश के सभी प्रांतों के 15 लाख बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरो एवं अभियन्ताओ के साथ उत्तर प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और अभियन्ता केन्द्र और राज्य सरकारों की निजीकरण की नीति के विरोध में 26 नवम्बर को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे। विद्युत कर्मचारी सँयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कोविड-19 महामारी के बीच केन्द्र सरकार और कुछ राज्य सरकारें बिजली वितरण का निजीकरण करने पर तुली हैं जिससे देश भर के बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा है। संघर्ष समिति की बैठक में प्रमुख पदाधिकारी शैलेन्द्र दुबे, प्रभात सिंह, जी वी पटेल, जय प्रकाश, गिरीश पाण्डेय, सदरुद्दीन राना, सुहेल आबिद, विनय शुक्ल उपस्थित थे।

## महिलाओं के लिए घाटों पर बनेंगे चेंज रूम, शौचालयों की भी होगी व्यवस्था

**लखनऊ।** छठ पूजा के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा व उनकी सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसी के तहत घाटों पर बने पूजा स्थल पर महिलाओं के लिए चेंज रूम बनाया जाएगा। नदी-तालाबों के किनारे शौचालय आदि की व्यवस्था की जाएगी। गृह विभाग की ओर से सभी जिलों को 17 बिंदुओं पर एक विस्तृत गाइड लाइन जारी की गई है। अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी की ओर से जारी गाइड लाइंस में कहा गया है कि कोविड को देखते हुए इससे बचाव के इंतजाम सुनिश्चित हों ताकि छठ पर्व पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ सुरक्षित रूप से मनाया जा सके।

## मनमाने शुल्क लेने की शिकायत मिली तो मान्यता होगी वापस

**लखनऊ।** अंतिम चरण में चल रही पालीटेक्निक और फार्मेसी में प्रवेश प्रक्रिया को देखते हुए मनमाना प्रवेश और फीस लिए जाने की शिकायतें भी अब आने लगी हैं। ऐसे में संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने सभी निजी पॉलीटेक्निक और फार्मेसी संस्थानों को निर्धारित फीस से अधिक फीस न लेने का निर्देश मिलने के साथ ही शिकायत मिलने पर मान्यता रद्द करने की चेतावनी भी दी है। वर्तमान में पॉलीटेक्निक और फार्मेसी में प्रवेश प्रक्रिया में मनमाने प्रवेश का सबसे ज्यादा मामला आ रहा है। निर्धारित फीस से दो से तीन गुना पैसा लेकर प्रवेश लिया जा रहा है। परिषद की ओर से ऐसी संस्थानों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। प्राविधिक शिक्षा सचिव एसके वैश्य ने बताया कि कोई भी संस्थान निर्धारित फीस से अधिक फीस वसूलता है तो उसके विरुद्ध शिकायत आने पर उसकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी।

## कांग्रेस के निष्कासित नेताओं ने प्रियंका पर बोला हमला

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस से निष्कासित चल रहे वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी की दयनीय स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए शीर्ष नेतृत्व और विशेषकर महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा पर हमला बोला है। इन नेताओं ने कहा है कि प्रियंका गांधी जिस प्रकार तानाशाही पूर्ण रवैया अख्तियार कर निष्ठावान कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और उन्हें दरकिनार कर पार्टी को समाप्ति की ओर ले जा रही है उस पर रोक लगाना अनिवार्य है। पूर्व सांसद संतोष सिंह, पूर्व एमएलसी सिराज अहमद आदि नेताओं ने पार्टी की स्थिति के लिए जिम्मेदार दिल्ली में बैठे कॉकस के खिलाफ नेताओं से उठ खड़े होने का आवाहन किया है। सिराज अहमद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनाव में चार चार विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई है। एक विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा ही खारिज हो गया। इस पर चिंतन मनन करने के बजाए वरिष्ठ कांग्रेस जनों को अपमानित करने का सिलसिला जारी है।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 19 नवंबर, 2020



# चाची से संबंध के कारण की आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**रिश्ते में** चाची से संबंध होने के कारण शहर के होटल कैलाश के संचालक संजय कुमार मल्ल द्वारा की गई आत्महत्या मामले में तीन लोगों पर केस किया गया है। संजय के छोटे भाई प्रमोद ने पट्टीदारी की चाची अनामिका उर्फबबली, उसके पति राजू और उसके जेठ राजकिशोर मल्ल के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा कराया है।

बता दें कि धर्मशाला स्थित होटल कैलाश के संचालक का शव मंगलवार दोपहर जेमिनी पैराडाइज अपार्टमेंट के फ्लैट में फंदे से लटका मिला था। दो दिन से दरवाजा न खुलने पर सोसाइटी के लोगों ने उन्हें फोन किया। काल रिसीव न होने पर कारपेंटर की मदद से दरवाजा खोला तो बेडरूम में उनका शव पंखे से लटका मिला। गुलरिहा पुलिस को उनके पैंट की जेब से एक पन्ने का सुसाइड नोट मिला, जिसमें उन्होंने पट्टीदारी की चाची पर गंभीर आरोप लगाते हुए मौत का जिम्मेदार बताया। मूल रूप से मऊ जिले के मधुबन निवासी संजय कुमार मल्ल शाहपुर क्षेत्र के रामजानकी नगर में परिवार के साथ रहते थे। रिश्ते की चाची से संबंध को लेकर परिवार में विवाद होने पर डेढ़ साल से संजय जेमिनी पैराडाइज अपार्टमेंट में किराये पर कमरा लेकर अकेले रहते थे। दीवाली के दिन शाम को वह मां से मिलने रामजानकी नगर गए थे और रात में लौट आए। दो दिन से संजय ने परिवार के किसी सदस्य से संपर्क नहीं किया। संदेह होने पर मंगलवार की दोपहर छोटे भाई प्रमोद के अलावा मित्रों व रिश्तेदारों ने फोन किया तो काल रिसीव नहीं हुई। दोपहर करीब एक बजे चाचा ओमप्रकाश व मित्र मनोज पांडेय फ्लैट पर पहुंचे। आवाज देने के बाद भी दरवाजा न खुलने पर सोसाइटी के पदाधिकारी ने डायल 112 पर सूचना दी। सोसाइटी के कारपेंटर की मदद से दरवाजा तोड़कर ओमप्रकाश व मनोज अंदर पहुंचे तो बेडरूम में पंखे से संजय का शव लटक रहा था, जिससे बदबू आने लगी थी। दोनों घुटने बेड पर सटे थे। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा रवि राय ने बताया कि संजय के छोटे भाई प्रमोद ने पट्ट्टीदारी की चाची अनामिका उर्फबबली, उसके पति राजू और जेठ राजकिशोर मल्ल के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा कराया है। राजू और राजकिशोर रेलवे कर्मचारी हैं। पुलिस अनामिका को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### 1.60 करोड़ में हुई थी होटल खरीदने की डील

संजय ने होटल कैलाश को 1.60 करोड़ रुपये में खरीदने की डील भी की थी। पांच साल के भीतर होटल मालिक को रुपये चुकता करने थे। डेढ़ साल से प्रतिमाह होटल मालिक को डेढ़ लाख रुपये देते थे।

### सुसाइड नोट में अनामिका को बताया जिम्मेदार

सुसाइड नोट में संजय ने अनामिका से रिश्ते की बात लिखी है। उसमें कहा है कि अनामिका उन्हें प्रताड़ित कर रही थी, जिसकी वजह से खुदकुशी कर रहा हूं। सीसी कैमरे की जांच पर पता चला कि संजय दो दिन से अपने फ्लैट से बाहर नहीं निकले। एसपी अरविंद पांडेय का कहना है कि होटल संचालक संजय का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद स्थित स्पष्ट हो जाएगी। सुसाइड नोट में संजय ने पट्टीदारी की चाची को मौत का जिम्मेदार बताया है।

### पत्नी व बच्चों से अलग रहते थे संजय

चाची अनामिका से रिश्तों को लेकर संजय के परिवार में विवाद शुरू हो गया। संजय की पत्नी संध्या मल्ल अपने 15 वर्षीय बेटे अनंत व 12 वर्षीय बेटी मुस्कान के साथ रामजानकी नगर के पुश्तैनी मकान में ससुरालीजनों के साथ रहने लगीं। छोटे भाई प्रमोद ने बताया कि संजय प्रापर्टी डीलिंग भी करते थे। घर के पास स्थित जनरल स्टोर को उन्होंने किराये पर चलाने के लिए दिया था।

## क्विक न्यूज

### मण्डलीय समीक्षा बैठक आज

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल की अध्यक्षता में मंडलीय विकास कार्यो की समीक्षा दिनांक 19 नवंबर 2020 को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में की जायेगी इसमें मंडल के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य मंडलीय अधिकारी भाग लेंगे। उक्त जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त ने दी है।

### नियमों के साथ क्लास शुरू

**गोरखपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने केंद्रों को फिर से खोल दिया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड द्वारा केंद्र और संबंधित राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है। देशभर में मौजूद आकाश इंस्टीट्यूट के सभी केंद्रों में इन दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। फिलहाल, छात्रों के लिए हफ़्ते में एक बार क्रमबद्ध तरीके से केवल डाउट क्लासेस का आयोजन किया जाएगा। आकाश इंस्टीट्यूट की सभी शाखाओं में वायरस के फैलने के खतरे को कम करने के उद्देश्य से संपर्क में आए बिना अटेन्डेंस लेने, पार्किंग स्थल पर, कॉरिडोर में और लिफ्टों में भीड़ का सही तरीके से प्रबंधन करने, जैसी सावधानियां बरती जा रही हैं।

### निर्वाचन नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण अभियान पूर्ण

**अम्बेडकरनगर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में एक जनवरी 2021 के आधार पर निर्वाचन नियमावलीयो का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर 2020 को पूर्ण कर लिया गया। इसी क्रम में 18 नवंबर 2020 को उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा द्वारा आलेख्य प्रकाशन कराकर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के जिला कमेटी सदस्य सीपीआईएन के राम निरंजन कन्नौजिया एवं बसपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम को आलेख्य की प्रति उपलब्ध कराया गया। मौके पर जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बाइकों की टक्कर में दोनों चालकों की मौत

**अम्बेडकरनगर।** दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों चालकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मामला कटका थाना क्षेत्र के नवतारा गांव के पास की है जहां थाना क्षेत्र के नसीराबाद गांव निवासी अरविंद पुत्र संतलाल व अजय निषाद पुत्र त्रिलोकी निषाद निवासी करीमपुर मंगलवार की देर रात करीब 10:00 बजे के आसपास आपस में बाइक लेकर भिड़ गये जिसमें दोनों को गंभीर चोट आई। गंभीर चोट की वजह से अरविंद पुत्र संतलाल की घटनास्थल पर मौत हो गई वही अजय निषाद गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष कटका ने बताया कि दोनों बाइक पर अकेले थे और आपस की टक्कर में दोनों की मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर जांच कर रही है। इस घटना से दोनों के परिवार में कोहराम मचा है।

# अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**अम्बेडकरनगर।** एक दिन पूर्व अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने दलित उत्पीड़न एक्ट व मामले से संबंधित अन्य धाराओं के तहत चार नामजद व कई अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर चारों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि बीते मंगलवार को हंसवर थाना क्षेत्र के सेमरा नसीरपुर में कुछ लोगों के द्वारा एक अंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का मामला प्रकाश में आया था।अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने से गांव में तनाव भी फैल गया था।आरोप है कि अंकित वर्मा पुत्र कमला प्रसाद, अविनाश वर्मा, प्रदुम्न वर्मा उर्फ निखिल पुत्र जियालाल,पवन वर्मा पुत्र राम कवल वर्मा निवासीगण सेमरा नसीरपुर कुछ गांव के ही अन्य लोगों के साथ फावड़ा, हांकी, डंडा लेकर गांव में स्थित अंबेडकर प्रतिमा के पास पहुंच गए तथा अंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने लगे। मौके पर मौजूद गांव के दलित शमशेर व राजबहादुर ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज देते हुए दोनों लोगों को मारने के लिए दौड़ा लिया।वहीं अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीण भी आक्रोशित हो गए थे।मौके पर सीओ टांडा संतोष कुमार व थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए तथा ग्रामीणों को समझा–बुझाक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए किसी तरह से मामले को शांत कराया। शमशेर व राजबहादुर की तहरीर पर बुधवार को हंसवर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों को पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

# अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज ने दिया निर्देश



**गोरखपुर।** मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन का कार्य 25 दिसंबर के पूर्व शत–प्रतिशत पूर्ण कर जियोटैग किये जाने हेतु निर्देश दिया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर श्री सिंह ने कहा कि मनरेगा एवं केंद्रीय वित्त तथा पीआईजीएफ मद से भुगतान शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि भुगतान लंबित होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही तय है। जिसे मुख्य विकास अधिकारी के स्तर से किया जाना है। उन्होंने कहा कि तय समय सीमा के लिए भीतर सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव हेतु ग्राम पंचायतों में गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उसे ग्राम पंचायत द्वारा हैंडओवर किए जाने की कार्रवाई त्वरित गति से किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अनिल सिंह जिला विकास अधिकारी, हिमांशु शेखर ठाकुर, जिला पंचायत राज अधिकारी, समरजीत यादव, उप निदेशक पंचायत गोरखपुर मंडल गोरखपुर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा सुधांशु साहू, बच्चा सिंह, जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, बृजेश मल्ल, मंडल समन्वयक दिनेश चौधरी, मंडलीय परियोजना प्रबंधक, अभिषेक वर्मा, जिला मिशन मैनेजर एन आर एल एम शामिल रहें।

# डेंगू के बढ़ते मरीजों की संख्या व खतरे को लेकर डीएम सीएमओ के साथ की बैठक

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** अनुज कुमार झा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में डेंगू के बढ़ते मरीजों की संख्या व कोविड 19 की सेकंड वेब के खतरे दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ घनश्याम सिंह, राजर्षि दशरथ राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय दर्शन नगर के प्रिंसिपल डॉ विजय कुमार, जिला चिकित्सालयों के सीएमएस सहित कोविड.19 व डेंगू से संबंधित चिकित्सकों के साथ बैठक की गई, इसमें जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा दिनांक 15 नवम्बर से नवजात शिशु देखभाल सप्ताह शुरू किया जा चुका है यह सप्ताह 21 नवम्बर 2020 तक चलेगा। जिलाधिकारी द्वारा इस सप्ताह को भी सफल बनाने एवं नवजात शिशुओ एवं उनकी माताओ को आवश्यक टीका लगाने हेतु कार्यवाही करने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी ने कोरोना जांच की सैंपलिंग बढ़ाने तथा सही रणनीति बनाकर कोविड.19 के लक्षण वाले सभी व्यक्तियों का अनिवार्य रूप से कोरोना जाँच सुनिश्चित करने के साथ.साथ एंटीजन एवं आरटी. पीसीआर जांच हेतु सैंपलिंग के निर्धारित लक्ष्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी रैपिड रिस्पांस टीमें घर पर उपचार ले रहे अपने.अपने मरीजों से हमेशा संपर्क में रहें तथा रोजाना उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को प्राप्त करें। किसी भी मरीज की स्थिति खराब होने पर तत्काल उसे हॉस्पिटल में शिफ्ट करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ ही उन्होंने सभी एमओआईसी को भी अपने से संबंधित रैपिड रिस्पांस टीमों से समन्वय बनाकर घर पर उपचार ले रहे मरीजों की नियमित स्वास्थ्य जानकारी लेनेए उनका स्वास्थ्य खराब होने पर तत्काल उन्हें चिकित्सालय में शिफ्ट करने पर विशेष ध्यान देने तथा घर पर उपचार ले रहे रोगी को मेडिसिन किट व संक्रमित व्यक्ति के घरवालों को आईवर मैकटिन की खुराक समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने तथा सर्विलांस टीमों को सक्रिय रहना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी चिकित्सालयों में अनिवार्य रूप से कोविड हेल्प डेस्क संचालित रखने तथा कोविड.19 से बचाव संबंधी सभी दिशानिर्देशों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विकास भवन में संचालित कोविड.19 कंट्रोल रूम में तैनात सभी प्रभारियों को अपने अपने जिम्मेदारियों का सम्यक रूप से निर्वहन करने तथा मरीजों से बात कर उन्हें उपलब्ध हो रही सुविधाओं यथा मेडिसिन किट व उनके परिवार के सदस्यों हेतु आइबरमैकटिन की खुराक की उपलब्धता आदि की क्रास चेकिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम के सभी इंचार्ज कंट्रोल रूम में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में डेंगू के बढ़ते मरीजों की संख्या पर असंतोष व्यक्त करते हुए डेंगू की रोकथाम संबंधी कार्यों को गंभीरता से लेते हुए इसकी रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे क्षेत्र जहां पर डेंगू के मरीजों की संख्या अधिक है वहां पर टीम बनाकर क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर कमियों का जायजा लिया जाए जिसके कारण से वहां पर मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने टीम एवं रोस्टर बनाकर डेंगू से बचाव के दृष्टिगत सभी क्षेत्रों में साफ सफाई सुनिश्चित करनेए एंटी लार्वा का छिड़काव करने तथा फागिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित सभी चिकित्सकों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मरीजों को सही समय पर सही एवं बेहतर उपचार मिले उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े।

**कॉन्टीनेन्टल कैमिकल्स लिमिटेड**
(सीआईएन : एल24123यूपी1984पीएलसी014111)
पंजी. कार्यालय : ए–7, सेक्टर–7, नोएडा–201301
फोन नं. : 0120–2423316 फैक्स नं. : 0120–2423316
ई–मेल : info@continentalsoft.com
वेबसाइट : www.continentalchemicalsltd.com

**सूचना**

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 तथा 47 के अनुसरण में एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 25–11–2020 को, अन्य के साथ, 31–03–2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक सामान्य बैठक के आयोजन पर विचार करने हेतु आयोजित की जाएगी।

नोट : विस्तृत सूचना बीएसई वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.continentalchemicalsltd.com) पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
हस्ता./–
स्थान : नोएडा — नरेश कुमार बिब्बा
तिथि : 18–11–2020 — प्रबंध निदेशक

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पत्रांक सं0 : 690/न0पा0परि0/ज0क0/निविदा/2020–21 — दिनांक : 18.11.2020

### अल्पकालीन निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पालिका परिषद रायबरेली द्वारा पंजीकृत फर्मो/नगर पालिका परिषद में अधिकृत निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं/फर्म/डीलरों से राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फन्ड के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों के बाबत दिनांक 04.12.2020 को अपरान्ह 2:00 बजे तक मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित है जो उसी दिन उपस्थित निविदा दाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.12.20 को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक जलकल कार्यालय कैनाल रोड से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है, जो बिकने पश्चात वापस नहीं होंगे। निविदा पड़ने व बिकने के दिन यदि अवकाश पड़ जाता है तो सम्बन्धित कार्यवाही अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

सभी निविदादाताओं के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि एन०एस०सी०/एफ०डी०आर०/ के0वी0पी0/टी०डी०आर० के रूप में लगाना अनिवार्य होगा, जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रायबरेली के नाम बन्धक हो, मान्य होगी। बिना जमानत धनराशि वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा० अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद रायबरेली में निहित है। कार्य से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जलकल अभियन्ता कार्यालय नगर पालिका परिषद कैनाल रोड रायबरेली से प्राप्त की जा सकती है, विवरण निम्नवत् है।

| निविदा क्रमांक | टैंक टाइप स्टैन्ड पोस्ट की स्थापना का कार्य | मात्रा | अनुमानित आगणन रू0 | जमानत धनराशि रू0 | निविदा प्रपत्र मूल्य + 18 प्रतिशत जीएसटी0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विभिन्न स्थानों पर टैंक टाइप स्टैण्ड की स्थापना का कार्य। | 4 अदद | 391453.00 | 7829.06 | 550.00 | 15 दिवस |

**नियम व शर्तें :–**

1. निर्धारित अभिलेख शर्ते पूरा न करने पर प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. कार्य संतोषजनक होने पर ही भुगतान आदि की प्रक्रिया की जायेगी।

(बाल मुकुन्द मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रायबरेली

(पूर्णिमा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रायबरेली

# एनएच पर तड़के हुई दुर्घटनाओं में आधा दर्जन वाहन टकराए

### दर्जन भर लोग घायल, दो की हालत गम्भीर

**अम्बेडकरनगर।** कटका थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर बुधवार की सुबह हुए दो भीषण सड़क हादसे में एक के बाद एक कुल 6 वाहन आपस में टकराए। तेज रफ्तार के कारण अलग–अलग हुए इन सड़क हादसों में जंहा कुल आधा दर्जन से अधिक लोग जीवन और मौत से संघर्ष कर रहे हैं वहीं एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए हैं जिसमें 2 चालकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना पाकर पहुंची आलापुर व बसखारी पुलिस स्थानीय लोगों के साथ राहत कार्यों में जुटी रही। यह सड़क हादसा बुधवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 233 बसखारी आजमगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर न्योरी बाजार में स्थित पूर्वी व पश्चिमी पेट्रोल पंपो के निकट सुबह 6:30 बजे के करीब उस समय हुई जब एक डीसीएम व एक बोलेरो की भिड़ंत नेवरी स्थित पूर्वी पेट्रोल पंप के करीब हो गई। इस दुर्घटना में बोलेरो में सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिसमें बोलेरो चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है।वही दूसरा हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर ही नेवरी में स्थित पश्चिमी पेट्रोल पंप के पास इसी दरमियान हुआ जब राहत कार्यों में जुटे एनएच के एक वाहन व तेज रफ्तार से जा रही रोडवेज बस की टक्कर हो गई जिसमें बस में सवार कई यात्री घायल हो गए तो वही एनएच वाहन का चालक अनिल कुमार पुत्र राम उजागिर उम्र 28 वर्ष निवासी अतरौलिया आजमगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको बसखारी सीएससी ले जाया गया। जहां पर उसकी हालत चिंताजनक होने के चलते जिला अस्पताल जिला अस्पताल और फिर उसके बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया।इसी बीच रोडवेज बस के पीछे से आ रही वॉल्वो बस संख्या यूपी 50 एन 2992 रोडवेज बस में जा टकराई और इसी वोल्वो बस के साथ एक और वोल्वो बस यूपी 50 ए टी 85 82भी जा टकराई जिसमें बैठे यात्रियों को तो मामूली चोटे आई। लेकिन इस हादसे में दूसरे वोल्वो बस का चालक मूवी पुत्र रामेश्वर उम्र 45 वर्ष निवासी दिल्ली भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## कार्यालय नगर पंचायत महोना जनपद-लखनऊ

पत्रांक–619/न०पं०म०/यू०चा० नियमावली/अधि०/2020–21 — दिनांक– 17 नवम्बर 2020

### अधिसूचना

नगर क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिये नगर पंचायत महोना जनपद लखनऊ नगर पालिका अधिनियम 1916 व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 में निहित प्राविधानो के अधीन निम्न प्रकार उपविधि बनाने के लिये सुझाव व आपत्ति प्रकाशन की तिथि के 30 दिन के अन्दर आपत्ति/सुझाव माँगे जा रहे है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 के अधीन नगर पंचायत महोना, जनपद लखनऊ मे ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु यह उपविधि बनती है। यह उपविधि ठोस अपशिष्ट प्रबन्ध (प्रबन्धन व हथालन) उपविधि 2020 कहलायी जायेगी।

**नगर पंचायत महोना जनपद लखनऊ मे एस0बी0एम0 के अन्तर्गत यूजर चार्ज नियमावली–2020**

अ– यह नियमावली ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन उपविधि 2020 कहलायेगी।
ब– यह उपविधि नगर पंचायत महोना, जनपद लखनऊ सीमान्तर्गत लागू होगी।
स– यह उ0प्र0 सरकारी गजट मे प्रकाशन के दिनांक से प्रवृत्त होगी।
द– इस नियमावली मे अधिशासी अधिकारी से तात्पर्य नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से है।
स– अधिनियम का तात्पर्य नगर पालिका अधिनियम 1916 से है।
**प्राधिकारी का अर्थः–** नगर पंचायत महोना, लखनऊ के अधिशासी अधिकारी से होगा।
**प्राधिकारी संस्थाः–** नगर पंचायत महोना, लखनऊ से है।
**क्षेत्रः–** यह उपविधि नगर पंचायत महोना, जनपद लखनऊ की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में समान रूप से प्रभावशाली होगी।

1. समस्त निवासियों के लिये यह अनिवार्य होगा कि वे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 मे उल्लिखित नियमों के अनुसार अपने स्थल पर उत्सर्जित/उनके द्वारा उत्पन्न किये गये अपशिष्ट को उदगम स्थल पर तीन हिस्सों मे गीला सूखा एवं परिसंकटमय अपशिष्टो में तीन क्रमशः हरा, नीला व लाल, सफेद ढक्कननुमा कचरा पात्र में भण्डारित करना होगा व दिन मे एक बार ही नगर पंचायत महोना, लखनऊ द्वारा निर्धारित कूड़ा चुनने वाले अथवा डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहकर्ता को निर्धारित मासिक शुल्क देकर निस्तारण सुनिश्चित करना होगा। ताकि आम सड़कों मार्गों पर नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ करने के पश्चात किसी प्रकार की गंदगी कूड़ा–करकट नहीं फैले।
2. कोई व्यक्ति व संस्था निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट को पृथक रूप से अपने परिसर मे भंडारित करेगा एवं Construction and Demolation Waste Rule 2016 के अनुसार निपटान करेगा।
3. नगर में स्थित सभी को–आपरेटिव सोसाइटीज, एसोसिएशन आवासीय एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रबन्धन की यह जिम्मेदारी होगी कि वे आवश्यक घनत्व में उपर्युक्त स्थान पर आवश्यक संख्या में अपने स्वयं के कंटेनर (नीला व हरा रंग के) स्थापित करेंगे जिनमे दैनिक उत्सर्जित कचरे का पृथक–2 भंडारण हो सके जिसका निस्तारण नगर पंचायत द्वारा निर्धारित देय यूजर चार्जेज देकर करायेगा।
4. कोई भी व्यक्ति/नागरिक अपशिष्ट को गली/मार्गो व खुले सार्वजनिक स्थानों नाली/नाला या जलाशयों में न फेंकेगा, न जलायेगा और न ही गाड़ेगा। उपविधि का पालन न करने की दशा में 5000/–रूपये का जुर्माना वसूल किया जायेगा अथवा न्यायालय में अभियोग दायर किया जा सकेगा।
5. कोई भी व्यक्ति/नागरिक अपने आवास के समीप खाली स्थानों पर कूड़ा नहीं डालेगा न डालने देगा कूड़े के समीप निवासी को जिम्मेदार समझा जायेगा जिसके लिये निकाय निर्धारित चालान करने में समर्थ होगा एवं अभियोग दायर किया जा सकेगा।
6. बूचड़ खानो, मांस–मछली बजारो, फल एवं सब्जी बाजारो के अपशिष्ट जो जैव निम्नकरणीय प्रवृत्ति का होता है का प्रबंध ऐसी रीति से किया जायेगा कि ऐसे अपशिष्ट को उपयोग में लाया जा सके ऐसे व्यवसायियों को इस प्रकार के अपशिष्ट को पृथक से एकत्र करने एवं नगर पंचायत के कलेक्शन वाहन को प्रतिदिन हैण्ड ओवर करने का प्रबन्ध करते हुए नियमानुसार नगर पंचायत को मासिक यूजर चार्ज देकर निस्तारण सुनिश्चित कराना होगा।
7. अस्पतालो नर्सिंग होम्स क्लीनिक लैबोरेटरी आदि द्वारा जैव चिकित्सीय को नगरीय ठोस अपशिष्ट के साथ नहीं मिलाया जायेगा। अस्पतालों नर्सिंग होम्स एवं क्लीनिक आदि के प्रबंधन द्वारा जैव चिकित्सीय अपशिष्ट नियम 2016 का अक्षरशः अनुपालन नगर पंचायत द्वारा निर्धारित यूजर चार्जेज देते हुए नगर पंचायत के व्यवस्थानुसार कराया जायेगा।
8. कोई भी व्यक्ति/निवासी अपने परिसर से उत्पन्न कृषि उद्यान अपशिष्ट को अपने ही परिसर में पृथक रूप से भण्डारित करेगा और समय समय पर नगर निकाय द्वारा निर्धारित शुल्क (यूजर चार्जेज) देकर निपटान करेगा।
9. कोई भी व्यक्ति/व्यवसायी निर्माण सामग्री को किसी दशा में सार्वजनिक स्थान पर नहीं डालेगा। अनाधिकृत रूप से निजी मलवा/सामग्री डालना अधिनियम व नियमों के तहत दण्डनीय अपराध होगा।
10. अपशिष्ट कूड़ा करकट सूखी पत्तियों को जलाया नहीं जायेगा।
11. कोई व्यक्ति अग्रिम रूप से कम से कम तीन दिवस पूर्व स्थानीय निकाय/नगर पंचायत को सूचित किये बगैर किसी गैर अनुज्ञप्ति वाले स्थान पर एक सौ व्यक्ति से अधिक का ऐसा कोई आयोजन या समारोह आयोजित नहीं करेगा और पृथक अपशिष्ट को पंचायत द्वारा निर्धारित यूजर चार्जेज जमा कर नियोजित अपशिष्ट संग्रहण अधिकरण को सौंपेगा।
12. मार्ग विक्रेता जिसके अन्तर्गत फेरीवाला, गली की लेन, सार्वजनिक पार्को, सार्वजनिक स्थानों या प्राइवेट स्थानों पर अस्थाई निर्मित संरचना पट या घूम–2 कर व्यवसाय करने वाले विक्रेताओं को उनके द्वारा उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट के निपटान हेतु ढक्कन युक्त कूड़ा पात्र रखना होगा।
13. कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत द्वारा स्थापित अपशिष्ट कूड़ेदान के बाहर नही फेंकेगा। निर्धारित कूड़ेदान मे निर्धारित अपशिष्ट डालेगा।
14. पशुओ को अपशिष्ट कूड़ादान स्थलो अथवा शहर के किसी अन्य स्थान के आस पास घूमने नही दिया जायेगा इसका अधिकृत क्षेत्र/स्थल पर ही प्रबन्ध करना होगा।
15. कोई भी व्यक्ति अपने भवन संस्थान व्यापारिक प्रतिष्ठान से गन्दा पानी, कीचड़ पानी, नाईट स्वाइल, गोबर मलमूत्र दूषित जल अपने परिसर में किसी प्रकार एकत्रित नहीं करेगा न सार्वजनिक मार्गो एवं नालियों में बहने देगा जिससे वातावरण दुर्गन्ध से प्रदूषित हो व जन स्वास्थ को हानि होने की संभावना हो अथवा आवागमन में बाधक हो अन्यथा उसके विरुद्ध जुर्माना वसूल किया जा सकेगा एवं न्यायालय में अभियोजन किया जा सकेगा।
16. कोई व्यक्ति किसी प्रकार का मृत मवेशी अथवा उसके अवशेष सार्वजनिक स्थानो इत्यादि पर नहीं डालेगा। नगर पंचायत को निर्धारित यूजर चार्जेज देकर उसका निपटान करायेगा।
17. नगर पंचायत सीमा के अन्दर खुले में शौच करने वाले व्यक्तियो से पाँच सौ रूपये एवं पेशाब करने वाले व्यक्तियों पर सौ रूपये जुर्माना वसूला जायेगा। जिसकी अदायगी व्यक्तियों को तुरन्त करनी होगी।
18. यह कि माननीय उच्च न्यायालय की सुनवाई दिनांक 09.11.2016 व नगर विकास अनुभाग–5 के आदेश संख्या 3595/नौ–5–2016–29/2014 दिनांक–08 नवम्बर 2016 के अनुपालन में सड़क के किनारे भवन निर्माण अवशेष रखने पर रू0 50,000/– का आर्थिक दण्ड वसूल किया जायेगा।
19. कोई भी व्यक्ति/निवासी सरकारी भवनों, चौराहों एवं दीवारों व गेटों पर निजी या व्यापारिक प्रचार–प्रसार हेतु पोस्टर व स्लोगन नहीं लिखाएगा।

**घर–घर कचरा संग्रहण योजना के तहत घर–घर कचरा एकत्रित करने हेतु निम्नानुसार दरें तय की जाती हैं।**

| क्र0 सं0 | उपभोक्ता की श्रेणी | सहयोग राशि (उपभोक्ता द्वारा) प्रतिमाह नगर पंचायत महोना क्षेत्र/प्रतिमाह |
|---|---|---|
| 1 | गेस्ट हाउस | 500/– |
| 2 | हॉस्टल | 400/– |
| 3 | व्यावसायिक कार्यालय, सरकारी कार्यालय, बैंक, बीमा कार्यालय, होटल, रेस्टोरेंट। | 500/– |
| 4 | नर्सिंग होम (50 बेड तक) | 1500/– |
| 5 | नर्सिंग होम (50 बेड से अधिक) | 3000/– |
| 6 | छोटे उद्योग (10 किलो कूड़ा प्रतिदिन) | 500/– |
| 7 | गोदाम, कोल्ड स्टोर (कूड़ा) | 1000/– |
| 8 | बारातघर, धर्मशाला (3000 वर्ग मीटर तक) | 1500/– |
| 9 | बारातघर, धर्मशाला (3000 वर्ग मीटर से अधिक) | 4000/– |
| 10 | दो पहिया वाहन एजेन्सी | 300/– |
| 11 | चार पहिया वाहन एजेन्सी | 500/– |
| 12 | व्यावसायिक काम्पलेक्स अथवा मार्केट | 1000/– |
| 13 | माल | 1500/– |

**नगर पंचायत की शक्ति**

1. नगर पंचायत क्षेत्र में नगरीय ठोस अपशिष्टों या कूड़ा–करकट फैलाना प्रतिषेध होगा यदि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानो, मार्गो, निजी खुले स्थानो, पार्को, पानी के श्रोतो इत्यादि पर गंदगी कूड़ा, करकट फैलाते व रखते पाया जाता है, तो प्राधिकृत अधिकारी जो निरीक्षक के स्तर से कम का नही हो अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिकृत कर्मचारी संलग्न "अनुसूची–अ" में घोषित/समय पर निकाय द्वारा निर्धारित जुर्माना (केरिंग चार्जेज) ऐसे दोषी व्यक्तियों से मौके पर ही वसूल करने में सक्षम होगा।
2. नियम को लागू कराने हेतु जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी द्वारा इसे सख्ती से लागू कराया जाएगा। लागू कराने में असक्षम/लापारवाही/असमर्थ कर्मधारी के विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम 1916 में उल्लेखित नियमों के अधीन सख्त कार्यवाही का अधिकार "प्राधिकारी" को होगा।

**"अनुसूची–अ"**

**उपविधियो के उल्लंघन में किए गए कृत्यों के लिए निर्धारित कैरिंग चार्ज।**

| क्र0 सं0 | कृत्य | धनराशि प्रतिदिन |
|---|---|---|
| 1 | रिहायशी भवनों के निवासियों | 100/– |
| 2 | दुकानदारों द्वारा कचरा डालने पर | 500/– |
| 3 | रेस्टोरेंट मालिको द्वारा खुला कचरा डालने पर | 5000/ |
| 4 | होटल मालिको द्वारा कचरा डालने पर | 500/– |
| 5 | औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा कचरा डालने पर | 10000/– |
| 6 | हलवाई, चाट, पकौड़ी, फास्ट फूड, आइसक्रीम, गन्ने का रस एवं अन्य जूस, सब्जी एवं फ्रूट आदि ठेला व्यवसायियों पर | 100/– |
| 7 | सार्वजनिक स्थानों पर पेशाब करने वालों पर | 100/– |
| 8 | गोवर सार्वजनिक स्थान पर डालने पर | 5000/– |
| 9 | निजी मकान, दुकान इत्यादि के निर्माण का मलबा, निर्माण सामग्री ईट, सीमेन्ट लोहा, पत्थर सरकारी भूमि पर डालने पर। | 1000/– |
| 10 | निजी ट्रक्टरों द्वारा बजरी, कचरा मलबा, गोबर इत्यादि परिवहन करते हुए नगर पंचायत की सड़को पर अपनी सामग्री बिखेरने व गन्दगी फैलाने पर | 2000/– |
| 11 | सरकारी भवनों, चौराहो एवं दीवारो व उनके गेटो पर निजी वाणिज्य प्रचार–प्रसार हेतु पोस्टर चिपकाने, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारे ऐतिहासिक भवनों की सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर) | 2000/– |
| 12 | बिना सक्षम स्वीकृति के रोडकट करने पर | 10000/– |
| 13 | अपने मकानो का गन्दे पानी का निकास आम सड़क पर करने पर | 5000/– |
| 14 | अपने मकान भवन का सीवरेज कनेक्शन नहीं लेकर सीवरेज की गन्दगी आम नाली/नाले में बहाने पर | 5000/– |
| 15 | क्रमांक 02 से 06 तक वर्णित व्यवसाइयों द्वारा अपने व्यवसाय स्थल का कचरा एकत्रित रखने के निर्धारित ढक्कनदार कचरा पात्र आवश्यक क्षमता का नहीं रखने पर। | 2000/– |
| 16 | दुकान अथवा ठेला व्यवसाइयों द्वारा सड़क पर बैठकर स्कूटर व साईकिल रिपेरिंग कर आयल मिट्टी व पानी फैलाकर गन्दगी करने पर। | 1000/– |
| 17 | मीट की दुकानो के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवरो की हड्डियां, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डो के छिलके इत्यादि सड़क पर व आम रास्ते/रास्तो में डालकर गन्दगी फैलाने पर। | 2000/– |
| 18 | आम रास्ता सड़क व मकान के सामने गाय, भैंस, बकरी, कुत्ते, भेड़, ऊंट, गधा, सुअर इत्यादि पालतू जानवरों से गन्दगी फैलाने पर। | 500/– |
| 19 | शादी/विवाह स्थलों के बाहर कचरा डालने पर। | 5000/– |
| 20 | आम रास्ता सड़क पर खुले में या टेन्ट लगाकर खुले आम मांस–मछली पकाने व अंश सड़क पर डालने व गदंगी फैलाने पर | 2000/– |
| 21 | सार्वजनिक स्थान, जमीन व सड़क के किनारे बैठकर सब्जियां बेचकर छिलके व अंश सड़क पर डालने व गन्दगी पर। | 100/– |
| 22 | हेयर कटिंग सैलून वालो द्वारा आम रास्ता व सड़क पर गन्दगी बाल इत्यादि डालने पर। | 100/– |
| 23 | दुकानदारों अथवा व्यावसायिक द्वारा आम सड़क अथवा जमीन पर अतिक्रमण कर भवन सामग्री डालकर व्यवसाय करने पर। | 5000/– उपविधियों का लगातार उल्लघंन करने पर अभियोजन भी चलाया जा सकेगा। |
| 24 | आम रास्ता सड़क फुटपाथ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय ढाबा चलाकर गन्दगी फैलाने पर | 1000/– |
| 25 | प्राईवेट अस्पताल, नर्सिंग होम क्लीनिक जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय ढाबा चलाकर गन्दगी डालकर गन्दगी फैलाने पर। | 2000/– |
| 26 | खुले में शौच जाने पर | 500/– |

(श्रीश मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महोना, लखनऊ

(एन० इशरत बेग)
अध्यक्ष
नगर पंचायत महोना, लखनऊ

# नीतीश का कद घटा

## भाजपा के दो उपमुख्यमंत्री

**भाजपा** ने आश्चर्यचकित करते हुए बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ दो उप मुख्यमंत्री चुने हैं। यह अपना सामाजिक आधार बढ़ाने तथा कालान्तर में अपना मुख्यमंत्री बनाने के उद्देश्य के अंतर्गत है। बिहार विधानसभा चुनाव में अपने शानदार प्रदर्शन और गठबंधन सहयोगी की शक्ति क्षीण होने के बाद सवाल उठ रहे थे कि क्या भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाएगी या नीतीश को पद पर बनाए रखेगी। बताया जाता है नीतीश ने स्वयं पद से हटने की इच्छा प्रकट की थी। लेकिन भाजपा ने नैतिक आधार पर उन्हें बनाए रखा है। इसका एक कारण यह भी है कि अति पिछड़ी जातियां-ईबीसी व महादलित अब भी नीतीश के साथ मजबूती से जुड़े हैं और भाजपा यह व्यापक गठबंधन बनाए रख कर अगली बार अकेली सबसे बड़ी पार्टी बनना चाहती है। लेकिन ऐसा नहीं लगता कि उसने नीतीश को पूरा कार्यकाल दे दिया है। उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी को हटा कर उसने ऐसा संकेत दिया है जो नीतीश कुमार के साथ सहज थे। दो उप मुख्यमंत्री-तारकिशोर प्रसाद व रेणु देवी को नियुक्त कर भाजपा ने नीतीश के हाथ बांध दिए हैं। शायद भाजपा ने सुशील मोदी को राज्य से हटा कर दिल्ली भेजने का निर्णय इसीलिए लिया है कि वे राज्य में पार्टी के विकास में ज्यादा योगदान नहीं कर सके थे। सुशील मोदी प्रभावशाली दृष्टिकोण वाले इतने मजबूत नेता थे कि उनके साथ नए व कम प्रभावी नेताओं का काम करना कठिन था। तारकिशोर प्रसाद व रेणु देवी भाजपा के जमीनी नेता हैं और लंबे समय तक कार्यकर्ताओं के बीच काम कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह ने इन नेताओं को इस उम्मीद से चुना है



कि वे बिना लोगों का ध्यान अनावश्यक रूप से खींचे भाजपा को मजबूत करेंगे। यह राजद नेता तेजस्वी यादव की लोकप्रियता, नौजवानों में उनकी पसंद तथा आर्थिक न्याय की पैरवी कर रहे वामपंथियों का उभार रोकने का प्रयास है। हालांकि, तारकिशोर प्रसाद जननेता नहीं हैं, पर उनकी जड़ें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस में हैं। पार्टी ने उनको मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन का ईनाम दिया है जिसे राजद का किला माना जाता था। जहां प्रसाद अन्य पिछड़े वर्ग-ओबीसी से हैं, वहीं रेणु देवी ईबीसी से हैं। भाजपा इस जातीय गणित से भविष्य में जदयू का विकल्प अपने भीतर तैयार करना चाहती है। यह घोषणा आश्चर्यचकित करने वाली नहीं है क्योंकि मोदी-शाह जोड़ी पहले हरियाणा, महाराष्ट्र व गुजरात में मुख्यमंत्री चयन में इस रणनीति का परिचय दे चुकी है। मनोहर लाल खट्टर, देवेंद्र फडनवीस तथा विजय रूपाणी केन्द्र की पसंद के कारण मुख्यमंत्री बने थे। भाजपा चुनावी आंकड़ों से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। भाजपा के 19 प्रतिशत वोट की तुलना में राजद का वोट प्रतिशत 23 है, जबकि यह पिछली बार की तुलना में कम सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इसका कारण उसे मिलने वाले गैर-यादव वोट तथा व्यापक गठबंधन है। उसने उच्च जातीय मतदाताओं में सेंध लगाने में भी कुछ सफलता पाई है। बिहार में हिंदू मतदाता भी उतने मजबूत नहीं है जितना भाजपा ने सोचा था। इसलिए नीतीश के सहायकों के रूप में दो जमीनी चेहरों का चयन बाद में चुनाव जीतने में सहायक होगा क्योंकि उनकी नजर जमीनी बदलावों पर बनी रहेगी। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से भाजपा अपने कार्यकर्ताओं व जमीनी नेताओं को बताना चाहती है कि वह यथास्थितिवादी नहीं है तथा उनको नेतृत्वकारी पद मिल सकते हैं। भाजपा ऐसे कदम से वामपंथी पार्टियों को भी काबू में रखना चाहती है जिन्होंने झारखंड व छत्तीसगढ़ से लगे सीमान्त क्षेत्रों में राजद गठबंधन को मजबूत किया है। जहां तक नीतीश कुमार का सवाल है, वे सातवीं बार मुख्यमंत्री बने हैं। ऐसे में देखना होगा कि वे 'सुशासन बाबू' की अपनी छवि पर कहां तक खरे उतरते हैं। भाजपा ने उनको पूरा सम्मान देते हुए भी उन पर लगाम लगाने के प्रयास किए हैं। वर्तमान परिस्थितियों में नीतीश कुमार द्वारा अपनी क्षमता सिद्ध करना पहले की तरह आसान नहीं होगा।

# चीन सीमा पर डटी रहे सेना

**चीन के साथ टुकड़े में होने वाला कोई समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। सेना को मजबूती से डटे रहना होगा क्योंकि अपना ट्रंप कार्ड छोड़ना भयानक गलती होगी।**



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर चीन के साथ तनाव घटाने के प्रस्तावित समझौते पर सरकार विचार कर रही है जिसके कुछ विवरण लीक हुए हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसका उल्लेख अक्टूबर मध्य में विश्वास बहाली के चीनी प्रस्ताव की तरह किया था और सेना प्रमुख जनरल नरवणे ने हाल ही में इस प्रस्ताव पर प्रगति होने के संकेत दिए हैं। संभवत: इसमें कैलाश पर्वत श्रृखला की रणनीतिक महत्व वाली चुशुल पहाड़ियों को खाली करना शामिल है, जबकि ये स्पेशल फ्रंटियर फोर्स-एसएफएफ द्वारा हासिल किया गया महत्वपूर्ण लेनदेन का उपकरण हैं। फिंगर्स क्षेत्र से चीन की वापसी के सीमित कदमों के लिए हमें यह महत्वपूर्ण स्थिति खोनी नहीं चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ-साफ कहा था कि 'हमें आक्रमण टालने के लिए मजबूत सेना चाहिए।' हमारी सेना मजबूत है और वह पाकिस्तान पर लगाम लगा सकती है, पर चीन के मामले में उसे और मजबूत करना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जानते हैं कि आर्थिक मंदी के कारण सशस्त्र सेनाओं का आधुनिकीकरण प्रभावित हुआ है। इसलिए उन्होंने सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए दीपावली उनके साथ मनाई तथा अर्जुन टैंक में सवारी कर रक्षा सुधारों में अपनी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया। इसके साथ ही हमें जीडीपी प्रतिशत के रूप में रक्षा खर्च बढ़ाना चाहिए जिसमें प्रत्याशित वृद्धि नहीं हुई है। ऐसे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा की जाने वाली शस्त्र पूजा पूरी तरह प्रभावी नहीं होगी। यदि सीमा पर पूरी तरह टकराव समाप्त करने के बजाय इसे आंशिक रूप से किया जाए तथा तनाव घटाने की प्रक्रिया लागू की जाए तो इसकी भारी रणनीतिक कीमत हो सकती है। चीन लगातार जोर देता रहा है कि आंशिक रूप से टकराव समाप्त करने के लिए चुशुल पहाड़ियां खाली की जाएं तथा इस प्रक्रिया को पैगांग झील के उत्तरी व दक्षिणी किनारे तक सीमित रखा जाए। इस प्रकार सैनिकों की वापसी के बारे में भारी भ्रम की स्थिति है कि यह पूर्वी लद्दाख में सभी घुसपैठ बिंदुओं पर होगा अथवा केवल पैगांग झील क्षेत्र तक सीमित रहेगा। एसएफएफ द्वारा कब्जा की गई रणनीतिक रूप से महत्वपूर्णपहाड़ियों को खाली नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ये एलएसी के भारतीय पक्ष में हैं तथा 1962 से इन पर हमारा कब्जा है। उस समय इन पहाड़ियों पर लड़ने के लिए भेजी गई तोपखाना ब्रिगेड को समय से पहले पीछे हटाया गया तथा उसे पहले चुशुल व बाद में लेह ले जाया गया। भारत को राजनीतिक सफलता प्रदर्शित करने के लिए पहले जैसी भयानक गलती दुहरानी नहीं चाहिए। चीन भारत पर असमान समझौते के लिए दबाव डाल रहा है। पहले समझौते के अनुसार भारतीय सेना ने गलवान हाट स्प्रिंग व गोगरा क्षेत्र में अपनी स्थिति बदली थी तथा एलएसी के भारतीय पक्ष में बफर क्षेत्र बनाए थे, लेकिन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए ने सभी टकराव बिंदुओं पर अपनी उपस्थिति नहीं घटाई थी। बाद में चीन ने डेपसांग पर चर्चा से इनकार किया तथा पीएलए 1959 की दावा रेखा की ओर बढ़ने का प्रयास करने लगी। अब चीन चाहता है कि वह फिंगर्स क्षेत्र में पीछे हटने के बदले भारत से कैलाश पर्वत श्रृंखला की ऊंची पहाडियों से भारतीय सैनिकों के पीछे हटने की बात मनवा ले। पीएलए के मोल्डो गैरिज़न के सामने ऊंची पहाड़ियों पर भारत की मजबूत सैनिक उपस्थिति बहुत महत्वपूर्ण है। यहां से आसमान साफ होने पर अक्साईचिन की वह सड़क दिखाई देती है जिसका निर्माण चीन ने अवैध रूप से किया था। भयंकर जाड़े में यहां एक पूरी ब्रिगेड को तैनात रखना बहुत कठिन है क्योंकि यहां तापमान माइनस 35 डिग्री तक गिर जाता है तथा यह माइनस 40 डिग्री तक भी जा सकता है। यहां पड़ने वाली बर्फ सियाचिन में पड़ने वाली बर्फ से भी खतरनाक है जिसका सामना भारतीय सैनिक कर रहे हैं।

चार दशक के बाद भारतीय सेना ने सियाचिन को अपने नियंत्रण में रहने तथा रक्षा करने योग्य क्षेत्र में बदल दिया है। यदि इस क्षेत्र में सैनिकों को बनाए रखना जरूरी हो तो एक छोटे समूह को रखना चाहिए तथा सियाचित ने सालटोरो पर्वतों की तरह इसकी अदला-बदली होते रहनी चाहिए। कैलाश पर्वत श्रृंखला से पूरी तरह पीछे हटने का कोई सीमित चीनी प्रस्ताव कभी समझौते का हिस्सा नहीं बनना चाहिए। चुशुल पहाड़ियों पर भारत की मजबूत सैनिक उपस्थिति से चीन को डेपसांग क्षेत्र में पीछे हटने तथा समग्र रूप से पूरी सीमा पर तनाव व सैनिक उपस्थिति घटाने का समझौता करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। इस प्रकार अप्रैल, 2020 वाली स्थिति बहाल की जा सकती है। पीएलए का कैलाश पर्वत श्रृंखला में मुखपुरी चौकी के निकट ब्लैक टाप पहाड़ की चोटी पर कब्जा है। चीनी सैनिक आमतौर से अनिवार्य भरती वाले होते हैं जो 17,000 फीट की ऊंचाई पर काम करने में सक्षम नहीं हैं। कैलाश पर्वत श्रृंखला में ऊंची पहाड़ियों पर सैनिक उपस्थिति बनाए रखना चीनी सैनिकों के लिए भारतीय सैनिकों की तुलना में बहुत अधिक कठिन होता जा रहा है। बताया जाता है कि पैगांग झील क्षेत्र में सैनिकों की वापसी निम्न तरीके से तीन चरणों में होगी-

क. झील के दोनों किनारों से भारी हथियारों की वापसी।

ख. पीएलए द्वारा फिंगर्स क्षेत्र का उत्तरी किनारा पूरी तरह खाली करना तथा फिंगर 8 तक चले जाना। इसी प्रकार भारतीय सेना फिंगर 3 के निकट धन सिंह चौकी के स्थाई ठिकाने तक वापस लौटेगी तथा इस क्षेत्र को बफर क्षेत्र में बदल दिया जाएगा।

ग. भारतीय सेना चुशुल पहाड़ियां खाली करेगी तथा पीएलए ब्लैक टाप से हटेगी। इस वापसी में उत्तरी किनारे के ढांचे, जैसे बैरकें, फोर्टीफिकेशन, जेटी, आदि नष्ट किए जाएंगे।

घ. इसके लिए एक पुष्टीकरण व निगरानी व्यवस्था बनाई जाएगी।

संभवत: छह नवंबर को चयनित रूप से तनाव घटाने के ज्यादा आधिकारिक प्रस्ताव पर सैनिक कमांडरों के आठवें दौर में वार्ता हुई थी जिसे भारत ने 'व्यावहारिक, गहन तथा रचनात्मक' बताया है और जिसमें 'भारत-चीन सीमा क्षेत्रों के पश्चिमी सेक्टर में एलएसी पर सभी टकराव बिंदुओं के बारे में विचारों का आदान-प्रदान हुआ। पहली बार दोनों जनरलों ने आमने-सामने वार्ता की जो चीनी वार्ताकारों के मामले में बहुत विरल है। कमांडरों के बीच नौवें दौर की वार्ता इस माह के अंत में होने की उम्मीद है ताकि दिसंबर के मध्य से सैनिकों की वापसी शुरू हो सके।

संभवत: जनता के विचार जानने के लिए सिविल और सैनिक अधिकारी प्राय: सूचनायें लीक कर देते हैं। इस प्रकार जहां कुछ अखबारों ने प्रकाशित खबरों में प्रस्तावित तनाव घटाने व सैनिकों की वापसी को झील के क्षेत्र व उत्तरी तथा दक्षिणी किनारे तक सीमित बताया है, वहीं दूसरों का यह भी कहना है कि इसमें डेपासंग समेत टकराव के सभी बिंदु शामिल हैं। दूसरे शब्दों में यह सैनिकों की पूरी तरह वापसी होगी। गलवान में टकराव के बाद चीनी सेना पर विश्वास पूरी तरह समाप्त हो गया है, इसलिए आशंका है कि कैलाश पर्वत श्रृंखला से पीछे हटने पर उस पर फिर कब्जा करना आसान नहीं होगा और पीएलए को लाभ होगा। रणनीतिक ऊंचाइयों पर कब्जे ने भारत के पक्ष में सैनिक संतुलन झुका दिया है और यह लेनदेन के लिए उसका मजबूत उपकरण है। 2005 में भारत पाकिस्तान से समझौता कर सियाचिन से वापसी के निकट पहुंच गया था। लेकिन विश्वास पूरी तरह टूटने के कारण सेना प्रमुख जनरल जे.जे. सिंह ने कहा था कि आदेश होने पर भारतीय सेना पीछे आ जाएगी। लेकिन हमसे सियाचिन पर फिर कब्जा करने के लिए नहीं कहा जाएगा।' इसके बाद से सियाचिन से वापसी की बात किसी ने नहीं की। उत्तरी सेना के दो पूर्व कमांडरों-ले.जनरल एच.एस.पनाग व डी.एस. हुड्डा ने कहा है कि चुशुल पहाड़ियों को यथास्थिति पूरी तरह बहाल करने के पहले खाली करना एक रणनीतिक लाभ की स्थिति खोना होगा। आंशिक रूप से तनाव घटाने व सैनिकों की वापसी का चीन के साथ कोई समझौता स्वीकार्य नहीं है। बाद में वापसी या दूसरे चरण के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा जाना चाहिए। अपना ट्रंप कार्ड छोड़ना भारी गलती होगी।

# चुनावी महासमर के लिए तैयार बंगाल

> यद्यपि मोदी बनाम ममता की लड़ाई लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए कारगर रही थी लेकिन राज्य स्तर पर राह उतनी आसान नहीं होगी।

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



पश्चिम बंगाल आगामी विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच व्यक्तित्व के टकराव की ओर बढ़ रहा है। बीतें वर्षों में दोनों ही एक अहम व्यक्तित्व के रूप में उभरे हैं। बंगाल में भाजपा के पास कोई बड़ा नेता न होने के चलते, भाजपा क्षेत्रीय स्तर के बड़े नेता एवं भाजपा के शुभंकर मोदी के बीच दो-दो हाथ का अपना पसंदीदा फार्मूला अपना रही है। उसने इस फार्मूले को उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में मिश्रित सफलता के साथ अपनाया है। इसके साथ साथ, अगले वर्ष पांच राज्यों, यथा पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होने हैं जिनमें भाजपा की विस्तार योजना की कड़ी परीक्षा होगी। लेकिन भगवा पार्टी का मुख्य ध्यान पश्चिम बंगाल पर केंद्रित होगा जहां सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस 2011 से सत्ता पर मजबूती से काबिज है, जब ममता बनर्जी ने उस माकपा गठजोड़ को सत्ता से उखाड़ फेंका था जिसका तीन दशकों से राज्य पर शासन था। अब ममता राज्य की सत्ता में तीसरे कार्यकाल हेतु मैदान में उतरेंगी।

यद्यपि मोदी-बनाम ममता की लड़ाई लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए कारगर रही थी लेकिन राज्य स्तर पर राह उतनी आसान नहीं होगी। उदाहरण के लिए, ममता अन्य क्षेत्रीय नेताओं की तरह नहीं हैं। वो एक फायरब्रांड नेता हैं और उनके पागलपन की एक पद्धति है। उन्होंने पिछले दशक में माकपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों को शून्य पर ला दिया है और वो एक जुझारू किस्म की सड़क पर संघर्ष करने वाली महिला हैं। इसके साथ-साथ, 45 से अधिक वर्षों से, राज्य केंद्र विरोधी रहा है जो ममता के लिए मददगार पक्ष साबित हो सकता है। अपने स्तर पर, भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में अपने अच्छे प्रदर्शन के चलते जोश से भरी है। उसने 42 में से 18 सीटें जीती थीं जो सत्ताधारी तृणमूल से मात्र चार कम थीं। महत्वपूर्ण रूप से, राज्य में मतों में भाजपा का हिस्सा 2011 के विधानसभा चुनावों में मात्र 2 प्रतिशत से बढ़कर 2019 में 40 प्रतिशत हो गया था, और वह राज्य में नंबर दो की पार्टी बनकर उभरी थी।

कांग्रेस और माकपा ने 2016 का विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा था, जिसमें वे 294 सीटों में से 76 जीत सकीं तथा वोटों में उनका हिस्सा 39 प्रतिशत रहा। हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद वे दोनों अलग हो गए। इस बार, माकपा की केंद्रीय समिति ने कांग्रेस समेत सभी पंथनिरपेक्ष दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के लिए हरी झंडी दे दी है।

हालांकि, 2021 के चुनाव में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए कठिनाई होगी। भाजपा के पास अपरीक्षित चुनौती देने वाले के रूप में लाभ का पहलू है। रणनीति के तौर पर, भाजपा ममता के खिलाफ सत्ता विरोधी भावना का लाभ उठाने का प्रयास करते हुए हिन्दू वोटों को एकजुट कर रही है। 2011 में ममता का परिवर्तन का नारा अब भाजपा का हो गया है। वह रिश्वतखोरी, दलाली एवं सिंडीकेट राज जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। तृणमूल का कथित भ्रष्टाचार भाजपा का मुख्य चुनावी पत्ता प्रतीत होता है। मेरा परिवार, भाजपा परिवार, भगवा पार्टी का वर्तमान में नारा है। उसका ध्येय शहर के शानदार अतीत को वापस लौटाने का संदर्भ देते हुए "रिबूट कोलकाता" के नाम से सोशल मीडिया अभियान चलाकर युवाओं को आकर्षित करना है। पार्टी अपने व्हाट्सऐप कार्यकताओं की सेना का इस्तेमाल हिन्दू वोटों को एकजुट करने के लिए कर रही है और इस दौड़ में दो अन्य बड़े दल कांग्रेस और माकपा भी हैं। हालांकि, ममता की सबसे बड़ी ताकत एक विकासोन्मुख मुख्यमंत्री के तौर पर उनकी छवि में निहित है, जिसे उन्होंने नंदीग्राम व सिंगपुर के पश्चात "कन्याश्री" जैसी योजनाओं से लेकर अथवा प्रबंचित परिवारों को साइकिल वितरित करने, कम कीमत पर चावल वितरित करने, सड़कों का विकास आदि योजनाओं के द्वारा बनाया है। लॉकडाउन के दौरान, उन्होंने "बंगलार गर्बो ममता" नामक अभियान चलाया था, जिसमें मतदाताओं, कार्यकर्ताओं एवं प्रमुख बंगाली हस्तियों के साथ बैठकें आयोजित करना शामिल था। विकास योजनाएं एवं उनकी लोकप्रिय नेता की छवि उनके लिए बेहतर साबित हो सकती हैं।

ममता के पास केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा विवादास्पद नगारिकता संशोधन कानून को विधानसभा चुनावों के बाद बंगाल में लागू किए जाने की घोषणा के पश्चात बना बनाया मुद्दा आ गया है। तृणमूल कांग्रेस नागरिकता कानून तथा राष्ट्रीय नागरिक पंजिका के खिलाफ कई विरोध प्रदर्शन आयोजित करने की योजना बना रही है। तृणमूल, वामपंथ और कांग्रेस के भी साथ बाने एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में राष्ट्रीय नागरिक पंजिका के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने की संभावना है। ममता के लिए फायदे का कारक उनका विशाल अल्पसंख्यक जनाधार है जिसकी संख्या कुल जनसंख्या में 28 प्रतिशत है। उनकी भूमिका 70 से 80 सीटों पर मायने रखती है। क्योंकि भाजपा की योजना साम्प्रदायिक आधार पर मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की है, ममता को अल्पसंख्यक वोटों का विभाजन रोकना होगा। आल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसलिमीन, जिसने बिहार में पांच सीटें जीती हैं, बंगाल में भी चुनाव लड़ने की योजना कना रही है, जिससे मुस्लिम वोट बंट सकते हैं। पश्चिम बंगाल के चुनाव परिदृश्य की भविष्यवाणी करना अभी जल्दबाजी होगी क्योंकि स्पष्टता चुनाव निकट आने पर होगी लेकिन हिंसा होने की उम्मीद की जा सकती है। एक महत्वपूर्ण मुद्दा यह होगा कि जनता महामारी पर नियंत्रण के मामले में किस तरह ममता सरकार के प्रदर्शन को आंकती है, क्योंकि यह ज्वलंत मुद्दा है।

2019 लोकसभा चुनावों के बाद से भाजपा ने किसी भी राज्य में जीत हासिल नहीं की है। महाराष्ट्र में वह सहयोगी दल शिवसेना से अहं के टकराव के चलते सबसे बड़ा दल बनकर उभरने के बाद सत्ता से बाहर हो गई। अंत में, शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के गठजोड़ से सरकार बनी। उम्मीद की एक किरण थी मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार का गिर जाना और भाजपा ने कमलनाथ सरकार के पतन के पश्चात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को का पदासीन किया। इसलिए, बिहार में एक बड़ा चुनाव जीतना पार्टी के लिए महत्वपूर्ण था और बंगाल में जीत का अर्थ होगा कि भाजपा पूर्व की ओर विस्तार का अभियान जारी रखेगी।

## आप की बात

### परिस्थितियों को समझें ट्रंप

**अमेरिका** में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ट्रंप बाइडेन के बीच नित नए विवाद उभर रहे हैं। परिणामों के बाइडेन के पक्ष में आने के बावजूद भी ट्रंप हार मानने को तैयार नहीं है। कोर्ट की शरण जाते ट्रंप अब निश्चित रूप से हंसी का पात्र बन रहे हैं। हार की खिसियाहट में ट्रंप समर्थकों का आक्रोश निरर्थक है इसे उन्हें छोड़कर वास्तविकता को स्वीकार करना ही होगा। लगभग पखवाड़े भर से अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव चर्चा में हैं। मतगणना के बाद आए परिणामों ने ट्रंप को जिस तरह से सत्ताच्युत किया है उसे वे भी पचा नहीं पाए हैं। अपनी हार पर कोर्ट में चुनौती के अपने पुर्व दावे के अनुरूप ट्रंप इस समय वही कर रहे हैं। इसके साथ ही उनके समर्थक भी आंदोलन और हिंसा के जरिए परिणामों को गलत ठहराने पर तुले हुए हैं। मगर यह सब एक सुशिक्षित और संपन्न देश के राजनेताओं को शोभा नहीं देता है। आज अगर बाइडेन को बढ़त मिली है तो इसका सीधा सा मतलब है अमेरिकी जनता ने ट्रंप, उनकी नीतियों, शासन और व्यवस्थाओं को नकारा है। सीधी भाषा में इसे ट्रंप की नैतिक पराजय भी कहा जा सकता है। वैसे कोरोना काल में अमेरिकी नागरिकों की हुई फजीहत भी इस हार का एक बड़ा कारण है।

– **अमृतलाल मारू**, धार, मप्र

### प्रदूषण पर रोना क्यों?

**दिल्ली** में दिवाली के दिन इतने पटाखे फूटे की प्रदूषण का 4 साल का पुराना रिकॉर्ड टूट गया। जिन नगरों में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध था, वहां भी प्रतिबंध की सरेआम धज्जियां उड़ी। सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में प्रदूषण की समस्या कैसे कम हो? दुख इस बात का नहीं है कि दिवाली के दिन धूम-धड़ाके से पटाखे फोड़े गए, गम तो इस बात का है कि प्रदूषण की बीमारी का जितना इलाज कर रहे हैं, उससे दोगुना उस बीमारी को हम अपनी गैर जिम्मेदाराना कार्य से बढ़ा रहे हैं। फिर दुखी भी हम होते हैं, बीमार भी हम होते हैं, रोना भी हम रोते हैं। ऐसे में बीमारी का इलाज कैसे होगा? अभी दिवाली के अवसर पर समाचार पत्रों में छपा था कि इस बार रिकॉर्ड तोड़ दो पहिया व चार पहिया वाहनों की बिक्री हुई। अब ये वहान कोई घर में सजा कर रखने के तो है नहीं, सड़कों पर दौड़ेंगे, प्रदूषण बढ़ाएंगे। फिर पराली का रोना धोना शुरु कर देंगे, जो पराली निर्धारित समय पर केवल महीने 15 दिन अपना धुआं फैलाती है। ये वाहन तो रोज ही अपना धुआं उगल का प्रदूषण करेगे। आखिर हम समस्या का इलाज तो करते हैं, लेकिन दूसरी तरफ हमारी इस प्रकार की यह गैर जिम्मेदारी से समस्या ज्यों की त्यों ही बनी रहती है, तो फिर प्रदूषण पर रोना ही क्यों?

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन, मप्र

### अर्नव की रिहाई

**सुप्रीम** कोर्ट ने अर्नव गोस्वामी को अभिव्यक्ति की आजादी, व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार का हवाला देते हुए जमानत दी। इसके बाद बवाल मचना स्वाभाविक है, क्योंकि उत्तर से लेकर दक्षिण, पूरब से लेकर पश्चिम तक देश के चारों कोनों की जेलों में ऐसे कई पत्रकार, लेखक कवि, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य लोग जेलों में बंद हैं जो जमानत की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें जमानत नहीं मिल रही है। इनमें से तो कई गंभीर रूप से बीमारियों से पीड़ित भी हैं। बस ! इनका दोष इतना है कि वे सभी अर्नव गोस्वामी की तरह भाग्यशाली नहीं हैं, क्योंकि अरनव पर न केवल सरकार का हाथ है, बल्कि वह रसूखदार हैं। जिनके पक्ष में हरीश साल्वे जैसे रसूखदार जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में खड़े हैं, जिसके कारण उन्हें जमानत मिल गई। जब अरनव गोस्वामी पर व्यक्तिगत आजादी के तहत जमानत मिल जाती है, तो यूपी, गुजरात या अन्य राज्यों की जेल में बंद कई पत्रकार जिन्होंने सच की आवाज के तहत सरकार को आईना दिखाने का काम किया उन्हें जमानत क्यों नहीं दी जा रही है?

– **विषधर खरा**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**प्राचीन** शिक्षा प्रणाली ने हमें प्रकृति से साथ सामंजस्य बनाकर रहने व सभी जीव निर्जीव चीजों का सम्मान करने की शिक्षा दी है। हमारी शिक्षा जीवन की पूरक है।

– **वेंकैया नायडू**
उपराष्ट्रपति



**मैंने** गोवा के ऊर्जा मंत्री की सूचित किया है कि मैं उनके साथ केजरीवाल बिजली मॉडल बनाम गोवा बिजली मॉडल पर बहस करने जा रहा हूं।

– **राघव चड्ढा**
आम आदमी पार्टी विधायक



**मुझे** उन लोगों से बहस करने में कोई गुरेज नहीं है जो गोवा और दिल्ली की बिजली समस्याओं को समझते हैं।

– **नीलेश कबराल**
गोवा के ऊर्जा मंत्री

# बबूल के पेड़ से टकराकर कार में लगी आग, ठेकेदार समेत तीन जिंदा जले



- औद्योगिक क्षेत्र के महुआरी गांव के रहने वाले थे पति-पत्नी समेत सभी
- शादी के कार्यक्रम में मंगलवार को गए थे कोरांव लौटते समय हुआ हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**संगम नगरी** प्रयागराज में बुधवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। विवाह समारोह से कार चालक और उसकी पत्नी के साथ लौट रहे ठेकेदार की वैगनआर कार यमुनापार के कोरांव थाना अंतर्गत जेवनियां नहर के समीप बबूल के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में आग लग गई। आग से तीनों लोग जलकर खाक हो गए। पता चलने पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी हुई कार के अंदर तीन लोग सवार थे। जो कार में ही जिंदा जल गए। कार के चेचिस नंबर के जरिए पुलिस ने गाड़ी मालिक और उसके ड्राइवर और ड्राइवर की पत्नी के रूप में शिनाख्त कराई गई। चालक पूर्व प्रधान का बेटा बताया जा रहा है।

प्रयागराज के यमुनापार अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के महुआरी गांव निवासी अनिल सिंह 32 पुत्र स्वर्गीय अमृतलाल सिंह ठेकेदारी करता था। करीब चार साल पहले उसने मिर्जापुर के जिगना निवासी नन्हे सिंह की बेटी सुमन सिंह से प्रेम विवाह किया था। अनिल और सुमन के दो बच्चे हैं। सुमन सिंह के पिता नन्हे सिंह पुलिस विभाग में दीवान के पद से रिटायर्ड हैं। पूरा परिवार लखनऊ में रहता है। घरवालों के मुताबिक अनिल का एक्सीडेंट हो गया था। जिससे उसका एक हाथ फैक्चर हो गया था। प्लास्टर चढ़ा हुआ था। मंगलवार को कोरांव इलाके में उसके रिश्तेदार के यहां शादी थी। इसलिए वह गांव के ही पिंटू भारतीया 25 को बतौर कार चालक के तौर पर लेकर गया था। पिंटू के साथ उसकी पत्नी स्वाति भारतीया 24 भी थी। तीनो मंगलवार शाम को प्रीतिभोज के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले थे। भोर में लौटते समय कोरांव थाना क्षेत्र के जेवनिया नहर के समीप मंगलवार को भोर में वैगनआर कार सड़क के किनारे बबूल के पेड़ से टकरा गई। जिसके बाद कार में आग लग गई। जब तक ग्रामीणों को पता चला तब तक का कार पूरी तरह से जल चुकी थी। इंस्पेक्टर कोरांव चंद्रभान सिंह पहुंचे और सुलग रही कार पर पानी डालकर आग बुझाई। जानकारी हुई कि कार में तीन लोग ही सवार थे। गाड़ी की नंबर प्लेट और पहचान भी जल गई थी। बड़ी मुश्किल से चेचिस और इंजन नंबर के जरिए गाड़ी के मालिक अनिल सिंह का पता लगाया गया तो जानकारी हुई कि कार में अनिल सिंह कार चालक पिंटू भारतीय और स्वाती सवार थे। मौके पर एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्रा भी पहुंच गए। परिजनों के आने के बाद तीनों शवों के बचे हुए हिस्से को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बक्शी बांध पर किया उपरिगामी सेतु का शिलान्यास

- 5292.36 लाख रुपये की लागत से बनेगा रेल उपरिगामी सेतु

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को प्रयाग रेलवे स्टेशन के निकट बक्शी बांध पर 5292.36 लाख लगभग 53 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले दो लेन के रेल उपरिगामी सेतु का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। रेल उपरिगामी सेतु की लम्बाई 803.420 मीटर निर्धारित है। रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निर्माण निगम द्वारा किया जायेगा। कार्य को पूरा करने का समय एक वर्ष निर्धारित किया गया है। भूमिपूजन करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण से बघाड़ा दारागंज से आने जाने वाले लोगों को रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम से निजात मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा माघमेला और कुम्भ मेला में आने वाले स्नानार्थियों के लिए भी यह उपरिगामी सेतु उपयोगी साबित होगा। उपरिगामी सेतु प्रयागराज के विकास में एक और कड़ी के रूप में शामिल हो गया है। उन्होंने सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य प्रत्येक दशा में एक वर्ष के अन्दर पूरा कर लिया जाये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गांव गरीब किसान व्यापारी सहित सभी के विकास के लिए निरंतर तेजी से कार्य कर रही है। शीघ्र ही प्रयागराज में सलोरी में आरओबी का निर्माण कार्य भी कराया जायेगा। रिंग रोड के निर्माण कार्य की कार्यवाही चल रही है। गंगा नदी पर फाफामऊ के पास मलाक हरहर से बनने वाले 6 लेन पुल का निर्माण कार्य भी शीघ्र ही शुरू हो जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज के साथ साथ प्रदेश के सभी जनपदों में सड़कों का जाल बिछाया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। कहा कि रामवनगमन मार्ग के निर्माण कार्य के पूर्ण हो जाने पर चित्रकूट से अयोध्या तक के आवागमन का मार्ग सुगम हो जायेगा और बहुत ही कम समय में लोग यात्रा पूरी कर लेंगे। जिससे समय की भी बचत होगी। कार्यक्रम का संचालन रंजना त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी फाफामऊ विधायक विक्रमाजीत मौर्य विधायक गुरु प्रसाद मौर्या पूर्व विधायक दीपक पटेल अश्वनी दुबे शशि वार्ष्णेय कुंज बिहारी मिश्रा वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी उपस्थित रहे।




## सपा सरकार में सैफई तक सीमित था विकासः केशव

**प्रयागराज।** बक्शी बांध पर रेल उपरिगामी सेतु का भूमि पूजन करते हुए प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में विकास सिर्फसैफई तक ही सीमित रह गया था लेकिन आज भाजपा सरकार में पूरे उत्तर प्रदेश के जिलों में विकास की धारा बह रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में बैठे लोग नगर के अंदर रामबाग के पुल के लिए दर्जनों बार शिलान्यास किया लेकिन उस पर कोई कार्य नहीं किया लेकिन जब उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार योगी के नेतृत्व में बनती है तो रामबाग का पुल ही नहीं उसके साथ हाईकोर्ट ब्रिज का भी निर्माण किया गया। आज उत्तर प्रदेश में 257 कुल ऐसे सेतु हैं। जिसमें नदी सेतु आरओबी और छोटी नदियों के सेतु जो कि 10 हजार करोड़ की लागत से सेतु निगम के द्वारा तैयार कराया जा रहा है। जिनमें से एक यह बक्शी बांध का आरओबी 63 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। जो कि एक वर्ष के अंतराल में बनकर तैयार होगा। कहा कि कुंभ के दौरान जिस प्रकार से प्रयागराज में आरओबी फ्लाई ओवर ब्रिज एयरपोर्ट एवं सड़कों का चौड़ीकरण करते हुए जो विकास की धारा बहाई गई जो कि आजादी के बाद उत्तर प्रदेश की सरकार के द्वारा नहीं किए गए। 2017 से लेकर 2020 के अंतर्गत योगी सरकार ने करके दिखाया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी और संयोजक कुंज बिहारी मिश्रा ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के प्रति आभार प्रकट किया।

# तुलसीघाट की ऐतिहासिक नाग-नथैया हुई सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**तुलसीघाट** पर बुधवार की शाम ऐतिहासिकश्नाग नथैया लीला फिर जीवंत हो उठी। काशी पुराधिपति की नगरी में यमुना बनी गंगा में कालिया नाग का मान मर्दन कर नटवर नागर उसके फन पर बंशी बजाते नृत्य करते प्रकट हुए । घाट पर मौजूद हजारों श्रद्धालु यह नयनाभिराम झांकी देख आह्लादित हो गये। डमरू के नाद एघंट.घड़ियाल की गूंज के बीच श्वृंदावन बिहारी लाल की जयश् एश्हर.हर महादेवश् के गगनभेदी उद्घोष से पूरा गंगा तट गुंजायमान हो उठा। अवसर रहा विख्यात तुलसीघाट की नागनथैया लीला का। अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदास के नेतृत्व में आयोजित लीला देखने दोपहर से लोग पहुंचने लगे। जैसे कृजैसे लीला का समय नजदीक आता गया गंगा घाट की सीढ़ियांए आसपास के मकानों के छतएबारजे लोगों से भर गये। गंगा में भी नौकाओं पर सवार लोगों की भीड़ जमी रही। अपरान्ह तीन बजे श्री संकटमोचन मंदिर के महन्त प्रो0 विश्वम्भर नाथ मिश्र की देखरेख में लीला शुरू हुई। नटखट कान्हा अपने बाल सखाओं के साथ गंगा नदी प्रतीक रूप से यमुना के किनारे कंदुक (गेंद) खेलने लगे। कान्हा का नटखट रूप देख मौजूद लोग निहाल हो गये। खेलते.खेलते गेंद अचानक यमुना नदी में समा गई। यह देख बाल सखा नटखट कान्हा से गेंद नदी से वापस लाने की जिद करने लगे। बाल सखाओं के दबाब पर कान्हा शाम 4.40 बजे कदम्ब की डाल के उपर चढ़कर यमुना में कूद गये। काफी देर तक जब कान्हा नदी से बाहर नहीं निकलते तो बाल सखा व्याकुल होने लगे। उनका धैर्य जबाब देने लगा। कुछ समय बाद कान्हा विषधर कालियानाग का मान मर्दन कर उसके फन पर नृत्य मुद्रा में वेणुवादन कर प्रकट हुए। घाट पर मौजूद हजारों श्रद्धालु नटखट कान्हा की अद्भुत नयनाभिराम झांकी देख निहाल हो गये। घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं और देशी–विदेशी पर्यटकों ने नटवर नागर की जय जयकारए हर.हर महादेव के गगनभेदी उद्घोष से फिज़ाओं को गुंजायमान कर दिया। कान्हा ने कालिया नाग के फन पर ही सवार रह नदी की धारा का चक्कर लगाते हुए चारों दिशाओं में दर्शन दिया। इसके बाद बजड़े पर सवार अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदास के सदस्यों ने कान्हा की महाआरती की। इस दौरान स्टीमर पर काशी राज परिवार के उत्तराधिकारी कुंवर विभूति नारायण सिंह अपने पुत्रों के साथ मौजूद रहे। महाराज कुंवर कान्हा की झांकी को अपलक निहारते रहे।

# सूर्य उपासना का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ हुआ शुभारंभ

- गंगा-स्नान कर व्रतियों ने गंगा घाटों-वरूणा तट पर बनायीं वेदियां
- छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान में पूरा परिवार लगा रहता है

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**लोक आस्था** के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान बुधवार को नहाय–खाय के साथ आरंभ हो गया। इस व्रत में स्त्री–पुरूष दोनों व्रत रहते हैं। व्रती महिलाएं व पुरूष दातून से दांत की सफाई और गंगा स्नान के बाद भात–लौकी का प्रसाद बनाकर ग्रहण किए, साथ इस प्रसाद को पूरा परिवार ग्रहण करता है। डाला छठ के इस महापर्व में नमक का प्रयोग पूरी तरह वर्जित है। प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती परिवार के लोगों ने गंगा तथा वरूणा के तट पर वेदी बनाकर सजाएं। इसके लिए बुधवार को स्थान छेंकने के साथ ही उसे आरक्षित दिखाने के लिए अपने नाम भी लिख दिए।

शास्त्रों के अनुसार सूर्य षष्ठी व्रत वस्तुत: अत्यंत कठिन व तपस्यापरक है। इस व्रत को करने से स्त्रियां–पति, पुत्र–पुत्री व धन ऐश्वर्य से सम्पन्न होती है। इस दिन गंगा स्नान व जप आदि का विशेष महत्व है। सूर्य पूजन व जल–स्रोत में स्नान इस व्रत की मुख्य प्रक्रिया है। संतान की प्राप्ति, दीर्घायु व आरोग्य प्राप्ति के लिए यह व्रत त्रेता व द्वापर से चलता आ रहा है। हमारे यहॉ सनातन धर्म में सूर्य षष्ठी पर्व मूलत: सूर्य आराधना का महापर्व है। इसमे पहले दिन अस्ताचलगामी एवं दूसरे दिन उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने की परम्परा के पीछे एक शास्त्रीय संदर्भ है। भगवान भाष्कर की शक्तियों का मुख्य स्रोत उनकी पत्नियां ऊषा व प्रत्यूषा हैं।छठ पर्व में सूर्य के साथ–साथ दोनों शक्तियों की आराधना होती है। वर्ष भर में सूर्य आराधना के कई पर्व हैं उन सब में डाला छठ ही एक ऐसा पर्व है जिसमें सूर्य की शक्तियों संग उनकी आराधना होती है। सूर्योपासना की उपासना धर्म में वैदिक काल से है। इसका वर्णन वेद–पुराणों में भी है। देखा जाए तो यह धार्मिक आस्था का पर्व ऋतु संविधान में आता है। चूंकि सूर्य ब्रह्मांड में ऊर्जा के सबसे बड़े केन्द्र हैं।इन्हीं से पूरा ब्रह्मांड प्रकाशित है। इनके बिना जीवन, पशु–पक्षी, जीव–जन्तु, पेड़–पौधों की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती है। इसलिए सनातन धर्म में प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष देव स्वरूप में इनका पूजन प्रारंभ हुआ। इसका शुभारंभ महाभारत काल द्वापर में सर्वप्रथम कुंती ने सूर्य की आराधना से किया था।



## गहरे पानी में बैरिकेटिंग एवं लाल निशान लगाया गया, तैयारियां पूरी

**वाराणसी।** छठ पूजा को लेकर नगर निगम ने तैयारियां गुरूवार को पूरी कर ली। गंगा-घाटों पर पूजा पाठ के लिए बेहतर इंतजाम किए गये हैं। गहरे पानी से बचने के लिए गंगा में बैरिकेटिंग की गई है। इसके अलावा लाल निशान लगाये गये हैं। इस बाबत अपर नगर आयुक्त देवीलाल वर्मा ने बुधवार को अहम बैठक भी की।अपर नगर आयुक्त श्री वर्मा ने बताया कि बैरिकेटिंग का काम गुरूवार को शाम पूरा हो गया है। राजघाट से लेकर अस्सी घाट तक बैरिकेटिंग का कार्य पूरा हो गया है। इसके अलावा चार प्रमुख घाटों पर अस्थायी चेंजिंग रूम सामनेघाट दो, दशाश्वमेध घाट दो, राजघाट दो व अस्सी घाट दो सहित कुल आठ अस्थायी चेंजिंग रूम बनाये गये हैं।

## दशाश्वमेध-विशेश्वरगंज में छठ पूजा के लिए दउरा-सूप की तेज हुई खरीददारी

लोक महापर्व छठ के लिए दउरा-सूप की खरीददारी तेज हो गई है। इससे बाजार गुलजार हो उठा है। महिलाओं ने दशाश्वमेध, विशेश्वरगंज क्षेत्र में दउरा-सूप की खरीददारी की। कार्तिक शुक्ल की षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले इस महापर्व में बांस से बने दउरा और सूप का विशेष महत्व है। इसके लिए ढरकार बिरादरी के लोग कई महीने से तैयारी में लगे रहते हैं।बदलते वक्त के साथ बनारस ने भी छठ को अपना लिया है। इससे दउरा और सूप की मांग में साल-दर साल इजाफा हो रहा है। पूजन सामग्री के दुकानदार इस महापर्व में प्रयोग होने वाले दउरा और सूप के लिए चार महीने पहले से आर्डर दे देते हैं।नई पीढ़ी के व्रतियों के लिए इस बाजार में खास तौर पर उपलब्ध हैं डिजाइन सूप। बिल्कुल अलग दिखने वाले इस सूप की विशेषता है इसमें अलग से की हुई कलाकारी। इसमें सूप में चारों ओर गोटें लगे हैं। इसके साथ ही उसमें लैस वाली झलरी भी लगी है जो सूप के रूपाकार को बेहद आकर्षक बना रहा है।

# दुर्गाकुंड में एक हास्टल के कर्मचारी को बदमाशों ने मारी गोली, ट्रामा सेंटर में भर्ती

- पुरानी रंजिश का मामला बताया जा रहा है
- मौके पर एसएसपी, सिटी एसपी सहित कई पुलिस अधिकारी पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भेलूपुर थाना** क्षेत्र के कैवल्यधाम कालोनी दुर्गाकुंड में बुधवार की दोपहर गोली मार दी गई। आनन फानन गोली लगने से घायल युवक को मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रामा सेंटर भेज दिया है। गोली लगने के बाद आसपास हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को ट्रामा सेंटर भेज दिया। जांच के दौरान पुलिस को मौके से तीन खोखे मिले हैं, हादसे में घायल विशाल एक हॉस्टल का मैनेजर है। पुलिस के अनुसार वारदात को अंजाम देने वालों के बारे में पड़ताल की जा रही है। वहीं वारदात के बाद मौके पर एसएसपी अमित पाठक भी पहुंचे और लोगों से बातचीत कर वारदात के बारे में पड़ताल करने के साथ ही पुलिस को आरोपितों को जल्द हिरासत में लेने की बात कही। केवल्यधाम कालोनी में एक हास्टल में गोली चलने की घटना की खबर सुनते ही एसएसपी अमित पाठक, एसपी सिटी विकास चन्द्र त्रिपाठी, सीओ भेलूपुर चक्रपाणि त्रिपाठी सहित कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुॅचे। एसएसपी श्री पाठक ने बताया कि रामनगर का रहने वाला विशाल कुमार पुत्र मनोहर लाल कैवल्यधाम दुर्गाकुंड में एक हास्टल में कार्य करता है, पुरानी रंजिश के चलते बदमाश उसी के लिए आये थे और वहॉ के कर्मचारी से पूछने के बाद विशाल नामक युवक को पेट में गोली मारकर मौके से भाग निकले। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों को पकड़ने में पुलिस टीम लगायी गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार बदमाशों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बदमाश विशाल को मारने आये थे। गोली लगने से घायल विशाल युवक की ट्रामा सेंटर में आपरेशन चल रहा है।

एसपी सिटी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि गोली की घटना की जॉच चल रही है और हास्टल के मैनेजर को गोली मारने वाले बदमाशों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। गोली लगने से घायल विशाल की बीएचयू के ट्रामा सेंटर में आपरेशन चल रहा है। गाली मारने वाले बदमाशों की फुटेज के आधार पर पुलिस खोजने में जुटी है।

# आरपीएफ की टीम ने रेलवे के टिकट के साथ दो दलालों को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**सारनाथ क्षेत्र** स्थित एक ट्रेवल्स में छापा मारकर आरपीएफकी टीम ने तत्काल रेलवे टिकट के साथ दो एजेंट को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान मौके से पर्सनल आइडी से बने आठ टिकट भी बरामद हुए हैं। रेलवे एक्ट की धाराओं में चालान कर दोनों को बुधवार को जेल भेज दिया गया। अनाधिकृत लोगों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत पूर्वोत्तर रेलवे अपराध आसूचना इकाई ने सारनाथ स्थित एसके ट्रेवल्स एंड टूर नामक दुकान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान मौके से रेलवे नियम के विरुद्ध पर्सनल आईडी पर बने मुंबईए रायपुर और दिल्ली के आठ रिजर्वेशन टिकट मिले। इनमें चार तत्काल टिकट भी शामिल हैं। संचालक सत्यम कुमार द्विवेदी और राजीव सिंह से पूछताछ के बाद आरपीएफ ने उन्हें हिरासत में ले लिया। सीआइबी इंस्पेक्टर अभय कुमार राय के अनुसार मौके से टिकट बनाने में प्रयुक्त मॉनिटरए प्रिंटरए माउसए सीपीयूए चार मोबाइल फोन और नगदी भी बरामद हुआ है। कार्रवाई करने वाली टीम में उप निरीक्षक अरविंद कुमार, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, कॉन्स्टेबल श्रीराम मिश्रा, सुमित कुमार खरवार, मनीष कुमार उपाध्याय, नरेंद्र देव सिंह व सिटी स्टेशन के उप निरीक्षक सुधीर कुमार राय भी शामिल थे।

# बीएचयू में एनएसएस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन की 24वीं कड़ी का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**काशी हिंदू** विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'आत्मनिर्भर भारत, जागे युवा .जागे भारत' कार्यक्रम श्रृंखला में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत 24 वाँ ऑनलाइन राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन में युवा कलाकारों ने प्रस्तुत किए एक भारत श्रेष्ठ भारत के उदाहरण। राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में अरुणोदय विश्वविद्यालय अरुणाचल प्रदेश के कुलपति प्रो. बी एन शर्मा ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का मूल उद्देश्य युवाओं में सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास करना है निश्चित रूप से ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से भारत को हम सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधने में सफल हो सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि के के रूप में चेन्नई विश्वविद्यालय में भारतीय संगीत विभाग की अध्यक्षता प्रोफेसर राजेश्री रामकृष्णन ने कहा कि आज हम जिस दौर से गुजर रहे हैं उसमें सबसे अधिक जरूरी है मानसिक शांति और आध्यात्मिक चेतना के विकास की जिसके लिए संगीत का स्थान प्रमुख है । राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन की अध्यक्षता आगरा विश्वविद्यालय के बैकुंठी देवी महिला पीजी महाविद्यालय में संगीत विभाग की अध्यक्षा प्रोफ़ेसर अमिता शर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विविधता हमें विरासत में मिली है जिसे हमें अपने आने वाली पीढ़ी को देना है जिसके लिए हमें सतत प्रयास करना चाहिए यदि हम आने वाली पीढ़ी तक भारतीय संगीत की परंपरा को समृद्ध रूप से पहुंचा पाते हैं तो निश्चित रूप से भारत का भविष्य गौरवशाली होगा। आत्मनिर्भर भारत जागे युवा जागे देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के आयोजन के विविध पक्षों पर भारत सरकार राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ अशोक श्रोति ने प्रकाश डाला। राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन का शुभारंभ चेन्नई की युवा कलाकार शालिनी मुथुकुमार के शास्त्रीय गायन से हुआ। उन्होंने कार्यक्रम का समापन प्रभु श्री राम को समर्पित भजन से किया।

## छात्र सभा के पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष ने सौंपा मनोनयन पत्र



**उन्नाव।** पूर्व राज्यमंत्री सुधीर रावत की उपस्थित में छात्र सभा के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र कुशवाहा ने समाजवादी छात्रसभा की नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा। इस अवसर पर अध्यक्ष ने सभी को माला पहना कर पार्टी की नीतियो को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। छात्र सभा की जिला कार्यकारिणी का गठन होने के बाद आज एक कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री सुधीर रावत व छात्र सभा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा ने सभी पदाधिकारियों को माला पहना कर उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। जिन्हें मनोनयन पत्र दिया गया उनमें बालेन्द्र सिंह भदौरिया को जिला महासचिव, विकास सोनकर, अखिलेश कुशवाहा व मनोज निषाद को जिला उपाध्यक्ष, सौम्य यादव, विनोद वर्मा, मोहसिन खान, जावेद अख्तर, अखिलेश लोधी, कुलदीप यादव, अभिषेक रावत को जिला सचिव के पद पर मनोनयन पत्र सौंपा गया। इस मौके पर सफीपुर विधानसभा उपाध्यक्ष अभिषेक कुशवाहा, राजेश यादव, साधू आदि लोग मौजूद रहे।

## संपादकाचार्य की जयंती पर संगोष्ठी कल

**वाराणसी।** पराड़कर स्मृति भवन के गर्दे सभागार में 20 नवंबर 2020 को अपराह्न 2बजे आधुनिक हिन्दी पत्रकारिता के जनक बाबूराव विष्णु पराड़कर जी की जयंती पर 'आज की पत्रकारिता' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि जय प्रकाश नारायण विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो0 हरिकेश सिंह होंगें। संगोष्ठी की अध्यक्षता बीएचयू पत्रकारिता एवं जनसंप्रेषण के विभागाध्यक्ष प्रो0 अनुराग दवे करेगें।

# शासनादेश के विरूद्ध बीआरसी पर चल रही मनमानी पर मुखर हुआ जूनियर शिक्षक संघ

- संघ ने बीएसए को पत्र लिखकर मनमानी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की

**उन्नाव।** शासनादेश और विभागीय आदेश चाहे जो कहते हों लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी हैं कि नियमों के विरूद्ध मनमानी करने पर उतरें हैं। बीआरसी में चल रहे इस तरह के खेल पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर बीआरसी पर चलने वाले खेल का खुलासा करते हुए शासन की मंशा के विपरीत कार्य करने वाले अधिकारियों पर प्रभावी कार्यवाही की मांग की है।

संगठन के जिलाध्यक्ष द्वारा बीएसए को प्रेसित पत्र में कहा गया है कि हिलौली ब्लाक की बीआरसी में समस्त शासकीय कार्य विकास सिंह व मनीष कुमार कम्पोजिट विद्यालय मिर्जापुर से लिए जा रहे हैं। बीआरसी में यह शिक्षक अपनी कुर्सी मेज लगाकर लिपिकों की तरह काम करते हैं। जबकि किसी भी तरह के अटैचमेंट पर रोंक है। बीआरसी सिकन्दरपुर कर्ण में एक कक्ष जिससे सीसीटीवी कैमरे हटवा दिये गये हैं। कारण उस कक्ष में उप्रा वि सैदपुर कम्पोजिट के सहायक शिक्षक सहित कई अन्य शिक्षक और शिक्षामित्रों से शासकीय कार्य लिया जाता है। यह कक्ष वसूली के लिए भी चर्चित है। बीआरसी गंज मुरादाबाद में भी करीब आधा दर्जन शिक्षक अटैच रहकर शासकीय कार्य कर रहे हैं।

बीआरसी मियागंज में सकुल प्रभारियों की तैनाती बाकायदा कर रखी गयी है। जबकि संकुल प्रभारी के पद शासन से समाप्त किये जा चुके हैं। बीआरसी सफीपुर में नरेन्द्र कुशवाहा प्रधान शिक्षक उच्च प्राथमिक विद्यालय के द्वारा आपके आदेश के बाद भी देतन बिलोए एरियरोंए बिलों के निर्माण का कार्य आज तक किया जा रहा है। यह आये दिन बीएसए कार्यालय में अभिलेख लेकर आते भी हैं। सरोसी ब्लाक में महेन्द्र कुमार प्रा. वि. ऐरा भदियार के द्वारा वेतन दिल एरियर बिलों का कार्य किया जा रहा है। बीआरसी हसनगंज में सम्बद्ध शिक्षक आपके आदेश के बावजूद कार्य कर रहे हैं।

जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कि इन सभी शिक्षकों को खण्ड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा अवैध धन बसूली के लिए लगाया गया है। जो शासन के आदेशों का उल्लघन है। अधिकारियों की इस मनमानी पर अंकुश लगानेके साथ ही प्रभावी कार्यवाही की मांग की गयी है।

# छठ पर्व के दृष्टिगत आनन्द घाट का डीएम ने किया निरीक्षण



**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने छठ पर्व के दृष्टिगत आनन्द घाट का निरीक्षण कर व्यवस्था को चुस्त.दुरस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि छठ पर्व लोक आस्था के साथ हीए प्रकृति के प्रति हमारी भावनाओं को उजागर करता है। उन्होंने घाट की साफसफाई, ब्लीचिंग, चूना आदि का छिडकाव करने के निद्रेश दिये। साथ ही कहा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाय।

जिलाधिकारी ने गंगा घाट पर धार्मिक गुरूओंए सन्तों के साथ छठ पर्व के आयोजन के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और मौके पर सभी धर्म गुरूओं से वार्ता कर उनके भी सुझाव लिये। साथ ही घाट पर सुरक्षा की दृष्टि से मजिस्ट्रेट व भारी मात्रा में पुलिस बल तैनाती के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिये गंगाघाट पर कपडे बदलने की व्यवस्था की जाये। विद्युत हेतु उचित व्यवस्था और घाट पर कन्ट्रोलरूम की व्यवस्था की जाये। उन्होंने ईओ को निर्देश दिये कि नगर में जहां जहां लोग छट पूजा घरों में कर रहें है वहां की भी साफसफाई की व्यवस्था की जायें। उन्होंने ईओ को निर्देशित करते हुये कहा कि घाट पर सफाई कर्मी की ड्यूटी पर्याप्त होनी चाहियें। साथ ही कोविड–19 प्रोटोकाल का पालन पूरी तरह से करने के निद्रेश भी दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आनन्द कुलकर्णी, नगर मजिस्ट्रेट चंदन पटेल, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका शुक्लागंज, क्षेत्राधिकारी, भारी पुलिस बलए धार्मिक गुरूध्सन्त आदि उपस्थित थें।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा जमीनी स्तर पर काम कर रही है: दिलीप घोष

## विधानसभा चुनाव समाप्त होने तक शाह और नड्डा हर महीने बंगाल का दौरा करेंगे: प्रदेश भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली



**पश्चिम** बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष ने बुधवार को कहा कि पार्टी ने राज्य के 83 प्रतिशत मतदान केंद्रों तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है और अगले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार काम रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के लगातार राज्य के दौरे से जहां कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ेगा वहीं इससे पार्टी के पक्ष में माहौल भी बनेगा। बिहार विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित भाजपा ने अगले साल होने वाले बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी है। पार्टी ने इस बार चुनाव में एई बार बांग्ला, पारले सामला (अब बंगाल की बारी है, रोक सको तो रोक लो) का नारा दिया है।

घोष ने एक विशेष बातचीत में कहा कि कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों का दमखम समाप्त हो चुका है वहां इस बार के चुनाव में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस की सीधी टक्कर है। उन्होंने संकेत दिया कि चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी के कई नेता वहां घुटन महसूस कर रहे हैं और स्वतंत्रता के लिए ऑक्सीजन की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है जिसके पास कई सारे ऑक्सीजन सिलिंडर हैं। घोष ने बताया कि चुनाव अभियान के प्रभावी प्रबंधन के लिए भाजपा ने स्थानीय मुद्दों और उनकी विशेषताओं के अनुरूप राज्य को पांच क्षेत्रों में बांटा है। इनमें मेदिनीपुर, उत्तर बंगाल, कोलकाता, नबद्वीप और रढ़ बंगा(दक्षिण पश्चिम जिलों) शामिल है।

उन्होंने बताया कि भाजपा ने राज्य में अपने दायरे का विस्तार करते हुए कुल 78,000 में से 65,000 मतदान केंद्रों तक अपनी पहुंच बना ली है। उन्होंने कहा कि शाह और नड्डा सहित अन्य केंद्रीय नेता हर महीने राज्य का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा, अमित शाह जी के हर महीने दौरा करने की संभावना है और उनकी उपस्थिति से कार्याकर्ताओं का उत्साहवर्धन होगा। भले ही राज्य विधानसभा में भाजपा की मौजूदगी बेहद कम है लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और वामपंथी दलों को पीछे छोड़ते हुए भाजपा बंगाल में एक प्रमुख ताकत के रूप में उभरी। उसने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में 18 पर जीत दर्ज की थी। तृणमूल कांग्रेस को 22 सीटें मिली थी।

# मप्र में गोधन संवर्धन के लिए गौ कैबिनेट के गठन की घोषणा

**भाषा।** भोपाल

**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को राज्य में गोधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए गौ कैबिनेट गठित करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि गौ कैबिनेट की पहली बैठक 22 नवंबर को आगर-मालवा जिले में स्थित गो अभयारण्य में होगी। चौहान ने बुधवार सुबह एक ट्वीट में कहा, प्रदेश में गोधन संरक्षण व संवर्धन के लिए गौ कैबिनेट गठित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन, वन, पंचायत व ग्रामीण विकास, राजस्व, गृह और किसान कल्याण विभाग गौ कैबिनेट में शामिल होंगे। इसकी पहली बैठक 22 नवंबर को गोपाष्टमी पर दोपहर 12 बजे आगर मालवा में स्थित गौ अभयारण में आयोजित की जाएगी।



पटना में छठ पर्व के अवसर पर पूजा करने के बाद गंगा नदी से पानी लाती हुई महिलाएं

# पश्चिम बंगाल में झड़प में भाजपा के स्थानीय नेता की पीट-पीट कर हत्या

**भाषा।** कूचबिहार (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम** बंगाल के कूचबिहार जिले में बुधवार को दो सामुदायिक क्लबों के सदस्यों के बीच झड़प में भाजपा के एक स्थानीय नेता की कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या का दी गई। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। नेता के परिजन ने बताया कि यह घटना तूफानगंज क्षेत्र में मां काली की प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान हुई।

हालांकि, भाजपा ने आरोप लगाया कि घटना के पीछे तृणमूल कांग्रेस का हाथ है, वहीं सत्तारूढ़ पार्टी ने इन आरोपों से इनकार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाजपा के बूथ सचिव कलाचंद कर्माकर (55) ने झगड़ा कर रहे दो क्लब के सदस्यों को शांत कराने का प्रयास किया तो लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। अधिकारी ने बताया कि इससे कर्माकर अचेत हो कर जमीन पर गिर पड़े। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। कर्माकर की पत्नी आरोप है कि उन्हें डंडे से मारा गया था। वहीं भाजपा की जिला इकाई ने घटना के लिए तृणमूल कांग्रेस पर दोष मढ़ा है। भाजपा के स्थानीय नेता सौरभ दास ने कहा, तृणमूल कांग्रेस ने कूचबिहार जिले में अपना आधार खो दिया है।

# मंत्रिमंडल में बदलाव को लेकर केंद्रीय नेतृत्व से दिल्ली में चर्चा करेंगे एदियुरप्पा

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने बुधवार को कहा कि वह भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल या विस्तार के बारे में चर्चा करने के लिए नई दिल्ली जा रहे हैं। एदियुरप्पा ने राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना होने से पहले यहां संवाददाताओं से कहा, मैं आज दिल्ली जा रहा हूं। मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में चर्चा करूंगा और वापस आऊंगा। मंत्रिमंडल के विस्तार या फेरबदल के सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा, मैं दिल्ली जाऊंगा तो यह पता चल जाएगा।

# महाराष्ट्र सरकार वरवर राव को नानावती अस्पताल ले जाने पर हुई राजी

**मुम्बई।** महाराष्ट्र सरकार एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में आरोपी कवि-सामाजिक कार्यकर्ता वरवर राव को उपचार के लिए जेल से 15 दिनों के लिए मुम्बई के नानावती अस्पताल ले जाने पर बुधवार को राजी हो गई। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और न्यायमूर्ति माधव जामदार की पीठ के हस्तक्षेप के बाद राज्य ने कहा कि वह विशेष मामले के तौर पर विचाराधीन कैदी राव (81) को नवी मुम्बई की तलोजा जेल से ले जाएगा।

राज्य के वकील दीपक ठाकरे ने अदालत से कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख से निर्देश प्राप्त कर लिए हैं। राज्य को राव को निजी नानावती अस्पताल ले जाने में कोई ऐतराज नहीं है। राव के उपचार का खर्च राज्य उठाएगा तथा न्यायालय को सूचित करने के बाद ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी। पीठ का यह भी निर्देश था कि राव की सारी मेडिकल रिपोर्ट अदालत में जमा की जाएं तथा उनके परिवार के सदस्यों को अस्पताल में उनसे मिलने दिया जाए।

कोर्ट ने राव की पत्नी हेमलता की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए ए आदेश जारी किए। हेमलता ने यह कहते हुए राव को तलोजा जेल अस्पताल से तत्काल नानावती अस्पताल स्थानांतरित करने का अनुरोध किया कि निरंतर हिरासत में रखना उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। अदालत मेडिकल आधार पर दायर की गई राव की जमानत अर्जी पर भी सुनवाई कर रही है। राव की वकील इंदिरा जयसिंह ने बुधवार को जमानत के लिए दबाव नहीं बनाया क्योंकि उच्च न्यायालय ने सुझाव दिया कि वह दलीलें राव को नानावती अस्पताल स्थानांतरित करने की अंतरिम राहत पर ही केंद्रित रखें।

जयसिंह ने कहा कि राव डिमेंशिया (मानसिक विकार) से ग्रस्त हो गए हैं, जेल में उनकी मूत्र नली में संक्रमण हो गया और उनकी मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। उनका कहना था कि यह तार्किक आशंका है कि राव की जेल में मृत्यु हो सकती है। राज्य राव की तबीयत की देखभाल के प्रति लापरवाह रहा है। जयसिंह ने कहा कि राव के लिए तत्काल विशेषज्ञों के हस्तक्षेप की जरूरत है और यह कि उनका तलोजा जेल में उपचार नहीं हो सकता।

पीठ ने राज्य एवं राष्ट्रीय जांच एजेंसी से पूछा कि क्यों राव को नानावती अस्पताल स्थानांतरित नहीं किया जा सकता। यह व्यक्ति एक तरह से मृत्युशय्या पर है। उसे कुछ उपचार की जरूरत है। क्या राज्य कह सकता है कि नहीं, हम तलोजा में उसका उपचार करेंगे। न्यायाधीशों ने कहा, हम उसे बस दो सप्ताह के लिए नानावती अस्पताल ले जाने के लिए कह रहे हैं। दो सप्ताह के बाद हम देखेंगे। प्रारंभ में एनआईए और राज्य ने राव को नानावती अस्पताल स्थानांतरित करने से इनकार कर दिया था।

## क्विक न्यूज

### सैफुद्दीन सोज ने गुपकर गैंग टिप्पणी को लेकर अमित शाह पर हमला बोला

**श्रीनगर।** कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के गठबंधन को गैंग करार देकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत और इसके लोकतंत्र की खराब छवि पेश की है। शाह ने मंगलवार को एक ट्वीट में कहा था कि जम्मू कश्मीर हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और रहेगा। उन्होंने केंद्रशासित प्रदेश के राजनीतिक दलों के गठबंधन को गुपकर गैंग करार देते हुए कहा था कि यह देश के हितों के खिलाफ अपवित्र वैश्विक गठबंधन है। शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछा था कि क्या वे गुपकर घोषणापत्र गठबंधन का समर्थन करते हैं जिसका गठन अनुच्छेद 370 की बहाली की मांग करने के लिए किया गया है। सोज ने एक बयान में कहा कि यह सच में दुर्भाग्यपूर्ण है कि गृह मंत्री अमित शाह ने इस तरह का बयान दिया और कश्मीर की मुख्यधारा को गैंग करार दिया। उन्होंने कहा कि शाह ने भारत और इसके लोकतंत्र की खराब छवि पेश की है। सोज ने कहा कि वर्तमान सत्तारूढ़ वर्ग और केंद्र पहले ही यह कल्पना कर भारत में शासन प्रणाली को काफी नुकसान पहुंचा चुके हैं कि देश की लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए भाजपा ही एकमात्र रक्षक है। उन्होंने कहा, जबकि सच्चाई इसके बिलकुल विपरीत है। तथ्य यह है कि केंद्र में बैठी आज की सरकार ने भारत और इसके लोकतंत्र की गलत छवि पेश की है और अब यह समूची प्रणाली के लिए एक बड़ा झटका है कि कश्मीर की मुख्यधारा की एकजुटता को भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए खतरे के रूप में देखा जाता है। शाह ने कहा था कि कांग्रेस और गुपकर गिरोह जम्मू कश्मीर को आतंक और उत्पात के युग में वापस ले जाना चाहते हैं।

### नाइजीरियाई उच्चायोग ने मेघालय की जेलों में बंद अपने 12 नागरिकों को रिहा करने की मांग की

**शिलांग।** नाइजीरियाई उच्चायोग के एक प्रतिनिधि ने मेघालय के कारागार मंत्री ए एल हेक से मुलाकात करके बांग्लादेश से अवैध तरीके से भारत में घुसने के आरोप में गिरफ्तार अपने 12 नागरिकों की रिहाई के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि बेट्रांड तोचुकवू इक्कूका ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए नाइजीरियाई छह माह की जेल अवधि पूरी करने के बाद भी मेघालय की जेलों में बंद हैं। उन्होंने बताया कि छह-छह नाइजीरियाई नागरिक शिलांग और जोवई जिला कारागार में बंद हैं। उन्होंने बातचीत में कहा, मार्च से अब तक आठ माह बीत चुके हैं और हमारे मित्र अब भी यहां जेलों में बंद हैं। हम मेघालय सरकार के अथवा विदेश मंत्रालय के आदेशों का इंतजार कर रहे हैं। बेंगलुरू में रह रहे छात्र नेता इक्कुका ने यहां कहा कि ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट ने 13 फरवरी के अपने आदेश में कहा था कि नाइजीरियाई नागरिकों को उनके देश वापस भेजा जाए। आदेश की प्रति मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को भेजी गई थी। उन्होंने राज्य सरकार से तत्काल कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जेल महानिरीक्षक एम खाकरंग ने इस मामले में समग्र रिपोर्ट देने का आश्वासन दिया है।

### आईयूएमएल के विधायक गिरफ्तार

**कोच्चि।** केरल के पूर्व मंत्री एवं आईयूएमएल के विधायक वी. के. इब्राहिम कुन्जू को कथित पलारीवट्टोम फ्लाईओवर निर्माण घोटाला मामले में सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (वीएसीबी) के दल ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस नीत यूडीएफ के शासन में यहां इस फ्लाईओवर का निर्माण किया गया था। मामले की जांच कर रहे सर्तकता दल के अधिकारियों ने यहां एक निजी अस्पताल में कुन्जू को गिरफ्तार किया, जहां उनका किसी बीमारी का इलाज चल रहा था। सूत्रों ने बताया कि सतर्कता दल ने उन्हें गिरफ्तार करने से पहले अस्पताल के अधिकारियों से बात की थी। इससे पहले, वीएसीबी अधिकारियों ने कुन्जू से इस मामले में कई बार पूछताछ भी की है। उन्होंने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया है। कुन्जू पर आरोप है कि वह पुल की खराब गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार हैं, इसका निर्माण तब किया गया था जब वह केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी की यूडीएफ सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री थे।



चित्तूर में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान परिवार के साथ वेंकटेश्वर मन्दिर में प्रार्थना करते हुए।

# 57 फीसद मंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की जानकारी दी

**नई दिल्ली।** बिहार में नवगठित मंत्रिमंडल के 14 मंत्रियों में से आठ ने अपने विरूद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने यह जानकारी दी है। चुनाव अधिकारों से जुड़े संगठन के अनुसार छह मंत्रियों (करीब 43 फीसद) ने अपने विरूद्ध गंभीर मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। गंभीर अपराध गैर जमानती अपराध होते हैं और उनमें पांच साल से अधिक की सजा मिलती है।

एडीआर ने कहा कि जनता दल यूनाईटेड के छह मंत्रियों में दो, भाजपा के छह मंत्रियों में चार, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेकुलर) के एक और विकासशील इंसान पार्टी के एक मंत्री के हलफनामों की जांच से पता चला है कि उनके विरूद्ध आपराधिक मामले दर्ज हैं। आठ या 57 फीसदी मंत्रियों के विरूद्ध आपराधिक मामले चल रहे हैं। 13 मंत्री (93 फीसदी) करोड़पति हैं और उनकी औसतन संपत्ति 3.93 करोड़ रूपए है। सबसे अधिक 12.31 करोड़ रूपए की संपत्ति मेवा लाल चौधरी के पास है जो तारापुर निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि हैं। सबसे कम 72.89 लाख रूपए की संपत्ति अशोक चौधरी के पास है। इन सभी ने हलफनामों में संपत्ति की घोषणा की है। चार (29 फीसदी) मंत्रियों ने शैक्षिक योग्यता आठवीं से 12 वीं तक बताई है। , 10 (71 फीसदी) मंत्रियों ने स्नातक या स्नातक से आगे की शिक्षा प्राप्त करने का उल्लेख कियाा है।

छह मंत्रियों ने अपनी आयु 41-50 साल के बीच बताई है जबकि आठ मंत्री 51 से 75 साल तक के उम्र के हैं। उनमें दो महिलाएं हैं। बिहार में 243 सदस्ईय विधानसभा के लिए 28 अक्टूबर, तीन नवंबर और सात नवंबर को चुनाव हुए थे। जबकि मतगणना 10 नवंबर को हुई। बहुमत हासिल करने के बाद राजग ने सरकार बनाई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में 14 सदस्ईय मंत्रिमंडल ने सोमवार को शपथ ली।

# कांग्रेस से नाखुश नेता कहीं भी जाने के लिए है आजाद: अधीर

**कोलकाता।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने बिहार चुनाव में हार को लेकर आत्मविश्लेषण संबंधी टिप्पणी के लिए कपिल सिब्बल की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि पार्टी के कामकाज से जो नाखुश हैं वह सार्वजनिक तौर पर बयानबाजी करने के बजाए कहीं भी जाने को स्वतंत्र हैं। चौधरी ने एसी कमरे से उपदेश देने के लिए सिब्बल पर कटाक्ष किया और कहा कि नाराज सदस्य चाहें तो दूसरी पार्टी में शामिल हो सकते हैं या अपनी अलग पार्टी बना सकते हैं।

लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने सवाल किया कि बिहार चुनाव के दौरान कांग्रेस के लिए सिब्बल ने प्रचार क्यों नहीं किया। उन्होंने कहा बिना कुछ किए बोलते रहना आत्मविश्लेषण नहीं है। पश्चिम बंगाल के कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी ने कहा, सावर्जनिक तौर पर पार्टी की फजीहत कराने के बजाए सिब्बल पार्टी के भीतर मुद्दा उठा सकते थे। वह वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी के शीर्ष नेताओं तक उनकी पहुंच है।

चौधरी ने यहां संवाददाताओं से कहा, पार्टी के कामकाज से जो लोग खुश नहीं हैं और अगर उन्हें लगता है कि कांग्रेस उनके लिए उपयुक्त स्थान नहीं है तो वो अपनी नई पार्टी बना सकते हैं या अपनी मर्जी से किसी भी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। सिब्बल ने बिहार चुनाव में पार्टी के कमजोर प्रदर्शन के लिए कांग्रेस के नेतृत्व की आलोचना की थी। कांग्रेस बिहार में 70 सीटों पर लड़ी लेकिन उसके 19 उम्मीदवार ही जीत पाए। पिछले दिनों सिब्बल समेत कांग्रेस के 23 वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी को मजबूत करने के संबंध में सुझाव दिए थे। चौधरी ने कहा, वह (सिब्बल) कांग्रेस और आत्मविश्लेषण की जरूरत को लेकर बहुत चिंतित प्रतीत होते हैं।

# भाजपा का राजस्थान सरकार पर केंद्रीय योजनाओं का कार्यावयन नही करने का आरोप

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों के चलते राजस्थान की कांग्रेस सरकार ग्रामीण विकास से जुड़ी केंद्र सरकार की योजनओं का समुचित कार्यान्वयन नहीं कर रही है। बीते दो साल में कांग्रेस सरकार के प्रदर्शन पर सवालिया निशान लगाते हुए भाजपा ने विश्वास जताया कि वह आगामी जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों में जीत दर्ज करेगी। केंद्रीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना व श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्रामीण मिशन जैसी केंद्रीय योजनाओं का कार्यान्वयन नहीं कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार राजनीतिक कारणों के चलते इन योजनाओं के कार्यान्वयन से कन्नी काट रही है।

# जम्मू-कश्मीर में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जांच के लिए विशेष अधिकरण की मांग की

**जम्मू।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी कुमार चुरंगू ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से बुधवार को आग्रह किया कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराध की जांच करने के लिए विशेष अधिकरण गठित किया जाए और कश्मीर घाटी में मंदिरों के प्रबंधन एवं संरक्षण के लिए एक बोर्ड गठित करने के वास्ते एक अध्यादेश जारी किया जाए। जम्मू-कश्मीर भाजपा के राजनीतिक मामलों के विभाग के प्रभारी चुरंगू ने घाटी की हाल की यात्रा के बाद सिन्हा को यहां एक ज्ञापन सौंपा था जिसमें उक्त मांग की गई है। उन्होंने कहा कि घाटी में कश्मीरी पंडित समुदाय को पुन:स्थापित करने के वास्ते उनमें विश्वास बहाली करने के लिए इन कदमों को तत्काल उठाना चाहिए।

चुरंगू ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के 1999 के अर्ध न्यायिक आदेश का हवाला दिया था जिसमें कहा गया है कि कश्मीरी पंडितों के खिलाफ अपराध निस्संदेह गंभीर हैं, और बीते 35 साल में हिंदू और सिखों समेत जम्मू-कश्मीर के अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराधों की जांच के लिए एक विशेष अपराध अधिकरण स्थापित किए जाने की जरूरत है।


भाजपा नेता ने कहा, यह जम्मू-कश्मीर में नरसंहार के शिकार, लोगों को न्याय दिलाने के लिए एक लंबा रास्ता तय करेगा, जिन्हें संविधान, न्यायिक ढांचे और केंद्र तथा केंद्र शासित प्रदेश में जिम्मेदार एवं उत्तरदाई सरकार के होने के बावजूद न्याय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि एनएचआरसी ने उनकी शिकायत दर्ज की थी और इसे कार्वाई के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दिया था। साथ में उनके ज्ञापन को जम्मू-कश्मीर और भारत सरकार के खिलाफ आधिकारिक शिकायत माना जा सकता है तथा विशेष अपराध अधिकरण के गठन के मुद्दे पर वार्ता सलाहकार के तौर पर एनएचआरसी को एक पक्ष बनाया जा सकता है।



लाहौल-स्पीति के रोहतांग में अटल टनल के पास भारी बर्फबारी होने से वाहनों की लगी लम्बी कतार।

# तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालयों से प्रेरणा लेने की जरूरत : राष्ट्रपति

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने बुधवार को कहा कि वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए कोई भी प्राचीन तक्षशिला, नालंदा और वल्लभी विश्वविद्यालयों से प्रेरणा ले सकता है जिन्होंने शिक्षण और अनुसंधान के उच्च मानक निर्धारित किए। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के भारतीय विद्वानों को ज्ञान की वास्तविक इकाई बनाने के प्रयास करने चाहिए जो समकालीन वैश्विक चुनौतियों से निपटने में उपयोगी हो।

कोविंद ने दीक्षांत समारोह में कहा, आज की चुनौतियों से निपटने के लिए हम तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी विश्वविद्यालयों से प्रेरणा ले सकते हैं जिन्होंने शिक्षण और अनुसंधान के उच्च मानक निर्धारित किए। पूरे विश्व से विद्वान और छात्र विशिष्ट ज्ञान अर्जित करने उन केंद्रों में आते थे। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के अनेक तत्व रखनेवाली उस प्राचीन प्रणाली ने चरक, आर्यभट्ट, चाणक्य, पाणिनी, पतंजलि, गार्गी, मैत्रेई और तिरुवल्लूवर जैसे अनेक विद्वान पैदा किए। उन्होंने चिकित्सा विज्ञान, गणित, खगोल विज्ञान, व्याकरण और सामाजिक विकास में अमूल्य योगदान दिया। कोविंद ने कहा, आज के भारतीय विद्वानों को इस तरह के मूल ज्ञान का सृजन करने की कोशिश करनी चाहिए जिसका इस्तेमाल समकालीन वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए किया जाए। जेएनयू उच्च शिक्षा के उन चुनिंदा संस्थानों में से है जो वैश्विक रूप से तुलनीय उत्कृष्टता तक पहुंच सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कोविड-19 महामारी की चर्चा करते कहा कि आज दुनिया इस महामारी के कारण संकट की स्थिति में है। कोविंद ने कहा, महामारी के वर्तमान परिदृश्य में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बताती है कि उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए संक्रामक रोगों, महामारी विज्ञान, विषाणु विज्ञान, जांच-निदान, इंस्ट्रूमेंटेशन, टीका विज्ञान और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में अनुसंधान करने का बीड़ा उठाना महत्वपूर्ण है। संबंधित सामाजिक मुद्दों का भी अध्ययन करने की जरूरत है, विशेषकर बहु-विषयक दृष्टिकोण के साथ ऐसा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कोशिश में जेएनयू जैसे विश्वविद्यालयों को विशिष्ट सहायता तंत्र विकसित करने और छात्र समुदायों के बीच नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सबसे आगे होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व कोविड-19 महामारी की वजह से संकट की स्थिति में है। कोविंद ने कहा, महामारी के वर्तमान परिदृश्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कहती है कि उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण है कि वे संक्रामक रोगों, महामारी विज्ञान, विषाणु विज्ञान, निदान, टीका विज्ञान और अन्य संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान में अग्रणी रहें।



कोलकाता में बुधवार को 'छठ पूजा' त्योहार से पहले ग्राहकों की प्रतीक्षा करता एक फल विक्रेता

# गोवा की पूर्व राज्यपाल मृदुला सिन्हा का निधन

## ● मोदी और भाजपा नेताओं ने जताया शोक

**भाषा।** नई दिल्ली



**भाजपा** की वरिष्ठ नेता और गोवा की पूर्व राज्यपाल मृदुला सिन्हा का बुधवार को निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री ने सिन्हा के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि वह एक समाज सेवी के अलावा कुशल लेखिका भी थीं जिन्होंने साहित्य और सांस्कृतिक जगत में भी बहुत बड़ा योगदान दिया। सिन्हा (77 वर्षीय) का बुधवार को राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था और उसके बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। वह बिहार से थीं और जनसंघ से जुड़ी हुई थीं। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गई थीं। मोदी ने ट्वीट कर कहा, श्रीमती मृदुला सिन्हा जी को उनकी जन सेवा के लिए याद किया जाएगा। वह एक कुशल लेखिका भी थी जिन्होंने साहित्य के साथ सांस्कृतिक जगत में भी बहुत बड़ा योगदान दिया। शाह ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन पर्यन्त देश, समाज और भाजपा संगठन के लिए काम किया।

# भारत के लिए कोविड-19 का प्रोटीन आधारित संभावित टीका सबसे उपयुक्त होगाः वैज्ञानिक

**भाषा।** नई दिल्ली

**जब** दुनियाभर में कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए कई संभावित टीके परीक्षण के आखिरी चरण में पहुंच रहे हैं, ऐसे में वैज्ञानिकों का कहना है कि भारत के लिए वे टीके संभवतः कारगर नहीं होंगे, जिनके भंडारण के लिए बेहद कम तापमान की आवश्यकता है और प्रोटीन आधारित टीका देश के लिए उपयुक्त हो सकता है। वैज्ञानिकों ने अमेरिकी कंपनी नोवावैक्स द्वारा विकसित किए जा रहे संभावित टीके को भारत के लिए सबसे उपयुक्त बताते हुए कहा कि कोविड-19 का सही टीका खरीदने का फैसला कई कारकों पर निर्भर करेगा। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि टीका कितना सुरक्षित है, उसकी कीमत क्या है और उसे इस्तेमाल करना कितना सुविधाजनक है। इससे वे तीन संभावित टीके संभवतः नकारे जा सकते हैं, जो पिछले कुछ दिन में 90 प्रतिशत से अधिक प्रभावी साबित हुए हैं। फाइजर-बायोएनटेक तीसरे चरण के अंतरिम परिणाम में 90 प्रतिशत, स्पूतनिक पांच 92 प्रतिशत और मोडेरना 94.5 प्रतिशत प्रभावी साबित हुआ है। इन संभावित टीकों के परीक्षणों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही कोरोना वायरस का टीका मिल सकता है। इन तीनों में से कोई भी प्रोटीन आधारित नहीं है, लेकिन भारतीय परिस्थितियों के लिए संभवतः अमेरिकी कंपनी मोडेरना सबसे उपयुक्त है, क्योंकि इसके लिए अन्य संभावित टीकों की अपेक्षा उतने कम तापमान की आवश्यकता नहीं है। रोग प्रतिरक्षा वैज्ञानिक सत्यजीत रथ ने कहा कि अमेरिका समर्थित फाइजर-बायोएनटेक और रूस के स्पूतनिक पांच को नोवावैक्स द्वारा विकसित किए जा रहे प्रोटीन आधारित संभावित टीके की तुलना में बेहद कम तापमान में रखने की आवश्यकता है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान (एनआईआई) से जुड़े रथ ने पीटीआई-भाषा से कहा, एमआरएनए, डीएनए और वायरल वैक्टर आधारित टीकों के भंडारण के लिए आम तौर पर बहुत कम तापमान की आवश्यकता होती है, इसलिए भारत को नोवावैक्स या सानोफी के प्रोटीन आधारित संभावित टीके पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। भारत में इस संबंध में हो रहे दिलचस्प प्रयासों पर भी विचार किया जा सकता है। विषाणु वैज्ञानिक शाहिद जमील ने कहा कि ऐसा बताया जा रहा है कि मोडेरना के टीके को 30 दिन तक फ्रिज में रखा जा सकता है और कमरे के तापमान में 12 घंटे तक रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और दुनिया के कई अन्य ऊष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में गर्मियों में तापमान बहुत अधिक रहता है और जिन टीकों के भंडारण के लिए बेहद कम तापमान आवश्यक है, वे गर्म स्थानों पर उपयोगी नहीं हो पाएंगे।

# अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में सोनिया, राहुल की चुप्पी पर भाजपा ने उठाए सवाल




**नई दिल्ली।** अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हैलीकॉप्टर घोटाला मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के कथित तौर पर नाम सामने आने के बाद भाजपा ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन अपना हमला जारी रखा और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाए। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन राठौर ने कहा, कल रविशंकर प्रसाद जी ने प्रेसवार्ता की थी। उस प्रेसवार्ता का मकसद ये था कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ लोग यानि सोनिया गांधी जी, राहुल गांधी जी इस घोटाले में अपनी पार्टी के बड़े नेताओं का नाम आने पर स्पष्टीकरण दें मगर अभी तक उधर से चुप्पी और खामोशी ही मिली है।

# बाइडन से पीएम मोदी ने की बात

**भाषा।** नई दिल्ली




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन से मंगलवार को फोन पर बात की। दोनों देशों के नेताओं ने इस दौरान द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के प्रति प्रतिबद्धता जताई और कोविड-19 महामारी, जलवायु परिवर्तन तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को लेकर साझा प्राथमिकताओं और चुनौतियों पर चर्चा की। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में बाइडन की जीत के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बातचीत है।

मोदी ने ट्वीट किया, अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बात करके उन्हें बधाई दी। हमने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई और कोविड-19 महामारी, जलवायु परिवर्तन तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग पर साझा प्राथमिकताओं और चुनौतियों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका की निर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को भी बधाई दी। उन्होंने कहा, उनकी सफलता भारतीय अमेरिकी समुदाय के लिए गर्व और प्रेरणा की बात है। यह समुदाय भारत-अमेरिका सबंधों की मजबूती का महत्वपूर्ण स्रोत है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मोदी ने बाइडन को चुनाव में जीत की बधाई दी और इसे अमेरिका की लोकतांत्रिक परंपरा की मजबूती का द्योतक करार दिया। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 और 2016 में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान बाइडन के साथ हुई मुलाकात को याद किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से कहा गया कि 2016 में जब मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित किया था तब उसकी अध्यक्षता बाइडन ने की थी। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका समग्र वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को विस्तार देने का लिए मिलकर काम करने के प्रति सहमति जताई। दोनों नेताओं ने कोविड-19 की रोकथाम, किफायती टीके की उपलब्धता को बढ़ावा देने, जलवायु परिवर्तन और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की। मोदी और बाइडन के बीच बातचीत से पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विश्वास जताया कि बाइडन प्रशासन में भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को और अधिक विस्तार मिलेगा।

जयशंकर ने कहा कि अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन उस कालखंड के गवाह रहे हैं जब दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बड़ा परिवर्तन आया था। बाइडन जब 1970 के दशक में सीनेट के सदस्य थे, तभी से वह भारत और अमेरिका बीच संबंध प्रगाढ़ करने के समर्थक रहे हैं। उन्होंने 2008 में द्विपक्षीय असैन्य परमाणु समझौते को सीनेट से मंजूरी दिलवाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस समझौते ने विश्व के दो बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच रिश्ते को प्रगाढ़ करने के लिए मजबूत आधारशिला रखी थी। बराक ओबामा के राष्ट्रपति रहते हुए भारत और अमेरिका के मध्य रणनीतिक और रक्षा संबंधों में उल्लेखनीय विस्तार हुआ था और उप राष्ट्रपति रहते हुए बाइडन ने उसमें अहम भूमिका निभाई थी।

# वडोदरा के पास सड़क दुर्घटना में 11 की मौत, 16 अन्य घायल

**भाषा।** वडोदरा



वडोदरा में बुधवार को एक मिनी ट्रक और ट्रक की भिड़ंत में मिनी ट्रक का बचा हुआ अवशेष

**गुजरात** के वडोदरा शहर के बाहरी इलाके में बुधवार सुबह एक मिनी ट्रक और ट्रक की भीषण भिड़ंत में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। हताहत हुए सभी लोग मिनी ट्रक में सवार थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। वडोदरा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) करणराज वाघेला ने बताया कि हादसा वाघोडिया सर्कल पर मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात करीब पौने तीन बजे हुआ। ये सभी लोग पंचमहाल जिले के पावागढ़ जा रहे थे।

शहर के एसएसजी अस्पताल ने एक बयान में बताया कि घटना में पांच महिलाओं समेत 11 लोगों की मौत हुई है जबकि उनके अस्पताल में 16 अन्य का इलाज चल रहा है। वाघेला ने बताया कि मृतकों में 10 सवारियां और गाड़ी का एक सह चालक शामिल है। उन्होंने बताया कि हादसे में जख्मी हुए मिनी ट्रक के चालक का इलाज चल रहा है। सूरत-वडोदरा राजमार्ग पर वाघोडिया सर्कल से गाड़ी के गुजरने के दौरान उसकी आंख लग गई थी जिस वजह से वह वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद मिनी ट्रक ने दूसरे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। मामले में अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। रूपाणी ने ट्वीट किया, वडोदरा के पास सड़क हादसे में लोगों की मौत की खबर से काफी दुखी हूं। अधिकारियों को हर संभव मदद करने का निर्देश दिया है। घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना करता हूं। जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा को शांति मिले। ओम शांति। वाघेला ने बताया कि सभी पीड़ित सूरत शहर के वराछा इलाके के थे और पंचमहाल जिले के पावागढ़ में एक मशहूर धार्मिक स्थल जा रहे थे। वाख्छा के कुछ परिवारों ने पावागढ़, वडताल और डाकोर (खेड़ा) में स्थित मंदिरों के दर्शन के लिए मिनी ट्रक किराए पर लिया था।

अधिकारी ने बताया कि उन्होंने मंगलवार रात करीब 11 बजे सूरत से अपनी यात्रा शुरू की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में करीब 11 लोगों के मारे जाने की घटना पर शोक जताया और उनके परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन घटनास्थल पर हरसंभव सहायता पहुंचा रहा है। मोदी ने ट्वीट किया, वडोदरा में हुई दुर्घटना से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को इसमें खो दिया। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रशासन घटनास्थल पर हरसंभव सहायता पहुंचा रहा है।

# बिहार में हम चुनौतियों पर खरे उतरेः सीईसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**मुख्य** निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) सुनील अरोड़ा ने बुधवार को कहा कि जब कोविड-19 महामारी के बीच निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू की तो कुछ लोगों ने सोचा कि आयोग मूर्खता कर रहा है, लेकिन इस बड़ी लोकतांत्रिक कवायद के सुरक्षित एवं सफल रूप से संपन्न होने के बाद चुनाव इकाई को हर ओर से प्रशंसा मिली है। अरोड़ा ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि निर्वाचन आयोग कुछ राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव समय पर कराने में समर्थ होगा और इसके लिए आंतरिक कवायद शुरू कर दी गई है। अगले साल मई-जून में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को ऐसा महसूस कराया गया जैसे महामारी के बीच बिहार में चुनाव कराकर उसने कोई दुस्साहस किया है, लेकिन इसके पीछे भरोसा था, आयोग ने अंधेरे में छलांग नहीं लगाई। अरोड़ा ने साक्षात्कार में कहा कि जब आप भरोसे की छलांग शब्द का इस्तेमाल करते हैं तो आप इसका इस्तेमाल किसी नाटकीय संवाद के रूप में नहीं करते। इसके पीछे काफी तैयारी की गई। किसी भी चुनाव में, हम जरूरत के हिसाब से कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन कोविड-19 के बीच इस तरह के चुनाव में यह अधिक भारी-भरकम और चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया। यह पूछे जाने पर कि क्या निर्वाचन आयोग ने उन लोगों को गलत साबित कर दिया है जो चुनाव कराने के निर्णय को गलत बता रहे थे, अरोड़ा ने कहा कि वह ऐसा नहीं कहेंगे। उन्होंने कहा कि यह कहने का काम मीडिया, देश के लोगों, मतदाताओं, संबंधित सभी पक्षों का है। मेरे लिए यह कहना कि हमने उन्हें गलत साबित कर दिया है, थोड़ा ठीक नहीं है। अरोड़ा ने बिहार विधानसभा चुनाव में डाक मतपत्रों की गिनती से संबंधित विपक्ष के आरोपों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दिया और कहा कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी संवाददाता सम्मेलन में एक-एक बिन्दु का पहले ही जवाब दे चुके हैं।

# निजाम के पोते ने ब्रिटेन में 3.5 करोड़ पाउंड को लेकर अपने रिश्तेदारों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**हैदराबाद।** पिछली हैदराबाद रियासत के आखिरी निजाम के एक पोते ने अपने कुछ रिश्तेदारों के विरुद्ध यहां पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि उन्होंने ब्रिटेन के बैंक में रखे पूर्व शासक के 3.5 करोड पाउंड पर दावा करने के लिए झूठे एवं मनगढंत दस्तावेज जमा कराए। सातवें निजाम मीर उस्मान अली खान बहादुर के पोते नवाब नजफ अली खान ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त अंजनी कुमार से संपर्क किया और इस संबंध में उन्हें एक शिकायत सौंपी। अक्टूबर, 2019 में ब्रिटेन की एक अदालत ने दिवंगत निजाम के इस धन पर पाकिस्तान के दावे को खारिज करते हुए भारत और शहजादों के पक्ष में फैसला सुनाया था और इस तरह 70 साल से चल रहे कानूनी संघर्ष पर पूर्ण विराम लग गया था।

# पेज 1 का शेष

## लद्दाख की...

द्वारा की गई व्यवस्थाओं की तस्वीरें जारी की थी। इसमें सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा तथा 24 घंटे गर्म पानी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। वर्तमान में लद्दाख में 1700 किमी लंबी एलएसी पर दोनों तरफ से एक लाख से ज्यादा सैनिक तैनात हैं। उनके साथ ही एलएसी के पास टैंक और भारी हथियार भी तैनात किए गए हैं। मौजूदा गतिरोध में पहली बार लद्दाख के दुरुह जाड़े के मौसम में एलएसी पर सैनिक तैनात रहेंगे। सैनिकों के लिए आधुनिक सुविधाएं तैयार करने के साथ सशस्त्र बलों ने अबाध ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी पूरा इंतजाम किया है।

## उत्तर प्रदेश...

कहा था कि वह अध्यापक योग्यता परीक्षा यानी टीईटी के जरिए की गई 1,37,517 भर्तियों को रद्द करे लेकिन भर्ती प्रक्रिया में अनुभव का लाभ दे। सरकार ने छह महीने बाद 17 जनवरी, 2018 को 69,000 सहायक अध्यापकों की भर्ती के लिए पहली बार लिखित परीक्षा का आदेश जारी किया था।

## लद्दाख को...

करने का ट्विटर का हर प्रयास अस्वीकार्य है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय के सचिव अजय साहनी ने इस बारे में ट्विटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जैक डोर्सी को कड़े शब्दों में एक पत्र लिखा। साहनी ने कहा कि इस तरह का कोई भी प्रयास न सिर्फ ट्विटर की प्रतिष्ठा को कम करता है, बल्कि यह एक माध्यम होने के नाते ट्विटर की निष्पक्षता को भी संदिग्ध बनाता है। उस वक्त ट्विटर ने कहा था कि यह एक तकनीकी मुद्दा था और तत्काल दूर कर लिया गया था। माना जाता है कि अब उसने संसदीय समिति के समक्ष पेश हलफनामे में कहा है कि सॉफ्टवेयर में दिक्कत के कारण यह मामला हुआ था। उसने कहा, पिछले कुछ हफ्तों के दौरान हमने जियो-टैग के मुद्दे को इस तरह से हल करने की दिशा में काम किया है कि लेह एवं लद्दाख के दूसरे सभी शहरों को उनके संबंधित नाम के साथ ही दर्शाया जाए। ट्विटर के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के कई दूसरे शहरों के लिए जियो-टैग की भी समीक्षा की जा रही है और आगामी 30 नवंबर तक यह काम पूरा करने का लक्ष्य है।

## शशिकला ने...

जुर्माना राशि जमा कराने की सूचना देगी और मुझे उम्मीद है कि वह जल्द रिहा होंगी, यह रिहाई पूर्व निर्धारित तारीख 21 जनवरी 2021 से पहले होगी। कैदियों के अच्छे व्यवहार पर सजा कम करने के प्रावधान का हवाला देते हुए वकील ने विश्वास व्यक्त किया कि शशिकला को समय से पहले रिहा कर दिया जाएगा और इस संबंध में कानूनी प्रक्रिया जारी है। उल्लेखनीय है कि संपत्ति मामले में शशिकला के साथ उनके दो रिश्तेदार भी बेंगलुरु की परापन्ना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में चार साल सामान्य कारावास की सजा काट रहे हैं। इन तीनों पर अदालत ने 10 करोड़ रुपए के अलावा 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था।

## नीतीश पर...

ट्वीट किया कि तेजस्वी जहाँ पहली कैबिनेट में पहली कलम से 10 लाख नौकरियाँ देने को प्रतिबद्ध था, वहीं नीतीश ने पहली कैबिनेट में नियुक्ति घोटाला करने वाले मेवालाल को मंत्री बना अपनी प्राथमिकता बता दी। उन्होंने कहा, विडंबना देखिए जो भाजपाई कल तक मेवालाल को खोज रहे थे, आज मेवा मिलने पर मौन धारण किए हैं। उल्लेखनीय है कि लालू प्रसाद अभी जेल में हैं और उनके टिवटर हैंडल को उनका कार्यालय परिवार से परामर्श करके संचालित करता है। भाकपा-माले के प्रदेश सचिव कुणाल ने कहा कि विधानसभा सत्र के पहले दिन उनकी पार्टी के विधायक विरोध दर्ज कराएंगे। भाकपा-माले के विधानसभा में 12 विधायक हैं। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि नीतीश कुमार उन्हें (चौधरी को) बर्खास्त करें। कुणाल ने कहा कि शिक्षा मंत्री के रूप में चौधरी की नियुक्ति बिहार के लोगों का अपमान है। कांग्रेस के विधान पार्षद प्रेमचंद्र मिश्रा ने कहा कि मेवालाल चौधरी जैसे व्यक्ति को शिक्षामंत्री बनाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी ही छवि धूमिल की है।

## लक्ष्मी विलास...

में करना राष्ट्र हित में नहीं है। संगठन ने निजी क्षेत्र के बैंक का सार्वजनिक क्षेत्र के किसी बैंक में विलय की मांग की है। भारतीय रिजर्व बैंक के एक दिन पहले एलवीबी के विलय की योजना सार्वजनिक किए जाने के बाद ऑल इंडिया बैंक आफिसर्स कान्फेडरेशन (एआईबीओसी) ने यह बात कही। संगठन के अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि ऐसा जान पड़ता है कि नकदी संकट में फंसे एलवीबी का डीबीएस बैंक इंडिया में विलय का प्रस्ताव देश में बड़े स्तर पर विदेशी बैंकों के प्रवेश का रास्ता उपलब्ध कराने की एक साजिश है। उन्होंने कहा कि भारत में बैंक क्षेत्र में वृद्धि की काफी संभावना है। इसीलिए विदेशी बैंक लंबे समय समय से अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए विलय के रास्ते पर गौर कर रहे हैं। कुमार ने आशंका व्यक्त की कि विदेशी बैंकों का बेधड़क प्रवेश देश को आर्थिक दासता की तरफ ले जाएगा और वे संसाधनों का दोहन करेंगे। उन्होंने कहा कि एक पक्ष के रूप में एआईबीओसी आरबीआई से राष्ट्र हित में प्रस्तावित विलय को लेकर अपने रुख पर फिर से विचार करने का आग्रह करता है। रिजर्व बैंक के विलय को लेकर मंगलवार को जारी योजना के मसौदे के अनुसार, निजी क्षेत्र के एलवीबी का विलय डीबीएस बैंक इंडिया लि. (डीबीआईएल) में करने क प्रस्ताव है। डीबीआईएल सिंगापुर की डीबीएस होल्डिंग्स की स्थानीय इकाई है। कुमार ने कहा कि निजी क्षेत्र का बैंक काफी पुराना है और वह आजादी के पहले से देश की सेवा कर रहा है। बैंक देश में पीएसबी (सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक) की तरह काम करता रहा है। उन्होंने कहा कि अतः इसके स्वरूप को बनाए रखने के लिए इसका विलय विदेशी बैंक के बजाए सार्वजनिक क्षेत्र के किसी बैंक के साथ होना चाहिए।

## मरीज को...

करने वाली एंटीबॉडीज की पर्याप्त मौजूदगी होनी चाहिए। चिकित्सकीय परिणामों में सुधार, बीमारी की गंभीरता, अस्पताल में रहने की अवधि और मृत्युदर में कमी प्लाज्मा में विशिष्ट एंटीबॉडीज की उपलब्धता पर निर्भर करती है जो कोविड के प्रभावों को खत्म कर सकती हैं। इस पद्धति का इस्तेमाल पूर्व में एच1एन1, इबोला और सार्स-कोव-1 जैसे विषाणु संक्रमण के उपचार में किया जा चुका है। आईसीएमआर ने हाल में 39 निजी और सरकारी अस्पतालों में एक अध्ययन के बाद कहा था कि कोरोना वायरस संक्रमण के गंभीर मरीजों का इलाज करने और मृत्यु दर को कम करने में प्लाज्मा पद्धति कोई खास कारगर साबित नहीं हो रही है। परामर्श में कहा गया है कि इसी तरह के अध्ययन चीन और नीदरलैंड में किए गए, जिनमें इस पद्धति का कोई खास लाभ नजर नहीं आया। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि इस पद्धति का इस्तेमाल विशिष्ट मानक पूरा होने पर आईसीएमआर के परामर्श के अनुसार ही होना चाहिए।

## फाइनल ट्रायल...

सामने नहीं आई है। ट्रायल में करीब 44 हजार लोगों को टीका लगाया गया। इससे पहले, मॉडर्ना इंक ने भी कहा था कि उसके द्वारा तैयार टीका 94.5 प्रतिशत प्रभावी है। इसी तरह रूसी कंपनी स्पूतनिक-5 ने भी अपने टीके को 92 फीसद असरकारक बताया है। आने वाले दिनों में एस्ट्राजेनका पीएलसी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से भी ट्रायल के आंकड़े सामने रखे जाएंगे। फाइजर-बायोएनटेक डेटा के मुताबिक, ट्रायल में शामिल 170 लोग कोविड-19 से संक्रमित हुए हैं। वैक्सीन लगाने के बाद कुल 8 लोग बीमार पड़े, जबकि प्लासीबो के बाद 162 लोगों को कुछ शिकायतें हुईं। वैक्सीन के डोज ने बीमारी को गंभीर होने से भी रोका। विश्लेशण के मुताबिक सामने आए 10 गंभीर केस प्लासीबो ग्रुप से थे। कंपनी की ओर से बताया गया है कि टीका 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में भी 94 फीसद से अधिक कारगर साबित हुआ है।

## राम-लक्ष्मण...

लंदन पुलिस ने इनके चोरी होने के बारे में जानकारी दी तो उन्होंने ये प्रतिमाएं पुलिस को सौंप दीं। ब्रिटेन पुलिस ने एक कार्यक्रम में तीनों प्रतिमाएं 15 सितंबर को लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के हवाले कर दीं। पटेल ने देश की सांस्कृतिक विरासत को वापस लाने में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा निभाई गई सकारात्मक भूमिका को भी सराहा।

# बुमराह व शमी को रोटेशन के तहत मिलेगा मौका

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों के छह मैचों में एक साथ खेलने की संभावना कम




**भाषा**। नई दिल्ली

**भारत** के प्रमुख स्ट्राइक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों के छह मैचों में एक साथ खेलने की संभावना कम है क्योंकि टीम प्रबंधन उन्हें 17 दिसंबर से शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए तैयार रखना चाहता है। भारतीय टीम के इस दो महीने के दौरे की शुरूआत 27 नवंबर से तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से होगी। इसके बाद टीम को इतने ही मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलनी है। सीमित ओवरों की इन श्रृंखलाओं के मैच सिडनी और कैनबरा में खेले जाएंगे।

बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सूत्रों की माने तो बुमराह और शमी का कार्यभार प्रबंधन मुख्य कोच रवि शास्त्री और गेंदबाजी कोच भरत अरुण के लिए सर्वोपरि है। टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम का पहला अभ्यास मैच छह से आठ दिसंबर के बीच खेला जाएगा। इस दौरान भारतीय टीम को आखिरी के दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय (छह और आठ दिसंबर) मैच खेलने है। इशांत शर्मा की चोट की स्थिति अभी साफ नहीं है जिससे बुमराह और शमी दोनों भारतीय टेस्ट अभियान के लिए काफी अहम होंगे। ऐसे में टीम प्रबंधन (शास्त्री, कप्तान विराट कोहली और गेंदबाजी कोच) 12 दिनों के अंदर सीमित ओवरों के छह मैचों में इन दोनों को एक साथ मैदान में उतार कर कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगा।

बोर्ड के एक सूत्र ने कहा कि यदि दोनों (बुमराह और शमी) टी-20 अंतरराष्ट्रीय (चार, छह और आठ दिसंबर) श्रृंखला में खेलते हैं, तो उन्हें टेस्ट अभ्यास के लिए एक ही मैच मिलेगा, मुझे नहीं लगता कि टीम प्रबंधन ऐसा चाहेगा।

इस बात की संभावना अधिक है कि सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान शमी और बुमराह को एक साथ टीम में शामिल नहीं किया जाए। एक संभावना यह हो सकती है कि दोनों एकदिवसीय मैचों में खेले जहां उनके पास 10 ओवर गेंदबाजी करने का मौका होगा। एकदिवसीय के बाद वे टेस्ट मैचों में खेले। शमी को गुलाबी गेंद (दिन-रात्रि टेस्ट में इस्तेमाल होने वाली गेंद) से अभ्यास करते भी देखा गया है जिससे उनकी प्राथमिकता का पता चलता है।

भारतीय टीम को 17 दिसंबर से एडीलेड में दिन-रात्रि टेस्ट खेलने से पहले सिडनी में 11 से 13 दिसंबर तक गुलाबी गेंद से एक अभ्यास मैच भी खेलना है। बुमराह और शमी अगर टी-20 मैचों से बाहर बैठते हैं तो इसमें गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर, टी नटराजन और नवदीप सैनी की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी के साथ युजवेन्द्र चहल, रविन्द्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर जैसे स्पिनरों पर होगा।

## भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से हटे रिचर्डसन




**सिडनी**। तेज गेंदबाज एंड्रयू टाई को भारत के खिलाफ होने वाली आगामी एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए केन रिचर्डसन की जगह आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है क्योंकि रिचर्डसन ने कोविड-19 महामारी को देखते हुए अपने परिवार के साथ रहने का फैसला किया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि रिचर्डसन ने मंगलवार को राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को अपने फैसले के बारे में सूचित किया कि अपनी पत्नी और नवजात बेटे के साथ समय बिताने के लिए वह टीम से हट रहे हैं। राष्ट्रीय चयनकर्ता ट्रेवर होन्स ने सीए द्वारा जारी बयान में कहा कि यह केन के लिए मुश्किल फैसला था लेकिन इसे चयनकर्ताओं और टीम का पूरा समर्थन हासिल है। उन्होंने कहा कि केन एडीलेड में पत्नी नाइकी और अपने नवजात बेटे के साथ रहना चाहते थे। हम हमेशा अपने खिलाड़ियों और उनके परिवार का समर्थन करेंगे, मौजूदा चुनौतीपूर्ण हालात को देखते हुए हम उनके साथ हैं। होन्स ने कहा कि हमें टीम में उसकी कमी खलेगी लेकिन हम उसके फैसले को पूरी तरह से समझते हैं और इसका समर्थन करते हैं। ऐसा लगता है कि रिचर्डसन का फैसला इस हफ्ते एडीलेड में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों और कुछ राज्यों के अपनी सीमाएं बंद करने से प्रभावित है। कुछ राज्यों के सीमाएं बंद करने के कारण सीए को कप्तान टिम पेन और मार्नस लाबुशेन सहित अपने कुछ क्रिकेटरों को 27 नवंबर को भारत के खिलाफ सिडनी में होने वाले पहले वनडे से पूर्व यहां विमान से बुलाने को बाध्य होना पड़ा। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला टेस्ट 17 दिसंबर से एडीलेड में खेला जाना है। सीए हालांकि पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह पहले टेस्ट (दिन-रात्रि) का आयोजन एडीलेड में करने को लेकर प्रतिबद्ध है और स्थिति का लगातार निरीक्षण कर रहा है।

# भारत के इंग्लैंड दौरे पर दर्शकों को मिल सकती है मंजूरी

## ईसीबी ने 2021 सत्र का कार्यक्रम जारी किया

**भाषा**। लंदन

**इंग्लैंड** एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आगामी गर्मियों (2021) के लिए घरेलू सत्र का कार्यक्रम जारी कर दिया है जिसमें भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के साथ दर्शकों को स्टेडियम वापस लाने की योजना है। भारत के खिलाफ ए मैच अगस्त-सितंबर में खेले जाएंगे। इंग्लैंड ने इस साल कोविड-19 महामारी के दौरान दर्शकों के बिना वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के खिलाफ अलग-अलग टेस्ट श्रृंखलाओं के बाद सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी की थी।

ईसीबी हालांकि अब कोविड-19 की स्थिति के मद्देनजर आगामी सत्र से मैदान में दर्शकों को वापस लाने के लिए उत्सुक है। बोर्ड द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने कहा, कुछ यादगार प्रदर्शनों के साथ यह साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिहाज से हमारे लिए अद्भुत था। हमें पता है कि लोगों ने घर में रहते हुए इसका कितना लुत्फ उठाया है। उन्होंने कहा कि अगला साल हमारे लिए और भी बड़ा है क्योंकि इसमें भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला का रोमांच देखने को मिलेगा। इसके साथ ही पुरुष और महिला टीमों को सीमित ओवरों के कई मैच खेलने है। दृष्टिबाधित क्रिकेटरों को एशेज श्रृंखला में भाग लेना है। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश दर्शकों को मैदान में वापस लाने की होगी। हैरिसन ने कहा कि कोविड-19 को लेकर अनिश्चितता बरकरार है लेकिन हमें उम्मीद है कि हम अगले साल मैदान में दर्शकों का स्वागत कर पाएंगे। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृखला का पहला मैच चार अगस्त से ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा।

इसके बाद के मुकाबले क्रमशः लॉर्ड्स, हेडिंग्ले, किया ओवल में होंगे जबकि आखिरी टेस्ट 10 से 14 सितंबर तक मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। भारतीय टीम को पिछले इंग्लैंड दौरे पर 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड की टीम श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला खेलेगी।

### कार्यक्रम

पहला टेस्ट मैच: चार से आठ अगस्त, ट्रेंट ब्रिज। दूसरा टेस्ट मैच: 12 से 16 अगस्त, लॉर्ड्स। तीसरा टेस्ट मैच: 25-29 अगस्त, हेडिंग्ले। चौथा टेस्ट मैच: दो से छह सितंबर, ओवल। पांचवा टेस्ट मैच: 10 से 14 सितंबर ओल्ड ट्रैफर्ड

## इंग्लैंड अगले साल पाक में दो टी-20 खेलेगा

**कराची**। इंग्लैंड 16 साल में पहली बार दो मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अगले वर्ष अक्टूबर में पाकिस्तान का दौरा करेगा। पाकिस्तान ने कोरोना वायरस महामारी के बढ़ते प्रकोप के बावजूद इंग्लैंड का दौरा किया था जिसके जवाब में इंग्लैंड ने उसके यहां का दौरा करने का फैसला किया है। कराची में 14 और 15 अक्टूबर को होने वाले ए दो मैच 2021 टी-20 विश्व कप की तैयारी का हिस्सा होंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) दोनों ने बुधवार को दौरे की पुष्टि करते हुए कहा कि यह भारत में टी-20 विश्व कप से पहले होगा। पीसीबी ने इंग्लैंड को अगले साल जनवरी में पाकिस्तान का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपलब्धता और खर्चे से जुड़े मामलों के कारण ईसीबी को दौरे के समय में बदलाव के लिए बाध्य होना पड़ा। पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसीम खान ने कहा, मुझे यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि इंग्लैंड अक्टूबर 2021 में दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा।

# रोहित के पास कप्तानी का दावा करने का सर्वश्रेष्ठ मौका: अख्तर

**भाषा**। नई दिल्ली

**पाकिस्तान** के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का मानना है कि आस्ट्रेलिया में विराट कोहली की गैरमौजूदगी में जब रोहित शर्मा भारतीय टेस्ट टीम की अगुआई करेंगे तो इस बहुप्रतीक्षित श्रृंखला में उनके पास सीमित ओवरों के एक प्रारूप में टीम की कप्तानी का दावा मजबूत करने का सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। रोहित शर्मा की अगुआई में मुंबई इंडियन्स के लगातार पांचवां इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम में अलग प्रारूप में अलग कप्तान नियुक्त करने की मांग तेज होने लगी है। कोहली की गैरमौजूदगी में रोहित की अगुआई में भारत ने एशिया कप खिताब भी जीता था। अजिंक्य रहाणे को टेस्ट टीम का उप कप्तान बनाया गया है लेकिन अख्तर को लगता है कि एडीलेड ओवल में पहले टेस्ट के बाद रोहित को कप्तानी की जिम्मदेरी सौंपी जाएगी। भारतीय कप्तान कोहली पहले टेस्ट बाद अपने पहले




बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट जाएंगे। कोहली की गैरमौजूदगी में भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी के बारे में पूछने पर अख्तर ने पीटीआई से कहा कि इस पर मेरा रुख बेहद साफ है। जितना मुझे पता है तो विराट टीम को आगे ले जाने के लिए बेताब है। यह इस पर निर्भर करता है कि वह कितनी थकान महसूस कर रहा है। वह 2010 से लगातार खेल रहा है, उसने 70 शतक और ढेरों कर बनाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह थकान महसूस कर रहा है तो फिर उसे एक प्रारूप (प्राथमिक रूप से टी-20 में) में नेतृत्व भूमिका रोहित को देने पर विचार करना चाहिए। अख्तर ने कहा कि आईपीएल में मुझे उसके चेहरे पर नीरसता नजर आ रही थी, यह शायद जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहने के कारण था, वह थोड़ा तनाव में लग रहा था। यह सब इस पर निर्भर करेगा कि वह कैसा महसूस कर रहा है। रोहित पिछले कुछ समय से कप्तानी के लिए तैयार है। यह श्रृंखला विदेशी हालात में सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित की पहली श्रृंखला होगी और उनके सामने पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड जैसे तेज गेंदबाजों का सामना करने की मुश्किल चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि रोहित भारत के महानतम बल्लेबाजों में से एक है। अब वह अपनी प्रतिभा की असली कीमत समझते हैं। अख्तर ने कहा कि आस्ट्रेलिया में कप्तान के रूप में खुद को साबित करने का उसके पास सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। वह दोनों हाथों से इस मौके का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। उसमें टीम की अगुआई करने की प्रतिभा और क्षमता है।

## साहा ने नेट अभ्यास किया, चोट से उबरने की राह पर

**सिडनी**। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने बुधवार को यहां भारतीय टीम के साथ नेट अभ्यास किया जिससे संकेत मिले कि एडीलेड में 17-21 दिसंबर तक आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व वह चोट से पूरी तरह उबर सकते हैं। भारत के शीर्ष विकेटकीपर में से एक साहा सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से इंडियन प्रीमियर लीग में खेलते हुए अपने दोनों पैरों की मांसपेशियों में चोट लगा बैठे थे, जिसके कारण आईपीएल के एलीमिनेटर और फिर दूसरे क्वालीफायर में भी हिस्सा नहीं ले पाए थे।

बुधवार को साहा को नेट पर श्रीलका के बाएं हाथ के विशेषज्ञ नुवान सेनेवीरत्ने और भारत के दाएं हाथ के दयानंद गेरानी की थ्रोडाउन का काफी समय तक सामना करते हुए देखा गया। साहा ने हालांकि विकेटकीपिंग नहीं की और बीसीसीआई द्वारा अपलोड किए गए इस वीडियो से इस विकेटकीपर बल्लेबाज के उबरने का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।

## एआईएफएफ ने अंडर-17 महिला खिलाड़ियों को सीनियर टीम में मौका देने का भरोसा दिया

**नई दिल्ली**। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप (2020) के रद्द होने के बाद कई भारतीय खिलाड़ियों का भविष्य मौका मिलने से पहले ही अधर में अटक गया जबकि टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी के करार को आगे बढ़ाया जा सकता है। खिलाड़ियों को लग रहा है कि इतने लंबे समय तक कड़ी तैयारी करने के बाद भी उन्हें इस आयुवर्ग टूर्नामेंट में मौका नहीं मिलेगा, उन्हें अपने भविष्य को लेकर भी चिंता भी है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को हालांकि इन खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि निकट भविष्य में सीनियर टीम में चयन के लिए उनके नामों पर विचार किया जाएगा। एआईएफएफ के महासचिव कुशल दास ने कहा कि इस टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका जन्म 2005 में हुआ है और मेरा मानना है कि वे 2022 में होने वाले विश्व कप में खेलने के पात्रा होंगे। फीफा ने अभी अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 के लिए आयु तय नहीं किए है लेकिन मेरा मानना है कि इसमें 2005 से 2007 के बीच जन्म लेने वाले खिलाडय़िों को मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी महिला फुटबॉल विकसित करने की समग्र योजना का हिस्सा हैं। वे राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा बने रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह टीम मार्च 2021 में एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के पहले चरण में भाग लेने वाली कोर टीम होगी। भारत में इस विश्व कप का आयोजन इस साल नवंबर में होना था लेकिन कोविड-19 के कारण उसे अगले साल (2021) फरवरी- मार्च के लिए स्थगित कर दिया था। फीफा ने हालांकि मंगलवार को इसे रदद कर दिया और 2022 में होने वाले अगले टूर्नामेंट की मेजबानी भारत को सौप दी। दास ने संकेत दिया कि टीम के मुख्य कोच डेरेनबी के करार को बढ़ाया जाएगा और वह 2022 सत्र तक भारतीय टीम से जुड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि डेरेनबी अंडर -17 विश्व कप टीम के लिए सही कोच हैं। उनके पास अब भारत का अनुभव भी है। उनका रिकार्ड और सहायक कर्मचारियों के साथ तालमेल बहुत अच्छा है।

# इशांत शर्मा ने एनसीए में पूरे रन-अप के साथ गेंदबाजी अभ्यास शुरु किया



भाषा। नई दिल्ली

**ऑस्ट्रेलिया** में 17 दिसंबर से शुरु हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले फिटनेस हासिल करने की कवायद में लगे अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज इशांत शर्मा बुधवार को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में पूरे रन-अप के साथ गेंदबाजी अभ्यास करते देखे गए। इशांत इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सिर्फ शुरुआती मैच खेल कर चोटिल हो गए थे। उनके पेट के बाएं तरफ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। इशांत इसके बाद एनसीए में निदेशक राहुल द्रविड़ और मुख्य फिजियो आशीष कौशिक की देखरेख में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने बुधवार को ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें 32 साल का यह तेज गेंदबाज अपने पूरे रन-अप के साथ गेंदबाजी कर रहा है। इस मौके पर द्रविड़ और मुख्य चयनकर्ता सुनील जोशी भी वहां मौजूद थे। पारस म्हाब्रे और मंसूर खान जैसे एनसीए कोचिंग दल के सदस्यों की देखरेख में वह मुख्य रूप से एक स्टंप पर गेंदबाजी कर रहे थे। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने हाल ही में पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि एडीलेड में होने वाले पहले टेस्ट से पहले इशांत फिट हो जाएंगे। इशांत अगर ऑस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट मैच खेलने में सफल रहते है तो वह कपिल देव के बाद टेस्ट मैचों का शतक पूरा करने वाले दूसरे भारतीय तेज गेंदबाज बनेंगे। वह 300 टेस्ट शिकार पूरा करने से तीन विकेट दूर हैं।

# जर्मनी को रौंदकर स्पेन नेशन्स लीग के सेमीफाइनल में

## फेरान टोरेस ने लगाई शानदार हैट्रिक

**एपी**। सेविले

**स्पेन** में जर्मनी को 89 साल में सबसे करारी शिकस्त देकर नेशन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। स्पेन ने फेरान टोरेस की हैट्रिक की बदौलत जर्मनी को 6-0 गोलों से शिकस्त दी। इस जीत से स्पेन की टीम ने ग्रुप विजेता के रूप में अंतिम चार में जगह बनाई। फ्रांस पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है और अब तक अजेय है। फ्रांस ने स्वीडन को 4-2 गोल से हराया जो टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। एक अन्य मुकाबले में रूबेन डियास के अंतिम लम्हों में दागे गोल की बदौलत पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 3-2 गोल से शिकस्त दी। लीग ए के चार में से तीन मैच ही हो सके क्योंकि युक्रेन की टीम में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों के बाद स्विट्जरलैंड के खिलाफ उसका मुकाबला रद्द कर दिया गया। जर्मनी को नेशन्स लीग के अंतिम चार में जगह बनाने के लिए स्पेन के खिलाफ सिर्फ ड्रा की दरकार थी लेकिन उसे रिकॉर्ड हार का सामना करना पड़ा। प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंटों में देश की सबसे करारी हार के बाद जर्मनी के खिलाड़ी सकते में नजर आए। आस्ट्रिया के खिलाफ 1931 में मैत्री मैच में 6-0 गोल की हार के बाद यह जर्मनी की किसी भी मैच में सबसे बड़ी हार है। स्पेन की ओर से टोरेस ने 33वें, 55वें और 71वें मिनट में गोल दागे जबकि अल्वारो मोराटा, रोड्री और माइकल ओयारजबल ने भी एक-एक गोल किया। दूसरी तरफ फ्रांस ने ओलिवर गिरोड के दो गोल की बदौलत स्वीडन को हराया। गिरोड के अलावा बेंजामिन पेवार्ड और किंग्सले कोमान ने भी गोल दागे।

स्वीडन की ओर से विक्टर क्लेसन और रोबिन क्वेसन ने गोल दागे। पुर्तगाल की जीत के हीरो डियास रहे जिन्होंने दो गोल दागे। डियास ने 52वें मिनट में गोल दागने के बाद 90वें मिनट में गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। जोओ फेलिम्स ने पुर्तगाल की ओर से एक अन्य गोल दागा। क्रोएशिया की ओर से दोनों गोल मातियो कोवासिच ने किए।




## इक्वाडोर ने कोलंबिया को 6-1 गोलों से हराया

**विश्व कप क्वालीफाइंग**

**साओ पाउलो**। इक्वाडोर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मुकाबले में कोलंबिया को 6-1 गोलों से रौंद दिया। इस जीत के बाद इक्वाडोर के चार मैचों में नौ अंक हो गए हैं। टीम को अब ब्राजील बनाम उरूग्वे और अर्जेन्टीना बनाम पेरू के मुकाबले का इंतजार है। ब्राजील के तीन मैचों में नौ जबकि अर्जेन्टीना के तीन मैचों में सात अंक हैं। शीर्ष चार टीमें कतर में होने वाले 2022 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी, जबकि पांचवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतर महाद्वीपीय प्ले आफ में खेलेगी। इक्वाडोर की ओर से रॉबर्ट आरबोलेडा, एंजेल मेना, माइकल एस्ट्राडा, जेवियर एरीगा, गोंजालो प्लाटा और परविस एस्टुपिनान ने गोल किए। कोलंबिया के लिए एकमात्र गोल जेम्स रोड्रिग्स ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर किया।

# सेंसेक्स पहली बार 44,000 अंक के पार

**भाषा**। मुंबई

**वैश्विक** बाजारों के सकारात्मक रुख तथा विदेशी कोषों के सतत प्रवाह से शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में नए रिकॉर्ड के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 227 अंक और चढ़कर पहली बार 44,000 अंक के पार निकल गया। बैंकिंग, वाहन और इंजीनियरिंग शेयरों में लिवाली से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 44,215.49 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। अंत में सेंसेक्स 227.34 अंक या 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 44,180.05 अंक के नए उच्चस्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स पहली बार 44,000 के पार बंद हुआ है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 64.05 अंक या 0.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,938.25 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। दिन में कारोबार के दौरान निफ्टी 12,948.85 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 10.76 प्रतिशत चढ़ गया। एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाइटन, टीसीएस और भारती एयरटेल के शेयर 2.07 प्रतिशत तक टूट गए। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख तथा विदेशी कोषों के सतत प्रवाह से बाजार धारणा मजबूत हुई। शेयर बाजारों के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 4,905.35 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। कोविड-19 वैक्सीन के परीक्षण के उत्साहवर्धक नतीजों से वैश्विक बाजारों में भी मजबूती का रुख था। हालांकि, कोरोना वायरस के बढ़ते मामले चिंता का विषय बने हुए हैं। रिलायंस सिक्योरिटीज के संस्थागत कारोबार प्रमुख अर्जुन यश महाजन ने कहा कि मुख्य रूप से वित्तीय और वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी से घरेलू बाजार लाभ दर्ज कर रहा है। इसके अलावा मिडकैप और स्मॉलकैप में भी अच्छी लिवाली देखने को मिल रही है।

रिजर्व बैंक द्वारा लक्ष्मी विलास बैंक से निकासी की सीमा लगाए जाने के बाद आज बैंक का शेयर 20 प्रतिशत टूटकर निचले सर्किट को छू गया।

## वेदांता ने बीपीसीएल में सरकारी हिस्सेदारी खरीदने के लिए अभिरुचि पत्र दाखिल किया

**भाषा**। नई दिल्ली

**वेदांता** समूह ने बुधवार को कहा कि उसने भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) में सरकार की हिस्सेदारी खरीदने के लिए प्रारंभिक अभिरुचि पत्र (ईओआई) दाखिल कर दिया है। भारत के दूसरे सबसे बड़े ईंधन रिटेलर कंपनी में वेदांत की दिलचस्पी उसके अपने मौजूदा तेल और गैस कारोबार के साथ तालमेल रहने के कारण है। सरकार बीपीसीएल में अपनी पूरी 52.98 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही है और इसके लिए अभिरुचि पत्र (ईओआई) दाखिल करने की अंतिम तिथि 16 नवंबर थी। कंपनी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, बीपीसीएल के लिए वेदांत का ईओआई हमारे मौजूदा तेल और गैस कारोबार के साथ संभावित तालमेल का मूल्यांकन करने के लिए है। सरकार ने बोली लगाने के समाप्ति के मौके पर कहा था कि कई अभिरुचि पत्र प्राप्त हुए हैं। हालांकि, उसने बोली लगाने वालों की पहचान उजागर नहीं की।

## सिप्ला ने कोविड-19 एंटीबॉडी परीक्षण किट को बेल्जियम की मल्टीजी के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली**। दवा कंपनी सिप्ला ने बुधवार को कहा कि उसने कोविड-19 एंटीबॉडी परीक्षण किट के वितरण के लिए बेल्जियम की कंपनी मल्टीजी के साथ लाइसेंस समझौता किया है। यह समझौता ज्यादातर उभरते बाजारों और यूरोप के लिए है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि यह लाइसेंस समझौता जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन रक्षक उपचार और नैदानिक बुनियादी ढांचा बढ़ाने के उसके प्रयासों का हिस्सा है। कंपनी ने बताया, इस समझौते के तहत सिप्ला कोविड-19 रैपिड एंटीबॉडी किट का वितरण करेगी।

# एफपीआई ने सितंबर तिमाही में 6.3 अरब डॉलर का निवेश किया

**नई दिल्ली**। मॉर्निंग स्टार की एक रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी निवेशकों का भारतीय इक्विटी बाजारों पर भरोसा कायम है और उन्होंने सितंबर तिमाही में 6.3 अरब डॉलर का निवेश किया। रिपोर्ट के मुताबिक आकर्षक कीमत, लॉकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था को दोबारा खोलने और कारोबारी गतिविधियों के बहाल होने से यह निवेश बढ़ा। एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) ने इससे पहले जून तिमाही में 3.9 अरब डॉलर का शुद्ध निवेश किया था, जबकि मार्च तिमाही में 6.38 अरब डॉलर निकाले थे। भारतीय इक्विटी बाजारों के जोरदार प्रदर्शन के चलते समीक्षाधीन तिमाही में एफपीआई निवेश की कीमत भी काफी बढ़ी। रिपोर्ट में बताया गया कि सितंबर के अंत में भारतीय इक्विटी में एफपीआई निवेश करीब 450 अरब डॉलर था, जो इससे पिछली तिमाही के 344 अरब डॉलर के मुकाबले 31 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा भारतीय इक्विटी के बाजार पूंजीकरण में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का योगदान भी समीक्षाधीन अवधि के दौरान 21.4 प्रतिशत रहा, जो जून तिमाही में 18.7 प्रतिशत था। भारतीय इक्विटी बाजारों में एफपीआई के योगदान का यह उच्चतम स्तर है। इससे पहले उच्चतम स्तर मार्च 2015 में 20.5 प्रतिशत था।

## ब्रिटेन के साथ तरजीही व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की अपील की

**नई दिल्ली**। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वाणिज्य मंत्रालय से ब्रिटेन के साथ तरजीही व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का आग्रह किया है। एईपीसी के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने कहा कि इस समझौते से घरेलू कंपनियों को होने वाले सीमा शुल्क के नुकसान को दूर करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनवरी 2021 में ब्रेक्जिट (ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से अलग होने) के बाद बांग्लादेश सहित 47 अल्प विकसित देशों (एलडीसी) को ब्रिटेन में तरजीही व्यापार लाभ मिल रहा है। उन्होंने वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे एक पत्र में कहा, ऐसे में ब्रिटेन जैसे महत्वपूर्ण और संभावनाओं से भरे बाजार में भारतीय परिधान निर्यातकों को नुकसान का सिलसिला जारी रहेगा। एक तरजीही व्यापार संधि के तहत दो देश व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कुछ निश्चित संख्या में वस्तुओं पर सीमा शुल्क को कम या समाप्त कर देते हैं। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ की सामान्ईकृत तरजीही योजना (जीएसपी) के चलते बांग्लादेश जैसे देशों के मुकाबले भारत को 9.6 प्रतिशत शुल्क का नुकसान उठाना पड़ रहा है और ब्रिटेन ने भी अल्प विकसित देशों के लिए इस योजना को जारी रखने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश भी काफी प्रतिस्पर्धी है और उसका निर्यात 2009-18 के दौरान 11.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जबकि भारत के निर्यात में आधा प्रतिशत की कमी आई।

# गृह मंत्रालय के अधिकारी को ट्रंप ने किया बर्खास्त

**● उक्त अधिकारी ने राष्ट्रपति पद के चुनाव को बताया था सुरक्षित**

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गृह मंत्रालय के उस शीर्ष अधिकारी को बर्खास्त कर दिया है, जिसने पिछले सप्ताह कहा था कि तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति पद का चुनाव अमेरिका के इतिहास में सबसे सुरक्षित चुनाव रहा है। ट्रंप ने इन चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कई राज्यों में मुकदमे दर्ज कराए हैं, लेकिन वह अपने दावों को पुख्ता करने के लिए कोई सबूत मुहैया नहीं करा सके।ट्रंप ने मंगलवार को ट्वीट किया कि उन्होंने गृह मंत्रालय में साइबरसिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (सीआईएसए) के निदेशक क्रिस्टोफर क्रेब्स को बर्खास्त कर दिया है। डेमोक्रेट नेता जो बाइडन से मिली हार को स्वीकार करने से इनकार करने वाले रिपबल्किन नेता ट्रंप ने चुनाव धोखाधड़ी के निराधार दावे किए हैं। उन्होंने ट्वीट किया, 2020 चुनाव की सुरक्षा को लेकर क्रिस क्रेब्स का हालिया बयान बिल्कुल गलत है। चुनाव में व्यापक स्तर पर अनियमितताएं और धोखाधड़ी हुई, मृत लोगों के मतों की गणना की गई, चुनाव प्रहरियों को मतदान केंद्रों में जाने की अनुमति नहीं दी गई, वोटिंग मशीन में खामियां थीं, जिसके कारण ट्रंप के लिए दिए गए मत (निर्वाचित राष्ट्रपति जो) बाइडन के खाते में चले गए। ट्रंप ने कहा, इसलिए क्रिस क्रेब्स को साइबरसिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी के निदेशक पद से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाता है। क्रेब्स राष्ट्रपति ट्रंप को मिली हार के बाद उनके द्वारा हाल ही में बर्खास्त किए गए पहले अधिकारी हैं। इससे पहले ट्रंप ने रक्षा मंत्री मार्क एस्पर की वफादारी पर शक करते हुए उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया था।अटकलें हैं कि जनवरी में राष्ट्रपति पद छोड़ने से पहले ट्रंप सीआईए की निदेशक जीन हेस्पल और एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर रे को भी बर्खास्त कर सकते हैं। क्रेब्स ने खुद को बर्खास्त किए जाने पर कोई अफसोस प्रकट नहीं किया। उन्होंने ट्वीट किया, सेवाएं देने के लिए सम्मानित महसूस करता हूं। हमने सही किया। वर्तमान को बचाया, भविष्य सुरक्षित होगा। मुख्यधारा की मीडिया ने बाइडन को राष्ट्रपति पद के चुनाव का विजेता घोषित किया है, लेकिन ट्रंप ने अपनी हार स्वीकार करने से इनकार कर दिया है और दावा किया है कि चुनाव में उनकी जीत हुई है।

## ट्रंप की ओर से सहयोग नही मिलने के बाद भी बाइडन के शपथ ग्रहण की तैयारियां जारी

विलमिंगटन, डेलावेयर (अमेरिका) (एपी)। अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से सहयोग नहीं मिलने के बाद भी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के शपथ ग्रहण की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। अमेरिका में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को आधिकारिक रूप से खुफिया विभाग के अधिकारियों से रूबरू कराया जाता है , लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो रहा है। ऐसे में बाइडन ने मंगलवार को खुफिया, रक्षा और राजनयिक विशेषज्ञों के साथ डिजिटल माध्यम से बैठक की।

इनमें से कोई भी अधिकारी फिलहाल अमेरिकी सरकार से जुड़ा हुआ नहीं हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि बाइडन को देश के सामने मौजूद खतरों के बारे में ताजातरीन जानकारियां दी जा रही हैं या नहीं। वहीं नवविर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को मंगलवार को आधिकारिक रूप से जानकारियां दी गईं। उन्होंने सीनेट की खुफिया मामलों की कमेटी के एक सदस्य के साथ बैठक की। अमेरिका का मौजूदा प्रशासन कोरोना वायरस हालात पर भी बाइडन को अपनी टीम के साथ चर्चा नहीं करने दे रहा। ऐसे में बाइडन के प्रतिनिधियों ने इस सप्ताह फार्मा कंपनियों से प्रत्यक्ष रूप से मुलाकात करने की योजना बनाई है। ट्रंप की ओर से शांतिपूर्व सत्ता सौंपे जाने के संकेत नहीं मिलने के चलते बाइडन और उनकी टीम जनवरी में सत्ता मिलने के तुरंत बाद उठाए जाने वाले कदमों को लेकर तैयारियों में जुटी है।



## न्यूजीलैंड पुलिस ने वर्दी में हिजाब को किया शामिल

**मेलबर्न।** कांस्टेबल जीना अली न्यूजीलैंड पुलिस की पहली ऐसी कर्मी होंगी, जो बल की वर्दी में शामिल करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया हिजाब पहनेंगी। मुस्लिम महिलाओं को सेवा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से देश वर्दी में हिजाब को शामिल किया गया है।जीना (30) के मन में न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में पिछले साल हुए आतंकवादी हमले के बाद मुस्लिम समुदाय की मदद के लिए पुलिस में शामिल होने की इच्छा पैदा हुई थी। इस हमले में दो मस्जिदों में 51 लोगों की मौत हो गई थी।न्यूजीलैंड हेराल्ड ने बताया कि जीना इस सप्ताह पुलिस अधिकारी बन जाएंगी और साथ ही वह न्यूजीलैंड की पहली ऐसी पुलिसकर्मी होंगी जो वर्दी में शामिल किया गया हिजाब पहनकर ड्यूटी करेंगी। समाचार पत्र ने कहा कि जीना ने ऐसा हिजाब बनाने में पुलिस की मदद की, जो उनके काम और धर्म के अनुरूप हो।जीना ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह अपने समुदाय-खासकर महिलाओं का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उनका मानना है कि वर्दी में हिजाब को शामिल करने से अन्य महिलाएं भी बल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित होंगी।जीना ने कहा, पुलिस की वर्दी में हिजाब को शामिल किए जाने का अर्थ है कि जो महिलाएं पहले पुलिस बल में शामिल होने के बारे में नहीं सोच सकती थीं, वे अब ऐसा कर सकती हैं। यह देखना बहुत सुखद है कि पुलिस ने किस प्रकार मेरे धर्म और संस्कृति को समाहित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस बल में शामिल होने के दौरान पुलिस कॉलेज में प्रशिक्षण के दौरान उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा गया। जीना ने कहा, मुसलमान समुदाय की मदद के लिए अधिक से अधिक मुस्लिम महिलाओं को आगे आने की आवश्यकता है। न्यूजीलैंड पुलिस ने 2008 में अपनी वर्दी में पगड़ी को शामिल किया था और नेल्सन कांस्टेबल जगमोहन माल्ही ड्यूटी पर पगड़ी पहनने वाले पहले अधिकारी बने थे।

# राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों ने बाइडन व हैरिस को दी राजनयिक , रक्षा एवं खुफिया चुनौतियों की जानकारी

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों ने देश के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और निर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को देश के सामने मौजूद राजनयिक, रक्षा एवं खुफिया चुनौतियों की जानकारी दी।

सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया की शुरुआत करने वाली अमेरिकी सरकारी एजेंसी जनरल सर्विसेस एडमिनिस्ट्रेशन (जीएसए) ने डेमोक्रेटिक नेताओं बाइडन और हैरिस को तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव के विजेता के तौर पर अभी तक मान्यता नहीं दी है। इस एजेंसी की अध्यक्ष एमिली डब्ल्यू मर्फी को ट्रंप ने नियुक्त किया था। मर्फी ने सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कानूनी रूप से आवश्यक कदम उठाने से इनकार कर दिया है। इस प्रक्रिया के शुरू होने के बाद ही बाइडन की टीम को बजट मिल सकेगा, आधिकारिक खुफिया जानकारी मुहैया कराई जा सकेगी और संघीय एजेंसियों तक पहुंच मिल सकेगी।बाइडन-हैरिस सत्ता हस्तांतरण दल ने मंगलवार को कहा, विशेषज्ञों ने उन्हें उन राजनयिक, रक्षा एवं खुफिया चुनौतियों के बारे में बताया, जिनका सामना उनके प्रशासन को पहले दिन से करना होगा। जनरल (सेवानिवृत्त) लॉयड ऑस्टिन, टोनी ब्लिंकन, निकोलस बर्न्स, डेविड कोहेन, एवरिल हैन्स, कैथलीन हिक्स, जनरल (सेवानिवृत्त) स्टैनली मैकक क्रिस्टल, एडमिरल (सेवानिवृत्त) विलियम मैकरावेन, कारमेन मिडलटन, सामंथा पावर, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) विंसेंट स्टीवर्ट, लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड और रॉबर्ट वर्क ने बाइडन एवं हैरिस को यह जानकारी दी।बाइडेन ने इस दौरान कहा, इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमें हमारे लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है... और हमारी विदेश नीति उनके मूल्यों एवं आवश्यकताओं को प्रतिबिम्बित करती है। मुझे लगता है कि हमे अमेरिका के नेतृत्व को फिर से पहले की अवस्था में लाना और अमेरिका को मुखिया बनाना होगा। विशेषज्ञों ने ऐसे समय में यह जानकारी दी है, जब निवर्तमान ट्रंप प्रशासन बाइडन और हैरिस को रोजाना आधिकारिक खुफिया जानकारी नहीं दे रहा है। ट्रंप ने चुनाव में हार स्वीकार करने से इनकार कर दिया है, ऐसे में प्रशासन बाइडन और हैरिस को खुफिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर जानकारी मुहैया नहीं करा पा रहा है।

## बदमाशों ने खुफिया विभाग कार्यालय पर हमला किया पुलिसकर्मी की मौत

**एजेंसी।** पेशावर

**उत्तरी-पश्चिमी** पाकिस्तान में स्थित सुरक्षा बलों के खुफिया विभाग के कार्यालय पर दो हथियारबंद बदमाशों ने हमला कर एक पुलिसकर्मी को मार डाला।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के चरसद्दा जिले में स्थित पुलिस के खुफिया विभाग के कार्यालय पर दो बंदूकधारियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं। हमले में विशेष शाखा के एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि जवाबी कार्वाई में पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया, जबकि दूसरा भागने में कामयाब रहा। पुलिस इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चला रही है।



कोलंबिया में आए भीषण तूफान व बारिश के बाद अस्त व्यस्त हुए क्षेत्र का दौरा करते राष्ट्रपति ईवान

## अमेरिका ने अफगानिस्तान और इराक में अपने सैनिकों की संख्या कम करने की घोषणा की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका ने** अफगानिस्तान और इराक में अगले साल 15 जनवरी तक अपने सैनिकों की संख्या 2500-2500 करने की घोषणा की है।

कार्यवाहक अमेरिकी रक्षा सचिव क्रिस्टोफर सी. मिलर ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। यह घोषणा अफगानिस्तान और इराक में युद्ध को एक सफल और जवाबदेह अंजाम तक पहुंचाने और अपने सैनिकों को देश वापस लाने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अभियान दल के वादे के अनुरूप है।नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए इसका विरोध किया है। कई रिपब्लिकन सांसदों ने भी इसका विरोध किया है।मिलर ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा, मैं इन दोनों देशों में बल के पुन: स्थापन के राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश को जारी रखने की औपचारिक रूप से घोषणा कर रहे हैं। 15 जनवरी 2021 तक अफगानिस्तान में 2500 सैनिक होंगे। इराक में भी उस तारीख तक हमारे 2500 सैनिक होंगे। अफगानिस्तान में अभी अमेरिका के 4500 से अधिक सैनिक हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्रायन ने कहा कि बाकी सैनिक वहां अमेरिकी दूतावासों और अन्य सुविधाओं की सुरक्षा में तैनात रहेंगे।बाइडन और नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के सत्ता हस्तांतरण दल ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। बहरहाल, डेमोक्रेटिक पार्टी के शीर्ष सांसदों ने तुरंत इस कदम की आलोचना की है।सीनेटर चक शूमर ने संवाददाताओं से कहा, ट्रंप की नीति अस्थिर है और पूर्णत: आवेग में आकर लिए फैसले पर आधारित है... सीनेटर टैमी डकवर्थ और मिच मैककोनेल ने भी इस कदम की आलोचना की।

# कोरोना वायरस: अमेरिका में तेजी से बढ़ते मामलों के मद्देनजर फिर लगाई जा रही हैं पाबंदियां

**एपी।** आयोवा सिटी (अमेरिका)

**अमेरिका में** कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अधिकारियों ने इससे निपटने के लिए एक बार फिर पाबंदियां लगानी शुरू कर दी हैं।

रिपब्लिकन गवर्नरों ने मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है और स्कूलों को दोबारा खोलने की योजनाएं भी फिलहाल स्थगित की जा रही हैं। इस बीच, कई लोग मास्क पहनने और सामाजिक दूरी बनाए रखने के नियम के पीछे के विज्ञान पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों को इस बात का भी डर है कि एक बार फिर पाबंदियां लगाए जाने से और नौकरियां जा सकती हैं।आयोवा की गवर्नर किम रेनॉल्ड्स जो मास्क पहनने के खिलाफ थीं, उन्होंने भी मंगलवार से मुंह ढंकने के अपने नियम में बदलाव किया। हालांकि उन्होंने दावा किया, मास्क पहनने से कोरोना वायरस फैलने का खतरा कम होने या ना होने, दोनों से जुड़े वैज्ञानिक सिद्धांत है। जन स्वास्थ्य अधिकारियों ने अगले सप्ताह थैंक्सगिविंग के मद्देनजर भी विशेष तैयारियां की हैं। वहीं डॉक्टरों ने लोगों से बड़े समारोह ना करने की अपील की है। जॉन हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के अनुसार अमेरिका में सोमवार को सर्वाधिक 73,000 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती थे। वहीं सोमवार को कोविड-19 के 1,66,000 से अधिक नए मामले सामने आए थे।अमेरिका में अभी तक 2,47,000 से अधिक लोगों की वायरस से मौत हो चुकी है। यहां प्रतिदिन औसतन 1,145 लोगों की मौत हो रही है। आयोवा के अलावा, नॉर्थ डकोटा और यूटा ने भी अब मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है।वहीं साउथ डकोटा ने स्कूलों को एक बार फिर बंद करने का फैसला लिया है। हाल में यहां 94 छात्र और 47 कर्मचारी संक्रमित पाए गए थे। इस बीच, फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल ने मंगलवार को कहा कि देश में बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों के मद्देनजर आने वाले कुछ महीनों में अर्थव्यवस्था धीमी पड़ सकती है।

## संघर्ष विराम के बाद नागोर्नो काराबाख लौट रहे हैं आर्मेनिया के नागरिक

**एपी।** स्तेपनाकर्त

**आर्मेनिया और** आजरबैजान के बीच लंबे समय तक चले युद्ध के बाद हुए संघर्ष विराम के मद्देनजर अब बड़ी संख्या में जातीय आर्मेनियाई अपने वतन लौट रहे हैं जबकि नागोर्नो काराबाख की राजधानी स्तेपनाकर्त के मुख्य चौराहे पर लोग खुशियां मनाते और एक दूसरे को लगे लगाते देखे गए। मास्को की मध्यस्थता वाला यह संघर्ष विराम आजरबैजान के पक्ष वाला माना जा रहा है और इससे आर्मेनिया के काफी लोग नाराज भी हैं लेकिन उन्होंने हिंसा के कारण घर छोड़ कर जाने वाले लोगों को लौटने की इजाजत दी है। लड़ाई में घायल हुए दो बेटों के पिता नोन अगस्यान ने कहा, मुझे अच्छा लग रहा है क्योंकि मैं अपने बेटों के पास लौट रहा हूं। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार संघर्ष विराम समझौते के अनुरूप वहां तैनात रूसी शांतिरक्षकों ने शनिवार से नागोर्नो काराबाख लौट रहे 1200 से अधिक लोगों को पहुंच मुहैया कराई है।



लास एंजलिस के एक स्टेडियम में कोरोना वायरस की जांच को लेकर सामाजिक दूरी के साथ पार्क की गई गाड़ियों का एक दृश्य

## चीन के पास अगला दलाई लामा चुनने का कोई धार्मिक आधार नहीं है: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा है कि चीन के पास अगला दलाई लामा चुनने का कोई धार्मिक आधार नहीं है और बौद्ध धर्म के तिब्बती अनुयाई सैकड़ों साल से अपना आध्यात्मिक नेता सफलतापूर्वक चुनते आए हैं।अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अमेरिका के विशेष राजदूत (एम्बेसेडर एट लार्ज) सैमुएल डी ब्राउनबैक ने अक्टूबर में भारत की अपनी यात्रा को याद करते हुए एक कांफ्रेंस कॉल के दौरान कहा कि वह भारत के धर्मशाला में तिब्बती समुदाय से बात करने और उन्हें यह बताने गए थे कि अमेरिका चीन द्वारा अगला दलाई लामा चुने जाने के खिलाफ है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, उनके पास ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। उनके पास ऐसा करने का कोई धार्मिक आधार नहीं है। बौद्ध धर्म के तिब्बती अनुयाई सैकड़ों बरसों से अपना नेता सफलतापूर्वक चुनते आए हैं और उनके पास अब भी ऐसा करने का अधिकार है। ब्राउनबैक ने कहा कि अमेरिका इस बात का समर्थन करता है कि धार्मिक समुदायों को अपना नेता चुनने का अधिकार है। उन्होंने कहा, इसमें अगले दलाई लामा भी शामिल हैं। ब्राउनबैक ने कहा, हमारा मानना है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का यह कहना सरासर गलत है कि उन्हें इसका (दलाई लामा चुनने का) अधिकार है। 14वें दलाई लामा (85) 1959 में तिब्बत से निर्वासित होकर भारत में रह रहे हैं। वह स्थानीय लोगों के विद्रोह पर चीनी कार्वाई के बाद भारत आ गए थे। निर्वासन में रह रही तिब्बती सरकार हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से काम करती है। भारत में 1,60,000 से अधिक तिब्बती रहते हैं।ब्राउनबैक ने चीन पर धार्मिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा, इससे उन्हें आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मदद नहीं मिलेगी। ब्राउनबैक ने कहा कि चीन दुनिया को यह बताने की कोशिश कर रहा है कि यह आतंकवाद को रोकने की कोशिश है, लेकिन इससे वे और अधिक आतंकवादी पैदा करेंगे।

## क्विक न्यूज

### भारतीय-अमेरिकियों को बाइडेन प्रशासन के कैबिनेट में शामिल किए जाने की संभावना: रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व सर्जन जनरल विवेक मूर्ति समेत दो प्रमुख भारतीय-अमेरिकियों को अगले बाइडन-हैरिस प्रशासन की कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।द वाशिंगटन पोस्ट और पॉलिटिको ने मंगलवार को कहा कि कोविड-19 से निपटने को लेकर निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के शीर्ष भारतीय-अमेरिकी सलाहकार मूर्ति स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री बनाए जा सकते हैं और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अरुण मजूमदार को ऊर्जा मंत्री बनाया जा सकता है।मूर्ति (43) सत्ता हस्तांतरण के कोविड-19 सलाहकार बोर्ड के सह अध्यक्ष हैं। वह कोरोना वायरस संबंधी मामलों को लेकर बाइडन के निकट सहयोगी रहे हैं। खबरों में में कहा गया है कि इसी प्रकार, एडवांस रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी-एनर्जी के पहले निदेशक मजूमदार ऊर्जा संबंधी मामलों पर बाइडन के शीर्ष सलाहकार रहे हैं। मजूमदार के अलावा ऊर्जा मंत्री पद के लिए पूर्व ऊर्जा मंत्री अर्नेस्ट मोनिज, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधार्थी डैन रीचर और पूर्व उप ऊर्जा मंत्री एलिजाबेथ शेरवुड रैंडल भी दावेदार हैं। स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री पद के लिए मूर्ति के अलावा उत्तरी कैरोलाइना की स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री मैंडी कोहेन और न्यू मैक्सिको की गवर्नर मिशेल लुजान ग्रीशम को भी दावेदार माना जा रहा है।

### बगदाद के ग्रीन ज़ोन में दो रॉकेट दागे गए : इराक अधिकारी

**बगदाद।** इराक के अधिकारियों ने बताया कि बगदाद के कड़ी सुरक्षा वाले ग्रीन ज़ोन में कम से कम दो रॉकेट दागे गए। इसे अक्टूबर में ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा घोषित एक अनौपचारिक युद्धविराम संधि का अंत माना जा रहा है।इराक के दो अधिकारियों ने बताया कि रॉकेट ग्रीन ज़ोन में गिरे, जहां इराक सरकार का कार्यालय है और यहां अमेरिका समेत कई अन्य देशों के दूतावास भी स्थित है। दूतावास को निशाना बनाकर लगातार किए जा रहे हमलों के कारण वाशिंगटन ने बगदाद के राजनयिक मिशन को बंद करने की धमकी दी है।

### हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक पूर्व तीन सांसद गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग की पुलिस ने कई महीने पहले विधायिका की बैठक को बाधित करने के आरोप में पूर्व तीन विपक्षी सांसदों को गिरफ्तार किया है। टेड हुई, एडी छू और रेमंड चान के फेसबुक अकाउंट से किए गए पोस्ट में बताया गया है कि उनकी गिरफ्तारी विधायिका के मुख्य चेम्बर में हुई घटना से संबंधित है। इन तीनों ने अलग-अलग मौकों पर तीखे तरल पदार्थ और अन्य का इस्तेमाल करते हुए विधायिक की बैठकें बाधित की थी।हांगकांग पुलिस ने एक बयान में कहा कि उन्होने बुधवार को तीन पूर्व सांसदो को विधायिका की अवमानना और दूसरो को नुकसान पहुंचाने के इरादे से काम करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सभी के नाम नही लिए है।लोकतंत्र समर्थक गुट ने हाल के महीनों में हांगकांग और बीजिंग में चीनी सरकार पर आरोप लगाया है कि लोकतंत्र संबंधी मांगो के बाद इस अर्ध स्वायत्त क्षेत्र में नियंत्रण बढ़ाए जा रहे है।

### कोरोना वायरस संक्रमण के लिए चीन का कोरोना वैक टीका सुरक्षित प्रतीत हो रहा है: अध्ययन

**बीजिंग।** चीन में कोरोना वायरस संक्रमण के लिए कोरोना वैक टीके के प्रारंभिक चरण के क्लिनिकल ट्रायल के परिणामों में यह दावा किया गया है कि यह दवा अब तक सुरक्षित सबित हुई है और इसने 18 से 59 वर्ष के स्वस्थ लोगो में एंटीबॉडीज विकसित की है।लैन्सेट इंफेक्शियस डिसीज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार संक्रमण का टीका बनाने की दौड़ में शामिल कोरोना वैक के पहले टीकाकरण के 28दिन के भीतर यह लोगो मे एंटीबॉडीज प्रतिक्रिया पैदा कर सकता है। चीन के जियांग्सू प्रॉवेशियल सेंटर फॉर डिसीस कंट्रोल के शोधकर्ताओं ने सर्वाधिक एंटीबॉडीज प्रतिक्रिया पैदा करने के लिए सबसे ज्यादा डोज का पता लगाने का दावा किया है। अध्ययन के सह लेखक फेंगकई झू के मुताबिक, हमारा अध्ययन बताता है कि कोरोना वैक के दो डोज 14 दिन के अंतराल में दिए जाने पर यह टीकाकरण के चार सप्ताह के भीतर सर्वाधिक एंटीबॉडीज प्रतिक्रिया पैदा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा, लंबे अंतराल में जब कोविड-19का खतरा कम हो जाएगा, तब एक माह के अंतर में दो डोज देना दीर्घकालिक प्रतिरोधी तंत्र विकसित करने के लिए पर्याप्त रहेगा।

### ताइवान का एफ-16 लड़ाकू विमान प्रशिक्षण के दौरान लापता हुआ

**ताइपे।** ताइवान की सेना का कहना है कि उसकी वायुसेना का एक एफ-16 लड़ाकू विमान रात को प्रशिक्षण अभियान के दौरान लापता हो गया है।रक्षा मंत्रालय का कहना है कि मंगलवार की शाम उड़ान भरने के दो मिनट बाद ही एकल सीट वाला यह विमान राडार से गायब हो गया और उसके पायलट के संबंध में भी कोई सूचना नही है। हुआलिन शहर में स्थित वायुसेना के बेस सहित प्रशात महासागर के इलाके में आसमान और समुद्र में विमान की खोज की जा रही है।

# 'मेरे सिनेमैटिक विजन में कुछ भी विशेष नहीं'

निर्देशक **एम नाइट श्यामलन** को लगता है कि उनकी फिल्म 'ग्लास' एक प्रभावी फिल्म है क्योंकि इस फिल्म में दिखने वाले चरित्रों द्वारा प्रकट की गई भावनाएं दर्शकों के लिए एक वास्तविक परिदृश्य उपस्थित करते हैं। प्रस्तुत है उनसे बातचीत के अंश....





**■ आपने पूर्व के चरित्रों को ही लेकर इसका तीसरा संस्करण क्यों बनाया?**

मैं तो कहूंगा कि ये अनूठा काम है। मैंने सदा से ही मौलिक कहानियों और सामग्री के आधार पर ही फिल्में बनाई हैं। यही कारण है कि मैं हर फिल्म में कुछ नयापन या नया कलेवर प्रदान करने का प्रयास करता रहा हूं अर्थात एक ऐसी दुनिया जिसमें ये चरित्र निवास करते हों। यही कारण था कि मेरे लिए दो अलग अलग फिल्मों के चरित्रों को साथ लाना एक अलग अनुभव था। ये तो मैंने पहले ही किया था लेकिन अब इसका तीसरा संस्करण प्रस्तुत करने के प्रयास में हूं।

**■ अच्छाई और बुराई के बीच के संघर्ष के बारे में आपका क्या सोच होता है?**

मेरे विचार से फिल्म ग्लास में अच्छाई और बुराई को जिस प्रकार से प्रस्तुत किया गया है वो मुझे बहुत प्रिय है। इसमें कई प्रकार के प्रष्न सामने रखे गए हैं जैसे- क्या दुनिया में केवल बुरे लोग ही हैं? क्या अच्छे लोग होते हैं या फिर ऐसे बदलाव के माध्यम से ही इसे जारी रखा जाता है। या फिर समाज में मिश्रित प्रकार के लोग होते हैं?

पूरी कहानी इन्हीं दो बिंदुओं के बीच झूलती रहती है। कम से कम मैं तो फिल्म को लेकर यही सोचता हूं। यही बात इस फिल्म की सबसे बड़ी संपत्ति कही जा सकती है। इसमें विलेन तथा नायक को पुनर्परिभाषित करते हुए समर्थक और विरोधी बताया गया है। इस प्रकार ये बताने का प्रयास किया गया है कि हम इन दोनों में से कोई भी हो सकते हैं और यही बात इस फिल्म का सबसे बड़ा सकारात्मक बिंदु है।

**■ फिल्म में उपेक्षित चरित्रों के बारे में भी कुछ जानकारी दीजिये...**

फिल्म 'ग्लास' में तो हम ऐसे ही उपेक्षित चरित्रों की ही बात करते हैं। इसमें उनके द्वारा विश्व में ऐसे स्थान की तलाश को दिखाया गया है जो महत्वपूर्ण हो। इसमें उन्हें ये आभास दिलाया गया है कि वे सभी जैसे हैं और फिर चाहे दुनिया ने उन्हें इसके विरुद्ध अनुभव कराया हो।

**■ आप काल्पनिक चरित्रों में वास्तविक भावनाएं कैसे पिरो पाए?**

मेरे विचार से काल्पनिक संसार में चीजों में सर्वाधिक प्रभाव तभी आता है जब हम उन्हें वास्तविक संसार की भावनाओं में पिरोते हैं। फिल्म का ये पक्ष बहुत ही सशक्त है और इसका सर्वाधिक प्रभाव तभी सामने आता है जब दर्षक भी इस भावना को आत्मसात करते हैं।

**■ आप सिनेमैटिक विज़न प्राप्त करने के लिए किस पद्धति को अपनाते हैं?**

मेरा सिनेमैटिक विज़न और लोगों जैसा ही है। ये कैमरे की गति के साथ तारतम्य स्थापित करने जैसा है। हम कब बूमअप करें और कब इसे न करें। किसी भी दृश्य को करने से पहले उसके बारे में भलीभांति जान लेना ही मेरा सिनेमैटिक विज़न कहा जा सकता है।

**■ सैमुएल एल जैक्सन और ब्रूस विलिस के साथ अपने संबंधों के बारे में कुछ बताइये...**

सैम और मैं संपर्क में रहते थे। हम एक दूसरे से मिलते हैं लेकिन नियमित नहीं मिल पाते। लेकिन मै। और ब्रूस काफी समय से संपर्क में रहे हैं। हमारे परिवार भी एक दूसरे के समीप हैं। जब मैं छोटा सा बच्चा था तब वो मेरे बड़े भाई जैसा रहा है। मेरे जीवन की सभी बड़े जोखिम उसी ने लिये हैं और मुझे निरंतर सुरक्षित रखा है। अत: मेरे हृदय में उनके लिए विशेष स्थान है। उनके साथ काम करने का अनुभव विषेष रहता है। ये बात आपको फिल्म में भी दिखाई देगी।

**( फिल्म स्टार मूवीज़ चैनल पर उपलब्ध है )**

# 'दक्षिण भारतीय फिल्मों का हिंदी रीमेक एक सुरक्षित निवेश'

वरिष्ठ निर्माता **आनंद पंडित** का कहना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों के रीमेक का वर्तमान दौर आगे भी जारी रहने वाला है...



**हाल ही** में अक्षय कुमार की फिल्म लक्ष्मी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ हुई थी। ये 2011 में बनी राघव लॉरेंस की फिल्म कंचना का ही रीमेक थी। शाहिद कपूर भी एक दूसरी दक्षिण भारतीय तेलुगु फिल्म जर्सी में शीघ्र ही देखने को मिल सकते हैं। उनके अतिरिक्त जॉन अब्राहम भी एक मलयालम फिल्म अयप्पनुम कोशियुम में तो राजकुमार राव एक दूसरी तेलुगु फिल्म 'हिट' में दिखाई देंगे।

वरिष्ठ निर्माता आनंद पंडित का कहना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों का रीमेक बनाना कोई नई बात नहीं है, 'इससे पहले सिंबा, कबीर सिंह, किक, राउडी राठौर, वांटेड, बॉडीगार्ड, आर....राजकुमार, भूलभुलैय्या, गरम मसाला, हेराफेरी तथा अन्य फिल्में भी दक्षिण भारतीय फिल्मों की ही रीमेक थीं।

यहां तक कि वर्ष 1940 और 1950 में भी जेमिनी तथा एवीएम तथा प्रसाद प्रोक्शन जैसे निर्माता अपनी फिल्मों को हिंदी में भी बनाया करते थे। पंडित आगे बताते हैं, '1950 से ही दक्षिण भारतीय फिल्मों को हिंदी में बनाया जा रहा है। एक फिल्म थी आजाद जिसने दिलीप कुमार को हास्य कलाकार के रूप में स्थापित कर दिया, भी 1955 में एक तमिल फिल्म मलईक्कलम, का ही हिंदी रीमेक थी। इसके अलावा भी दिलीप कुमार दक्षिण भारतीय फिल्मों की रीमेक-राम और श्याम तथा आदमी, में पहले से ही काम कर रहे थे।' वर्ष 1980 में, पंडित स्मरण करते हैं, जीतेन्द्र ने भी दक्षिण भारतीय फिल्मों की हिंदी रीमेक-हिम्मतवाला, मवाली, तोहफा, जस्टिस तथा चौधरी जैसी कई रीमेक फिल्मों में काम किया था। पंडित को लगता है कि 'दक्षिण भारतीय फिल्मों की ओर आकर्षित होने का कारण पता करना कठिन नहीं हैं। इनमें कहानी साहसिक होती थी और वो वहां के दर्षकों को पहले से ही पसंद आ चुकी होती थी। ऐसे में उनकी रीमेक बनाना एक सुरक्षित सौदा माना जाता था। आज भी कई हिंदी रीमेक बनाई जा रही हैं जिनमें आप अर्जुन रेड्डी, को गिना सकते हैं।

उनका कहना है कि दर्षकों को अच्छी कहानी चाहिये होती है और दक्षिण भारतीय फिल्म में आपको नयापन अनुभव होता था। उनके अनुसार, 'मुझे नहीं लगता कि हमें गजनी, लक्ष्मी या सदमा जैसी फिल्में देखने को मिलतीं यदि ये रीमेक न होतीं। एक निर्माता के रूप में मैं भी दूसरी इंडस्ट्रीज़ के निर्देशकों के सहयोग से रोमांचक और मनोरंजक कहानी वाली फिल्म का रीमेक बनाना चाहता हूं।'

पंडित वर्तमान में अपनी आने वाली फिल्म 'द बिग बुल' को अंतिम रूप दे रहे हैं जिसमें अभिषेक बच्चन हैं तथा दूसरी फिल्म 'चेहरे' होगी जिसमें अमिताभ बच्चन और इमरान हाषमी प्रमुख कलाकार होंगे।

# नहाय-खाय के साथ सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ प्रारंभ

भाषा। पटना



**भगवान भास्कर** की आराधना का चार दिवसीय महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ बुधवार को शुरू हो गया। लोक आस्था के महापर्व छठ के प्रथम दिन आज प्रात: व्रती अपने परिवार के सदस्यों के साथ राजधानी पटना के समीप से गुजर रही गंगा नदी के विभिन्न घाटों सहित प्रदेश की अन्य नदियों के घाटों व तालाबों किनारे पहुंचे तथा स्नान एवं सूर्य उपासना के साथ नहायखाय की रस्म पूरी की। नहायखाय के दौरान व्रती अरवा चावल का भात, चने की दाल, कद्दू की सब्जी तथा धनिया के पत्ते की चटनी का भोग लगाते हैं। सूर्य उपासना के इस पावन पर्व पर नहायखाय के अगले दिन यानि बृहस्पतिवार व्रतियों द्वारा निर्जला उपवास रखकर खरना किया जाएगा। खरना में दूध, अरवा चावल व गुड़ से बनी खीर एवं रोटी का भोग लगाया जाता है। खरना के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपावास शुरू हो जाएगा जो कि 20 नवंबर की शाम अस्ताचलगामी सूर्य और 21 नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण के साथ पूरा होगा। वर्तमान कोविड संक्रमण के दौरान छठ व्रत के सफल एवं सुचारु आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एहतियात के तौर पर लोगों को आवश्यक सलाह दी है तथा इस आशय का व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अपनी सलाह में सभी व्रतियों से यथासंभव अपने घर पर ही छठ पूजा का आयोजन करने को कहा है। छठ पर्व के दौरान बुखार से ग्रस्त व्यक्ति, 60 साल से ऊपर के व्यक्ति, 10 साल से कम उम्र के बच्चे एवं अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त व्यक्तियों को छठ घाटों पर नहीं जाने की सलाह स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई है। छठ व्रत के दौरान प्रत्एक व्यक्ति को मास्क का प्रयोग करने तथा 2 गज की दूरी का अनिवार्य रूप से पालन करने की सलाह दी गई है। तालाब में अर्ध्य देने के दौरान डुबकी नहीं लगाने की सलाह दी गई है। कोविड के खतरे को देखते हुए छठ घाटों पर भीड़ भाड़ नहीं लगाए जाने के साथ वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पटना जिला प्रशासन ने छठ पर्व के मद्देनजर शहरी क्षेत्र के 24 घाटों को इस बार खतरनाक अथवा अनुपयोगी घोषित किया है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए भूमि पेडनेकर आईं आगे



**अभिनेत्री** भूमि पेडनेकर ने भारतीय जनमानस में जलवायु संरक्षण के प्रति जागरूकता प्रसारित करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने इसके लिए ऑनलाइन तथा ऑफ्लाइन दोनों प्रकार के प्रयास किये हैं। इसी दीपावली से उन्होने क्लाइमेड वॉरियर के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता प्रसारित करने के प्रयास तेज कर दिये हैं। प्रकृति के संरक्षण पर बात करने की आवष्यकता है। वो इसके लिए अपने सिनेउद्योग के मित्रों और सहयोगियों को पौधे उपहार में दे रही हैं।

भूमि ने बताया, 'इन पौधों को लोगों को देने का कारण एक बहुत ही सरल विचार है कि हम सभी इस बार पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करें। मैं क्लाइमेट वॉरियर हूं और मुझे भी दीपावली जैसे पर्व प्रिय हैं जिनमें चमक-दमक और एक दूसरे को उपहार आदि प्रदान किये जाते हैं। मुझे लगा कि इस साल मैं लोगों को उपहार देने के ढंग में कुछ परिवर्तन लाऊं।

भूमि ने आगे बताया, 'मैं लोगों को 100 प्रतिशत जूट से बने पैकेट में गमले में पौधा रखकर लोगों को प्रेरित कर रही हूं। मेरा प्रयास है कि लोग त्योहारों पर अधिक से अधिक पर्यावरण अनुकूल उपहार तथा पौधे प्रदान करें।'

क्लाइमेट वॉरियर इस साल एक वर्ष पूरा कर चुका है। इस अवसर पर भूमि एक नए लोगो को लॉन्च कर रही हैं जिससे इस अभियान का संकेत मिल सकेगा। लोगो के बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए भूमि बताती हैं, 'हमें समझना होगा कि धरती सभी प्रकार के जीवों के लिए है और हम इसे केवल मनुष्यों के लिए बनी समझने की भूल नहीं कर सकते। धरती पर अरबों दूसरे जीव और उनकी प्रजातियां हैं और उन्हें भी यहां रहने का समान अधिकार है। हर साल हम सुनते हैं कि कई जीव लुप्त होते जा रहे हैं। वनों में आग लगती है, पहाड़ों की बर्फ पिघल रही है, जलवायु में परिवर्तन आ रहा है। इन सब बातों से प्रकृति में असंतुलन पैदा होता है। ये सही है कि मानव श्रेष्ठ प्रजाति हैं लेकिन इसका अभिप्राय केवल ये है कि हमें और अधिक दायित्वबोध होना चाहिये ताकि हम दूसरे जीवों को संरक्षण प्रदान कर सकें।'

उन्होंने आगे कहा, 'हमारे पास शक्ति है। हमें अपने खाली होते संसाधनों और वनों को संरक्षित करना होगा ताकि हमारी धरती पुन: हरी-भरी हो सके। हमें नवकरणीय समाधान या प्रयास अपनाने होंगे।'

# ऑल्ट बालाजी की मुम भाई एक मसालेदार पुलिस गैंगस्टर ड्रामा



**ऑल्ट बालाजी** और ज़ी5 ऐप्स ने इंटरनेट के दीवानों को मुम भाई की दुनिया से रूबरू कराने के लिए बहुत शानदार काम किया है। भारत के ओटीटी एंटरटेनमेंट के मास्टर्स ने अपनी नई पेशकश मुम भाईए से एक बार फिर यह दिखाया है कि उन्हें बिना किसी शक के निर्विवाद रूप से घरेलू स्ट्रीमिंग स्पेस का डॉन क्यों कहा जाता है। इस वेब सीरीज की कहानी और प्लॉट ही मजेदार और दर्शकों को सीट से बांधने वाला नहीं हैए बल्कि इस नई वेबसीरीज में आपको अंगद बेदी और सिकंदर खेर की धमाकेदार परफॉर्मेंस भी देखने को मिलेगी। शो के फैंस इससे ज्यादा कुछ नहीं मांग सकते। इस शो में एनकाउंटर करने के शौकीन और बात.बात में गन निकालने वाले पुलिसकर्मी और मुंबई के गैंगस्टर की बेहतरीन परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। इस शो की तेज रफ्तार से आप इसकी मनोरंजक और दिल को छू लेने वाली कहानी में पूरी तरह डूब जाएंगे । इसे पूरा देखे बिना आपको इस शो को छोड़ने का मन नहीं करेगा। इसके अलावा शो की सेटिंग से ही यह शो बिल्कुल असली लगता है। इस शो के केवल मुख्य किरदार ही नहींए बल्कि सभी कलाकार ही कहानी में गुंथे नजर आते हैं। शरद केलकर की शो के सूत्रधार के रूप में दिलकश और जबर्दस्त आवाज से शो में लोगों की दिलचस्पी और बढ़ेगी। इससे मुम भाई रोमांच से भरपूर एक मसालेदार शो की तरह दर्शकों को पूरा मजा देगा।इस शो के एक्टर्स मुंबइया भाषा और चरित्रों में इतनी गहराई से ढल गए हैं कि वेब सीरीज देखते समय आपको ऐसा नहीं लगेगा कि आप अंगद और सिकंदर को देख रहे हैं, बल्कि आपको ऐसा लगेगा कि आप असली भास्कर और रामा शेट्टी को ही स्क्रीन पर देख रहे हैं। यह आपको निश्चित रूप से लोकप्रिय पुलिसकर्मी और गैंगस्टर की लार्जर देन लाइफइमेज से रूबरू कराएगा। इस शो में दो प्रतिभाशाली कलाकारों ने पुलिसकर्मी और गैंगस्टर की भूमिकाएं धमाकेदार अंदाज में निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।मुम भाई जैसे शो की सबसे बड़ी खासियत जबर्दस्त ढंग से सीरीज के कैरेक्टर्स को उभारना है। इस शो की कहानी एक पुलिसकर्मी और एक गैंगस्टर की दोस्ती के इर्द.गिर्द घूमती है। इस शो में 80 के उत्तरार्ध के दशक से 2000 की शुरुआत तक अंडरवर्ल्ड की कहानी को मुंबई की पृष्ठभूमि में दिखाया गया है। क्या इस शो का दूसरा सीजन भी आएगा। फैंस इसका जवाब जानने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते।

## हरियाणा की लाडो के नाम दर्ज है 18 नवंबर

### मानुषी छिल्लर ने 2017 में इसी दिन जीता था मिस वर्ल्ड का खिताब



भाषा। नई दिल्ली

**साल के** 11वें महीने के 18वें दिन की बात करें तो तीन वर्ष पहले की एक खूबसूरत घटना के कारण इस दिन ने इतिहास में अपनी एक खास जगह बनाई है। दरअसल 18 नवंबर 2017 को भारत की मानुषी छिल्लर ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीतकर ऐश्वर्या राय और प्रियंका चोपड़ा की परंपरा को आगे बढ़ाया।हरियाणा के सोनीपत में जन्मी मानुषी ने 17 साल बाद यह खिताब देश के नाम किया। इससे पहले वर्ष 2000 में प्रियंका चोपड़ा ने इस खिताब को जीतकर उन गौरवपूर्ण क्षणों पर भारत का नाम लिख दिया था। मानुषी ने मातृत्व को दुनिया का सबसे अधिक वेतन पाने योग्य काम बताकर निर्णायकों को प्रभावित किया।

# संगीनों के साये में हुआ शवदाह

- थाना पिसावां इलाके का मामला, हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद परिजनों ने की अंत्येष्टि
- अंतिम संस्कार से मना कर रहे थे परिजन, माहौल बिगड़ता देख महकमे को लगानी पड़ी 4 थानों की पुलिस
- सीओ मिश्रिख को खुद जाकर देना पड़ा आश्वासन



संवाददाता। सीतापुर

**थाना पिसावां** इलाके में ट्रैक्टर से कुचलकर हुई युवक की संदिग्ध मौत मामले में पुलिस जैसे-तैसे मृतक का अंतिम संस्कार करवा पायी वह भी तब जब तक सीओ मिश्रिख ने खुद पहुंचकर परिजनों को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन नहीं दे दिया। इससे पहले परिजनों ने थाने के सामने आधा सैकड़ा लोगों के साथ पहुंचकर हाई-वोल्टेज ड्रामा किया और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। माहौल को षांत बनाये रखने के लिए महकमे को चार थानों की पुलिस लगानी पड़ी। दरअसल इलाके के जल्लापुर चौराहे के करीब सोमवार को नषे में धुत सत्येन्द्र सिंह निवासी बद्दापुर कोतवाली महोली की टैक्टर से कुचलकर मौत हो गयी थी। मामले में एक तरफ परिजन गांव के ही षेर सिंह व उसके साथियों पर हत्या का आरोप लगा रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस मामले को एक्सीडेंटल मौत बता रही थी। बाद में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन वारदात के तीन दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है और आरोपी फरार हैं। इससे क्षुब्ध परिजनों ने आधा सैकड़ा लोगों के साथ थाना पिसावां पहुंचकर थाने का घेराव कर लिया और षव का अंतिम संस्कार करने से ही मना कर दिया। मामले को बिगड़ता देख महकमे को थाना पिसावां के साथ कोतवाली मिश्रिख, महोली व संदना थाने की पुलिस को बुलाना पड़ा और बात जब तब भी नहीं बनी तो सीओ मिश्रिख एमपी सिंह खुद मौके पर पहुंचे। इस दौरान सीओ ने परिजनों को जब यह आष्वासन दिया कि तीन टीमें लगाकर आरोपियों की गिरतारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द उन्हें पकड़ लिया जायेगा। इसके बाद परिजनों ने जैसे-तैसे मृतक का अंतिम संस्कार किया।

## पुष्कर भवन में गूंजी कोटोदारों की आवाज

संवाददाता। सीतापुर

**नैमिश के** पुष्कर भवन में कोटोदारों की आवाज गूंजी। यहां आयाजित ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन की प्रदेश इकाई की बैठक में कोटेदारों की समस्याओं पर मंथन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी व प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों के कोटेदारों का भुगतान अटका पड़ा है, इस ओर शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है, प्रदेश सरकार तत्काल भुगतान करें अन्यथा की स्थिति में कोटेदार हाईकोर्ट की शरण में जाएंगे। जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष जयदेव सिंह यादव, अशोक कुमार सिंह, राजेश त्रिपाठी गाजियाबाद, त्रिभुवन यादव आजमगढ़, गिरीश तिवारी वाराणसी, विशंभर मौर्या चंदौली, विकास शर्मा गाजियाबाद, चंद्रभान सिंह गाजीपुर, रीना चौधरी लखनऊ, ,सुभाश पटेल मऊ, संतोश सिंह अमेठी, राजेंद्र सिंह सुल्तानपुर आदि मौजूद थे।

# वोटर आईडी न होने पर नहीं डाल पायेंगे वोट

संवाददाता। सीतापुर

**अगर आपके** पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है, तो आप अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। मतदान करने के लिए जरूरी है कि आपके पास वोटर आईडी कार्ड हो और आपका नाम वोटर लिस्ट में मौजूद हो। देश में वोटर आईडी कार्ड पाना आसान है, लेकिन इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लगता है। आप भी ऑनलाइन वोटर आईडी कार्ड के लिए अप्लाई कर सकते हैं। लेकिन ऑनलाइन अप्लाई करने से पहले आपको कुछ दस्तावेजों की जरूरत होगी।

### वोटर आईडी के लिए जरूरी दस्तावेज

वोटर आईडी कार्ड पाने के लिए, आपको दो तरह के दस्तावेजों की जरूरत होगी। जिन्हें आप स्कैन कर, अपलोड कर सकें। जानें इनके बारे में...

- एक एज प्रूफ डॉक्युमेंट (नीचे दी गई लिस्ट में से एक)
- म्युनिसिपल ऑफिस या रजिस्ट्रार ऑफ बर्थ्स ऐंड डेथ्स के जिला ऑफिस से जारी बर्थ सर्टिफिकेट।
- स्कूल या फिर किसी दूसरे बड़े शिक्षा संस्थान द्वारा जारी किया गया 10वीं का सर्टिफिकेट।
- 8वीं क्लास की मार्कशीट जिसमें जन्म की तारीख का जिक्र हो।
- 5वीं क्लास की मार्कशीट जिसमें जन्म की तारीख का जिक्र हो।
- भारतीय पासपोर्ट
- पैन कार्ड
- ड्राइविंग लाइसेंस
- यूआईडीएआई द्वारा जारी आधार कार्ड

**25 साल से ज्यादा हैं तो-** चुनाव आयोग का मानना है कि 25 साल से ज्यादा उम्र के लोग आमतौर पर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करा लेते हैं, इसलिए अगर आप पहली बार वोटर लिस्ट में नाम शामिल करा रहे हैं और आपकी उम्र 25 साल या उससे ज्यादा है तो आपको अलग-से एक एफिडेविट जमा करना होगा, जिसमें लिखा होगा कि पूरे देश में आपका नाम कहीं भी वोटर लिस्ट में शामिल नहीं है। अगर इनमें से कोई दस्तावेज न हो तो पहले से वोटर लिस्ट में शामिल माता या पिता में से कोई एक अपने साइन के साथ उम्र का डिक्लेरेशन दे सकते हैं। यह डिक्लेरेशन एक निश्चित फॉर्मेट में होता है, जिसे फॉर्म के साथ हासिल किया जा सकता है।

वोटर आईडी कार्ड के लिए इनमें से एक एड्रेस प्रूफ जरूरी

- करंट बैंक पासबुक/ किसान पासबुक/पोस्ट ऑफिस करंट पासबुक
- राशन कार्ड
- भारतीय पासपोर्ट
- ड्राइविंग लाइसेंस
- इनकम टैक्स असेसमेंट ऑर्डर
- लेटेस्ट रेंट अग्रीमेंट
- लेटेस्ट राशन कार्ड/ पानी/ बिजली/ टेलिफोन/गैस कनेक्शन का बिल, जिसमें आपके घर का अड्रेस हो। यह बिल या तो ऐप्लिकेंट के नाम से या फिर उसके पैरेंट्स के नाम से होना चाहिए।
- भारतीय पोस्टल डिपार्टमेंट द्वारा आवेदक के नाम पर रेजिडेंस पर भेजा गया कोई पोस्ट/पत्र/मेल

**नोट-**अगर अड्रेस प्रूफ के तौर पर राशन कार्ड पेश किया जाए, तो उसके अलावा ऊपर दिए गए दूसरे दस्तावेजों में से एक और प्रूफ भी जमा करना होगा।

दहशत के माहौल में ग्रामीणों का जीवन

# यहां सड़क पर टहलते तेंदुए को भेड़िया बता रहे हैं रेंजर!

- बोले निर्धारित मानक से छोटे हैं मिले पद चिन्ह, ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर टहल रहा था तेंदुआ, वन विभाग कर रहा यहां भी अनहोनी का इंतजार

संवाददाता। ऐलिया सीतापुर



**थाना इमलिया** सुल्तानपुर के चठिया व परई गांव के करीब ग्रामीणों द्वारा सड़क पर टहलता तेंदुआ देखे जाने के बाद वन विभाग की हरगांव रेंज टीम मौके पर मुआयना करने पहुंची। इस दौरान टीम को मौके पर मिले पग मार्क तेंदुए के नहीं बल्कि भेड़िए या सियार के लग रहे हैं। वन रेंजर अनिल सिंह का मानना है कि मौके पर जो फुट मार्क मिले हैं वह तेंदुए के मार्क से छोटे हैं। उसका फुट मार्क 6 इंच चौड़ा व 8 इंच लंबा होता है। ग्रामीणों ने रात के अंधेरे में डरकर तेंदुए को भेड़िया बता दिया है। आपको बता दें बीते सोमवार की शाम करीब 6 बजे हरगांव से अपने गांव लौट रहे हरिलाल व सुरेश निवासी अंदौली के अनुसार सड़क पर तेंदुआ टहल रहा था। सरेआम तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों में खौफ का माहौल बन गया है। लेकिन वन विभाग अभी यह तय नहीं कर पा रहा है कि देखा गया जानवर तेंदुआ है या कोई और। इससे पहले थाना संदना व मिश्रिख इलाके में तेंदुए ने अनेक मवेशियों को ही नहीं एक वृद्ध को तक अपना निवाला बना डाला है, लेकिन हर वक्त आश्वासन व सतर्कता की बातें बनाने वाले वन विभाग के साथ लखनऊ से आई डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम तमाम जतन करने के बाद भी तेंदुआ तो छोड़िए उसकी परछाई तक नहीं पकड़ पायी। ऐसे में यह सवाल उठता है कि वन विभाग टीम की कार्यवाही आश्वासन व सतर्कता बरतने तक ही सीमित रहेगी या फिर तेंदुए को पकड़ भी पाएगी। फिलहाल इमलिया सुल्तानपुर में मुवायना करने पहुंची हरगांव रेंज की टीम में क्षेत्रीय वन अधिकारी के साथ वन दरोगा मुकेश कुमार, गुरूनरायन यादव, प्रेम कुमार पाल, बीट प्रभारी अयोध्या प्रसाद, टीसी विनय कुमार पहुंचे थे। इस दौरान ग्राम प्रधान अनूप कुमार सिंह व ग्रामीण भी टीम के साथ मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**कमलापुर सीतापुर।** थाना कमलापुर के गरौली गांव में बीती रात महिला की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। मृतका के पिता संतोश शुक्ल ने पति संदीप अवस्थी, ससुर अनन्त अवस्थी और सास रामभोली पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरतार करके अत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। सीओ सिधौली दिनेश कुमार यादव, थाना प्रभारी रामनरेश यादव व हल्का इंचार्ज महेंद्र प्रताप सिंह घटना स्थल पर पड़ताल करने गए थे।

## 24 घंटे में मिले कोरोना के 12 नए मरीज

**सीतापुर।** सीतापुर में कोरोना के हालात नियंत्रण में हैं लेकिन जिस हिसाब से लापरवाही बढ़ती जा रही है, इसके परिणाम भयानक हो सकते हैं। पिछले 24 घंटे में जिले में 12 कोरोना के मरीज मिले हैं, जानकारों की माने तो कोरोना प्रोटोकाल के पालन में सजगता बढ़ाकर आंकड़ा और कम किया जा सकता है। वहीं कोरोना के इतिहास में पहली दफा शहर में कोई मरीज नहीं मिला है। बिसवां में 5 मरीज मिलने से हड़कंप है। बीसीएम अस्पताल में 2 और कसमण्डा के हरिहरपुर में 1 मरीज की पहचान की गई है। 4 मरीज अन्य स्थानों के हैं। इसी के साथ सीतापुर में कुल पॅजिटिव मरीजों की संख्या 4,505 हो गई है।

## विधानसभा क्षेत्रवार मतदाता सूचियां दुरुस्त करने की कवायद

**सीतापुर।** यूपी में वर्ष 2022 में असेंबली चुनाव होने हैं। इसलिए चुनाव आयोग ने अभी से विधान सभा क्षेत्रवार मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर दी है। युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोटर बनाने को आयोग के फरमान पर जिले भर के राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में मतदाता रजिस्ट्रेशन को हेल्पडेस्क बनेगी। साथ ही मॉनीटरिंग को एक कोऑर्डिनेटर भी तैनात किए जाएंगे। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज बताते हैं कि आयोग के निर्देश पर मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने को 17 नवंबर से विधान सभा क्षेत्रवार मतदाता पुनरीक्षण अभियान का श्रीगणेश हो चुका है। इस अभियान में एक जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाएगा।

## जागरूकता का संदेश देने को 21 तक चलेगा शिशु देखभाल सप्ताह

**सीतापुर।** नवजात का पहला टीका जन्म के पहले घंटे में कराया गया स्तनपान जीवन पर्यंत बीमारियों एवं बाहरी संक्रमण से उसे बचाता है। इसलिए जन्म के पहले घंटे नवजात को स्तनपान जरूर कराना चाहिए। नवजवात के समुचित देखभाल से उसका बचपन तो खुशहाल बनेगा, साथ ही शिशु मृत्यु दर को भी कम होगी। समाज में जागरूकता का संदेश देने को स्वास्थ्य विभाग ने नवजात शिशु देखभाल सप्ताह चला रखा है। ये अभियान 21 नवंबर तक चलेगा। चिकित्सक चित्रा वैश्य का मानना है कि देश में शिशु मृत्यु दर अधिक है। इसे रोकथाम के लिए नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल के लिए जरूरी है, इसलिए चिकित्सक की देखरेख में ही प्रसव कराएं। प्रसव के बाद 48 घंटे तक मां एवं शिशु की उचित देखभाल के लिए चिकित्सालय में रुकें। जन्म के एक घंटे के भीतर मां का गाढ़ा पीला दूध पिलाना शुरू कर दें और छह माह तक सिर्फऔर सिर्फस्तनपान कराएं। समुचित देखभाल व सावधानी से शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती हैं।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ, यातायात नियमों का पालन जरूरी: पीठासीन अधिकारी

**सीतापुर।** बुद्धवार को परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरूवात की गयी। सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) के पीठासीन अधिकारी एस0बी0 पाण्डेय ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रचार वाहनों तथा बाईक रैली को झण्डी दिखाई गयी। बाईक रैली शहर के जी0आई0सी0 चौराहे से होते हुए लालबाग पहुंच कर सम्पन्न हुई। सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ करते हुए पीठासीन अधिकारी ने कहा कि यातायात के नियमो का पालन करना अत्यन्त आवश्यक है शासन द्वारा यातायात नियमो के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के लिये शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है यातायात के छोटे-छोटे नियम बड़े सड़क हादसो को टालने में सहायक है। एआरटीओ (प्रवर्तन) डा0 उदित नारायण ने कहा कि यातायात के नियम सुरक्षा का कवच हैं। कार्यक्रम के शुभारम्भ के बाद परिवहन विभाग द्वारा रोडवेज चौराहे, विकास भवन परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। एआरटीओ (प्रशासन) प्रवीण कुमार सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में सीतापुर प्रगति संस्थान द्वारा सहयोग किया गया। पीटीओ शैहपर किदवई, टीआई बृजेश राय, टीएसआई रामजतन, सुदीप आर्या, डीबीए शैलेन्द्र दीक्षित, सुपरवाईजर टी0एन0 मिश्रा आदि मौजूद रहे।

सुपर टेट के परसेन्टेज को लेकर दायर याचिका खारिज

# सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षामित्रों को दिया झटका

संवाददाता। सीतापुर

- कोर्ट ने 60 व 65 प्रतिशत कट ऑफ के अनुसार भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने का सुनाया फैसला 29 हजार से अधिक शिक्षामित्रों के प्राथमिक शिक्षक बनने का टूटा सपना

**सुप्रीम कोर्ट** ने एक बार फिर शिक्षामित्रों को झटका दे दिया है। 69 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में सुपर टेट के परसेन्टेज को लेकर शिक्षामित्रों की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया गया है। भर्ती प्रक्रिया आरक्षित वर्ग के 60 और अनारक्षित वर्ग के 65 प्रतिशत कट ऑफ के मुताबिक होगी। इसी के साथ शेष 37,339 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया का रास्ता साफ हो गया है। शिक्षामित्रों ने आरक्षित वर्ग के लिए कट ऑफ 40 प्रतिशत जबकि सामान्य वर्ग के लिए कट ऑफ 45 प्रतिशत करने को लेकर हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी जिसे कोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दिया। इससे पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने 31 हजार 661 पदों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति का आदेश राज्य सरकार को दिया था जिसमें से 31 हजार 277 पर अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से 29 हजार से अधिक शिक्षामित्रों के के प्राथमिक शिक्षक बनने का सपना टूटेगा क्योंकि 40 व 45 प्रतिशत कट ऑफ अंक के अनुसार करीब 37 हजार से अधिक शिक्षामित्र उत्तीर्ण हुए हैं जबकि 60 व 65 प्रतिशत कट ऑफके अन्तर्गत केवल 8018 शिक्षामित्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। इस निर्णय से जहां शिक्षा मित्रों में मायूसी है तो वहीं बीएड, बीटीसी धारकों में खुशी की लहर है। हालांकि शिक्षामित्रों के पास प्राथमिक शिक्षक बनने का अभी एक और मौका है।

थाना इमलिया सुल्तानपुर के कस्बा चौराहे का मामला

# आरक्षी हुआ लाइन हाजिर फिर भी अड़े रहे भाजपा नेता..!



- कस्बाइयों के आक्रोश से बैकफुट पर नजर आयी पुलिस
- आरक्षी पर कार्रवाई के बाद मान मुनव्वल करते दिखे आला अधिकारी

**ऐलिया सीतापुर।** थाना इमलिया सुल्तानपुर के कस्बा चौराहे पर 'दिवाली के दिन अलाय बलाय बुझाने के मामले' में बुधवार को अलग-अलग नजारे नजर आए। जहां एक तरफ भाजपा नेता साकेत मिश्रा आरोपी आरक्षी को लाइन हाजिर करने के बाद भी अड़े नजर आए तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस कस्बाइयों के आक्रोश से बैकफुट पर भाजपा नेता की मान मुनव्वल करती दिखी। इस दौरान भाजपा नेता ने सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय से कहा कि आगे ऐसी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपको बता दें दिवाली के दिन सड़क पर जलाई गई अलाय बलाय को आरक्षी अंकित कुमार ने बुझा दिया था, जिससे कस्बे वासी नाराज हो गए थे और थाने का घेराव करने की बात कह रहे थे। मंगलवार की रात भी एएसपी नॉर्थ डॉ राजीव दीक्षित व सीओ सदर ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया था लेकिन कुछ बात नहीं बन पाई थी। मामले को बिगड़ता देख महकमे को थाना इमलिया सुल्तानपुर के साथ, थाना हरगांव, महोली व रामकोट की पुलिस भी तैनात करनी पड़ी थी।

# समाज के लिए प्रेरणास्रोत बने दिव्यांग मुकेश

- शरीर से चालीस फीसदी पोलियोग्रस्त फिर भी बन गए दूध कारोबारी, रोजाना सुबह मोपेड से करते हैं दूध का कलेक्शन

संवाददाता। सीतापुर



**दृढ़ इच्छाशक्ति,** कड़ी मेहनत और नेक इरादे हों तो कुछ भी असंभव नहीं हो सकता। इसी संकल्प का मूल मंत्र बनाकर एक दिव्यांग मुकेश ने ऐसा ही कुछ कर दिखाया है। आज वो समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरे हैं। वैसे तो वो नौकरी करना चाहते थे, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह से उन्हें बीच में ही पढ़ाई रोकनी पड़ी और परिवार का हाथ बंटाने को अब दूध कारोबारी बन गए हैं। मुकेश कहते हैं कि वो रोजाना सुबह पहले आसपास के गांवों से दूध कलेक्ट करते हैं, बाद में मोपेड पर लाद कर उसे शहर में ले जाकर बेच देते हैं। इससे उन्हें अब अच्छी कमाई होने लगी है। साथ ही उनके परिवार का पालन-पोषण भी आसान हो गया है। ऐलिया ब्लॉक के कोरैया उदयपुर के रहने वाले मुकेश वर्मा जन्म से ही शारीरिक रूप से कमजोर हैं। उनका शरीर चालीस फीसदी पोलियोग्रस्त है। बीएससी पढ़ाई कर चुके दिव्यांग मुकेश कहते हैं कि उनका परिवार आर्थिक रूप से संबल नहीं था, इसलिए उन्हें बीच में ही पढ़ाई रोकनी पड़ी। शुरुआत में उन्होंने प्राइवेट नौकरी की तलाश की मगर उन्हें इसमें कामयाबी नहीं मिली। ऐसे में उन्होंने खुद का व्यवसाय करने की एक सोच बना ली।

**ऐसे मिली स्वरोजगार की प्रेरणा:** दिव्यांग मुकेश कहते हैंघ् कि उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था, इसलिए उन्होंने परिवार का हाथ बंटाने के लिए स्वरोजगार करने का मन तो बनाया, लेकिन उनकी यह समझ में नहीं आ रहा था कि वो कौन सा रोजगार करें, क्योंकि उनके पास इतनी पूंजी भी नहीं। वह कहते हैं कि उनके गांव में दूधिया दूध लेने आते थे, तभी उनके मन में दूध बेचने का आइडिया मन में आया, फिर उसी को टारगेट कर दूध का कारोबार शुरू किया।

**गांव-गांव जाकर खरीदते हैं दूध:** वह कहते हैं कि दूध के कारोबार के लिए उन्होंने सबसे पहले गांव के आस-पास के गांवों में जाकर पशुपालकों से बातचीत की और उनसे दूध खरीदना शुरू किया। उनका कहना है कि इस कारोबार में उन्हें रोजाना बीस से तीस किमी बाइक चलानी पड़ती है। कहते हैं कि वो रोजाना सुबह उठकर मोपेड से पहले गांव-गांव जाकर दूध कलेक्ट करते हैं। बाद में उसे मोपेड पर लादकर सीतापुर शहर लेकर उसे बेच देते हैं। वो कहते हैं कि प्रतिदिन 70-75 लीटर बेच लेते हैं। इस कारोबार से उन्हें डेली छह से सात सौ रुपये की बचत हो जाती है। इससे उनके परिवार का भरण पोषण आसानी से चल जाता है।

## विवक न्यूज

### उचक्कों ने कार्ड बदल खाते से निकाले 19,500 रुपए

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली के बिसवां चौराहे पर एक्सिस बैंक के एटीएम पर टप्पेबाजी हो गई। गीता यादव ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि पैसे निकालते समय उचक्कों ने कार्ड बदल दिया और 19,500 रुपये खाते से निकाल लिए। इसकी जानकारी मोबाइल पर मैसेज आने पर हुई।

### नीरज वर्मा बनीं अवध की क्षेत्रीय महामंत्री

**सीतापुर।** महिला भाजपा नेत्री नीरज वर्मा को पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। उन्हें अवध का क्षेत्रीय महामंत्री बनाया गया है। उनको पदभार मिलने पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, कस्ता विधायक सोनू सिंह, इंदू सिंह चौहान, कंचन पाण्डेय, अविनाश वर्मा, विकास वर्मा, प्रभात अग्निहोत्री, उमाकांत वर्मा, उदित बाजपेई आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### सपा नेता का हुआ जोरदार स्वागत

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी नेता दिग्विजय सिंह का लहरपुर में जोरदार स्वागत किया गया। वह लखीमपुर जा रहे थे। इसी दौरान कस्बे के हरगांव चौराहे पर युवा सपा नेता निहाल कुरैशी, निवर्तमान नगर अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा समीर हसन, पूर्व सभासद लतीफ कुरैशी, शोभित सिंह, साहिल कुरैशी, मोहसिन खान, सज्जाद खान आदि ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

### एमएलसी चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर

**सीतापुर।** एमएलसी चुनाव को लेकर कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। पार्टी के खण्ड स्नातक प्रत्याषी ब्रजेष सिंह ने जिला पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से भेंट वर्ता करके चुनावी रणनीति बनाई। उन्होंने कहा कि युवाओं की आवाज उठाने के लिए वह चुनाव लड़ रहे हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उत्कर्श अवस्थी, आमोद मिश्रा, संतोश कुमार भार्गव, राजकिषोर सिंह, पुश्पा भार्गव, चोक्ष विभु अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### क्रय केंद्र पर गन्ना न तौले जाने पर किसानों ने काटा हंगामा

**हरगांव सीतापुर।** हरगांव मिल के गन्ना क्रय केन्द्र पर गन्ना न तौले जाने पर किसानों ने हंगामा काटा। जल्द तौल न होने पर केन्द्र पर ही गन्ना जला देने का ऐलान किया। दरअसल किसान 9151 प्रजाति का गन्ना केन्द्र पर लेकर पहुंचे थे, सेंटर इंचार्ज ने गन्ना को रिजेक्ट करार देकर तौल करने से मना कर दिया, मिल उच्च अधिकारियों ने भी इंचार्ज को फालो किया। रही-सही कसर जिला गन्ना अधिकारी ने भी पूरी कर दी। उन्होंने बताया कि कुछ लोग रिजेक्ट प्रजाति का गन्ना गुड़ बेल से खरीदकर सेंटर पर ले जाते हैं।

### ग्रामीणों ने की बीडीओ से शिकायत

**रेउसा सीतापुर।** रेउसा विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सीपतपुर के दर्जन भर ग्रामीणो ने आवास प्लस सर्वे लिस्ट से नाम काटने की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की है। अशोक, राम मिलन, सतीश, राम प्रसाद, आशा राम , अखिलेश कुमार, रामसागर, श्रीपाल, शिवकुमार, राम प्रताप, सरदार सिंह व राम अनुज आदि ने सर्वे लिस्ट में नाम जोड़े जाने की मांग की है। खंड विकास अधिकारी ने मामले की जांच कराए जाने का भरोसा दिलाया है।

### गन्ने के खेत में लटकता मिला किशोरी का शव

**तंबौर सीतापुर।** थाना तंबौर इलाके के ग्राम मल्लापुर में लापता किशोरी का शव घर से कुछ दूरी पर स्थित गन्ने के खेत में लटकता मिला। एएसपी डॉ राजीव दीक्षित, सीओ सुशील कुमार सिंह व एसओ तंबौर अमित सिंह भदौरिया ने मौके पर पहुचकर जांच पड़ताल की है। घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। बता दें 14 वर्शीया गीता मंगलवार शाम घर से निकली थी।

### पूर्व विधायक के पिता पंचतत्व में विलीन

**सीतापुर।** पूर्व विधायक रामपाल यादव के पिता विश्वेश्वर दयाल यादव का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वह लम्बे समय से बीमार थे। बुधवार को भानपुर गांव में उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। पूर्व विधायक महेन्द्र कुमार सिंह झीन बाबू, हरगोविंद भार्गव, अनिल वर्मा, अनुपम वर्मा, रामू वर्मा, नीरज वर्मा झल्लर, अभिशेक भदौरिया, आलोक वर्मा, शोभित मिश्रा, शमीम कौसर सिद्दीकी, मुन्ना मुजम्मिल, जहीर अब्बास, राजकिशोर, आलोक सिंह, जियाउल हक, रामजीवन जायसवाल, राजू लाला, रामेंद्र यादव, प्रदीप यादव, मेराजुद्दीन प्रधान, रिजवान अतीक आदि ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर दुःख जताया।

### 21 नवंबर को सीतापुर भ्रमण पर आयेंगे रामसिंह राणा

**सीतापुर।** स्नातक चुनाव खंड लखनऊ के समाजवादी पार्टी प्रत्याशी राम सिहं राणा 21 नवम्बर को सीतापुर के भ्रमण पर आ रहे हैं। वह सुबह 9 बजे शहर, 11 बजे मिश्रिख, 12 बजे महोली, 1 बजे हरगांव, 2 बजे लहरपुर, 3 बजे बिसवां, 4 बजे महमूदाबाद और शाम 5 बजे सिधौली में कार्यकर्ताओं से मुलाकत करेंगे।

### मोहम्मद हसीन अंसारी ने गरीब बच्चों को बांटे वस्त्र

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर के समाजसेवी मोहम्मद हसीन अंसारी ने मानवता की मिशाल पेश की है। उन्होंने मोहल्ला ठठेरीटोला स्थित पूर्व सभासद उमेश मेहरोत्रा के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में आधा सैकड़ा गरीब बच्चों को ऊनी वस्त्र वितरित किए। उन्होंने अन्य समृद्ध लोगों से भी मदद करने का आह्वान किया है।

### शिवम मिश्र सामजवादी प्रबुद्ध सभा के नगर अध्यक्ष नियुक्त

**सीतापुर।** शहर के कृष्णानगर निवासी शिवम मिश्र सामजवादी प्रबुद्ध सभा के नगर अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। उनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव, प्रदीप यादव, अंकित त्रिवेदी आदि ने हर्श व्यक्त किया है।

### प्राचीन दरगाह औखान काह हजरत रमजान अली शाह पर नहीं लगेगा उर्स का मेला

**सीतापुर।** कोरोना के चलते लहरपुर के मोहल्ला गांधीनगर की प्राचीन दरगाह औखान काह हजरत रमजान अली शाह पर उर्स व मेला नहीं लगेगा। इस बात की जानकारी दरगाह कमेटी के सचिव हाजी सोहराब अली कादरी और मुतवल्ली हाजी मुन्नन ने दी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय कमेटी की मीटिंग में लिया गया है। बैठक में सज्जादा नशीन, साबिर मियाँ, अनवर बिस्वानी, जेडआर रहमानी, हाजी साबिर अली, मास्टर मोहम्मद, यामीन इस्लामुद्दीन अंसारी, मोहम्मद अफाक आदि मौजूद थे।

### बिसेण्डी प्रधान छह माह के लिए जिला बदर

**सीतापुर।** मानपुर की ग्राम पंचायत इलाके की ग्राम पंचायत बिसेण्डी के प्रधान गुण्डा एक्ट के आरोपी अबूशहमा और उनके छोटे भाई अबूतालिब को 6 माह के लिए जिलाबदर कर दिया गया है। थाना प्रभारी मानपुर राय साहब द्विवेदी ने बताया कि दोनो आरोपी शातिर किस्म के आरोपी हैं।

### पूर्व अध्यक्ष ने कोतवाल पर लगाए गंभीर आरोप

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर तहसील पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने लहरपुर कोतवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। इसमें उन्होंने कहा कि लहरपुर कस्बे में कबाड़ कारोबार के नाम पर अवैध रूप से काटे वहान काटे जा रहे हैं, इसमें पुलिस संलिप्त रहती है, इसके अलवा लकड़ी के क्रय विक्रय में भी कोतवाल संलिप्त रहते हैं। पकंज शुक्ल पत्र क्षेत्र में चर्चा का विशय बना है।

### पर्चियों की बदली हुई व्यवस्था से किसान बेहाल

**संदना सीतापुर।** संदना क्षेत्र के गन्ना किसान पर्चियों की बदली हुई व्यवस्था से बेहाल हैं। किसी के मोबाइल पर मैसेज नही जा रहा तो किसी का मोबाइल नम्बर ही नहीं फीड हो पाया है। उधर क्षेत्र में लाइट व सर्वर की व्यवस्था भी ध्वस्त है। ऐसे में किसान मिल से लगाकर समिति के चक्कर काट रहे हैं। मिल प्रशासन किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है।

### डीएम ने की पराली न जलाने का अपील

**सीतापुर।** राजकीय कृषि फार्म रामकोट पर किसानों का जमावड़ा लगा। यहां आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने किसानों से पराली न जलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा पराली जलाने से जमीन की उत्पादन झमता कम हो जाती है। .शि उप निदेशक अरविंद मोहन मिश्र ने किसानों को .शि यंत्र और बीज प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी। जिला .शि अधिकारी एएन पांडेय, .शि रक्षा अधिकारी एसएन राम, भूमि संरक्षण अधिकारी राजित राम ,रामकुमार यादव, देवेंद्र सिंह, पूर्व .शि अधिकारी, रणबीर सिंह पंकज पांडेय आदि उपस्थित थे।

### सचिव पर अधूरी सूचना देने का आरोप

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां की ग्राम पंचायत निपनिया के सचिव पर अधूरी सूचना देने का आरोप लगा है। गांव के प्रेम शंकर का कहना है कि आरटीआई के तहत विकास कार्यों से जुड़ी सूचनाएं मांगी गई थी लेकिन सचिव ने प्रधान से मिलीभगत करके सूचना के नाम पर सिर्फबहकाने का कार्य किया है, जो सूचनाएं उपलब्ध कराई गई हैं वह तत्थ्यहीन हैं।

# प्रत्याशी बना रहे जमीन और प्रशासन रणनीति

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी






**डीएम शैलेंद्र** कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक विजय ढुल के साथ जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ स्नातक एवं शिक्षक क्षेत्र के निर्वाचन 2020 को सकुशल निर्विघ्न एवं निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु बैठक कर रणनीति तय की।

डीएम ने सभी अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एक दिसंबर 2020 को आयोजित होने वाले निर्वाचन में जिले में कुल 19 मतदान केंद्र बनाए गए। जिसमें लखनऊ खंड स्नातक क्षेत्र हेतु 49 एवं खंड शिक्षक क्षेत्र के निर्वाचन हेतु 12 बूथ बनाए गए हैं। इस प्रकार जिले में कुल 61 बूथ बनाए गए। उन्होंने बताया कि स्नातक क्षेत्र हेतु जिले में 32290 मतदाता एवं शिक्षक क्षेत्र हेतु 2274 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। डीएम ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने हेतु निर्देश दिए। एसपी ने आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत बनाई जाने वाली टीमों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग पूरी तन्मयता के साथ निर्वाचन को संपन्न कराए जाने हेतु कमर कस लें। इस वर्चुअल बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित जिले के सभी उप जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी सम्मिलित हुए।

**निघासन संवाददाता के अनुसार,** भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक कस्बे के क्रय-विक्रय में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने एमएलसी स्नातक चुनाव को लेकर समीक्षा की। कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता कमर कस लें। चुनाव बहुत ही नजदीक हैं, समय बिल्कुल नहीं है। सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी समझ कर लग जाए। क्योंकि चुनाव जीतना है। जिन कार्यक्रताओं को जिम्मेदारी दी गई है वो जिनको नही भी दी गई है सभी लोग कडी़ से कड़ी मेहनत से चुनाव में लग जाए। क्षेत्रीय कार्यक्रता अपने अपने क्षेत्रों में वोटर लिस्ट के माध्यम से सम्पर्क करते रहें और भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर पांडे, जिला महामंत्री विनोद लोधी, देवेंद्र चतुर्वेदी, नागेंद्र सिंह सेंगर, शशिकांत चतुर्वेदी, डीएस मौर्य, मंडल अध्यक्ष प्रज्ञानंद श्रीवास्तव, विकास मिश्रा, रतीराम लोधी, प्रदीप गुप्ता, दिलीप जायसवाल, अमन अवस्थी, अनमोल, गुड्डू व जुगेश विश्वकर्मा मौजूद रहे।

**बेहजम संवाददाता के अनुसार,** कस्बा स्थित कन्हैया इंटर कॉलेज में भाजपा नेताओं के द्वारा बुधवार को शिक्षक स्नातक एमएलसी के चुनाव की तैयारियों के लिए समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान प्रमुख कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, भाजपा जिला मंत्री व शिक्षक एमएलसी चुनाव के कस्ता विधान सभा संयोजक बृजेश सिंह ने चुनाव की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया कि शिक्षक स्नातक चुनाव बैलट पेपर के माध्यम होगा। इसमें प्रत्याशियों के नाम होंगे मगर चुनाव निशान अंकित नहीं होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गांव से मतदाताओं को निकालने के लिए 20-20 मतदाताओं पर एक कार्यकर्ता की तैनाती की गई है जो अपने क्षेत्र के मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि विधान परिषद में भी बहुमत पाने के लिए यह चुनाव अहम है। इसके लिए आप सभी कार्यकर्ताओं को समस्त मतदाताओं से जनसंपर्क कर कार्यकर्ताओं को भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करने का काम करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कस्ता विधानसभा के विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कार्यकर्ताओं को शिक्षा के स्नातक एमएलसी के चुनाव के बारे मे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव प्रत्येक कार्यकर्ता को त्यौहार की तरह बड़ी सादगी के साथ मनाना है। चुनाव प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए त्यौहार है। जब जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं की टोलियां बनाई गई है जो 25 नवंबर प्रत्येक मतदाता के घर पहुंच कर उन्हें जागरूक करने का काम करेंगे। इसमें सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी कमर कसते हुए शिक्षक स्नातक एमएलसी उम्मीदवार को विजई बनाने कार्यकर्ता अहम किरदार अदा करें। जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जिले में मंडल सेक्टर एवं बूथ समितियां मजबूत स्थिति में है। समिति के कर्मठ कार्यकर्ता शिक्षक स्नातक चुनाव में जीत सुनिश्चित कराने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य रघुनंदन सिंह भदोरिया, सहकारी ग्राम विकास बैंक के चेयरमैन मंगूलाल मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष आदर्श मिश्रा, धीरज तिवारी, प्रेम शंकर अवस्थी, दिनेश, देवा, जसकरण लाल व दीपू सिंह आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसार,** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट ने आज प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह एवं संरक्षक राज बहादुर सिंह चंदेल के दिशा-निर्देशन में प्रदेश के उपाध्यक्ष डॉ सुरेश कुमार तिवारी एवं लखनऊ शिक्षा खंड के अधिकृत प्रत्याशी डा. महेंद्र नाथ राय ने डा. सौरभ दीक्षित गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोला को कार्यकारी जिलाध्यक्ष पद पर नामित किया गया है। जिलाध्यक्ष के साथ-साथ वह सहचुनाव प्रभारी भी नियुक्त किए गए हैं। गांधी विद्यालय में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सौरभ दीक्षित की अध्यक्षता में हुई बैठक मे निर्णय लिया गया कि आगामी एक दिसंबर को शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी डा. महेंद्र नाथ राय को भारी मतों से जीता कर शिक्षक विधायक बनाना है। पूरे लाव लश्कर के साथ डा. एमएन राय ने गोला, पलिया के समस्त विद्यालयों में सघन जनसंपर्क भी किया। प्रत्येक विद्यालय से शिक्षकों ने एक स्वर में डा. एमएन राय को विजई बनाने की घोषणा की। जनसंपर्क में जिलाध्यक्ष सीतापुर राजकुमार शुक्ला, निवर्तमान जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, अनूप गुप्ता, सुधीर राय, रमेश सरोज, राकेश कुमार, महेंद्र पाल, धर्मेंद्र सिंह, सौरभ गुप्ता, देवेंद्र सिंह, राजेश कुमार व जोखू राम आदि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## अराजकतत्वों ने की फायरिंग

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर कोन में पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन अराजकतत्वों ने अरुण मिश्रा के घर पर दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग की। बताते हैं कि अरुण मिश्रा का सत्ताधारी पार्टी के कुछ कार्यकर्ता से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। लेकिन दुइज पर अरुण मिश्रा अपने घर सलेमपुर कोन आये थे। इस बात की जानकारी मिलते ही दबंग विपक्षियों ने अरुण मिश्रा का घर घेरते हुए फायरिंग शुरू कर दी। ताबड़तोड़ हो रही फायरिंग की आवाज से पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गयी। इतना सब होने के बाद भी खीरी पुलिस को घटना की जानकारी तक नहीं हो सकी। कई घंटों के बाद पुलिस को जब फायरिंग की सूचना मिली तो खीरी पुलिस सकते में आ गयी। आनन-फानन पुलिस के उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुंचते हुए मुआयना किया और श्री मिश्रा से पूछताछ की। इधर अराजकतत्वों की पहचान होने के बाद कोतवाली पुलिस ने रात में ही करीब पांच नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से मोहल्ले में दहशत व्याप्त है।

## पशु चिकित्सा शिविर

गोला गोकर्णनाथ-खीरी।

**गोपाष्टमी** महोत्सव के शुभ अवसर पर लायंस क्लब गोला द्वारा धर्मादा समिति गौशाला गोला में एक पशु चिकित्सक शिविर का आयोजन किया गया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोला डा. मोहम्मद फारुक द्वारा अपनी टीम के साथ समस्त पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कुछ बीमार पशुओं की चिकित्सा की गई। डा. फारुख द्वारा गोवंश को ठंड से बचाव हेतु जरूरी प्रबंध करने हेतु सुझाव दिए गए। उनके द्वारा गौशाला में कुछ इमरजेंसी दवाइयां क्रय करने का सुझाव दिया गया। जिसकी व्यवस्था लायंस क्लब गोला द्वारा की गई। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष मनोज शुक्ला, मंत्री विजय सक्सेना, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला उर्फ रिंकू, सीपी श्रीवास्तव, राजेश पांडे, पंकज गुप्ता, विमल गुप्ता, राधाकृष्ण व अतुल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## दिवंगत पत्रकार व अधिवक्ता को दी गई श्रद्धांजलि

**मोहम्मदी-खीरी।** दैनिक अखबार के पत्रकार व अधिवक्ता दिलीप शुक्ला आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर सभी ने दुख प्रकट किया। इसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मो. अब्बास नकवी ने की। एक शोक सभा आयोजित की गई जिसमें सभी ने आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को दुख की इस घड़ी में साथ रहने की बात की। ईश्वर से आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। परिवार की हर सम्भव मदद आर्थिक मदद की बात की। शोक सभा में प्रमुख रूप से सुखविंदर सिंह, कमल गुप्ता, रवि शुक्ला, इरफान अहमद शिबलू, आकाश सैनी, जैड खान, देव रंजन मिश्रा, सिदाकत मंसूरी, जिया उल्ला खान, मोहम्मद आरिफ, सुजीत सिंह, रब उल्ला खां, शावेज खां मुन्ना, आदेश गुप्ता, प्रेम जीत भार्गव, दिनेश सिंह सोमवंशी व रवि त्रिपाठी सहित सभी संगठन के लोग मौजूद थे।

## धौरहरा सांसद को एक और जिम्मेदारी

**औरंगाबाद-खीरी।** धौरहरा सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उनको उत्तराखंड का सह प्रभारी बनाया गया है। जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर एक बार फिर से दौड़ गयी है। अभी हाल में ही धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा को देश की बड़ी जिम्मेदारी राष्ट्रीय नेतत्व ने सौंपी थीं। उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया था। धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा ने एक बार फिर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी नेतृत्व के द्वारा दी गयी है। उस जिम्मेदारी का निर्वाहन पूरी तन्मयता से करूंगी। साथ ही क्षेत्रीय मुद्दों का भी विशेष ध्यान रखने का प्रयास करूंगी।

## छठ पूजा स्थलों पर नहीं लगेगा मेलाःडीएम



**लखीमपुर-खीरी।** बुधवार की सुबह डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक विजय ढुल के साथ तहसील सदर क्षेत्र अंतर्गत छठ पूजा स्थल सेठ घाट का भ्रमण किया। उन्होंने छठ पूजा स्थल पर की जाने वाली तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आरआर अंबेश एवं खंड विकास अधिकारी लखीमपुर संतोष कुमार सिंह को घाट एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई के निर्देश दिए। वन विभाग के अधिकारियों को नदी में मगरमच्छ की आशंका के दृष्टिगत समुचित प्रबंध करने को कहा। एसडीएम को निर्देश दिया कि आयोजन स्थल पर पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से कोविड.19 प्रोटोकॉल के अनुपालन सहित सतर्कता और सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया जाए। छठ पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों से आयोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा छठ पूजा आयोजन के संदर्भ में जारी गाइडलाइन का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि इस बार आयोजन स्थल पर मेले का आयोजन कदापि ना किया जाए। वहीं छठ पूजा स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस मौके पर एसडीएम सदर डा. अरुण कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आरआर अंबेश व बीडीओ लखीमपुर संतोष कुमार सिंह सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### लाखों की स्मैक के साथ चार गिरफ्तार

**बरेली।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार 4 स्मैक तस्करों से 400 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।किला थाना क्षेत्र में मिनी बाईपास पर मुखबिर की सूचना के बाद किला थाना इंचार्ज राजकुमार तिवारी ने अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान उन्होंने दो मोटर साइकिलों को रोककर उन पर सवार चार लोगों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान सभी बाइक सवारों के पास सौ, सौ ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार फतेहगंज पश्चिमी थाने के गांव कुरतरा निवासी नसरत हुसैन और अशरफहुसैन व सी बी गंज थाने के गांव धुनसा निवासी नईम खान और रईस को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी मोटरसाइकिल भी कब्जे में ले ली। गिरफ्तार किए गए सभी तस्करों को पुलिस ने जेल भेज दिया। उन्हें गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी के अलावा उप निरीक्षक विकास यादव, अजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, बबलू गौतम, सिपाही दिनेश धामा, मोहित कुमार और राहुल कुमार शामिल रहे।

### मुकदमा वापस न लेने पर मारपीट

**बरेली ।** मुकदमा वापस न लेने पर दबंगों ने एक महिला और उसके घरवालों से रात के समय घर में घुसकर मारपीट की। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर महिला ने एसएसपी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर गोटिया निवासी लक्ष्मी उर्फलवली पत्नी दीपक ने एसएसपी से शिकायत करते हुए बताया कि बीती शाम लगभग 7 बजे तू अपने घर में अकेली थी। इसी दौरान मोहल्ले का रहने वाला चंदन उसकी पत्नी प्रीति, भाई अज्जू और मां मुन्नी देवी गाली गलौज करते हुए उसके घर में घुस आए इस दौरान उन्होंने उसके साथ मारपीट की और 500 छीन कर फरार हो गए। इसके बाद रात में जब उसका पति दीपक और देवर अमरजीत घर वापस लौटे तो हमलावरों ने फिर से घर में घुसकर मारपीट की। तब उसने घटना की शिकायत को पुलिस से की। लेकिन पुलिस ने कार्यवाही नहीं की। जिससे हमलावरों के हौसले इतने बढ़ गए कि रात में लगभग 4:30 बजे उन्होंने फिर से घर में घुसकर मारपीट की और मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। लक्ष्मी देवी ने एसएसपी से शिकायत करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

### खदानों के शुरू होते ही कस्बे में सजी अवैध मौरंग मंडी

**खागा (फतेहपुर)।** मौरंग खदानों के शुरू होते ही नगर पंचायत के अंदर अवैध मौरंग मंडी सज गई है और सुबह से लेकर शाम तक इन मंडियों में ओवरलोड ट्रैक्टर खड़े मिलते है। नौबस्ता बाईपास के किनारे और गढ़ी मोहल्ला स्थित ठाकुर दरियाव सिंह स्मारक के सामने एक अवैध मौरंग मंडी खुली हुई है। सबसे हैरत की बात यह है कि किसी प्रकार की परमीशन न होने के बाद भी न तो इस पर खनन विभाग की नजर है और न ही उपसंभागीय परिवहन विभाग यानी एआरटीओ की। पुलिस भी इन मंडियों पर मेहरबान दिखाई पड़ती है। चर्चा है कि अधिकारियों के नाम पर यहां पर खड़े होने वाले ओवरलोड वाहनों से महीने में चार से पांच हजार रूपए की वसूली की जाती है। ओवरलोड वाहन केवल मौरंग खदान पर ही नहीं बल्कि इन अवैध मंडियों में किसी भी समय देखे जा सकते है। वही मंडी के समीप अभी हाल में नगर पंचायत द्वारा 32 लाख रुपये की लागत से बनी इंटरलॉकिंग सड़क की इन ओवरलोड ट्रक व ट्रैक्टरों ने बखिया भी उधेड़ दिया। जिससे छोटे वाहनों के निकले में काफी दिक्कत होरही है।

### तेज आवाज करने वाली बाइकों पर पुलिस का शिकंजा

**खागा (फतेहपुर)।** कस्बे में तेज आवाज करने वाली बाइकों के खिलाफपुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान निशाने पर बुलेट गाड़ियां रही। पुलिस ने बुलेट गाड़ियों को पकड़कर मैकेनिक को बुलाया और उनके साइलेंसरों को हटाकर कंपनी द्वारा लगाया गया साइलेंसर लगवाया। ध्वनि प्रदूषण के खिलाफपुलिस का यह विशेष अभियान देखकर तेज आवाज करने वाली बाइक चलाने वाले लोग मुख्य मार्ग से हटकर गलियों से आवागमन करने लगे। इंस्पेक्टर आरके सिंह ने बताया कि यह अभियान कुछ दिनों तक चलेगा। तेज आवाज करने वाली बाइक के मालिक कंपनी द्वारा दिए गए साइलेंसर का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई पुलिसकर्मी भी अपनी बाइक में तेज आवाज करने वाले साइलेंसर लगाकर चल रहा है तो वह भी उसे बदल दे। चेतावनी के बाद अगर दोबारा गाड़ियां पकड़ी गई तो पुलिस कानूनी कार्यवाही करेगी।

### अपात्रों को आवास देने की शिकायत सीडीओ से

**हसवा (फतेहपुर)।** ग्राम फरीदपुर के ग्रामीणों ने विकास भवन पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि ग्राम में आवास वितरण में हो रही धांधली में ब्लॉक सचिव अरुण कुमार कैथल ने अपात्रों को छोड़कर पात्रों को आवास दे दिया है। जो कि गलत है। सूची में गांव के ही 25 अपात्र लोग शामिल हैं। जिनको अभी तक कोई आवास नहीं मिला है। सीडीओ से मांग किया कि जांच कराकर दोषी के खिलाफकड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं अपात्रों को आवास दिलाया जाए।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता रथ को रवाना किया

संवाददाता। शाहजहांपुर



**सड़क सुरक्षा** जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत अध्यक्ष जिला पंचायत अजय प्रताप सिंह यादव व जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जागरूकता रथ को उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने आर.टी.ओ0 ऑफिस के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कहा कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाना सुनिष्चित किया जाए। उन्होंने जनपद में सड़क से होने वाली दुर्घटनाओं पर विराम लगाने हेतु 5 सदस्यीय टीम का गठन किया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि 5 सदस्यीय टीम द्वारा जनपद के के दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वे करेगी। श्री सिंह ने कहा है कि गन्ना पेराई सत्र प्रारम्भ हो रहा है। उन्होंने कहा है कि सुरक्षा के दृष्टिगत समस्त ट्राल में रेडियम की पट्टीध्प्लेट लगवाना सुनिष्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा है कि जनपद में लोकनिर्माण विभाग से लगभग 10 करोड़ की परियोजनाओं में से ढ़ाई प्रतिषत धनराषि सड़क सुरक्षा के कार्यो पर खर्च किया जाना है जिसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देष दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक एस आनन्द, नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक एस0एस0यादव, ए0सी0एम0ओ0 डा0 रत्नेष कुमार, जिला गन्ना अधिकारी श्री खुषी राम, जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी श्री राकेष कुमार, श्री जनार्दन सिंह सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, श्री वेद प्रकाष क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, श्री आकांष दीक्षित, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बरेली, श्रीमती अमृता दीक्षित व श्रीमती कीर्ति मिश्रा, जिला समन्वयक महिला कल्याण विभाग, श्री एस0के0वर्मा सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0रा0 सड़क परिवहन निगम, डा0 बृजेन्द्र सकसेना अध्यक्ष, इण्डियन मेडिकल एसोसिएषन, श्री चन्द्र प्रकाष शुक्ला, टी0 आई0 (यातायात), विभिन्न चीनी मिलों के प्रतिनिधियों के अतिरिक्ति विभिन्न डीलर एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थिति रहे। उपरोक्त कार्यक्रमों का संचालन श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) शाहजहांपुर द्वारा किया गया।

## पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों ने किया निरीक्षण



संवाददाता। बरेली

**महाप्रबंधक,** पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने कल मंडल रेल प्रबधंक आशुतोष पंत तथा मंडल के शाखाधिकारियों के साथ पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के काठगोदाम रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण कर स्टेशन पर प्रदान की जा रहीं यात्री सुख-सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि काठगोदाम रेलवे स्टेशन को भारतीय रेल का उत्कृष्ट स्टेशन बनाने के लिए प्रस्ताव मुख्यालय को प्रेषित करें।स्टेशन पर आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री त्रिपाठी ने कहा कि काठगोदाम रेलवे स्टेशन का फसाड बहुत ही खूबसूरत है, इसमें और सुधार कर कुमायूँ क्षेत्र को भारतीय रेल का उत्कृष्ट स्टेशन के रूप में विकसित किया जाय। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण भारतीय रेल का नेटवर्क का वर्ष-2023 तक विद्युतीकरण हो जाएगा। उन्होंने इज्जतनगर मंडल द्वारा विशेष विपणन प्रयासों के बलबूते माल लदान में बहतरीन प्रदर्शन करने पर सराहना की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोरोना संक्रमण के कारण जहाँ एक ओर यात्री आय में लगातार गिरावट हो रही है वहीं दूसरी ओर माल लदान को बढ़ाकर रेल की आर्थिक सेहत सुदृढ़ की जा सकती है। कुमायूँ क्षेत्र में रेल लाइन बिछाने के बारे में श्री त्रिपाठी ने बताया कि चार धाम को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए नई लाइन बिछाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है और इसकी उच्चस्तर पर निरंतर निगरानी की जा रही है।

## पानी गर्म करने की टंकी में उतरा करंट , मां और बेटे की मौत

**शाहजहांपुर ।** थाना कोतवाली के मोहल्ला वाजिदखेल पानी गर्म करने की टंकी में उतरे करंट से मां और बेटे की मौत हो गई। परिजनों की मांग पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को परिजनों के हवाले कर दिया जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली के मोहल्ला वाजिदखेल निवासी निजाकत खान,की वालिदा रेहाना बेगम( 62) बुधवार सुबह टंकी में पानी को गरम होने के लिए बिजली का स्विच खोल दिया बताया जाता है पानी के गरम होने के बाद अचानक प्लक को बंद रेक बगैर जब टंकी को छूआ तो टंकी में करंट से चिपक गई और वही गिर पड़ीं। चीख सुनकर निजाकत ने माँ को बचने का प्रयास किया तो वह भी करंट की जद में आ गए दोनों की मौत हो गई । इसके बाद डॉक्टर को बुलाया गया। जांच के बाद डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंची, लेकिन परिवार के सदस्यों ने दोनों का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भर कार्रवाई पूरी की।

## मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन करेंः इंद्र विक्रम सिंह

**शाहजहांपुर।** गांधी फैज-ए-आम महाविद्यालय में मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने किया । जिलाधिकारी ने कहा कि जो व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वह 1 जनवरी 2021 को अपनी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए निर्धारित प्रारूप 6 पर आवेदन कर सकते हैं। जिसके साथ निवास स्थान का प्रमाण, आयु का प्रमाण तथा फोटो संलग्न किया जाना अनिवार्य है। और वह व्यक्ति जो अपना नाम मतदाता सूची से कटवाना चाहते हो, या त्रुटियों को सही कराना चाहते हो या दूसरे मतदान स्थल पर अपना नाम स्थानांतरित कराना चाहते हो वह भी निर्धारित प्रारूप जल्द से जल्द भरें।यह सभी सुविधाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में उपलब्ध है।

## मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी में दो सचिव, एक एडीओ और एक सफाईकर्मी निलंबित

संवाददाता। फतेहपुर

- सीडीओ सत्यप्रकाश ने की बड़ी कार्रवाई उपायुक्त श्रम रोजगार व डीपीआरओ को भी नोटिस
- बीडीओ मलवां को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि
- तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक को सेवा समाप्ति की नोटिस
- मलवां विकासखंड के रेवाड़ी खुर्द व पहुर में अपर मुख्य सचिव को मिली थी बड़ी गड़बड़ी

**जिले में** मनरेगा कार्यों में धांधली की शिकायतों की पुष्टि उस समय हो गई जब अपर मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज ने गत् 17 नवंबर को जिले के मलवां विकास खंड की दो ग्राम पंचायतों रेवाड़ी खुर्द व पहुर का निरीक्षण किया। जहां मस्टररोल के सापेक्ष श्रमिक ना लगाए जाने का मामला सामने आया। अपर मुख्य सचिव ने जांच करने के आदेश दिए। मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने जांच के बाद आई रिपोर्ट में बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम पंचायत रेवाड़ी खुर्द के सचिव अश्विनी मौर्य व पहुर के सचिव विक्रम सिंह को निलंबित कर दिया है। रेवाड़ी खुर्द के सफाई कर्मी को भी निलंबित किया गया है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत दिनेश चंद पाठक भी निलंबित किए गए हैं। सीडीओ ने उपायुक्त श्रम रोजगार तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। बड़े पैमाने पर मिली गड़बड़ी में रेवाड़ी खुर्द के तकनीकी सहायक मो0 सैफी तथा पहुर के ग्राम रोजगार सेवक अरविंद सिंह को सेवा समाप्त की नोटिस जारी की गई है। 2 ग्राम पंचायतों में अधिकारियों-कर्मचारियों पर हुई इस बड़ी कार्रवाई के बाद कर्मचारियों में खलबली मची है। सीडीओ ने निर्देश दिया है कि जिले में ऑनलाइन मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम को लागू करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले में मस्टररोल के सापेक्ष लगाए गए श्रमिकों के हर दिन का अनुश्रवण 3 सदस्य कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी गई है। फोटोग्राफ के माध्यम से मानीटरिंग की जाएगी। रोजगार सेवक तथा सचिव सेल्फी लेकर फोटो भेजेंगे, कार्यस्थल सीआइबी की भी फोटो भेजी जाएगी। सभी विकास खंडों में जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो विकासखंड के अधिक व कम लेबर वाली 5-5 गांवों का निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करेंगे। लापरवाही में खंड विकास अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी मलवां को भी विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

### घायल वृद्ध रेफर

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत शनिवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए सरकारी एम्बुलेन्स से ही कानपुर के लिए रिफर कर दिया।

# डीएम व एसपी ने समाधान दिवस पर सुनीं जनता की समस्याएं

संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद



**थाना** समाधान दिवस पर जिले के उच्च अधिकारी डीएम कप्तान ने जनता की समस्याएं सुनी।

नवाबगंज थाना स्थित समाधान दिवस पर आज पहुंचे जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह तथा पुलिस कप्तान डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनी तथा उन्होंने पूरे समय में एसपी डॉक्टर अनिल कुमार मिश्रा ने ग्राम नगला दुर्गा निवासी सोबरन सिंह के जमीनी विवाद की बात बार.बार थानाध्यक्ष पूनम जादौन से कहते रहे जिसके बाद जिलाधिकारी ने लेखपालों की सूची उपस्थित रजिस्टर चेक किया । जिसमें कई लेखपाल नदारद पाए गए । जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम कायमगंज को फोन लगाकर कहा कि जो लेखपाल आज समाधान दिवस में नहीं आई है वह उच्चाधिकारियों का आने पर नहीं आ सके तो इसके पहले क्या आते होंगे उनसे स्पष्टीकरण तलब किया जाए तथा इनके विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

वही क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद सोहराब आलम खान कई प्रार्थना पत्रों पर तुरंत ही थाना पुलिस को मौके पर भेजकर लेखपालों को साथ भेजकर जमीनी विवाद निपटाने की बात कही। समाधान दिवस पर 18 प्रार्थना पत्र आए थे जिसमें क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद सोहराब आलम ने बताया कि 6 प्रार्थना पत्रों का मौके पर राजस्व टीम तथा पुलिस बल भेजकर निस्तारण करवा दिया गया है बाकी के लिए थाना पुलिस को बता दिया गया है । वह जल्द से जल्द राजस्व टीम को लेकर निस्तारण करवा देंगे ।

## भूमि विवाद में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** भूमि विवाद में ग्रामीण की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी को पुलिस नें हत्या में प्रयुक्त तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया।विदित है कि बीते 13 नवम्बर को थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम अछरौडा निवासी पेशकार पुत्र देवदत्त की हत्या भूमि विवाद में गोली मारकर की गयी थी। मृतक के भाई मुकेश नें आरोपी शिव रतन व नवाब पुत्र पोखपाल, लटूरी पुत्र लालाराम, नीतू पुत्र पप्पू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमे पुलिस नें आरोपी शिवरतन को गणेशपुर चौराहे से अचरा की तरफ 70 मीटर दूर गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष धर्वेन्द्र सिंह, दारोगा सुहेल खान आदि नें उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा व एक खोखा के साथ गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप नें पुलिस लाइन में बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

# दिव्यांग दुकानदार ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**दिव्यांग** चश्मा दुकानदार नें फांसी लगा दी। परिजन उसे गंभीर हलात में लोहिया अस्पताल लेकर पंहुचे। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल से पुलिस को सूचना मिलने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले के पीछे परिवार के बटवारे का विवाद होनें की चर्चा है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सातनपुर निवासी 40 वर्षीय दुर्गेश यादव पुत्र होरीलाल यादव के दोनों पैर ट्रेन की चपेट में आने से पूर्व में ही कट चुके थे। जिससे वह पैरों से दिव्यांग था। वर्तमान में उसकी मोहम्मदाबाद में चश्मे की दुकान थी। बुधवार को दोपहर उनका पुत्र उत्कर्ष यादव उसे गंभीर हालत में लेकर लोहिया अस्पताल पंहुचा। जहाँ उसे डॉ0 अरिदमन सिंह नें मृत घोषित कर दिया।परिजन उस्की मौत बीमारी से होनें का दावा कर रहे थे लेकिन चिकित्सक को गले पर रस्सी की रगड के निशान दिखे। जिस पर उन्होंने शव मोर्चरी में रखा कर पुलिस को सूचना (मेमो) भेजा दिया। परिजन शव वापस घर ले जाने के प्रयास में लगे रहे लेकिन पुलिस सूचना के चलते शव नही ले जा सके। मृतक की पत्नी गीता देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

आईटीआई चौकी इंचार्ज रविन्द्र निषाद नें लोहिया अस्पताल पंहुच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव का पोस्टमार्टम डॉ0 सोमेश अग्निहोत्री नें किया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पोस्टमार्टम में मौत का कारण फांसी लगने से स्वांस नली अबरुद्ध होना बताया गया है।चौकी इंचार्ज नें बताया कि जाँच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही होगी।

## बहन के जेवर व 50 हजार नकदी की पार

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** बहन के घर भाई दूज खाने गए भाई ने बहन के जेवर किए पार 50 हजार नकदी भी समेट लाया। बहन ने मायके पहुंच थाने में शिकायत की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पुठरी निवासी रघुवंश की पुत्री लता की शादी जनपद कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य बहोरा के गांव राजारजोला गांव में विवेक के साथ हुई थी। लता के मुताबिक 16 नवंबर को उसका भाई रविंद्र अपने तीन मित्रों के साथ उसके घर भैया दूज खाने गया था। उसी रात वह घर पर रुका तथा उसके कानों के झाले जो बेड पर रखे थे तथा बेड के अंदर 50000 एक अंगूठी भाई ने पार कर दी। सुबह उसे जानकारी हुई तो उसने अपने भाई को फोन लगाकर पूछा लेकिन उसके भाई ने फोन नहीं उठाया आज वह अपने बड़े भाई के घर पहुंची ।और घटना की जानकारी दी और थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष पूनम जादौन से फरियाद की थानाध्यक्ष ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# आग लगने पर गृहस्थी का सामान हुआ राख, तीन लाख का नुकसान



संवाददाता। इटावा

**अज्ञात** कारणों से वार्ड नंबर 26 के मोहल्ला मकशूद पूरा थाना कोतवाली क्षेत्र में शिराज पत्नी शाहिदा के घर मे भीषड आग लगने से घर मे रखा गृहस्थी का सामान हुआ जलकर राख। फायर ब्रिगेड और पुलिस नही पहुँची मौके पर।शिराज की पत्नी शाहिदा ने बताया कि जनवरी महीने में मुझे अपनी बेटी की शादी करनी थी जिसके लिए पूरा दहेज का सामान घर में पहले से ही रख लिया था। आग लगने से दहेज के सामान के साथ घर में रखा हुआ पूरा सामान भी जलकर राख हो गया।वार्ड नंबर 26 के सभासद नीलम गुप्ता के बेटे ने कई बार फायर ब्रिगेड को फोन किया लेकिन फोन नही लगा। फायर बिग्रेड से संपर्क न होने पर स्थानीय लोगो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर एक घंटे बाद काबू कर पाए। वही घर वालो ने बताया लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है।हम अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिए मजदूरी करते हैं। वही प्रशासन से परिवार ने मदत की गुहार भी लगाई ताकि लड़की की शादी समय से हो सके।

## दुर्घटना में दो की मौत

**इटावा** जनपद के अलग.अलग थाना क्षेत्रों में हुई दुर्घटनाओं में दो की मौत हो गई प्रथम घटना बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर बाइक और साइकिल की टक्कर में 45 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र मिट्ठू लाल निवासी शेरपुरा कोटि की मौत हो गयी। दूसरी घटना भरथना थाना क्षेत्र के ग्राम बिरसिंहपुर अनिल कुमार पुत्र रघुवीर सिंह की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई जिन्हें उनके चाचा लक्ष्मण लाल मृत अवस्था में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## दो ने खा लिया जहर

**इटावा** जनपद के अलग.अलग थाना क्षेत्रों में 2 लोग पलक विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जने गंभीर आज में जिला अस्पताल भर्ती कराया गया इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर निवासी 18 वर्षीय अंकित पुत्र जसवंत सिंह ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के ग्राम बधा में निशा पत्नी राजपाल नेवी उषा प्लास का सेवन कर लिया जिन्हें उनके पति द्वारा चलाया था भर्ती कराया गया।

# चोरी के जेवर व नकदी के साथ तीन दबोचे गए

संवाददाता। इटावा



**इकदिल** पुलिस द्वारा मानिकपुर मोड पर संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि कुछ व्यक्ति पक्का बाग ओवर ब्रिज के नीचे खडे है जो कि संदिग्ध प्रतीत हो रहे है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए गए स्थान पक्का बाग ओवर ब्रिज के नीचे पहुची तो वहॉ 03 व्यक्ति खडे दिखायी दिए जिन्हे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुए घेरकर गिरफ्तार कर लिया गया पकडे गये व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुछ आभूषण एवं रुपए बरामद हुए । पुलिस पूछताछ में पुलिस टीम द्वारा बरामद आभूषण एवं रूपयों के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया कि हम सभी लोग सूने पडे मकानों तथा घरों की रेकी मिलकर चोरी करते है तथा चोरी के आभूषणों को विनीत सुनार इकदिल को बेच देते है आज भी हम लोग चोरी के आभूषणों को बेचने के लिए विनीत से गोवर्धन होटल पर मिलने वाले है जिसे अभियुक्तों की निशानदेही पर गोवर्धन होटल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त विनीत के द्वारा बताया कि उसके द्वारा चोरी के आभूषणों को कम कीमत पर खरीद लिया जाता था तथा बाद में उन्हे गला दिया जाता था पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों ने पूर्व में की विभिन्न चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण किया जिसका विवरण निम्नवत है ।थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत काशीराम कालोनी एक घर में चोरी की गयी थी जिसके संबंध में थाना इकदिल पर मु0अ0स0 403ध्2020 धारा 380 भादवि अभियोग पंजीकृत किया गया था ।थाना फ्रेण्डस कालोनी के ग्राम इटगांव में एक घर के अन्दर चोरी की घटना की गयी थी जिसके संबंध में थाना फ्रेण्डस कालोनी पर 487ध्2020 धारा 380ए457 भादवि अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना इकदिल पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0स0 403ध्2020 धारा 380 में बरामदगी के आधार पर धारा 457ए411 भादवि की बढोत्तरी की गयी है । पकड़े गए अभी तो में गौरव पुत्र लाखन सिंह निवासी छिपरौली थाना बादलपुर जनपद गाजियावाद भारत पुत्र उदय पाल निवासी रामनगर थाना फ्रेण्डस कालोनी आकाश कन्नौजिया पुत्र स्व0 नेमी चन्द निवासी कबीर गंज तिराहा थाना कोतवाली जनपद विनीत कुमार पुत्र रामूदयाल निवासी करमगंज थाना कोतवाली जनपद इटावा पुलिस द्वारा अपराधियों के पास से 01 चैन पीली धातू ए03 अंगूठी पीली धातू 02 पायल सफेद धातू ए01 हाथ पेटीए02 गुच्छा चाबी 01 ब्रेसलेटए09 बिछूआ ए03 अंगूठी सफेद धातू, 14500 रुपये बरामद किए।

## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकाला

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकाला मायके में आकर मैं थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी पिंकी देवी पुत्री दामोदर गौतम पत्नी संजय गौतम ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता दामोदर ने अपने सामर्थ्य के अनुसार खेत बेचकर उसकी शादी 4 वर्ष पूर्व जनपद एटा के थाना जैथरा के गांव नगला पटुआ निवासी संजय गौतम के साथ की थी। तब से वह ससुराली जन दहेज से संतुष्ट नहीं थे तथा आए दिन मारपीट कर दहेज की बात कहते थे। बीते 1 सप्ताह पूर्व निकाल दिया। तथा कहा कि अपने पिता से खेत बिकवा कर रुपए ला करके दो जिस पर पिंकी देवी ने मना किया तो उसको ससुराली जनों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिस बात की पिंकी देवी ने पति संजय गौतम ,सास बंदना देवी, पत्नी गंगा सिंह, ननद कुमारी देवी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कहीं।

# सपाइयों ने स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर किया मंथन



संवाददाता। ताखा

**आगरा खंड** की स्नातक शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर आज उसराहार पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि इस बार भी समाजवादी पार्टी उम्मीदवार डॉ असीम यादव जीतने वाले हैं क्योंकि ताखा ब्लॉक हमेशा से समाजवादी पार्टी को वोट करता रहा है उन्होंने बताया इस बार प्रत्याशी के नाम के सामने कोई चिन्ह नहीं होगा सिर्फ नाम होगा अपने कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि आप लोग मेहनत से जितने भी वोट बने हुए हैं उनसे संपर्क अभियान प्रारंभ कर दें ताकि आने वाली 1 दिसंबर को समाजवादी पार्टी के पक्ष में जबरदस्त वोटिंग हो सके इस मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल यादव के अलावा संग्राम सिंह चौहान जिला सचिव इटावा अनुज यादव ब्लॉक अध्यक्ष ताखा बीएन यादवदीवान सिंह यादव दलवीर सिंह यादव और मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे अमर सिंह सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग में उपस्थित रहे।

## शोकसभा का आयोजन

**फर्रुखाबाद।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के द्वारा एक शोक सभा का आयोजन जनपद फर्रुखाबाद इकाई के जिलाध्यक्ष संदीप कटियार के खानपुर स्थित आवास पर संपन्न हुई । जिसमें एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बसंत यादव की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी ।इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के लोगों को असीम दुख सहने की ईश्वर शक्ति प्रदान करें । ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दें। इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह कुशवाहा ने कहां कि एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल यादव जी के आकस्मिक निधन से एसोसिएशन को अपूर्णनीय क्षति हुई है जिसकी भरपायी नहीं की जा सकती है । वह एसोसिएशन के मजबूत स्तंभ थे। उन्होने हमेशा ही संगठन की मजबूती के लिए प्रयास करते रहे।आज एसोसिएशन को उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। अचानक उनका यू हम सबके बीच चले जाना एक दुखद है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संदीप कटियार ने कहा कि बसंत जी के कार्यो को एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य जीवन भर एक संघर्ष शील प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष के रूप में याद करेंगे व याद करते रहेंगे । जिला महामंत्री सूर्या बाजपेई ने कहा कि श्री बसंत जी के बारे में हमने काफी सुना था वैसा ही थे उन्होंने हमेशा पत्रकारों की आवाज प्रदेश स्तर पर बुलंद की। प्रदेश मंत्री अनिल प्रजापति ने कहा कि यादव जी का अचानक हम सबके बीच से चले जाना सबको सदमा प्रतीत हो रहा है उनके योगदान को संगठन कभी भुला नहीं पाया इसी क्रम में तस्वीर क्राइम के संपादक अनवर पठान ,राजीव शुक्ला,हर्ष वर्मा,विकास दुबे,सचिन कटियार, ताहिर खां बज्जू,चंद्र प्रकाश दीक्षित ब्यूरो दैनिक भास्कर विचार व्यक्त कर उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा श्री दीक्षित ने कहा कि बंसत जी के अचानक हम सबके बीच चला जाना एक दुखद है। एसोसिएशन की एक अपूर्व मी क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती इस अवसर पर आधा सैकड़ा पत्रकार मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बालिका गंभीर,परिजनों ने लगाया जाम

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कार** की टक्कर लगने से माँ के साथ बाहन के इंतजार में खड़ी बालिका गंभीर हो गयी। परिजनों नें उसे निजी चिकित्सक के पास भेजा और मौके एक घंटे तक जाम लगा दिया। घटना की सूचना मिले पर पुलिस नें कार्यवाही का भरोसा देकर जाम खुलवाया।थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम सारन निवासी सचिन यादव की पत्नी अनीता अपनी 6 वर्षीय पुत्री डिम्पल यादव के साथ अपने मायके थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम भुडिया अपने मायके भाई रिंकू यादव के घर भाई दूज पर गयी थी। बुधवार को घर वापस आने के चलते वह कानपुर-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम खेमरेंगाई के निकट खड़ी थी। उसी दौरान कमालगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार नें बालिका डिम्पल को कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। कार सबार मौके से फरार हो गया।परिजनों ने उसे याकूतगंज स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। इसी दौरान उन्होंने घटना स्थल पर ही जाम लगा दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी। प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल फोर्स के साथ मौके पर आ गये। उन्होंने कार्यवाही का भरोसा देकर जाम खुला दिया।

## दिव्यांग शादी पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**कानपुर देहात।** जनपद कानपुर देहात के समस्त दिव्यांगजनों को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित दिव्यांग शादी पुरस्कार योजना के आवेदन पत्र आन लाइन करने की व्यवस्था विभाग द्वारा कर दी गयी है। इस योजना के अन्तर्गत दिव्यांग दम्पत्ति को शादी करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर रूपये 15000/- एवं महिला के दिव्यांग होने पर रूपये 20000/- अथवा दोनों पति-पत्नी दिव्यांग होने पर रूपये 35000/- की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाएगी। पात्र इच्छुक दिव्यांगजन आन लाइन आवेदन भरते समय आवेदक दम्पति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, आयु प्रमाण-पत्र (जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो) सक्षम स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय एवं जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता आदि अभिलेख स्वप्रमाणित कर अपलोड करते हुए आन लाइन करायें साथ ही समस्त अभिलेखों की हार्ड कापी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, विकास भवन, माती, कानपुर देहात, कमरा नम्बर-105 में उपलब्ध करायें। उन्होंने पात्रता की शर्तो की जानकारी देते हुए बताया कि शादी के समय युवक की उम्र 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवती की उम्र 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई आयकर दाता न हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो। ऐसे दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो।

# गोल्डन कार्ड बनाने में लाएं प्रगति लापरवाही पर होगी कार्रवाई:डीएम




संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डा0 दिनेश चन्द्र ने कलेक्टेऊट कार्यालय में गोल्डन कार्ड की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोल्डन कार्ड बनाये जाने में प्रगति लाये। रोस्टर के अनुसार बीएलई टीम को गांवों में भेजे तथा उनकी उपस्थिति को सुनिश्चित कराकर गोल्डन कार्ड की प्रगति सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य हेतु ग्राम प्रधान, आशा का भी सहयोग लिया जाये। उन्होंने समस्त बीएलई को निर्देशित किया कि गोल्डन कार्ड ज्यादा से ज्यादा बनाये जिससे कि जनपद में गोल्डन कार्ड की प्रगति बडे। गांवों में कैम्प लाकर गोल्डन कार्ड बनाये जाये तथा कही किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसे अवगत कराया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। बैठक में अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल, अतिरिक्ति मजिस्ट्रेट राजीव राज, जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय, तेजस्वी आदि अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित हो रहे ड्राई राशन की गहन समीक्षा की




संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्य विकास** अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद कानपुर देहात में ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित हो रहे ड्राई राशन के वितरण की समीक्षा बैठक विकास भवन माती सभागार में आयोजित की गयी। उक्त योजनान्तर्गत जनपद कानपुर देहात की समस्त बाल विकास परियोजनाओं में संचालित ऑगनबाड़ी/मिनी ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वयं सहायता समूह के द्वारा सम्बन्धित कोटेदारों से गेहॅ व चावल का उठान करते हुये, ऑ0बा0 कार्यकत्रियों के द्वारा वास्तविक लाभार्थियों के आधार पर वितरण किया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों तथा समस्त ए0डी0ओ0, आई0एस0वी0 निर्देशित किया गया कि क्षेत्रीय स्तर पर ड्राई राशन वितरण से सम्बन्धित समस्त समस्याओं का समाधान एक सप्ताह में करते हुये, ड्राई राशन का ससमय मानक के अनुसार वितरण सुनिश्चित करें। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उपायुक्त मनरेगा, जनपद कानपुर देहात को दिनॉक 30 नवम्बर 2020 तक प्रत्येकदशा में दाल की खरीद करते हुये मानक के अनुसार लाभार्थियों को दाल का वितरण कराने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में उपायुक्त मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित आई0सी0डी0एस0 विभाग के बाल विकास परियोजना अधिकारियों, ए0डी0ओ0 आई0एस0वी0 एवं क्षेत्रीय मुख्य सेविकाओं द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।

## सातनपुर आलू मंडी का शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद।** बुधवार को सुबह विधि-विधान के साथ आलू मंडी के नये सत्र का शुभारम्भ हो गया। फिलहाल कीमत ठीक-ठाक चल रही है। माना जा रहा है कि अब आलू की आवक कम है लिहाजा आलू की आवक बढने से कीमत में कमी आयेगी।नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य नें मंडी के मुख्य द्वारा पर पूजन किया। इसके बाद उन्होंने मंडी के भीतर हबन में हिस्सा लिया। मंडी में आयोजित किये गये हबन पूजन कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट व विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के साथ ही भाजपा नेता मोहन अग्रवाल नें आहुतियाँ दीं। आलू आढती एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर वर्मा नें बताया कि नये सत्र के शुभारम्भ पर कुल 26 पैकेट आलू की आवक हुई। जो 1701 रूपये पैकेट के हिसाब से बिक्री हुआ।


# 50 बच्चों का यौन उत्पीड़न करने वाले जेई का सच

**आलोक निगम।** बाँदा





*एडीजी प्रेम प्रकाश का कहना है कि पहले से ही सर्विलांस में रखा गया था इसके पहले एक व्यक्ति पकड़ा गया था सी बी आई दूसरा डारकवेब उनके पास एक्सप्लोरर करके एक्सपर्टीज है जो अभी हमारे उत्तर प्रदेश पुलिस में उपलब्ध नहीं है यहां पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट के जरिए पकड़ा जाता है और हेल्प डेस्क में बच्चे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं सोशल मीडिया और मेल के जरिए।*



**जनपद** का निवासी चित्रकूट में सिंचाई विभाग में तैनात दुर्दांत जेई राम भवन अब तक 50 बच्चों का न सिर्फ यौन शोषण कर चुका है बल्कि उनके वीडियो बनाकर विदेशो में बेचता था और काली कमाई भी करता था। बच्चों को खिलौने और चॉकलेट का प्रलोभन देकर यह सब कार्य करता था। इतना ही नहीं उन्ही बच्चों का आपस मे वीडियो बनवाता था। 2012 में चित्रकूट राजापुर के एक गांव में यह जिस घर मे रहता था उस घर की बच्ची ने आत्महत्या कर ली थी। तब इस जेई ने रुपये खिलाकर मामला दबा दिया। लेकिन युवती के परिजन कोर्ट तक गए और वहाँ से भी यह मामला सीबीआई तक पहुँचा। इसी बीच सीबीआई की ऑनलाइन क्राइम ब्रांच को तीन महीने पहले बेल्जियम की एक साइट पर इसका वीडियो मिला। जिसके आधार पर सीबीआई छानबीन करते हुए टीम प्रयागराज पहुँची। सीबीआई ने इस बीच नीरज यादव को ग्रिफ्तार किया। और उसी की निशानदेही पर जेई राम भवन तक पहुंची। सीबीआई को राम भवन के पास से 8 लाख नगद, 8 मोबाइल, दो लैपटॉप बरामद हुए हैं। रामभवन मूलत: नरैनी के खरौंच गांव का रहने वाला है। लेकिन इसने अपना मकान नरैनी पावर हाउस के बगल में बना रखा है। इसी मकान से सीबीआई को दो लैपटॉप बरामद हुए हैं। जेई राम भवन के दो भाई और है और इसके पिता कारीगरी का कार्य करते थे। शकल से देखने मे बुजुर्ग दिखने वाला यह शख्स बेहद क्रूर और दुर्दांत है। फिलहाल सीबीआई ने कोर्ट से 5 दिन की रिमांड मांगी है। आज पहले दिन राम भवन के वकील ने पूरा आरोप पत्र न पढ़ पाने का हवाला दिया जिसकी वजह से माननीय जज ने कल की तारीख दी हैं। वही प्रयागराज में रहने वाली जेई की पत्नी ने जेई को निर्दोष बताया है। फिलहाल सीबीआई की अभी तक कि जांच में जो सच सामने आया है वह बेहद हैवानियत भरा व चौका देने वाला है। यूपी के बांदा, चित्रकूट और हमीरपुर जिलों के 50 से अधिक बच्चों के यौन शोषण और पोर्नोग्राफी मामले में सीबीआई ने चित्रकूट में तैनात सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने कुछ सोर्सेज के हवाले से 31 अक्टूबर को 14 पॉक्सो एक्टए 67बी आईटी एक्ट और 377 आईपीसी धाराओं के तहत एक केस दर्ज किया था जिसकी एफआईआर दर्ज है। जिसमें 48 साल के जूनियर इंजीनियर रामभवन पर आरोप है कि बीते कई सालों में उसने 50 से अधिक बच्चों के साथ अप्राकृतिक यौन शोषण किया। इंजीनियर ऐसा करने के लिए अपने आसपास के बच्चों में शिकार तलाशता था फिर उनके साथ दुष्कर्म कर मोबाइल से वीडियो शूट कर उसे इंटेरनेशनल पोर्न मार्केट में ऑनलाइन बेच देता थाए ज़्यादातर वीडियो मोबाइल से बने हुए हैं।आज बांदा पॉक्सो कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई ने आरोपी की 5 दिन की रिमांड मांगी थी लेकिन आरोपी इंजीनियर को अपना पक्ष रखने के लिए एक दिन का समय देते हुए कोर्ट ने उसे फिलहाल न्यायिक हिरासत में बांदा जेल भेज दिया है। कल 18 नवंबर को इस संबंध में कोर्ट से सीबीआई फिर से 5 दिन की रिमांड माँगेगी जिसमें उम्मीद है कि कोर्ट आरोपी की सीबीआई रिमांड दे देए जिससे आसपास के जिलों में आरोपी को ले जाकर मामले की गहराई से जांच पड़ताल की जा सके। 50 बच्चों के बलात्कार जे ई को लेकर कांड में सी वी आई टीम पहुँची रिमांड लेने बाँदा पास्को कोर्ट इसी दौरान सी वी आई टीम से पूछें गये सवाल इस पर सी वी आई जांच टीम साधी चुप्पी, आज कोर्ट ने 5दिन रिमांड देने की तारीख कल तक के लिए बढा दी आज शासकीय अधिकता मनोज दीक्षित ने अपने बयान से3 जारी किया कल फिर सी वी आई कोर्ट जायेगी।

## क्विक न्यूज

### हत्या कर किसान का शव पेड़ से बांध दिया

**सरीला(हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के अतरौली गांव में पण्डवहा नाले के पास 55 वर्षीय किसान का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ में बंधा शव बरामद हुआ है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। गांव के मान सिंह उर्फमान बापू( 55) खेती-बाड़ी करके अपने परिवार का गुजारा करते थे। उनके पास लगभग 30 बीघे पैतृक जमीन है व निजी नलकूप है ।नलकूप पर ही आवास बनाकर वह अपनी पत्नी निर्मला (50) के साथ रहते थे। बड़ा बेटा मुकेश( 27) अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कानपुर में रहता है। छोटा बेटा मनीष गांव में रहता है। तथा खेती मे अपने पिता के साथ हाथ बटाता है। मान सिंह का जमीनी विवाद बड़े भाई कुंवर लाल से चलता है। दोनों के बीच मामला न्यायालय में चल रहा है। बुधवार की सुबह लगभग पांच बजे वह अपनी पत्नी निर्मला से हमीरपुर जाने की बात कहकर नलकूप स्थित कृषि फार्म से निकल आए थे। घर के सभी लोग जानते थे कि वह मुकदमे को लेकर हमीरपुर गए हैं। शाम को खेतों की तरफसे वापस गांव आए ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी कि मान बापू का शव नाले के पास पडा है पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### रिक्शा पलटा, चार घायल

**राठ(हमीरपुर)।** राठ-पनवाड़ी मार्ग पर सवारियों से भरा एक ई-रिक्शा संतुलन होकर सड़क किनारे पलट गया। रिक्शे में बैठी आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। जानकारी के अनुसार मुस्करा खुर्द से मेला देखकर लौट रहे सवारियों से भरा ई-रिक्शा असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। रिक्शे में बैठे रामकुमार, पवन, सक्षम निवासीगण गौहानी व एक अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल युवक के परिजन धूराम ने बताया कि सभी लोग मुस्करा खुर्द से मेला देखकर ई-रिक्शा से गांव लौट रहे थे। तभी रास्ते में रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमे सवार सभी लोग गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले गये।

### दबंगों ने मकान में लगाई आग, पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

**राठ(हमीरपुर)।** बीती सोमवार रात्रि मझगवां गांव में एक मकान में दबंगों ने आग लगा दी थी। आग लगने से मकान में रखा गेहूं, भूसा व अन्य गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी। पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। किसान ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। मझगवां गांव निवासी अलमा पुत्र सुल्ले अहिरवार ने बताया कि बीती सोमवार रात करीब एक बजे उसके मकान में अज्ञात लोगों ने आग लगा थी। आग लगने से मकान में रखा 8 कुंतल गेहूं, भूसा, कपड़ा, सोने की मनचली जलकर खाक हो गई थी। बताया कि उसका करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हो गया था। आरोप लगाया कि पुलिस ने अभी तक उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### बाइक से गिरकर कई घायल, रिफर

**राठ (हमीरपुर)।** क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग बाइक से गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। जहां तीन लोगों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने उरई रिफर कर दिया। लोदीपुरा निवासी देवेंद्र बाइक से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। वहीं नोहाई निवासी संजय (20) पुत्र उदयभान अपने साथी मनमोहन के साथ राठ खरीददारी करने के लिये आ रहा था। तभी बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे जा गिरी। जिससे दोनों लोग घायल हो गये। इसी तरह सेना निवासी नरेंद्र, धमना निवासी रामसिंह, कस्बे के बुधौलियाना निवासी शिवसिंह (35) पुत्र मलखान बाइक से गिरकर घायल हो गये। जहां चिकित्सक ने असविंद्र, रामसिंह व शिव सिंह की गंभीर हालत होने पर उरई रिफर कर दिया।

### महिला को पति ने मारपीट कर घर से निकाला

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के बरिया गांव की कल्ली पत्नी रामगोपाल ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि उसके पति राममोहन ने तीन नवम्बर की शाम छह बजे उसे बुरी तरह मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति ने दूसरी शादी सिकरी निवासी महिला से कर लिया है। पति व दूसरी पत्नी मिलकर उसे आये दिन मारते-पीटते हैं। उसके सिर की हड्डी टूट गई है। शरीर में गम्भीर चोटे आई हैं। घटना की सूचना राजापुर थाने में दी तो इलाकाई पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट दर्जकर दोषियों के खिलाफकानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### तीस उद्यमियों प्रशिक्षुओं को बीडीओ ने वितरित किए प्रमाणपत्र

**कदौरा (जालौन)।** सूक्ष्म लघु एंव उद्यम मंत्रालय भारत सरकार संचालित नेशनल एससी एसटी हब के अंतर्गत 10 दिवसीय डेयरी फार्मिंग एंव वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के तहत विकास खण्ड परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ था बुधवार को कार्यक्रम समापन में मुख्य अतिथि बीडीओ अतिरंजन सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगों को स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बने ताकि भविष्य में उनको जीवन यापन करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो उन्होंने तकनीकी कौशल के साथ उद्यम करने के लिए प्रेरित किया आरसेटी निदेशक विभाष कुमार ने कहा कि कार्यक्रम 5 नबम्बर से शुरू हुआ था जिसमे क्षेत्र के 30 एसीएसटी वर्ग के लोगो को प्रशिक्षित किया गया है बीडीओ अतिरंजन सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे कार्यक्रम का संचालन स्वयं प्रकाश शुक्ला ने किया इस मौके पर संतोष पांचाल, रूपसिंह, सुनील कुमार सहित ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

### मारपीट के आरोप में 4 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कोंच(जालौन)।** मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के मुहल्ला जवाहर नगर निवासी प्रमोद राठौर पुत्र स्व सुन्नेलाल ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीती 15 नवंबर को शाम करीब 6 बजे मुहल्ले के ही पुनीत राठौर पुत्र स्व. भगवान दास राठौर, सूरज सिंह पुत्र कल्लू, एकता पुत्री स्व. भगवान दास व शोभा पत्नी स्व भगवान दास एक राय होकर उसके घर के दरवाजे पर आये और गाली गलौज कर लात घूंसों से उसे मारापीटा वहीं उसे बचाने आयी बेटी मुस्कान पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। उक्त घटना को लेकर पुलिस ने बुधवार को उपरोक्त चारों लोगों के खिलाफदफा 308, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जाँच आरम्भ कर दी है।

### चाकूधारी संदिग्ध युवक गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े युवक को चौकी पुलिस ने चाकू के साथ गिफ्तार किया। चौकी पर तैनाम एसआई देशराज यादव को सूचना मिली कि पंजाब नेशनल बैंक के पास एक संदिग्ध युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध हालत में खड़े सोमकुमार कंजड़ निवासी मोहल्ला सहावनाका को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से एक चाकू बरामद किया। पुलिस ने युवक को कोतवाली लाकर उसके खिलाफरिपोर्ट दर्ज की।

# पंचायत चुनाव में भाजपा का परचम लहराने में जुटें कार्यकर्ता: आर के पटेल



**चित्रकूट।** भाजपा जिला इकाई आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर तैयारियों में जुट गई है। बुधवार को जिले के शिवरामपुर, भरतकूप, कर्वी पहाड़ी गनीवा और सरधुआ मंडलों में जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बाँदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने ऐतिहासिक विकास किये है। जन अपेक्षाओं पर खरी रही भाजपा सरकार की लोकप्रियता में लगातार इजाफा हुआ है। पंचायत चुनाव में भी भाजपा रिकॉर्ड जीत हासिल करेगी। पंचायत चुनाव की तैयारी बैठको में मुख्य अतिथि रहे बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिह पटेल ने कहा कि पंचायत चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव होते हैं। यह चुनाव सीधे गांव से जुड़ा होता है। यह चुनाव आगामी विस और लोस चुनाव में पार्टी को फायदा पहुंचाने का काम करते हैं। गांव मे अपने विचारधारा के कैसे प्रधान व अपने विचारधारा के जिला पंचायत कैसे जीते इसके लिए पूरी तैयारी के साथ पार्टी नेताओ और कार्यकर्ताओं को काम करना होगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि पंचायत चुनाव की घोषणा किसी भी समय हो सकती है। हम सभी को पूर्ण रूप से तैयार रहना होगा। जो भी कार्यकर्ता चुनाव लड़ने का इच्छुक हो वह अभी से अपनी तैयारी मे लग जाये। वह सरकार की योजनाओं का प्रचार- प्रसार करें। वह लोगों को उसके लाभ दिलाने का काम करें। प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताने का काम करें। जो समस्याएं सामने आये उसे संगठन और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से हल कराने का काम करें। बैठक में प्रमुख रूप से मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, बद्री विशाल त्रिपाठी, महेंद्र कोटार्य, देव त्रिपाठी, शिवशंकर सिंह, दिनेश पटेल, लवकुश चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष सुशील द्विवेदी, सच्चिदानंद गर्ग, श्रवण पटेल, लाल बहादुर सिंह, सी एन सिंह, जानकी शरण तिवारी, आभेष मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मनरेगा कनवरजेंस का हाल-बेहाल**

# करीब आधा बजट हुआ खर्च मगर सिर्फ पांच फीसदी मजदूरों को मिला काम

- बन विभाग ने अभी तक 49 कामों की नहीं की है शुरुआत, गैर प्रांत से आने वाले मजदूरों को नहीं मिल रहा है काम

**हमीरपुर।** जिले में मनरेगा कनवरजेंस विभागों के लिये खाने कमाने का जरिया बनकर रह गया है। बन विभाग ने आवंटित बजट का चालिस फीसदी खर्च करने के बाद मानव दिवस मात्र पांच फीसदी ही सृजित किया है। प्रस्ताव में दिये गये 73 कामों में 49 कामो की शुरुआत विभाग ने नही की है। जिसे लेकर तरह तरह की अटकले लगायी जा रही है। मनरेगा कनवरजेंस के माध्यम से मजदूरों को काम देना था ताकि जिले के मजदूर अन्य जिले व प्रांतो में पलायन न करे जो मजदूर लाक डाउन के दौरान जिले में रहकर काम करना चाहते है। उन्हे भी काम मिल सके इसलिये जिले के छह विभागों ने 504 कामों का प्रस्ताव दिया था जिसमे बन विभाग ने 73 कामों का प्रस्ताव दिया था और श्रमांश में 360.65 लाख व सामग्री में 65.51 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया था इसके लिये शासन ने 1,96,729 मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य रखा था यानी इतने दिन काम बजट के अनुसार कराना है ताकि स्थानीय मजदूरो को लाभ मिल सके। विभाग ने 24 कार्यो की शुरुआत की है जिसमें बंधी बांधना, चेकडैम बनाना, वृक्षों को लगाना आदि कई काम प्रस्ताव में शामिल किये गये है बताया जाताहै कि विभाग ने कई काम ऐसे काम शामिल किये है जो पहले कराये जा चुके है। शासन के आदेश है कि सभी कामो की शुरुआत की जाये मगर विभाग ने 49 कामो की शुरुआत नही की है जिससे मजदूरों को काम नही मिल पा रहा है विभाग के डीएफओ नरेंद्र सिंह का कहन है कि धीरे धीरे कामों की शुरूआत की जा रही है। विभाग ने 80.25 लाख रुपये खर्च कर दिये है मगर मानव दिवस यानी कामों की संख्या बहुत ही कम हुयी है। इसी प्रकार विभागको सामग्री में 65.51 लाख खर्च करना था मगर इस मद में एक भी धेला नही खर्च किया गया है जिससे विभाग की कार्यप्रणाली में प्रश्नचिंह लगता जा रहा है। अभी तक कुल मिलाकर 250 श्रमिकों को काम मे लगाया गया है जब कि एक हजार से अधिक श्रमिकों को काम मे लग जाना चाहिये मगर ऐसा नही हो रहा है जिससे मजदूर इधर उधर भटकने को मजबूर है।

## दुकानदार ने किशोरी को बनाया हवस का शिकार

**बिवाँर ( हमीरपुर )।** बिवाँर क्षेत्र मे आज एक चौदह वर्षीय दलित किशोरी के साथ दुकानदार ने घर के अंदर जबरन ले जाकर दुराचार किया। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के ग्राम पाटनपुर में दलित किशोरी आज दुकान से माचिस लेने गई थी तभी दुकानदार की नियत खराब हो गयी और आसपास कोई न होने पर दुकानदार सीपू पुत्र रामऔतार शिवहरे किशोरी का हाँथ पकड़कर जबरन घर के अंदर घसीट ले गया और इसके साथ दुराचार किया और उसके बाद उसे घर से निकाल दिया किशोरी ने घर आकर पिता से रो रोकर सारी घटना बताई किशोरी के पिता ने पुत्री को थाना बिवाँर लाकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 , 4 पॉक्सो एक्ट व 3(2)वी एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार के जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ने भी पीड़िता के घर जाकर परिजनों को उचित न्याय का आश्वासन दिया है।

# अनुशासन ही सुखद जीवन का मूल मंत्र

- तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ



**उरई ( जालौन )।** बुधवार को बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल, झांसी रोड, उरई में कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के बाद पहली बार विद्यालय में परिवहन विभाग द्वारा तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. मन्नान अख्तर, जिलाधिकारी, जालौन द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. मन्नान अख्तर जिलाधिकारी ने कहा कि यातायात में थोड़ी सी लापरवाही व्यक्ति के लिए जानलेवा हो सकती है। अत: हमें स्वयं सुरक्षित रहने के लिए अनुशासन की आवश्यकता है। अनुशासित जीवन ही सुखद् जीवन का मूल मंत्र है।

उन्होंने बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश मे प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। यदि बच्चे अपने माता-पिता, भाई-बहिनों से यातायात नियम का पालन करने के लिए प्रेरित करें तो उनके परिवार के लोग यातायात नियमों का पालन अवश्य करेंगे। क्योकि हर माता पिता अपने बच्चों के प्यार के खातिर उनकी बात मानते है। उन्होंने बच्चों को सरल भाषा मे सरल स्वभाव मे बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सड़क पर स्टंटबाजी करने से महानता नही है। हमे अपने अच्छे कार्यों से महान बनना है ताकि आपको देखकर आगे आने वाली पीढी अग्रसर हो सके। एआरटीओ श्रीमती सोमलता ने बच्चों का आवहन किया कि वह यातायात नियमों का पालन करेंगें एवं दूसरों को भी यातायात नियम पालन करने के लिए आग्रह करेगें। उन्होंने छात्रों से संवाद कर यातयात संबंधी समस्यायें सुनी तथा उनका समाधान किया। विद्यालय प्रबंधक इं. अजय इटौरिया ने युवाओं से आवाहन करते हुए कहा कि यदि हम अपने जेहन में, मन में यह ठान लें कि कितनी भी जल्दी हो कितना भी आवश्यक कार्य हो हमें वाहन धीमा चलाना है, जीवन को सुरक्षित बनाना है। जो रखते है वाहन रफ्तार का ध्यान उनके जीवन मे नही रूकती कभी रफ्तार। आज के इस दौर में युवाओं के बारे में मुझे यह स्वीकार करने में संकोच नही है कि हमारे बहुत से युवा गैर जिम्मेदाराना तरीके से गाड़ी चलाते है और सड़क को अपने रेसिंग ट्रेक के रूप में मानते है जिसके परिणाम स्वरूप सड़क पर दुर्घटनाओं के शिकार होते है। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम उन पर निगरानी रखे उन्हे सुरक्षा नियमों के महत्व का एहसास कराये। हमारी युवाओं से अपील है कि वह अपने सुरक्षा से मत करें वगाबत, दुर्घटना को मत दें दावत। सड़क पर आप करें खुद की सुरक्षा, जिससे हो आपके परिवार की रक्षा। यदि युवा मन में बांधे ये गाँठ, फिर उन्हे नही सिखाना होगा यातयात नियमों का पाठ। प्रबन्धक ने कहा कि छात्रों के साथ इतने लंबे समय के बाद कोविड को ध्यान मे रखते हुए और दूरी का पालन करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया। डीएम, पुलिस अधीक्षक, एवं एआरटीओ, ने शहर में यातायात संबंधी परिवहन विभाग के जागरूकता हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा श्रीखण्डे द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। एवं मंच का संचालन देवेश पाठक ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र, छात्राएं एवं अध्यापक गोविन्द सिंह, पुरूषोत्तम पुरवार, केके चतुर्वेदी, दीक्षा दूरवार, नीरज त्रिपाठी, सुनन्दा सिंह, ममता वर्मा, मनविन्दर सिंह, आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# कोरोना काल में शिक्षा पर पड़ा है खासा प्रभाव: डीएम

**चित्रकूट।** डीएम की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त व गैरमान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रेरणा एप व दीक्षा एप अंगीकार करने की बाबत विद्यालयों के प्रबंध तंत्र के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना महामारी के समय बच्चों की शिक्षा पर बहुत प्रभाव पड़ा है। बुधवार को हुई बैठक में डीएम ने कहा कि कोरोना कॉल बच्चों के भविष्य के लिए बहुत बडी त्रासदी है। प्रेरणा एप व दीक्षा एप से घरों व विद्यालयों में बैठकर बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकते हैं। छोटे बच्चों को छोडकर बड़े बच्चों की बेहतर पढाई हो सकती है। आने वाला समय खासा चुनौती पूर्ण है। दो गज की दूरी मास्क है बहुत जरूरी इसका पालन करने से बीमारी नहीं होगी। बेटियों की शिक्षा के लिए पिंककार्ड योजना लागू की गई है। डायट प्राचार्य सीएल चौरसिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के स्तर में गुणवत्ता व संवर्धन को विभिन्न बिन्दुओं पर प्रेरणा एप से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को जोडा जा रहा है, ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके।

# भिटारा पहुंचे बीएसए ने बच्चों को बांटे स्वेटर



बच्चों को स्वेटर बांटते बीएसए।

**जालौन ( उरई )।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय भिटारा में बीएसए द्वारा छात्रों को स्वेटर व छात्र प्रगति पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान बीएसए ने ई पाठशाला पर जोर दिया। बीएसए प्रेमचंद यादव ने स्वेटर एवं प्रगति पत्र वितरण के दौरान उपस्थित अभिभावकों से कहा कि कोरोना महामारी के चलते विद्यालय का सुचारू संचालन नहीं हो सका है। इसके बावजूद सरकार द्वारा ई पाठशाला की व्यवस्था की गई है। जिसके माध्यम से बच्चों को ऑन लाईन शिक्षा दी जा रही है। अपने बच्चों को ई पाठशाला से अनिवार्य रूप से जोड़ें। खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश गुप्ता ने कहा कि जब तक कक्षाएं नियमित शुरू नहीं होती हैं। तब तक अभिभावक ई पाठशाला से ही बच्चों को शिक्षा दिलाएं। विद्यालय में अध्यापक नियमित उपस्थित रहकर ई पाठशाला के संचालन में सहयोग कर रहे हैं। अंत में प्रधानाचाय्र विजयकांती वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नजमुन्निशां, शुगुफ्ता यासमीन, पवन कुमार, सीमा, गीता, आशा, पूनम, साहब सिंह आदि मौजूद रहे।

# वन विभाग की बेशकीमती भूमि पर दंबगों का कब्जा, विभाग मौन

**कालपी ( जालौन )।** कालपी क्षेत्र के जंगल में अधाधुंध हरे पेड़ो की कटान तथा बन विभाग की बेसकीमती खाली पड़ी जमीन में भू-माफिआओं द्वारा अतिक्रमण का कब्जा करने से मामले में बन विभाग के अधिकारी कोई कार्यवाही न करने से बन विभाग के अधिकारी संदेह के घेरे में है। कालपी के जंगल में कुछ वर्षो पूर्व बेशकीमती सागौन, शीशम, चंदन जैसे पेड़ो की अधाधुंध कटान होने के कारण उक्त जंगल बीरांन जैसे लगने लगा है। जंहा पर जंगली जानवर भी जीवित नहीं रह पा रहे है। कालपी का जंगल छायादार घने हरे पेड़-पौधों से लहराता रहता था जिसमें बन जीव, जानवर विचरन करते थे तथा उनके सुरक्षा हेतु इतने पेड़ पौधे लगे थे की उन्हे किसी भी तरह की परेशानी नही होती थी। हिरण, नीलगाय जैसे शोभनीय अनेकों जानवर इसी जंगल में विचरन करते थे। वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही व उदासीनता तथा मिली भगत के चलते कालपी नगर में खाली पड़ी बेशकीमती जमीन पर भू-माफिआओं द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है जो योगी सरकार के ऐंटी भू-माफिआ अभियान को मुंह चिढ़ा रहें। उप्र सरकार के स्पष्ट आदेश है कि सरकारी जमीन पर कोई भी कब्जा नही होना चाहिये इस के उद्देश से ऐन्टी भू-माफिआ अभियान का शुरुआत कर प्रदेश को कब्जा मुक्त करने में काफी कामयाबी हासिल कर ली है।



विभागीय इमारत।

वन विभाग के अधिकारीगण स्कूलो आदि में तो विभाग का ताला डालकर नौनिहाल बच्चों का भविष्य तो बर्वाद तो कर ही दिया है जो आज भी लाखों रुपये से बनी इमारत खण्डहर हो रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण भी कालपी नगर में ही है। कालपी के सामाजसेवियों ने कई बार उक्त बेशकीमती भूमि में दबंगो द्वारा कब्जा किये जाने की शिकायत वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी से कर चुके है लेकिन उक्त अधिकारी उक्त शिकायतों को रद्दी की टोकरी में डालकर शिकायतकर्ता का मन डाउन कर देते है। जबकि उक्त कब्जा वन विभाग के नांक के नीचे ही हो रहा है फिर भी विभाग कुम्भकर्णी निंद्रा में मस्त।

# शुष्क सर्दी में बचें बढ़ रही मौसमी बीमारियों से

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**नगर व क्षेत्र** में सर्दी के आगमन का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। शुष्क सर्दी से होने वाली मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। चिकित्सक जहां रोगियों का उपचार कर रहे हैं, वहीं सर्दी से बचाव की हिदायत भी दे रहे हैं। बुधवार को नगर के तिर्वारोड स्थित गायत्री क्लीनिक पर डा. आरएन राठौर नें जानकारी देते हुये बताया कि विगत कुछ दिनों से शुष्क सर्दी के कारण होने वाली बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। उन्होनें सर्दी से बचाव के उपाय बताते हुये कहा कि अगर मौसम इसी तरह सूखा रहता है तो लोगों को गर्म कपड़ों का अधिक प्रयोग करना चाहिए। मौसमी बीमारियों से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। डा0 गंधर्व सिंह राठौर नें कहा कि शुष्क सर्दी बच्चों पर भारी पड़ सकती है। बच्चों में सर्दी-जुकाम या बुखार के लक्षण दिखने पर उन्हें चिकित्सक को दिखाएं ताकि बीमारी को बढ़ने से रोका जा सके। उन्होनें शुष्क सर्दी से बचाव के उपाय बताते हुये कहा कि गर्म कपड़े पहनें, घर से बाहर निकलते समय शरीर को अच्छी तरह से ढककर निकलें, दोपहिया वाहन का प्रयोग कम करें, पानी को उबालकर प्रयोग में लाएं, गर्म खाद्य वस्तुओं का उपयोग करें, फ्लों का उपयोग कम से कम करें, सर्दी व जुकाम होने पर चिकित्सक से संपर्क करें। डा. बीके द्विवेदी, असि. मानसिंह, अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।



क्लीनिक पर जानकारी देते चिकित्सक डा. आरएन राठौर व डा. गंधर्व सिंह राठौर।

## मेहनत व लगन से कार्य कर विभाग की छवि निखारें: एसपी

**कन्नौज।** विगत दिन पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा जारी की गई सबइंस्पेक्टर पदोन्नति की सूची में स्वाट टीम प्रभारी सहित गुरसहायगंज एसएसआई का नाम आने पर सहकर्मियों सहित अधिकारियों ने बधाई दी। पदोन्नति पाये सब इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह को एसपी व एएसपी नें तीसरा स्टार लगाकर बधाई दी। बुधवार को पुलिस लाइन स्थित कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पदोन्नति पाए जनपद में तैनात स्वाट टीम प्रभारी शैलेन्द्र सिंह को सबइंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति होने पर तीसरा स्टार लगाकर बधाई व शुभकामनाएं देने के उपरांत कहा कि आशा करता हूं कि पदोन्नति पाए अधिकारी मेहनत व लगन से अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से पालन कर जनता में पुलिस की छवि को निखारनें का कार्य करेंगे। कहा की पूरी इमानदारी से फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करें जिससे क्षेत्र में अमन चैन कायम हो सके। उधर गुरसहायगंज में वरिष्ठ उपनिरीक्षक जितेंद्र पाल सिंह को पदोन्नति मिलने पर सहकर्मियों सहित नागरिकों ने बधाई दी।

# एलईडी लाइट से जगमगाएंगी अब सुलतानपुर की गलियां

संवाददाता। सुलतानपुर



**नगर** क्षेत्र की सड़कों और नालियों को दुरुस्त करने के साथ गली मुहल्लों को एक करोड़ 20 लाख व्यय कर चकाचौंध किया जाएगा। तकरीबन हर वार्ड में बिजली के पोल पर एलईडी के बल्व और मुख्य मार्गों पर हाईमास्ट वाले एलईडी लगाए जाएंगे। नगर पालिका की ओर से बनाई गई इस कार्य योजना के लिए राज्य वित्त आयोग से धन का आवंटन किया गया है। करीब तकरीबन सवा लाख की आबादी और 25 वार्डों वाली नगर पालिका परिषद एक सैकड़ा से अधिक छोटे बड़े मुहल्ले है। सकरी गलियों में आबाद इन मुहल्लों की मार्ग प्रकाश व्यवस्था जर्जर है। दशकों पुरानी बल्व व सोडियम की लाइटों से यहां प्रकाश फैलाया जाता आ रहा है। इनके स्थान पर कम बिजली की खर्च वाले आधुनिक एलईडी लाइट को लगाया जा रहा है। इससे जहां मुहल्ला एलईडी लाइटों से रोशन होगा वहीं 50 से 65 प्रतिशत बिजली बचत भी हो सकेगी। बिजली की कम खपत वाली इन लाइटों के लगने से सरकार के उर्जा संरक्षण अभियान को भी बल मिल सकेगा। यह लाइटें 120, 90 व 45 वाट की होगी। अधिकतर जगहों पर 90 वाट के बल्व लगेंगे। मुख्य मार्ग पर 120 व तंग गलियों में 45 वाट की रोशनी लगाई जाएगी। शहर में इस तरह की तकरीबन चार हजार एलईडी लाइटें लगाई जानी हैं। कुछ पॉश इलाकों में अब तक 14 सौ ऐसी लाइटें लगा दी गई हैं। शहर को मॉडल सिटी के रूप में विकसित करने के लिए जिन तीन सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना है उनके मध्य में बनने वाले डिवाइडरों और किनारों पर भी इन्हीं लाइटों को लगाया जाना है। इस बावत नगर पालिका अध्यक्ष बबिता जायसवाल ने बताया कि सड़क, नाली का निर्माण शुरू होने के साथ मार्ग प्रकाश की व्यवस्था भी दुरुस्त की जाएगी।

# खेत में मिला किशोर का शव

संवाददाता। सुलतानपुर

**ब्राहिमपुर** गांव में गन्ने के खेत में 15 वर्षीय किशोर का शव पाया गया। उसकी पहचान जौनपुर जिले के निवासी राघव प्रजापति के रूप में की गई है। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बुधवार की सुबह ब्राहिमपुर गांव में कुछ लोगों ने किशोर का शव गन्ने के खेत में देखा। शव मिलने की खबर पर काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। उसकी पहचान जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के बूढ़ापुर निवासी झूरी प्रजापति के 15 साल के बेटे राघव प्रजापति के रूप में हुई। राघव कुछ दिनों से ब्राहिमपुर गांव में ही अपने नाना लहूरी प्रजापति के यहां रहता था। वह पिछले दो दिनों से गायब था। परिजनों की माने तो राघव की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पहले लोगों ने समझा कि वह एक-दो दिन में घूम-फिर कर वापस आ जाएगा, लेकिन बुधवार को उसकी लाश खेत में मिली। मामले की सूचना ग्रामीणों ने अखण्डनगर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार अभी तक किशोर के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## बोलरे की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटकौली ग्राम सभा में पशु चिकित्सालय के सामने तेज रफ्तार से आ रहे बोलेरो ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के लिए भेजा। चालक की पहचान सैफुल्लागंज के फुलवरिया निवासी जफीर पुत्र बसीर के रूप में हुई। मौत की खबर घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। युवक की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। परिवारीजनों का रो-रोकर-बुरा हाल है। लोगों के लाख समझाने-बुझाने के बाद भी उनके आंसू थमने का नाम नही ले रहे हैं।

# श्रावस्ती में कल होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन

संवाददाता। श्रावस्ती

**कलेक्ट्रेट** सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से सम्बन्धित बैठक आयोजित हुयी जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने आगामी 20 नवम्बर को जिले में आयोजित होने वाले मुख्यमत्री सामुहिक विवाह योजना की सभी तैयारियों को पूरा करने का निर्देश जारी किये है। जिससे कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

बैठक मे जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन ने बताया कि विकास खण्ड जमुनहा में 51 इकौना में 23 गिलौला में 22 हरिहरपुररानी में 16 सिरसिया में 07 जिला पंचायत में 15 नगर पालिका परिषद भिनगा में 04 और नगर पंचायत इकौना में 05 आवेदन पूर्ण हो चुके है। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा की जा रही तैयारियो के बारे में अवगत कराया गया। विकास खण्ड जमुनहा में लाभार्थी संख्या अधिक होने के कारण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी के अनुरोध पर कोविड.19 के मानकों के अनुपालन के साथ विकास खण्ड जमुनहा के वैवाहिक कार्यक्रम विकास खण्ड जमुनहा परिसर में कराने के निर्देश दियें । विकास खण्ड इकौना गिलौला हरिहरपुरानी सिरसिया जिला पंचायत नगर पालिका परिषद भिनगा तथा नगर पंचायत इकौना के वैवाहिक कार्यक्रम तथागत हाल तथा कलेक्ट्रेट परिसर के अन्य स्थानों में आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में ही मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर सोशल डिस्टेंसिंग तथा मास्क की व्यवस्था कराने का निर्देश दिये है। विकास खण्ड इकौना गिलौला हरिहरपुरानी सिरसिया जिला पंचायत नगर पालिका परिषद भिनगा तथा नगर पंचायत इकौना के वैवाहिक कार्यक्रम तथागत हाल तथा कलेक्ट्रेट परिसर के अन्य स्थानों में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर मिशन शक्ति तथा नशा मुक्ति के स्टाल भी लगाये जायँगे। मुख्य विकास अधिकारी ने यह निर्देश दिये कि सभी खण्ड विकास अधिकारी अधिशासी अधिकारी तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सभी आवेदकों का क्रास परीक्षण कर ले और यह सुनिश्चित करे कि किसी अपात्र को योजना में सम्मिलित नही किया गया है। बाल विवाह किसी भी दशा में अनुमन्य नही है और यदि किसी का विवाह हो चुका है तो मात्र लाभ पाने के लिए योजना में दुबारा विवाह करने से सख्ती से रोका जाय। ऐसी दशा में प्रस्तावक कर्मचारी के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने स्तर से भी रैन्डम जांच करने के लिए जनपद स्तरीय सत्यापन अधिकारियो की तैनाती की है।

# बैंक खुलते ही आधार कार्ड बनवाने वालों की लगी भीड़

**कूरेभार, सुलतानपुर।** ग्रामीण बैंक की स्थानीय शाखा में बुधवार को बैंक खुलने के पहले ही आधार कार्ड बनवाने वालों की लंबी कतार लग गई। भीड़ के चलते सोशल डिस्टेंसिंग का मानक भी चरमरा गया। किसी के के चेहरे पर मास्क नही दिखाई दे रहा था। ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मी भीड़ के आगे बेबस नजर आ रहे थे। घंटों लाइन में लगने के बाद मात्र बीस से तीस लोगों का फार्म जमा कर आधार कार्ड बनाया जा सका। बैंक शाखा में आधार कार्ड बनने की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण आधार कार्ड बनवाने के लिए बैंक खुलने से पहले ही लाइन में खड़े थे। बैंक खुलने के बाद पूरे दिन भर में मात्र 20 से तीस लोगों का ही आधार कार्ड बन पाया। ऐसे में सैकड़ों लोगों को निराश होकर घर वापस लौटना पड़ा। वर्तमान समय मे वोटर, लिस्ट, छात्रवृत्ति का आवेदन करने के लिए आधार कार्ड बनवाने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग लाइन में खड़े थे। लेकिन आधार कार्ड न बनने से उन्हें निराश होना पड़ा। इस संबंध में शाखा प्रबंधक सन्तराम गौतम ने बताया की नेटवर्क की समस्या बनी रहती है कंप्यूटर सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहा जिससे कम लोगों का आधार कार्ड बन पा रहा है। लाइन में लगे सभी के आवेदन लेकर रख दिया गया है।

# मंदिर से हिरन की खाल बरामद, पुजारी गिरफ्तार



संवाददाता। श्रावस्ती

**सिरसिया** एस एस बी तथा वन विभाग की संयुक्त टीम ने विकास खण्ड सिरसिया के मसहा गांव के एक मंदिर से मुखविर की सूचना पर हिरन की खाल को बरामद कर पुजारी को गिरफ्तार कर टीम अपने साथ के गयी जिससे भड़के ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में वन विभाग के रेंज कार्यालय को घेर लिया। मामला जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड सिरसिया के मसहा गांव का है। बीती रात एस एस बी के 62वी वाहनी की सीमा चौकी सुईयां के सब इंस्पेक्टर को मुखविर से सूचना मिली कि मसहा कला गांव में एक व्यक्ति ने अपने पास हिरन की खाल छुपा रखा है सूचना मिलते ही एस एस बी ने इसकी सूचना पश्चिमी रेंज कार्यालय सोहेलवा को दी जिस पर एस एस बी तथा वन विभाग की संयुक्त टीम ने देर रात मसहा गांव के मन्दिर से बोरी में छुपा कर रखा गया हिरण की खाल को बरामद कर लिया और मंदिर के पुजारी जगराम यादव पुत्र गया प्रसाद निवासी लंबूपुरवा थाना सिरसिया को गिरफ्तार करके अपने साथ पश्चिमी रेंज कार्यालय सोहेलवा ले आयीए मामले की जानकारी मिलने पर रात में ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण सिरसिया थाने पर पहुंच गए वह पहुंचने पर थानाध्यक्ष ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी तक नही है जिस पर ग्रमीण पश्चिमी रेंज कार्यालय सोहेलवा पहुच कर पुजारी को छोड़ने की मांग की जब विभाग ने कानूनी मज़बूरी के चलते पुजारी को छोड़ने से मना किया गया तो भडके ग्रामीणों ने रेंज कार्यालय को घेर लिया वनविभाग ग्रामीणों को समझाने में लगा है। वही ग्रामीणों का आरोप है कि जब एस एस बी व वन विभाग की टीम छापेमारी कर रही थी उस समय मुखबिर भी वही मौजूद था उसी बे गलत तरीके से पुजारी को गलत तरीके से फँसाया है।

# पुलिस की नासमझी से मासूम हुआ जख्मी

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कोतवाली पुलिस की नासमझी की वजह से एक बच्ची बुरी तरह से घायल हो गई। वाहन चेकिंग के दौरान लाठी फटकाने पर अपनी भाभी व भतीजी को बाइक से ले जा रहा युवक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गया। जिससे महिला की गोद से बच्ची छिटककर सड़क पर जा गिरी। जिससे बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। कादीपुर-सुलतानपुर रोड पर बरवारीपुर मोड़ के पास पुलिस की वाहन चेकिंग थी। खरगूपुर निवासी शिवकुमार अपनी भाभी को बाइक से लेकर कादीपुर इलाज के लिए ले जा रहा था। बताया जाता है कि कोतवाली के सिपाही वाहनों को रोकने के लिए लाठी फटका रहे थे। इससे शिवकुमार भाभी व बच्ची समेत सड़क पर गिर गए। उनकी भाभी की गोद मे बैठी बच्ची भी सड़क पर गिर गई, जिससे उसे काफी चोटें आई हैं।

# बेमौसम बारिश से फसलें हुईं बर्बाद

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**जहां** एक तरफकिसान भाजपा सरकार के धोखे से परेशान था ठीक वैसे ही आज किसान अपनी व्यवस्था पर खड़ा नहीं हो पाया था कि बेमौसम बरसात ने फिर से किसान की कमर तोड़ दी है बीते सोमवार को हुई बरसात में किसानों की काफी फसल बर्बाद हो गई है और वहीं दूसरी तरफ भाजपा सरकार के सिस्टम से परेशान किसानो के आगे अब कोई रास्ता नहीं बचा भाजपा सरकार बनने के बाद बड़े बड़े वादे किसानों की आय दोगुनी करने के लिए किया गया है लेकिन किसानों की आय दोगुनी तो बड़ी दूर आधी ही बची है चाहे वह महंगाई की मार हो या फिर आवारा पशुओं द्वारा बर्बाद की गई फसल की बात हो या फिर अब धान का रेट ना होने के कारण दिक्कत और तो और जो बची हुई फसल है और वही बिचौलियों से भी परेशान किसान जो कि सरकारी मूल्य से आधे अधूरे रेट पर खरीद कर किसानों के साथ धोखा कर रहे हैं और वही इंद्रदेव के कहर से किसानों के ऊपर बर्बादी का कहर चौतरफा ढाया जा रहा है अब देखना यह होगा कि भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ की सरकार किसानों को क्या लाभ पहुंचाती हैं या फिर मरने के लिए छोड़ देतीहै काफी किसानों की आस है कि शुरुआत में सूखा पड़ने से लेकर आवारा पशुओं द्वारा बर्बाद की गई फसल और अब बेमौसम बरसात की मार से शायद सरकार आंखें खुले और अपने चुनावी वादे को याद करके उन्हें कोई लाभ पहुंचा दें तो बड़ी मेहरबानी होगी और किसानों के घरों के चूल्हे में आग पहुंच पाएगी तो फिर किसानों के बच्चों के भी चेहरे खिल जाएंगे अब देखना यह होगा कि किसानों की समस्या को सरकार कहां तक समझती है?

# सात जुआरी गिरफ्तार, नकदी और ताश के पत्ते बरामद



संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा** पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बी0सी0 दूबे अपर पुलिस अधीक्षक व हौसला प्रसाद क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय थाना को0 भिनगा ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते हुए 7 जुआरियो आलोक तिवारी पुत्र स्व0 रमेश चन्द तिवारी ग्राम उदईपुर पो0 परशुरामपुर थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती मातवर प्रसाद पुत्र हीरालाल नि0 शिवालापुरवा पो0 परशुरामपुर थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती सिराज अहमद पुत्र अली अहमद नि0 उदईपुर थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती दीपक तिवारी पुत्र सावली तिवारी नि0 उदईपुर थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती विक्रमैध्व् वुद्ध राम नि0 वलिदान पुरवा दा0 गोठवा थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती जगराम यादव पुत्र कंधई लाल नि0 वलिदान पुरवा दा0 गोठवा थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती अमेरिका प्रसाद पुत्र झुर्रा प्रसाद नि0 उदईपुर थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार कर 2320 रुपये नगद व ताश का पत्ता बरामद कर मुण्अण्संण्379.2020 धारा 13 जुआ अधिनियम में अभियोग पंजीकत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना किया गया ।

# जब इंदिरा गांधी ने रायबरेली में की थी राष्ट्रपति की भव्य अगवानी

संवाददाता। रायबरेली

**जनपद** के लिए 24 नवम्बर 1972 की तारीख ऐतिहासिक व यादगार की रही समाजसेवी जगदीश शुक्ल यादों को साझा करते हुए बताते हैं कि मोहन सिंह स्मारक नेत्र चिकित्सालय के भव्य कार्यक्रम का शिलान्यास तत्कालीन राष्ट्रपति बी.बी.गिरि ने किया था। तब जनपद की सांसद व देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति का स्वागत व अगवानी किया। इस पुण्य अवसर पर पूरे कार्यक्रम में फूलों की वर्षा होती रही। साथ ही शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ रही। पूरे चिकित्सालय परिसर में इंदिरा गांधी जिंदाबाद के नारों की गूंज थी।इस अवसर पर पं. कमलापति त्रिपाठी, एच.एन.बहुगुधा, यशपाल कपूर, आर.के.धवन, ठाकुर बैजनाथ सिंह, गया प्रसाद शुक्ल 'गुरूजी' ठा.दलबहादुर सिंह, रमेशचन्द्र शुक्ल, मोहनलाल त्रिपाठी, रामशंकर त्रिपाठी, मदनमोहन मिश्र आदि प्रमुख लोग थे। भारी तालियों की गड़गड़ाहट के बीच प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी ने कहा कि इस चिकित्सालय को जो शिलान्यास महामहिम राष्ट्रपति महोदय कर रहे हैं यह एक दिन जनपद पर पड़ोसी जनपदों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में अंत में दानवीर ठाकुर बैजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व उपस्थित सम्मानित जनों का आभार व्यक्त करते हुए छोटे से कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया।

## इंदिरा गांधी साहित्य धाम दौलतपुर जाने की थी पहल

**रायबरेली,** समाजसेवी जगदीश शुक्ल बताते हैं कि 7 अप्रैल 1973 को इंदिरा जी का नगर में कई कार्यक्रम बने थे। अंतिम समय में उन्होंने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए साहित्य धाम दौलतपुर जाने की पहल की थी। परिणाम स्वरूप दौलतपुर जाने का अन्य कार्यक्रमों के साथ समायोजित किया गया। आखिरकार वह साहित्यधाम दौलतपुर के लिए रवाना हुई। दौलतपुर पहुंचने के पूर्व उन्होंने आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी मार्ग का उद्घाटन किया था जो सराय बैरियाखेड़ा से दौलतपुर जाता है। इसके पश्चात वह दौलतपुर के लिए रवाना हुई। गंगातट पर स्थित साहित्यधाम दौलतपुर पहुंचने पर वह बहुत गदगद दिखी उनके साथ पं. कमलापति त्रिपाठी, एच.एन.बहुगुणा, विद्याचरण शुक्ल व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# फसल देखने पहुंचे उप कृषि निदेशक

संवाददाता। बल्दीराय सुल्तानपुर



**उप कृषि** निदेशक सुल्तानपुर द्वारा विकासखंड बल्दीराय के प्रगतिशील किसान जमील अहमद के प्रधानमंत्री रोजगार योजना अंतर्गत नव निर्मित आटा चक्की प्लांट पर पहुंचकर चंदन पौधे को रोपित किया।

उसके पश्चात शाम को प्रगतिशील किसान सोहेल आलम ग्राम गौरा बारामऊ के खेतों पहुचकर मसूर मिनी किट प्रक्षेत्र,मत्स्य पालन तालाब देखकर किसान की बहुत प्रशंसा किया, आम की बाग पर आवश्यक तकनीकी जानकारी दिए गेहूं की लाइन सोइंग के बारे में उपस्थित किसानों को बताया इसके पश्चात कृषि उप निदेशक द्वारा ग्राम सभा अशरफपुर के प्रगतिशील कृषक अभय प्रताप सिंह के यहां ड्रिप के साथ बेड पर मटर के खेत का निरीक्षण, शिमला मिर्च एवं ब्रोकली का निरीक्षण किया गया। अभय प्रताप सिंह ने उप कृषि निदेशक को बताया कि हमारे इस प्लाट पर बैगन, शिमला मिर्च, ब्रोकली एवं सब्जी मटर में किसी भी रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं किया गया है यह पूर्ण रुप से जैविक है इसमें जीवामृत एवं बीज मृत ड्रिप सिंचाई के द्वारा किया जा रहा है। कीट नियंत्रण के लिए शिमला मिर्च में लगाए गए येलो ट्रैप का पर चिपके हुए कीटों का भी निरीक्षण किया गया। अंत में महोदय द्वारा उर्मिला देवी एवं सुनील कुमार मौर्या के संकर टमाटर की खेती का निरीक्षण किया प्रगतिशील किसान द्वारा टमाटर को मल्चिंग शीट एवं ड्रिप के साथ रोपाई किया गया है जिसकी स्टेकिंग की जा रही है स्टैकिंग से संबंधित तकनीकी जानकारी ` उपस्थित किसानों को दिया निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी मौजद रहे। सुधा फाउंडेशन से सुधा सिंह, प्रगतिशील कृषक अभय प्रताप सिंह, सहयोगी किसान सुरेश यादव एवं राम अकबाल वर्मा बीटीएम बल्दीराय मौजूद रहे।

# एमएलसी ने डलमऊ विकास खण्ड में किया विकास कार्यो का शिलान्यास



संवाददाता। रायबरेली डलमऊ

**विकास** खण्ड में जिला पंचायत द्वारा निर्मित व निर्माणाधीन सड़को, मिनी स्टेडियमों का उदघाटन व शिलान्यास करने जिले के विकास पुरुष एम.एल.सी. श्री दिनेश प्रताप सिंह क्रमश: सोहवल, उमरामऊ, कठघर,पकरा पहुँचे। एम0एल0सी का उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण आदि कर भव्य स्वागत किया। श्री सिंह ने पिछले कार्यक्रमों की भाँति इस बार भी कार्यक्रम में उपस्थित बड़े बुजुर्गों के बीच से ही उन्ही के द्वारा शिलान्यास व लोकार्पण कार्य पूरा कराया व उन सभी से आशीष प्राप्त किया। तत्पश्चात कटघर में ही एक किसान मेले व संघोष्टी का आयोजन किया गया था जिसमें दिनेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। उन्होंने मेले में आये हुए सभी किसान बंधुओं को भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही आधुनिक कृषि प्रणाली से संबंधित योजनाओं के बारे में किसान बन्धुओं से जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाने व उत्तम कृषि करने की अपील की। अंत में सभी किसान बन्धुओं का कार्यक्रम में आने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर कौशलेन्द्र सिंह, पवन मिश्रा, शिशुपाल सिंह, विपुल सिंह, सभाजीत सिंह, राम चंद्र यादव ब्लॉक प्रमुख डलमऊ, आदित्य मिश्रा जेपी सिंह अशोक सिंह (दाढ़ी),प्रधान भीरा गोविन्द पुर,पवन मिश्रा समेत कृषि विभाग के आला अधिकारी गण व अन्य कार्यक्रमों में ग्राम वासी गण उपस्थित रहे।

# पुलिस अफसरों के साथ होर्डिंग्स लगवाना समरीन को पड़ा महंगा

**सुलतानपुर।** चर्चित महिला समरीन को पुलिस अफसरों के साथ होर्डिंग्स लगवाना महंगा पड़ गया। सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने फौरन होर्डिंग्स को उतरा दिया। बिना परमीशन के पुलिस अफसरों की होर्डिग्स साथ में लगाने पर नोटिस भी जारी कर दी गई है। मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

गौरतलब हो कि समरीन एक पूर्व विधायक के मामले को लेकर कई बार सुर्खियों में रह चुकी हैं। उन्होंने बिना पुलिस विभाग के अफसरों की इजाजत के पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा, एएसपी शिवराज, सीओ सिटी सतीशचन्द्र व नगर कोतवाल भूपेन्द्र सिंह की फोटो के साथ कलेक्टेऊट गेट पर होर्डिंग्स लगवाई थी। बिना अनुमति के पुलिस अफसरों के साथ होर्डिंग्स लगवाने की भनक पुलिस महकमे को लगी तो विभाग हरकत में आ गया। सक्रिय हुए पुलिस प्रशासन ने इसकी सूचना पालिका प्रशासन को दी। नगर कोतवाल समेत भूपेन्द्र सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच तत्काल होर्डिंग्स को उतरा दिया। पालिका अध्यक्ष बबिता जायसवाल ने बताया कि होर्डिंग्स बिना अनुमति के लगवाई गई थी। नगर कोतवाल का कहना है कि बिना अनुमति के होर्डिंग्स लगवाने पर समरीन के खिलाफनोटिस जारी की गई है। हालॉकि समरीन के इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# हादसों को रोकने के लिए यातायात पुलिस ने की पहल

संवाददाता। सुलतानपुर

**● जनवरी से लेकर सितंबर तक जिले भर में 139 लोगों की मौत व 230 लोग घायल हो चुके हैं, पूरे जनपद में 12 स्थान ऐसे हैं, जहां अत्यधिक सड़क हादसे होते हैं।**

**यातायात** माह के दौरान चिह्नित किए गए दुर्घटना बाहुल्य मार्ग, तिराहों व चौराहों पर होने वाले अत्यधिक हादसों को रोकने की कवायद शुरू कर दी गई। इन जगहों पर यातायात संकेतकों को बढ़ाया जाएगा। साथ ही क्षतिग्रस्त हो चुके संकेतकों को भी बदलने का काम किया जाएगा। स्पीड नियंत्रण करने के लिए चौक-चौराहों पर रंबल स्ट्रिप के भी बढ़ाए जाने पर विचार चल रहा है। जनवरी से लेकर सितंबर तक जिले भर में 139 लोगों की मौत व 230 लोग घायल हो चुके हैं। पूरे जनपद में 12 स्थान ऐसे हैं, जहां अत्यधिक सड़क हादसे होते हैं। इनमें गोसाईंगंज, कटका, टांटिया नगर, द्वारिकागंज, अमहट, कुड़वार व टेढुई ज्यादा संवेदनशील हैं। जांच में पाया गया कि इन जगहों पर यातायात संकेतक व पुलिसकर्मियों की संख्या कम होने से वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण नहीं हो पाता है, इसलिए संकेतकों को बढ़ाए जाने का फैसला लिया गया है।

## ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए तैनात किए गए पुलिसकर्मी

**दीपावली** की छुट्टी के बाद अब सहालग को लेकर खरीदारी वगैरह करने वालों की भीड़ बढ़ रही है। इसलिए दीवाली के पहले चौक क्षेत्र में बैरिकेडिग कर बैट्री रिक्शा, रिक्शा व ऑटो के प्रवेश की मनाही अभी जारी रहेगी। इन नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश पुलिसकर्मियों को दिए गए हैं। वाहनों के दबाव व जाम की समस्या से निपटने के लिए सब्जी मंडी, कुड़वार नाका व अस्पताल गेट के पास बैरिकेडिग से रस्सी बांधकर अतिक्रमण कर एक लेन से दूसरे लेन में जाने वाले वाहन चालकों को रोका जा रहा है। यातायात प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि जाम की समस्या से निपटने को लेकर भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस, होमगार्ड व पीआरडी के जवानों को तैनात किया गया है।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने तैयारियों का जायजा लिया

**रायबरेली।** नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव ने सिटी मजिस्ट्रेट के साथ नगर पालिका क्षेत्र के सई नदी शहीद स्मारक एवं राजघाट पर नगर पालिका के द्वारा छठ पर्व को कोविड-19 के दिशा निर्देशों के साथ सोशल डिस्टेंसिंग को विशेष ध्यान देते हुए मनाने की तैयारियों का जायजा लिया छठ पर्व की आस्था अधिक लोगों में है जिससे उसकी तैयारियों का निरीक्षण करने के साथ-साथ नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव ने अधिशासी अधिकारी बालमुकुंद मिश्रा से विशेष साफ-सफई छठ के स्थानों को सुंदर एवं सुरक्षित तरीके से स्थापित करने के दिशा निर्देश दिए और कहा कि नगर पालिका द्वारा सभी कर्मचारी अधिकारी इस व्यवस्था में लगे हुए हैं और किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने पाएगी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव भी उनके साथ मौजूद रहे और उन्होंने भी व्यवस्था का निरीक्षण किया।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 19 नवंबर, 2020



## विकास कार्यो को नुकसान पहुंचाने वाले सरकारी कर्मियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# सचिव निलंबित, रोजगार सेवक बर्खास्त

### बीडीओ चार्जशीटेड, टीएस को थमाया नोटिस

● सीडीओ के निरीक्षण में रुधौली के ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की खुली पोल ● निर्माणाधीन पार्क, पोषण वाटिका में पौधरोपण, आंगनबाड़ी केन्द्र में खिड़कियों में ग्रिल कार्य मिले अधूरे ● बिना आपूर्ति, कार्य हुए और हो गया एमबी

संवाददाता। बस्ती

**सीडीओ** सरनीत कौर ब्रोका ने विकास कार्यो को नुकसान पहुंचाने वाले सरकारी कर्मियों के खिलाफ बड़ी और कड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई रूधौली विकास खण्ड के चार ग्राम पंचायतों के निरीक्षण में अनेक खामियां मिलने के बाद की गई। इसमें बीडीओ को चार्जषीटेड, सचिव शिवशंकर को तत्काल निलम्बित करने, रोजगार सेवक की संविदा समाप्त और तकनीकी सहायक को नोटिस जारी जैसी कार्रवाई षामिल है। निरीक्षण में कहीं निर्माणाधीन पार्क, पंचायत भवन कार्य पूरा नहीं मिला, विद्यालय पोषण वाटिका में पौधरोपण नहीं मिला,आंगनबाड़ी केन्द्र के खिड़कियों के ग्रिल में दरवाजे लगे नहीं मिले, रनिंग वाटर कार्य, बच्चों के खेलने, पठन पाठन की सामाग्री तक नहीं पाई गई। इसे गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने कार्रवाई करने का निद्रेश दिया। साथ ही खामियों को दुरूस्त करने और अधूरे कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूरा किए जाने के लिए निर्देष दिया।

सीडीओ ने विकास खण्ड रूधौली के ग्राम पंचायत देउरा में मनरेगा योजना से निर्माणाधीन पार्क, पंचायत भवन के निरीक्षण में पाया कि पार्क में मिट्टी पटाई कार्य नहीं किया गया है। बेंच और मेन गेट तक नहीं लगा है। बच्चों के खेलने के लिए झूला लगा है,लेकिन मजबूती के लिए उसे सीमेंट से पक्का नहीं किया गया है।पूर्व में निर्मित पंचायत भवन के जीर्णोद्धार का कार्य होता मौके पर नहीं मिला। इसे गंभीरता से लेते हुए पार्क के निर्माण कार्य और संसाधनो से लैष करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। बीडीओ को निर्देषित किया कि पार्क का दैनिक अनुश्रवण करते हुए तीन दिन के बाद विस्तृत आख्या प्रस्तुत करें। पंचायत भवन के जीर्णोद्धार कार्य को 15 दिन के भीतर पूरा करने का सम्बन्धित को निर्देष दिया। ग्राम पंचायत पिपरा खुर्द पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मनरेगा से निर्माणाधीन पोषण वाटिका में न तो पौधरोपित मिले और न ही जाल मानक अनुरूप मिला। तीन दिन के भीतर जाल का मानक अनुरूप निर्माण कराते हुए पौधरोपण कराए जाने का ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिया। डीपीआरओ को कार्य में षिथिलता, लापरवाही बरतने के मामले में सम्बन्धित के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने,समय से मानक अनुरूप निर्माण न होने के चलते रोजगार सेवक की संविदा समाप्त करने की नोटिस जारी किए जाने और बीडीओ से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देष दिया। ग्राम पंचायत रायठ में आंगनबाड़ी केन्द्र में खिड़कियों के ग्रिल में दरवाजे लगे नहीं पाए गए, वाल पेंटिंग मानक अनुरूप नहीं मिला, षौचालय में रनिंग वाटर कार्य, किचेन में वाटर सप्लाई,बच्चों के खेलने, पढ़ाई कार्य के लिए कोई सामाग्री नहीं पाया गया। सीडीपीओ को कमियां दूर कराते हुए एक सप्ताह के भीतर आख्या उपलब्ध कराने, केन्द्र का सुचारू संचालन सुनिष्चित कराए जाने के लिए निर्देषित किया गया। निर्माणाधीन सामुदायिक षौचालय अधूरा मिला। शौचालय सीट, टाइल्स, पलम्बर कार्य, पीबीसी पाइप कार्य सहित फर्श का कार्य होना नहीं मिला। एमबी के अनुसार फर्मो को भुगतान किया जाना पाया गया, लेकिन सामाग्री की आपूर्ति पंचायत में नहीं ली गई। बिना आपूर्ति, निर्माण कार्य पूर्ण हुए एमबी किए जाने के मामले में तकनीकी सहायक शैलेन्द्र कुमार को दोषी माना गया।

सचिव षिवषंकर चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने, तकनीकी सहायक को नोटिस और बीडीओ को आरोप पत्र जारी करने के लिए डीपीआर को निर्देषित किया।

ग्राम पंचायत खम्भा में निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र के शौचालय एवं किचेन में रनिंग वाटर सप्लाई नहीं मिला। मौके पर सामाग्री और चार्ट आदि नहीं पाया गया। सीडीपीओ को एक सप्ताह में कमियों को दुरूस्त कराते हुए आख्या उपलब्ध कराए जाने का निर्देष दिया गया। प्राथमिक विद्यालय खम्भा में एक कमरे में टाइल्स कार्य होना पाया गया, जबकि तीन अन्य कमरों में टाइल्स कार्य अवषेष मिला।ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान को फण्ड की उपलब्धता अनुसार अवषेष कार्य पूर्ण कराने, मल्टीपुल हैण्डवाष कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कराए जाने, विद्यालय और आंगनबाड़ी केन्द्र के पास खाली जमीन को मनरेगा योजनान्र्तगत खेल मैदान के रूप् में विकसित करने का बीडीओ को निर्देष दिया।निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय में सीट, टाइल्स, पलम्बर, पीबीसी पाइप वर्क सहित फर्श का कार्य, पंचायत भवन के एप्रेन सहित अन्य कार्य होना नहीं मिला।

## क्विक न्यूज

### गांजे के साथ पकड़ा गया आरोपी

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा नेमना परिक्षेत्र मौजूद परिषदीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के समीप बीजपुर पुलिस ने एक किलो दो सौ पचास ग्राम गांजा के साथ उसी ग्राम सभा के निवासी राम दीहल पुत्र रामकरन को गिरफ्तार करने में कामयाबी हाशिल की। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीजपुर थाना के उप निरीक्षक शेषनाथ मिश्रा बुधवार को क्षेत्र भ्रमण पर निकले हुए थे। उसी दौरान उक्त विद्यालय के समीप उन्हें एक व्यक्ति झोले में कुछ सामान लिए हुए संदिग्ध दिखा। जब पुलिस ने उससे कुछ पूछना चाहा तो वह भागने का असफल प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने घेरे बंदी करके उसे हिराशत में ले लिया। झोले की तलाशी लेने पर उसमें एक किलो दो सौ पचास ग्राम गांजा निकला।कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने गांजे को बेचने के लिए कहीं ले जाने की बात कबूल की। पकड़े गए आरोपी का पुलिस मु0 अपराध संख्या 74/2020 के तहत एन डी पी एस एक्ट की धारा 8/20 में चालान कर अग्रीम कार्रवाई हेतु संबंधित न्यायालय में पेश किया।

### बसपा की समीक्षा बैठक आज

**मिर्जापुर।** बहुजन समाज पार्टी की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक गुरूवार को बरौंधा कचार स्थित कान्हा मैरिज हाल में प्रातः 10 बजे आयोजित किया गया है। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भीमराव अम्बेडकरए अशोक कुमार गौतम एवं अमेन्द्र कुमार भारती पार्टी के सेक्टर प्रभारी इलाहाबाद व मीरजापुर मौजूद रहेगे। इस आशय की जानकारी पार्टी के जिला सचिव सद्दाम राईन ने दिया।

### धान क्रय केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

**मिर्जापुर।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल व पुलिस अधीक्षक के द्वारा कोटवा पाण्डेय के साधन सहकारी समिति पर धान ऋय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गयाए जहां पर केन्द्र प्रभारी संज्ञा पाण्डेय उपस्थित मिली परन्तु मौके पर किसी किसान का धान ऋय नहीं किया जा रहा थाए केन्द्र प्रभारी को किसानों के धान को प्राथमिकता पर ऋय करने का निर्देश दिया गया कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जोयगी। इस अवसर पर उपस्थित किसानों से भी वार्ता की गयी।

### सीएम के आगमन को लेकर टीम का गठन

**मिर्जापुर।** जिले में 22 नवम्बर को मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष मनोज जयसवाल ने बुधवार को लालडिग्गी स्थित कार्यालय में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसके अलावा साफ सफाई कार्य की व्यवस्था हेतु पांच सदस्यीय टीम का भी गठन किया और निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी ओमप्रकाश, कर निर्धारण अधिकारी अरविंद यादव, मुख्य सफाई निरीक्षक मनोज सेठ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिंह एवं सफाई निरीक्षक नंदकिशोर शर्मा एमधुसूदन सिंह, अनिल रावत, पंकज श्रीवास्तव, हिमांशु केसरवानी इत्यादि उपस्थित रहे।

### मासिक बैठक हुई संपन्न

**मीरजापुर।** विधानसभा छानबे की मासिक बैठक लालगंज में विधानसभा अध्यक्ष तुलसी पाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान नेम प्लेट झंडा लगाओ अभियान वह नए सदस्यों को जोड़ने पर विशेष बल दिया गयाए साथ ही साथ आगामी जिला पंचायत चुनाव व ग्राम प्रधान चुनाव के बारे में रणनीति बनाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर विचार विमर्श भी किया गया। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल, जिला अध्यक्ष राम लौटन बिन्द, राष्ट्रीय सचिव रमाशंकर पटेल, रमाकांत पटेल, घनश्याम पटेल, दिलीप पटेल, डा. एसपी पटेल, शशि पटेल, गोपालदास शर्मा, संजय उपाध्याय, राजाराम पाल, राजेश्वरी पटेल, जनार्दन कोल, अखिलेश बिन्द, अवधेश पाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मलित हुए। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया सचिव शंकर सिंह चौहान ने अवगत कराया।

## हिण्डाल्को ने ड्राइवरों को बांटे कंबल व मिठाइयां



**सोनभद्र।** सर्दियों का आगाज हो चुका है। ऐसे में एक बार फिर हमेशा की तरह हिण्डाल्को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आई है। दीपावली की खुशियों को इस बार हिण्डाल्को ने ड्राइवर भाइयों के साथ बांटा। इस अवसर पर हिण्डाल्को वित्त एवं वाणिज्य प्रमुख संजीव राजदेरकरतथा लॉजिस्टिक विभाग के सुकांतो पंडित ने ड्राइवरों के मध्य कंबल एवं मिठाई वितरित किया। दीपावली के मौके पर एक नई पहल करते हुए इस बार प्लान्ट के अन्दर देश के कोने-कोने से आने वाले ऐसे ड्राइवर भाइयों को कम्बल और मिठाईयां वितरित की गईं। ये ऐसे ड्राइवर हैं जो विषम परिस्थितयों में भी प्लांट के लिए माल की अनवरत ढुलाई करते रहे हैं। ऐसे में संस्थान ने इन्हें हिण्डाल्को परिवार का सदस्य मानते हुए दीवाली की खुशियों में शामिल किया। वहीं कम्बल एवं मिठाईयां पाकर ड्राइवरों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर गोपाल सिंह, मनवीर आजाद एवं सुशील शर्मा आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निर्धारित समय पर धान क्रय केंद्र बंद मिले तो दर्ज होगा मुकदमाः डीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनपद के समस्त धान ऋय केन्द्र प्रभारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि निरीक्षण में निर्धारित समय पर धान ऋय केन्द्र बन्द पाये गये तो केन्द्र प्रभारी के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त केन्द्र प्रभारियों के साथ बैठक कर धान खरीद की समीक्षा कर उक्त निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि केन्द्र प्रभारी धान खरीद में सक्रियता बनाये रखे और लक्ष्य को पूरा करें। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को धान खरीद की समीक्षा बैठक की गयी जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला खरीद अधिकारी के साथ-साथ जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त व सहायक निबन्धक (सह0), जिला प्रबन्धक पीसीएफ, जिला प्रबन्धक पीसीयू एवं समस्त केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहें। जनपद में कुल 71 ऋय केन्द्र स्थापित है तथा जनपद का लक्ष्य 50000 मी0 टन है। अभी तक लगभग 10000 मी0 टन धान की खरीद 1694 किसानो से हो चुकी है जो की लक्ष्य का 20 प्रतिशत है। जनपद में 7626 कृषकों द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराया गया है। जिला प्रबन्धक, पी0सी0एफ0 को कड़े निर्देश दिये गये है कि सहकारिता के समस्त केन्द्रों पर बोरे की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित करायें, केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये गये कि बोरे समाप्ति के तीन दिन पूर्व ही केन्द्र प्रभारी अपने उच्चाधिकारियों को लिखित में अवगत करायेंगे। यदि जॉच में किसी भी केन्द्र पर बोरों की कमी के कारण खरीद प्रभावित पायी जाती है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी तथा उसके जिला स्तरीय अधिकारी के विरूद्व कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## विकास भवन पहुंचे खजुही के आवासहीन

**बस्ती।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ विकास खंड बनकटी के ग्राम खजुही उर्फ बालगांव के 26 झोपड़पटटी वालों को इस लिए नहीं मिला, क्यों कि इन गरीबों के पास सुविधा षुल्क देने के लिए पैसा नहीं था। पैसे के आगे इन गरीबों की फरियाद को प्रधान और सेक्रेटरी ने भी अनसुना कर दिया। यह सब लोग मंगलवार को विकास भवन डीआरडीए के परियोजना निदेषक के पास पहुंचे। परेषानी सुनी गई और जांच कराने का भरोसा दिया गया। फरियाद करने आए राजबहादुर पाल, विनोद कुमार, धर्मराज कुमार, संदीप यादव, ओमप्रकाष, राम सुंदर, सुदीप, रोहित, सुभाष, मेहीलाल, रामदेव, झिनकू, राजकिषोर, राम बेलास, षोभा, कमिलेष, बृजलाल, रामजी, ध्रुवकुमार, षोभनाथ, मुन्नी देवी, षोभा, गुड़िया, अमिता का कहना है कि पैसा लेकर ऐसे लोगों को आवास दे दिया गया, जो सर्वगुण संपन्न है। उन्हें भी आवास दे दिया, जिन्हें पहले भी मिल चुका है।

## सोनभद्र में बनेंगे चार सामुदायिक भवन

● एनसीएल खड़िया ने रु. 43.12 लाख का किया एमओयू



**सोनभद्र।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के खड़िया क्षेत्र एवं भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड, लखनऊ के बीच बुधवार को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में कुल 4 नग सामुदायिक भवन बनाने के लिये सहमति बनी यह कार्य निगमित सामाजिक दायित्व के तहत रु. 43.12 लाख की लागत से पूर्ण किया जाएगा। समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर एनसीएल की ओर से खड़िया क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरनाथ पांडेय एवम भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड, लखनऊ के महाप्रबंधक पवन कुमार पांडेय ने हस्ताक्षर किये ।यह बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन वैवाहिक या अन्य कार्यक्रम , सार्वजनिक सभा तथा कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण शिविर इत्यादि आयोजित करने में काम आते हैं। साथ ही यहाँ पर बच्चों का टीकाकरण, प्रसूता महिलाओं के लिए खाद्य सामाग्री के वितरण तथा स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन जैसे अनेक समाजोपयोगी कार्य भी किये जाते हैं। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक कार्मिक मो. परवेज़,स्टाफ अधिकारी खड़िया क्षेत्र एससी राय तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल अपने आस पास के क्षेत्र में स्वास्थ्य, पोषण ,शिक्षा, जल आपूर्ति, कौशल विकास, सड़कों व आधारभूत ढांचे के निर्माण तथा खेल, कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने जैसी आधारभूत सुविधाओं को पहुंचाने हेतु तत्परता से कार्य कर रही है।

## सीएम के आगमन को लेकर प्रशासन की तैयारियां शुरू

**मीरजापुर।** विंध्याचल मण्डल में मुख्यमंत्री योगीनाथ जी के जनपद में सम्भावित आगमन को लेकर जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी यूपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल के व अन्य अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया गया। चुनार तहसील अन्तर्गत ग्राम भौहां में जल निगम के द्वारा प्रस्तावित 25 वर्ग मीटर यानी आठ बीघा के एरिया में एवं 25 पीएसआर तथा 11 सीडब्लूआर शुद्ध प्येजल आपूर्ति वाले प्रस्तावित वाटर ट्रीटमेंट प्लान का शिलान्यास मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में मा0 प्रधानमंत्री भररत सरकार के द्वारा वर्चुअल के माध्यम से जनता को सम्बोधित किये जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। भौहा में प्रस्ताव वाटर ट्रीटमेंट प्लान के बन जाने से विकास खण्ड राजगढ एंव विकास खण्ड नरायनपुर के 236 गांव में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी। जिलाधिकारी के साथ जल निगम विभाग लखनउ से आये मिशन निदेशक, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम के अलावा कुल 07 अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा परमहंश बाबा अडगडानन्द आश्रम के लगभग एक किलोमीटर जन सभा स्थल का निरीक्षण किया गया जहां पर तैयारियों के लिये लोक निर्माण विभागए जिला पंचायत राज अधिकारीए अधिशासी अभियन्ता जल निगम, सम्बंधित उप जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अडगडा नन्द आश्रम में भी जाकर हेलीपैड का निरीक्षण किया गयाए तथा जनसभा स्थल के कुछ दूरी पर भी हेलीपैड बनाने का निरीक्षण कर लखनऊ भेजा गया।

## बरदहिया बाजार में जाम पर दिया ज्ञापन

● रालोद नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर व्यवस्था सही हुई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के पूर्वी प्रदेश अध्यक्ष गंगा सिंह सैंथवार एवं प्रदेश प्रवक्ता अजय सिंह सैंथवार ने संयुक्त रूप से जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर कहा है कि खलीलाबाद बरदहिया बाजार सड़क जाम की व्यवस्था को सुधारे अन्यथा वह लोग आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगे। खलीलाबाद नगर के बरदहिया बाजार में विभिन्न प्रकार के कपडो एवं अन्य वस्तुओं की साप्ताहिक मण्डी लगती है जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा देश के अन्य भागों से व्यापारी खरीद-फरोख्त के लिए आते है। जिसमें हजारों की भीड़ आती है तथा हजारों वाहनों का भी आवागमन होता है। यह साप्ताहिक बाजार शनिवार से शुरू होकर सोमवार के अपराहन तक चलती है। स्थिति यह है कि बाजार में सड़क के किनारे पटरियों पर स्थित मकानों के मालिक दुकानदारों से भारी भरकम धनराशि लेकर तथा स्वंय की भी दुकानें मुख्य मार्ग का अतिक्रमण करके लगाते है। सड़क का जो हिस्सा बचता है उस पर बेतरतीब ढंग से दो पहिया, चार पहिया वाहन तथा ठेले आदि जामकर देते है। इसके साथ ही बाजार के मुख्य मार्ग से होकर जाने वाले सम्पर्क मार्ग जनता मार्ग के अलावा गलियों तक में वाहन खड़ा करके जाम लगा देते है। स्थिति इतनी भयावह है कि कोई भी वाहन आपात स्थिति में इस मार्ग से गुजर नहीं सकता है।

## अंतराल दिवस पर तीन हजार से अधिक लाभार्थी हुए लाभान्वित

● प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होता है यह दिवस

● परिवार नियोजन के अस्थाई विधि के बारे में दी गई जानकारी

**सोनभद्र।** शासन के मंशा अनुसार परिवार नियोजन के अस्थाई विधि को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के समस्त प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सब सेंटर लेवल पर प्रत्येक शुक्रवार को अंतराल दिवस का आयोजन किया जाता है ।बीते शुक्रवार को आयोजित अंतराल दिवस पर 3004 लाभार्थियों को परिवार नियोजन के अस्थाई विधि से लाभान्वित कराया गया ।परिवार नियोजन के नोडल व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरजी यादव ने बताया कि शासन स्तर पर यह निर्देश दिया गया है कि परिवार नियोजन के अस्थाई विधि को बढ़ावा देने हेतु प्रत्येक शुक्रवार को अंतराल दिवस का आयोजन कर लाभार्थियों को लाभान्वित कराया जाए ।जिससे मातृत्व शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके ।इसी क्रम में बीते 13 नवंबर को जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व सब सेंटरों पर अंतराल दिवस का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। अंतराल दिवस पर लाभार्थियों को अंतराल विधि के बारे में काउंसलिंग के माध्यम से जानकारी दी गई । तथा इच्छुक लाभार्थियों को बास्केट आप च्वाइस द्वारा अंतरा, छाया, कंडोम ,ओसीपी, माला एन, इसीपिल्स के माध्यम से 2 बच्चों में अंतर रखने के लिए और शादी के बाद 2 साल का अंतर रखने हेतु जानकारी प्रदान की गयी है। इसके अलावा उपस्थित लाभार्थियों को पहले बच्चे के बाद दूसरे बच्चे में कम से कम 3 साल का अंतर रखने का सुझाव दिया गया जिससे मां और बच्चे दोनों स्वस्थ रहे। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मुताबिक जिले में शुक्रवार को आयोजित अंतराल दिवस पर अनचाहे गर्भ से बचने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर 1150 कंडोम, 870 माला एन, 580 छाया गोली, 360 इसीपिल्स और 44 अंतरा इंजेक्शन लाभार्थियों को निशुल्क वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को जिले के सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अंतराल दिवस का आयोजन किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में मडिहान के लोगों की सुनीं समस्याएं

**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा मडिहान तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर आये हुये फरियादियों की समस्याओं को भी सुना गया तथा त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया गया। तहसील दिवस में जमीन कब्जा से सम्बंधित अधिक मामले आये जिनका प्राथमिकता पर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को पराली जलाने पर प्रभावी रोक लगाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसानों व ग्रामीणों को पराली न जलाने के हेतु जागरूक किया जाये। फरियादी भगवान दास के द्वारा जमुर्द धान ऋय केन्द्र पर केन्द्र पभारी के द्वारा बोरा न होने का बहाना बताकर धान ऋय करने से मना करने की शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा तत्कल डिप्टी आरएमओ से वार्ता कर बोरा पहुँचाने का निर्देश देते हुये किसान का धान ऋय करने हेतु निर्देशित किया गया। तहसील दिवस में आवाव व पेंशन के भी कई मामले आये। स्वास्थ्य विभाग का कोई अधिकारी मौजूद न होने पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा गया कि आगे से ऐसी पुनरावृत्ति होने पर कडी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रोशनी यादवए तहसीलदार नूपुर सिंह के अलावा अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


## मुख्यमंत्री ने सुनी बुनकरों की मांग, पावरलूम हो गया चालू



बैठक कर खुशी का इजहार करते बुनकर।

**संतकबीरनगर।** बुनकरो की अनिश्चितकालीन पावरलूम बन्दी समाप्त उत्तर प्रदेश बुनकर सभा जिला यूनिट सन्तकबीरनगर की बैठक बुधवार को खलीलाबाद के अंसार टोला मुहल्ले मे सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हाजी इमामुददीन अंसारी तथा संचालन मीडिया प्रभारी नसीम अंसारी ने किसी बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हाजी इमामुददीन अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के द्वारा सरकार के तरफ से बुनकर प्रतिनिधियो के साथ बुनकरो की अनिश्चितकालीन पावरलूम बन्दी के 33 वे दिन वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया था उत्तर प्रदेश सरकार ने बुनकरो की फ्लैट रेट योजना को बहाल करने का आश्वासन दिया तथा बुनकरो प्रतिनिधियो की सहमति से फ्लैट रेट बढ कर लागू होगा जिस पर सभी की सहमति बनी। बुनकरो की अनिश्चितकालीन पावरलूम बन्दी समाप्त किया जाता जिलाध्यक्ष हाजी इमामुद्दीन अंसारी ने उत्तर प्रदेश सरकार मेरठ बिघायक रफीक अंसारी, एमएलसी अशोक घवन बुनकर सभा के प्रदेश अध्यक्ष हाजी इफ्तेखार अंसारी सभी मिडिया कर्मीयो तथा बुनकर शुभ चिन्तक का आभार व्यक्त किया बुनकरो का यह आन्दोलन रोजी रोटी के लिए था। सरकार ने फ्लैट रेट योजना बहाल किया जिस के लिए समी के प्रति आभार इस अवसर पर बडी सख्या मे बुनकर उपस्थित रहे। बैठक में मोहम्मद इलियास अन्सारी, सरफुद्दोजा अन्सारी, वसी अहमद अन्सारी, अफजल हुसैन अन्सारी, कौसर अली अन्सारी, साबिर अन्सारी, हिमायतुल्लाह अन्सारी, तौफीक अन्सारी, तारिक अन्सारी, हाजी नियाज अन्सारी, हलीम अन्सारी, ओसामा अन्सारी, हैदर अली अन्सारी, शमीम अन्सारी उपस्थित रहे।

## जनसेवा संस्थान छठ व्रती महिलाओं को देगा मास्क



**संतकबीरनगर।** जन सेवा संस्थान कोरोना काल में छठ पर्व को देखते हुए पोखरे पर पूजा करने के लिए आने वाले लोगों को मास्क व सैनिटाइजर की सुविधा उपलब्ध कराएगा। डाला छठ के नाम से पूर्वांचल में तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रसिद्ध त्योहार के लिए तैयारियां तेजी से शुरू हो गई हैं। खलीलाबाद शहर के मुखलिसपुर तिराहा, गोला बाजार, समय जी स्थान, हनुमान गढ़ी मंदिर स्थित पोखरा आदि जगहों पर छठ पर्व को लेकर सफाई शुरू हो गई है। मंगलवार को हनुमान गढ़ी स्थित पोखरे की सफाई हुई। छठ पर्व को लेकर जन सेवा संस्थान की बैठक संस्थान के अध्यक्ष महेश गुप्त की अध्यक्षता में गोला बाजार में हुई। जिसमें उन्होने बताया कि छठ पर्व को देखते हुए संस्थान की तरफसे सभी व्रती महिलाओं और उनके साथ आने वाले लोगों को मास्क व सैनिटाइजर वितरित किया जाएगा। बैठक में ओंकार जायसवाल, सागर वर्मा, बैजनाथ जायसवाल, विजय कुमार अग्रहरि, शशिकांत, शिव कुमार गुप्त समेत अन्य मौजूद रहे।

# नहाय खाय के साथ डाला छठ का महापर्व शुरू

### बाजार में फल समेत पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए जुटी रही भीड़

### नदी तट, पोखरे व तालाबों के किनारे वेदी बनाने में तल्लीन रहे श्रद्धालु

### जिला प्रशासन, नगर पालिका व नगर पंचायत प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम

**संवाददाता** । मऊ

**डाला** छठ का महापर्व बुधवार को नहाए.खाए के साथ शुरु हो गया। इस दौरान छठ पर्व को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। बुधवार को पूरे दिन बाजार में फल समेत पूजन सामग्री की खरीददारी के लिए महिलाओं की भीड़ जुटी रही। वहीं दूसरी तरफ नदीए पोखरों व तालाबों के किनारे श्रद्धालु वेदी बनाने में तल्लीन दिखाई दिए। उधर कोरोना काल को देखते हुए जिला प्रशासनए नगर पालिका प्रशासन व नगर पंचायत प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर हाल में लोगों से कोविड-19 के नियमों का सख्ती के साथ पालन करने की भी अपील किया गया।

कोरोना काल के बावजूद नगर समेत ग्रामीण अंचलों में डाला छठ महापर्व को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। छठ में खासतौर पर भगवान सूर्य की पूजा की जाती है। दीवाली के बाद से ही महिलाएं छठ पूजा की तैयारी करने लगती है। व्रत रखने वाली श्रद्धालु महिलाओं ने बुधवार को नहाए-खाए के साथ छठ महापर्व की शुरुआत कर दिया। नहाए.खाए के बाद गुरुवार को खरना किया जाएगा। इसके उपरांत शुक्रवार को भगवान सूर्य को पहला अ?र्घ्य दिया जाएगा और शनिवार को दूसरा अर्घ्य। इस दौरान पूजन सामग्री की खरीदारी के बाजार में काफी भीड़ देखी गई। मान्यता के अनुसार पांडव जुए में जब अपना सब कुछ हार गए थे तब द्रौपदी ने डाला छठ का व्रत रखकर भगवान सूर्य की प्रार्थना की थी जिस पर वह प्रसन्न हुए थे। पांडवों का राजपाठ उनको वापस मिल गया। तभी से महिलाएं अपनी मनोकामना के लिए डाला छठ का व्रत रखकर सूर्य भगवान की पूजा करती हैं।

### ईख, सूप, दौरी व सुपेली की बढ़ी मांग

**मऊ** । छठ पूजन को लेकर नगर सहित ग्रामीण इलाके की चट्टियों पर फलों की दुकानें सज गई है। नगर में बाहर से ईख लाकर बेचने वाले अपनी दुकानें सजाए हुए हैं। छठ पर्व को देखते हुए बाजार में पूजन के लिए सामानों की खरीद के लिए महिलाओं की काफी भीड़ उमड़ रही है। वहीं बांस की बनी सुपेली व दौरी की भी जमकर बिक्री रही। छठ पूजन के लिए नगर क्षेत्र में विशेषतौर पर भीटी चौक, आजमगढ़ मोड़, गाजीपुर तिराहा, मिर्जाहादीपुरा, सदर चौक, रौजा बाजार आदि क्षेत्रों में स्थित बाजारों में काफी भीड़ दिखाई दिया। बाजार में फल-फूल, ईख, सूप व दौरी आदि की दुकानें काफी संख्या में सजी रही। छठ पर्व के पूर्व आज महिलाओं ने घरों मे लौकी भात खाया। छठ की तैयारी के लिए आज से ही बाजार में फलों की दुकानें सज गई हैं। वहीं घर-घर में छठ गीत सुनाई दे रही है। बच्चे छठ की वेदी बनाने मे लगे दिखाई दिए।

# कालोनीवासियों ने छठ पूजा के लिए गड्ढा खोदकर भरा पानी



**संवाददाता** । मुगलसराय ( चन्दौली )

**नगर** के सिद्धार्थपुरम कॉलोनी में बुधवार को मंदिर परिसर में एक बड़ा गढ्ढा खोदकर कॉलोनी वासियों ने छठ पूजा के लिए उसमें पानी भरवाया पिछले कई महीने से कोरोना काल से जूझ रहे देशवासियों में इस वर्ष छठ पूजा जो तालाब में सुबह शाम अर्घ्य देकर मनाया जाता है। वहां जबरदस्त भीड़ की आशंका को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से डिस्टेंसिग करना आवश्यक हो गया है जिसे देखते हुए सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कॉलोनीवासियों ने एक बैठक कर यह विचार बनाया जिससे लगभग एक दर्जन व्रतवर्ती महिलाओं के लिए 15 से 20 फीट लंबाई व तीन फुट गहराई का एक गढ्ढा खोदा जाए और उसमें पानी भरा कर आस्था का पर्व डाला छठ पूजा का कार्यक्रम किया जा सकता है कॉलोनी वासी अजय राय ने बताया कि यह बहुत ही पवित्र पूजा का कार्यक्रम होता है इसमें कई दिनों तक महिलाएं व्रत धारण की रहती हैं सूर्यास्त और सूर्योदय के समय तालाब में खड़े होने होकर अर्घ्य देने की परंपरा है कोरोना काल संकट में उस परंपरा को कायम रखने के लिए त्वरित कार्रवाई किया गया बताया कि पर्व के बाद इस गड्ढे को सुरक्षा की दृष्टि से पाट कर समतल कर दिया जाएगा इससे व्रत वर्ती महिलाओं में काफी उल्लास है। इस दौरान अभय कुमार राय, शशि मोहन, अजय राय, डीडी सिंह, पिंटू सिंह, सीबी सिंह, पीयूष पांडे, राजेश प्रकाश, अंकित कुमार, अभिषेक, अमित मेहता आदि शामिल रहे।

# एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक की हत्या कर 5.30 लाख लूटे

### एसपी ने घटनास्थल का लिया जायजा

### अपराधियों को शीघ्र पकड़ने के निर्देश

**संवाददाता** । देवरिया



**यूपी** में बड़े.बड़े दावों के बीच कानून-व्यवस्था को लेकर बार-बार सवाल खड़े हो रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद बदमाश एक के बाद एक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। देवरिया से ऐसी ही घटना सामने आई है, जो पुलिस के सतर्कता पर सवाल खड़े कर रही है। यहां बाइक सवार बदमाशों ने लाखों की लूट को अंजाम देने के बाद एसबीआई कस्टमर सर्विस सेंटर के संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी।

देवरिया जिले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से बदमाशों ने पांच लाख 40 हजार रुपये लूट लिए। इसके बाद संचालक की गोली मारकर सनसनीखेज तरीके से हत्या कर दी गई।

वारदात की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। गौरी बाजार थाना क्षेत्र के विशुनपुरा के पास बुधवार की सुबह बाइक सवार बदमाशों ने इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के जिगनी गांव निवासी सर्वेश्वर पटेल (30 वर्ष) गौरी बाजार के बखरा में एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। बुधवार सुबह गौरी बाजार एसबीआई से वह पांच लाख 40 हजार रुपये निकालने के बाद बैग में रखकर ग्राहक सेवा केंद्र जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बाइक सवार बदमाश उनसे लूटपाट की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने सर्वेश्वर को गोली मार दी। घायल सर्वेश्वर वहीं अचेत अवस्था में नीचे गिर गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। इसके बाद घायल संचालक को अस्पताल लाया गयाए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उधर घटनास्थल पर एसपी श्रीपति मिश्र, एएसपी और पुलिस टीम के साथ मौका मुआयना करने पहुंचे। एसपी श्रीपति मिश्र ने बताया कि वारदात की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

# डीएम व एसपी ने छठ पूजा घर में मनाने की अपील की

### कार्यक्रमों में सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का प्रयोग अनिवार्य

**संवाददाता** । देवरिया

**जिलाधिकारी** एवं पुलिस अधीक्षक ने यथासम्भव छठ पर्व को घर पर ही अथवा घर के निकट ही मनाये जाने कीए की है अपील। कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत जिलाधिकारी अमित किशोर एवं पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति मिश्र ने छठ पर्व को यथासम्भव घर पर ही अथवा घर के ही निकट मनाये जाने की अपील जनमानस से की है। उन्होंने कहा है कि छठ् पर्व के सभी कार्यक्रमों में सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से किये जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी श्री किशोर ने छठ् पूजा के अवसर पर नदीध्तालाबों के ऐसे पारम्परिक स्थान जहां छठ पूजा के कार्यक्रम सम्पादित किये जाते हैं, उन घाटों पर साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल, प्रकाश तथा महिलाओं के चेंजिग रूम की व्यवस्था किये जाने के निर्देश नगर निकायों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दिया है।

इसके अतिरिक्त पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराये जाने हेतु इन घाटों पर जागरूकता अभियान चलाये जाने पर बल दिया गया है। साथ ही विभिन्न छठ संगठनों, कार्यक्रम के आयोजकों से यह अपेक्षा भी किया गया है कि घाटों व पूजा स्थलों पर कम से कम जमावड़ा होए तथा कोविड-19 के सन्दर्भ में निर्गत दिशा.निर्देशों व अनलॉक के निर्देशों का अनुपालन हो, इसमें सभी के सहयोग की जरूरत है, जिससे कि कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का अनुपालन शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराया जा सके।

पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति मिश्र ने छठ पर्व के अवसर पर सभी आयोजन स्थलों सहित पूरे जनपद में घाटों पर सतत् निगरानी एवं सतर्क दृष्टि रखे जाने का निर्देश पुलिस कार्मिकों को दिया है।

# अंगद रावण संवाद देख भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

डुमरियागंज ( **सिद्धार्थनगर** )। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बायताल के राम जानकी मंदिर में चल रहे आदर्श रामलीला कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा सबसे पहले राम सेतु मंदिर का निर्माण और पुल का निर्माण हुआ पुल का निर्माण होने के बाद रावण को संधि के लिए समझाने को अंगद को भेजा गया, जहां पर अंगद ने जा कर के अपना पांव जमा दिया और शर्त रखा की, अगर हमारी पांव को ही उठा दिया तो हम युद्ध हार मान लेंगे और बेहतर तरीके से अंगद रावण संवाद हुआ किसी ने अंगद का पांव हिलाने तक की हिम्मत नहीं कर पाई। संरक्षक इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन डा. विक्रांत श्रीवास्तव ने कहा कि रामलीला मंचन होने से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा उभरकर सामने आती है। वहीं इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि भगवान राम के आदर्शो को अपने जीवन में लाने का प्रयास युवा पीढ़ी को जरूर करना चाहिए। महामंत्री पुरुषोत्तम दुबे ने कहा कि रामलीला मंचन से क्षेत्र में भक्ति की बयार बह जाती है जोकि कलयुग मे बहुत आवश्यक है इस अवसर पर पत्रकार साथियों को राम लीला मंचन आयोजक समिति द्वारा अंगबस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# हादसे में मृत फौजी को पूर्व सैनिकों ने दी सामूहिक सलामी



**जौनपुर**। इलाहाबाद में तैनात फौजी अवनीश यादव पुत्र रणधीर यादव निवासी शहाबुद्दीनपुर थाना केराकत की बीते मंगलवार को सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर जनपद के तमाम पूर्व सैनिकों ने उनके आवास पर पहुंचकर सामूहिक रूप से सलामी दिया। मालूम हो कि अवनीश यादव बीते मंगलवार को इलाहाबाद से मोटरसाइकिल पर सवार होकर जौनपुर आ रहे थे कि रास्ते में मछलीशहर के पास हुई दुर्घटना में उनकी मौत हो गयी। वहीं जानकारी होने पर परिजनों सहित जनपद के पूर्व सैनिकों में शोक की लहर दौड़ गयी। पूर्व सैनिक दिनेश यादव के अलावा कमलेशए अजय यादवए शिवशंकर यादवए हवलदार यादवए श्रवण जायसवालए आजाद यादव सहित तमाम पूर्व सैनिकों के अलावा अन्य लोगों ने अवनीश यादव को सलामी देते हुये श्रद्धांजलि दिया।

### उपनिरीक्षक से निरीक्षक बने जनपद के जवानों को एसपी ने पहनाया स्टार

**जौनपुर**। पुलिस मुख्यालय से प्रोन्नत हुए 336 निरीक्षक में से जनपद के 6 उपनिरीक्षक भी शामिल हैं। ये उपनिरीक्षक निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत हुये हैं जिनको आरक्षी अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा बुधवार को पुलिस कार्यालय में कंधे पर स्टार लगाकर अलंकृत किया गया। साथ ही श्री नय्यर ने बधाई देते हुए इन निरीक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कोविड-19 को लेकर डीएम ने की बैठक

**सिद्धार्थनगर**। कोविड-19 के सम्बन्ध में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय एमसीएच विंग में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इन्द्र विजय विश्वकर्मा को कोरोना की टेस्टिंग बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो कोरोना पॉजिटिव हैं और उन्हे होम आइसोलेट किया गया है, उन होम आइसोलेशन वाले व्यक्तियों को कंट्रोल रूम से फोन करके उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करें तथा आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराएं। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करके सेंपलिंग की समीक्षा करें और होम आइसोलेशन वाले व्यक्तियों से फोन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करें। कोविड-19 की आरटीपीसीआर, टूनाट मशीन एवं एंटीजन किट की उपलब्धता तथा टेस्ट परिणामों की समीक्षा की गयी।

# अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया गया प्रेरित

### कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**संवाददाता** । मऊ




**प्रधानमंत्री** कौशल विकास प्रशिक्षण एवं राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आईटी एजुकेशन के तत्वावधान में बुधवार को नगर क्षेत्र के मलिक टोला स्थित ट्रेनिंग हाल में महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया।

प्रशिक्षण के दौरान क्षमा रानी श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण महिलाओं को आत्म निर्भर होने के लिए प्रदान किया जा रहा है। कौशल विकास के तहत ट्रेनिंग प्राप्त करके महिलाएं एक तरफ जहां आत्म निर्भर होगी, वहीं दूसरी तरफ समाज व राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का भी निर्वहन करेगी। संस्था के प्रबन्धक मुमताज खान आर्टिस्ट ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज के दौर में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। इस नाते आज के दौर में सभी महिलाओं को आत्म निर्भर होना बहुत ही आवश्यक है। प्रधानमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को ट्रेनिंग हासिल करके आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से संस्था के प्रबंधक मुमताज आर्टिस्ट, क्षमा, रानी श्रीवास्तव, वंदना सिंह, प्रमिला देवी, शगुन, साबरीन, सबा, नाजरा, मनीषा श्रीवास्तव, तृसा, प्रियंका भारती, लुबना खान, पूजा चौब, सरिता, गुलस्बाग, अनम शमीम आदि उपस्थित रहीं।

# बीच सड़क आग का गोला बनी कार

**संवाददाता** । चन्दौली (मुगलसराय)



**कोतवाली** क्षेत्र अंतर्गत जीटीआर ब्रिज पर मंगलवार की शाम एक कार में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने पुल पर दोनों तरफ यातायात को रोक दिया। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने आग आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस दौरान कार सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए।

वाराणसी निवासी कार स्वामी विजय यादव ने बताया कि भारत पेट्रोलियम के इंजीनियर को मंगलवार को पेट्रोल पंप से जुड़े किसी कार्य से ताजपुर लेकर गया था। कार्य समाप्त के बाद वह वहां से वाराणसी के लिए लौट रहा था। शाम को लगभग साढ़े छह बजे कार जैसे ही जीटीआर ब्रिज पर पहुंची की तभी कार के नीचे वायरिंग में आग लग गई। इसके बाद उसने गाड़ी किनारे खड़ी कर दी।

इसके बाद बोनट धू-धू करके जलने लगा। वहां मौजूद लोगों ने बोनट में मिट्टी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन देखते ही देखते पूरी कार आग की चपेट में आकर आग का गोला बन गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एनएन सिंहए एसएसआई रामप्रीत यादवए एसआई सुनील मिश्रा समेत पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने एतिहातन दोनों तरफ ट्रैफिक्र रोक दिया। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। लगभग आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान पुल पर जलती हुई कार को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई थी।

# किसान दिवस में प्रमुखता से उठा धान खरीद का मामला

**संवाददाता** । सिद्धार्थनगर

**जिलाधिकारी** दीपक मीणा की अध्यक्षता में अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों ने क्रय केन्द्रों पर धान खरीद में लापरवाही की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को क्रय केन्द्रों पर आ रही समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि धान क्रय से संबधित समस्या के निवारण हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका नम्बर 05544-220222 व 9336707675 है। इसके अलावा जिलाधिकारी के सीयूजी नम्बर 9454417530 पर अपनी समस्याओं के बारे में अवगत करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक लाल बहादुर यादव को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने उपकृषि निदेशक को किसान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों को आईजीआरएस पर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि आप लोग अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए, जिससे कि किसानों को योजनओं के बारे में जानकारी हो सके और उन्हें उसका लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने संबधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियों क्लिप बनाकर प्रचार-प्रसार कराये। जिलाधिकारी ने संबधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लाभार्थियों की सूची एनआईसी में फीडिंग कराएं।

## गुणवत्तायुक्त प्रमाणिक बीजों का इस्तेमाल करें किसान: जिलाधिकारी

**देवरिया**। जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया है कि कृषि क्षेत्र में उत्पादन एवं उत्पादकता के उत्तरोत्तर वृद्वि में गति प्रदान करना समय की आवश्यकता है। जनपद के कृषकों में उत्पादन एवं उत्पादकता में अधिकतम वृद्धि करने हेतु स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना की अहम भूमिका होती है। पिछले वर्षों की भांति वर्ष 2020-21 में रबी फसल में कृषक बन्धु निर्धारित तकनीकी बिन्दुओं ध्यान रखते हुए खेती करके अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करें। गुणवत्तायुक्त प्रमाणित बीजों का प्रयोग करें। जैविक उर्वरक का प्रयोग करें। समय से रबी फसलों की बोआई लाइन में करें। रबी बीजों में बीज शोधन एवं भूमि शोधन अवश्य करें। मृदा परीक्षण के आधार पर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करे। खर पतवार, कीट एवं व्ययाधि रोगों का नियंत्रण समय से करें। फसल बीमा कराने वाले कृषकों को वरीयता प्रदान की जायेगी।

# मनरेगा पार्क वाले गांवों को बनाया जायेगा आदर्श गांव

**जौनपुर**। जिलाधिकारी दिनेश सिंह ने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि वे अपने खंड विकास अधिकारियों से उन गांवों की सूची प्राप्त करें जहां पर मनरेगा पार्क विकसित किया जा रहा है। जनपद में ऐसे 45 गांव में पार्कों को विकसित किया गया है। इन सभी गांव को आदर्श गांव बनाना है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह तक इन गांवों में स्वयं जाकर के पब्लिक मीटिंग करें और इस बैठक में शिक्षा विभाग के एबीएसए और गांव के विद्यालय के सभी अध्यापकगणए बाल विकास की सुपरवाइजर और आंगनवाड़ीए स्वास्थ्य विभाग की एएनएम और आशाए पंचायत सचिव रोजगार सेवक किसान सहायकए ग्राम प्रधान सहित अन्य पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गांव को आदर्श शिक्षित गांव बनानाए गांव में सभी पात्र विधवाए विकलांगए वृद्धावस्थाए किसान सम्मान निधिए सुमंगला योजना आदि के सभी पात्र लोगों का आनलाइन आवेदन कराकर उसकी स्वीकृति करायी जायए ताकि कोई पात्र वंचित न रहने पाए। स्कूल की दीवारों का पुरातन छात्र जो किसी न किसी अच्छी पद पर हो उनका नामए मोबाइल नंबर के साथ लिखवाना और प्रत्येक माह की 1 तारीख को उन्हें बुलाकर सम्मान करना सुनिश्चित हो। इसके अलावा अन्य जानकारी देते हुये दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त सभी कार्य करके गांव को आदर्श बनाया जाने हेतु उपजिलाधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। पूरे जुनून और ताकत के साथ इन गांव को आदर्श बनाकर मॉडल बना दें जिससे अन्य गांव इनसे प्रेरणा लेकर अपने गांव में भी सुधार करें। किये गये कार्यों की सूचना प्रतिदिन मेरे व्हाट्सएप पर भी अवगत करायें। एक सप्ताह बाद इस कार्यो की बैठक करके कार्यों की समीक्षा गांववार की जाएगी।

**डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर दिये आवश्यक दिशा निर्देशः** जौनपुर। जिलाधिकारी दिनेश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को निर्देश दिया कि नहरों की सफाई अच्छे से करायी जाए तथा जब तक उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनी कमेटी द्वारा सत्यापन न किया जाएए तब तक न नहर चलाई जाएगी और न ही कार्य का भुगतान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नहर सफाई में किसी भी प्रकार की कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद के जो मजरेध्मोहल्ले विद्युत से संतृप्त नहीं है।

# दुर्गा कंप्यूटर एजुकेशन ने किया बाल सम्मान समारोह का आयोजन

**संवाददाता** । देवरिया

**युग** निर्माण सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में दुर्गा कंप्यूटर एजुकेशन एवं योगा संस्थान चटनी गडही उमानगर देवरिया द्वारा बाल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रवीण शास्त्री (एंटी करप्शन कोर ऑफ इंडिया, प्रभारी उप्र) ने छात्रों के बीच विचार साझा करते हुए कहा कि सम्मान व्यक्ति का नहीं उसके विचार और कर्म का होता है सभी को अपने कर्म के प्रति निष्ठावान होना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी आपका मार्गदर्शन कर सकें। आचार्य राणा प्रताप सिंह जी ने कहा कि आप जैसी संगति करते हैं वैसे ही आपकी नियति व उन्नति होती है।

टीएसआई देवरिया ने कहा कि आज के युवा आधुनिकता का दुरुपयोग कर पथभ्रष्ट हो रहे हैं युवाओं को चाहिए कि वो संसाधनों का सदुपयोग करें अभिभावकों तथा शासन प्रशासन द्वारा बनाए जाने वाले नियम सदैव आपकी रक्षा व उन्नति के लिए होते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं राणा प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में विशेष अतिथि का आमंत्रण इसलिए होता है कि आप उनके व्यक्तित्व विचारों का मार्गदर्शन कर आगे बढ़ने का प्रयास कर सकें । इस अवसर पर युवराज प्रताप सिंह, मनीष आनंद मिश्र, तूलिका तिवारी, संगिनी पाठक, जया पांडेय, प्रियांशी पांडेय, आदर्श पटेल, आदित्य पटेल, रवीन्द्र बैठा, प्रशांत श्रीवास्तव, अमरेन्द्र विश्वकर्मा, दिवाकर दिवारी, पुष्कर तिवारी, विवेक मिश्रा, गरिमा पांडेय, आदित्य राय, आलोक पांडेय, ई. दिव्यांशु श्रीवास्तव, रहित राय, विवेक शुक्ला, दुर्गेश प्रजापति, संजय कुमार यादव , आदि लोग उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 19 नवंबर 2020



# नहाय खाय के साथ शुरू हो गई छठ पूजा

संवाददाता। बाराबंकी



**सूर्य** उपासना का पर्व छठ पूजा आज से शुरु हो गयी। व्रती महिलाओं एवं पुरुषों ने चार दिनो व्रत के पहले दिन नहाय खाय के साथ छठ पूजा शुरु की। इसी के साथ पूजा मे प्रयुक्त होने वाली सामग्री भी बाजारों मे आ गयी है। घंटाघर, धनोखर एवं छाया चौराहे पर ठेलो पर बिक रहे मौसमी फल आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बने है।

वैसे तो छठ पूजा बिहार का प्रमुख पर्व है किन्तु यह पर्व अब गैर प्रान्तो मे भी मनाया जाने लगा है। कारण साफहै कि वहां के लोग यहाँ आकर बस गये है और यही पूजा भी करते है। जिसके चलते यह पर्व आते ही तैयारियां तेज हो जाती है। लोग पूजा मे प्रयुक्त मौसमी फल की खरीददारी के साथ ही रसोईघर, नदी, तालाब आदि की साफ सफाई भी होती है। यहां नागेश्वर नाथ मंदिर, रेट नदी पूजा के लिए मुख्य स्थान है जिसको सुस्जित किया गया है जहां जल मे खड़े होकर व्रती महिलाए एवं पुरुष छठी मइया की पूजा अर्चना करते है यह महापर्व चार दिनो होती है प्रथम दिन नहाय खाय के साथ शुरु किया जाता है। मान्यता है कि सूर्य उपासना से सूर्य देव प्रसन्न होते है और पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। महिलाए निर्जला व्रत रखकर सुबह की बेला मे पानी मे खड़े होकर अर्घ्य देती है और तरह तरह से अराधना करती है।

## घर में घुसे चोरों ने छह लाख की नगदी और जेवर किया पार

संवाददाता। बाराबंकी

**पुलिस** के लाख प्रयासों के बावजूद जनपद में चोरी की वारदात रुकने का नाम नहीं ले रही है चोर पुलिस से भी एक कदम आगे हैं तभी तो वह घटना को अंजाम देकर निकल जाते हैं और पुलिस लकीर का फकीर पीटती रहती है बीती रात देवा थाना क्षेत्र के माती गांव में ऐसी ही एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है और नगदी समेत करीब 6 लाख का जेवरलेकर फरार हो गए स पुलिस इस मामले में भी अभी तक सूचना दर्ज करने तक ही सीमित है प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद कुतुब देवा थाना के माती गांव में रहता है बीती रात उसका पूरा परिवारभोजन करने के पश्चात गहरी नींद में सो गया था तभी अज्ञात चोर छत के रास्ते उसके घर में घुस गए और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर नगदी समेत लगभग छह लाख के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया पीड़ित परिवार के पैरों तले जमीन तब खिसक गई जब बुधवार की सुबह लोगों की नींद टूटी तब टूटी अलमारी व कमरे में बिखरा सामान देखा इस पर घर में रोना.धोना शुरू हो गया घर में शोरगुल मचने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। पीड़ित मोहम्मद कुतुब ने बताया कि चोर 25000 नगदी व 10 तोला सोना और चांदी के जेवर ले गए। पुलिस ने सूचना अंकित कर कार्यवाही शुरू की है।

### सिपाही की मौत

**बाराबंकी।** हार्ट अटैक से पीआरवी के सिपाही की मौत हो गई पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।जानकारी के अनुसार मसौली थाने की डायल 112 वाहन में बतौर सिपाही के पद पर तैनात 43 वर्षीय सूर्यभान सिंह की बीती मंगलवार की शाम डयूटी के दौरान हार्टअटैक पड़ गया जिसके बाद साथी ने सिपाही को अस्पताल पंहुचाया हालत गम्भीर होने के कुछ समय बाद सिपाही सूर्यभान सिंह की मौत हो गई।

## हनुमान मंदिर पर हुआ भण्डारा, भक्तों ने चखा प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के हनुमान नगर गौहानी मे स्थित हनुमान मंदिर पर भण्डारे मे श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान हनुमान जी की आराधना पूजा करते हुए श्रद्धालुओं ने कोरोना महामारी से बचाव की भी प्रार्थना की। इसके पहले आयोजन समिति द्वारा श्रीरामचरितमानस एवं शांति पाठ के आयोजन मे भी श्रद्धालुओ ने बढ़चढकर भाग लिया। इसमहें बड़ी संख्या में स्थानीय व दूरदराज से आए लोगों ने हिस्सा लिया। ग्रामीणों ने प्रकाश पर्व के तहत दीप जलाकर भी सुख–शांति की कामना की। कार्यक्रम का संयोजन रामदेव शर्मा ने किया। इस मौके पर पृथ्वीपाल, प्रमोद पाण्डेय, केशव मिश्रा, राजेंद्र यादव, रूपनाथ, अजीत सिंह, मेवा लाल, राममिलन, शनि तिवारी, सुनील सिंह आदि रहे।

## राहुल व मनमोहन पर ओबामा की प्रतिक्रिया पर सिविल न्यायालय में दाखिल हुआ परिवाद, एक दिसंबर को सुनवाई

● **ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की ओर से किया गया परिवाद दाखिल**

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**पूर्व** अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी किताब ए प्रामिस्ड लैंड मे कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को लेकर जताये गये दावे को लेकर बुधवार को स्थानीय सिविल न्यायालय मे ओबामा के विरूद्ध परिवाद दाखिल किया गया है। प्रकीर्णवाद पर सिविल न्यायालय मे बहस के बाद सिविल जज विनीत यादव ने वाद की पोषणीयता पर आगामी पहली दिसंबर को सुनवाई की तिथि मुकर्रर की है। ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की ओर से बुधवार को यहां दीवानी न्यायालय मे दाखिल परिवाद मे ओबामा के दावे को भारतीय गणतंत्र की लोकतांत्रिक प्रणाली पर आपत्तिजनक दावा करार दिया गया है। याचिका मे अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश ने कहा है कि बराक ओबामा ने कुछ लोगों की साजिश से चीन और पाकिस्तान के साथ देश के तनावपूर्ण सम्बन्धों के बीच राहुल गांधी तथा मनमोहन सिंह को लेकर यह टिप्पणी व्यक्त कर लोकतांत्रिक व एक सम्प्रभु राष्ट्र के आंतरिक राजनीतिक मामले मे आपराधिक आशय से दखल दिया है। उन्होने कोर्ट से याचना की है कि देश मे राहुल गांधी के लाखों समर्थको को उद्वेलित कर देश की शांति व्यवस्था को बाधित करने के आपराधिक आशय के तहत ओबामा के कृत्य को भारतीय राष्ट्रद्रोह करार देते हुए पुलिस को मुकदमा दर्ज किये जाने के निर्देश दिया जाये। परिवाद मे याची की ओर से कहा गया है कि राहुल गांधी भारतीय संसद की लोकसभा तथा मनमोहन सिंह राज्यसभा के मौजूदा निर्वाचित सदस्य है। ऐसे मे एक विदेशी नागरिक के द्वारा उस देश के पूर्व राष्ट्रपति होने के बावजूद एक स्वतंत्र एवं गुटनिरपेक्ष देश के आंतरिक राजनीतिक मामले मे यह टिप्पणी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय मे भारत की साख को भी आघात पहुंचाये जाने का आपराधिक षडयंत्र भी है। प्रकीर्णवाद की सुनवाई करते हुए सिविल जज विनीत यादव ने इसकी पोषणीयता पर आगामी पहली दिसंबर को सुनवाई की तिथि मुकर्रर की है। प्रकीर्णवाद पर याची ज्ञानप्रकाश की ओर से संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश व अधिवक्ता रमेश पाण्डेय तथा शहजाद अंसारी ने संयुक्त रूप से कोर्ट मे बहस पेश की। कोर्ट मे जैसे ही ज्ञानप्रकाश बनाम बराक ओबामा पत्रावली की पुकार हुई। वहां मौजूद वादकारियो तथा अधिवक्ताओं मे मुकदमें को लेकर खासा कौतूहल का माहौल बन गया। इधर एसपी को भेजे गये प्रार्थना पत्र मे भी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने ओबामा के खिलाफकेस दर्ज न होने पर दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के समक्ष आमरण अनशन शुरू किये जाने की चेतावनी भी दी है।

### सुजाखर टीम को विजेता व लालगंज को मिला उपविजेता का खिताब

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के कुंभापुर गांव मे हुये बाबा घुइसरनाथ क्रिकेट टूर्नामेण्ट मे दादा स्पोटिंग क्लब सुजाखर को विजेता तथा लालगंज स्पोटिंग क्लब को उपविजेता का खिताब मिला। प्रतियोगिता मे लालगंज के अनूप तिवारी मैन ऑफद मैच तथा अनूप शुक्ला को मैन आफद मैच का पारितोषिक प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान आशुतोष मिश्र ने विजयी खिलाड़ियो को प्रशस्ति पत्र व पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष अजीत यादव ने प्रतियोगिता के ध्येय पर प्रकाश डाला। आयोजन मे रमेश यादव, विकास यादव, छोटू, पप्पू मौर्य, शिवमंगल यादव, राजेश, सुभाष, विनोद, मानसिंह, अंकित आदि का सराहनीय योगदान दिखा।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**बाराबंकी।** बाइक और ट्रैक्टर ट्रॉली की आमने सामने की जोरदार टक्कर से 20 वर्षीय बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने युवक का पोस्टमार्टम कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार सफदरगंज थाना अंतर्गत केवलापुर निवासी अली अहमद का 20 वर्षीय पुत्र शहनूर कार्यवश मैलारायगंज थाना बदोसराय जा रहा था बीती मंगलवार की देर शाम हुए इस हादसे में शहनूर की बाइक गांव के ही आशाराम की बाग के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर घायल हो गया गम्भीर रूप से घायल शहनूर को जिला अस्पताल इलाज के लिये लाकर भर्ती कराया गया जहां पर गम्भीर रूप से घायल युवक ने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है वहीं परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## यातायात पुलिस ने चलाया व्यापक जागरूक अभियान

संवाददाता। अमेठी

**आज** यातायात माह नवंबर के अट्ठाहरवें दिवस यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा यातायात जागरूकताध्मिशन शक्ति अभियान के दौरान कस्बा गौरीगंजए जायस व मुंशीगंज में आम जनता को यातायात के नियम पालन करने व श्मिशन शक्तिश् के अन्तर्गत थानो पर स्थापित श्महिला हेल्प डेस्कश् व शिकायत पेटिका के संबन्ध में जानकारी दी गयी तथा यातायात नियमों से संबंधित व श्मिशन शक्तिश् से संबंधित बैनर व पोस्टर लगवाए गए व स्टीकर चिपकाए गए तथा आम जनता के लोगों को पंपलेट देकर जागरूक किया गया । बिना हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वालों को हेलमेट लगवाए गए तथा बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों को सीट बेल्ट लगवाई गई व शीत ऋतु में पड़नें वाले कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों में रेट्रोरिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए साथ साथ उनसे यातायात नियमों का पालन करने जैसे.नशे की हालत में वाहन न चलानेए निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठानेए वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करनेए अवयस्क को वाहन न चलाने देनेए सीट बेल्ट का प्रयोग करनेएदो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने आदि के सम्बंध में निवेदन भी किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने वाले लोगों को बधाई दी गई । वहीं यातायात चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 77 वाहनों का चालान किया गया तथा कुल 81ए500 ध् रूपये का जुर्माना योजित किया गया ।

## साइकिल सवार बच्चों को बस ने रौंदा, दोनों की दर्दनाक मौत

संवाददाता। जगदीशपुर अमेठी



**घर** से जगदीशपुर बाजार जाते समय परिवहन की बस ने साइकिल सवार बच्चों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए । स्थानीय लोगों की मदद से दोनों बच्चों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे की हालत गम्भीर देख कर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया एलेकिन उसकी भी मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ साथ कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा ।वहीं बस को कब्जे में लेकर परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया ।

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ.वाराणासी राजमार्ग संख्या 731 पर स्थित चहेतीनगर मोड़ के पास तेज रफ्तार से जा रही परिवहन निगम की बस ने साईकिल सवार बच्चों को जोरदार टक्कर मार दी जहां स्थानीय लोगों की मदद से दोनों बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे की हालत गम्भीर देख कर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही कई थानों की पुलिस के साथ साथ सीओ मनोज कुमार यादव भी मौके पर पहुंच कर परिजनों को समझाबुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और वही पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में लिया ।मृतक की पहचान शमसीर पुत्र वसीम उम्र लगभग 12वर्ष निवासी हारीमऊ थाना जगदीशपुर व दूसरे की पहचान मोहम्मद सोहेल पुत्र चमन उम्र 16वर्ष हालपता महराजगंज जनपद रायबरेली के रूप में हुई है ।परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने बस व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया ।

## निराश्रितों, गरीबों, वृद्ध व किसानों की मदद के लिए योजनाएं चला रही है प्रदेश सरकार

संवाददाता। ललितपुर

**प्रदेश** सरकार समाज के गरीबोंए किसानोंए असहायों निराश्रितों के विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाकर उनकी सहायता कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार का समाज कल्याण विभाग बुजुर्गों व किसानों के लिए वृद्धावस्था किसान पेंशन योजना चला रही है। इस योजनान्तर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे स्त्री.पुरूष जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रू0 व शहरी क्षेत्र में 56460 रू0 तक के गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले लोग पेंशन पाने के पात्र हैं। इस आयु सीमा के अन्तर्गत आने वाले वृद्ध किसान भी पात्र होते हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले बुजुर्गों को प्रदेश सरकार पेंशन देकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है।

प्रदेश सरकार की वृद्धावस्थाध्किसान पेंशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों का चयन ग्रामीण स्तर पर ग्राम पंचायत की खुली बैठक में होता है। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय को भेजा जाता है। इस योजनान्तर्गत लाभ पाने के लिए आवेदन आनलाइन भी किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन करते समय लाभार्थी का फोटोए जन्मध्आयु प्रमाण पत्रए पहचान प्रमाण पत्र ;वोटर आई0डी0ध्आधार कार्डध्राशन कार्डद्ध बैंक पासबुक की फोटोकापीए निवास व आय प्रमाण पत्र लगाना पड़ता है। सभी जरूरी दस्तावेज ऑफलाइन आवेदन में भी लगता है। प्रदेश सरकार अब सभी पेंशन के पात्रों के आवेदन आनलाइन भरने पर बल दे रही है। आनलाइन आवेदन करने से आवेदन पत्र सम्बंधित कार्यालय में समय से व निश्चितता के साथ पहुंचता है। इस प्रक्रिया से आवेदन पत्र प्राप्त होने की निश्चितता रहती है। पेंशन के प्राप्त प्रस्ताव को जांचोपरान्त मंजूर करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा सम्बंधित लाभार्थी के बैंक खाते में पेंशन भेजी जाती है। उसी तरह शहरी क्षेत्रों में सम्बंधित उपजिलाधिकारीध्सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से चयन करते हुए समाज कल्याण विभाग को पात्रों की सूची व आवेदन पत्र भेजे जाते हैंए जहां से उन्हें प्रतिमाह रू0 500 की दर से सालाना 6000 रू0 पेंशन दी जा रही है।

वृद्धावस्थाध्किसान पेंशन योजनान्तर्गत 60 वर्ष से 79 वर्ष तक की आयु के पेंशनरों को रू0 500 प्रतिमाह की दर से दी जा रही पेंशन में रू0 300 राज्यांश एवं 200 रू0 केन्द्रांश होता है। इसी प्रकार 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को दी जा रही 500 रू0 की पेंशन का शत.प्रतिशत केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का ध्येय है कि प्रदेश के सभी पात्रों को इस पेंशन योजना का लाभ मिले। यही कारण है कि जहां वर्ष 2017.18 में 3747321 लाभार्थी थे वही वर्ष 2020.21 में 4912387 लाभार्थी हो गये। सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन देने के लिए सरकार ने इस वर्ष 215423ण्16 लाख रू0 व्यय किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने कोरोना काल में सभी पेंशनार्थियों को एडवांस में पेंशन भिजवाया हैए जिससे लाभार्थियों को किसी प्रकार की आर्थिक समस्या नहीं आई। सरकार की इस योजना से प्रदेश के नि:सहायए निराश्रितए सभी पात्र गरीबों का लाभान्वित किया जा रहा है

### बच्चों की प्रतियोगिताएं

**ललितपुर।** चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 द्वारा पुलिस लाइन में बच्चों की पेंटिंगध् निबंध प्रतियोगिता कराई गयी। जिसमें चाइल्ड लाइन के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया । चाइल्ड वेलफेयर समिति के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल व चाइल्ड हेल्पलाइन डायरेक्टर दीपाली पटेरिया व मुख्य अतिथि के रूप में कैप्टन एम एम बेग पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को किसी प्रकार की कोई समस्याध्परेशानी होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल फोन करने के संबंध में जानकारी दी। 1098 पर कॉल करने पर बच्चों को सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

## छठ पूजा पर्व पर विशेष इंतजाम हो और सोशल डिस्टेसिंग के प्रोटोकॉल का अनुपालन कराया जाये: डीएम

**प्रतापगढ।** जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने 19/20 नवम्बर को पारम्परिक रूप से छठ पूजा पर्व पर विभिन्न व्यवस्थायें एवं सोशल डिस्टेसिंग के प्रोटोकॉल का अनुपालन कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि छठ पूजा पर्व के अवसर पर महिलाओं को प्रेरित किया जाये कि वे इस पर्व को यथासम्भव घर पर ही मनाये अथवा घर के निकट ही मनाये। छठ पूजा पर्व के अवसर पर नदी/तालाब के किनारे पारम्परिक स्थानों पर पूर्व की भांति नगर निगम/नगर निकाय व जिला प्रशासन द्वारा अर्घ्य दिये जाने की समुचित व्यवस्था की जाये। इस अवसर पर नदी/तालाबों के किनारे शौचालय एवं साफ-सफाई, प्रकाश, पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था की जाये। घाटों पर महिलाओं के लिये चेन्जरूम की व्यवस्था की जाये। छठ पूजा स्थल पर एम्बुलेन्स की व्यवस्था मय चिकित्सकों की टीम के साथ की जाये, घाट के अन्दर बैरिकेडिंग, सीढ़ियों की व्यवस्था की जाये। पूजा स्थलों की सतत् निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरों की समुचित व्यवस्था, पूजा स्थलों पर मजिस्टेऽ्टों/पुलिस के अधिकारी की तैनाती की जाये जिससे सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित न हो। पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता एवं सैनेटाइजेशन पर विशेष ध्यान देते हुये अभियान चलाकर अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करायी जाये, सोशल डिस्टेसिंग का पालन किया जाये, सभी कार्यक्रमों में 02 गज की दूरी व मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से कराया जाये।

## एसडीएम ने दो दिनों में तालाब की भूमि कब्जा मुक्त करने के दिए निर्देश



संवाददाता। फतेहपुर बाराबंकी

**कस्बे** की पुलिस चौकी के पीछे स्थित सरकारी तालाब पर मोहल्लेवासियों द्वारा अवैध कब्जा कर लिये जाने की षिकायत पर एसडीएम के आदेष पर राजस्व, पुलिस व नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने अवैध निर्माण करा रहे कब्जेदारों को दो दिन मे कब्जा हटाने के निर्देष दिये है।

मालुम हो कि फतेहपुर कस्बे की पुलिस चौकी के पीछे स्थित सरकारी तालाब पर मोहल्ले के कुछ लोगो द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मामला एसडीएम पंकज सिंह के संज्ञान मे आने पर उनके द्वारा तहसीलदार राहुल सिंह, ईओ आदित्य प्रकाष को मौके पर पुलिस टीम के साथ भेजकर जांच करायी। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने तालाब का नजारा देखा तो वह हतप्रभ रह गये, तालाब की भूमि पर कई लोगो द्वारा अवैध रुप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिस पर तहसीलदार ने हल्का लेखपाल को पैमाइस करके अवैध कब्जेदारों को चिन्हित कर बेदखली की कार्यवाही करने के निर्देष दिये है। वहीं चिन्हित अवैध निर्माण को दो दिन मे हटाने के निर्देष अतिक्रमणकारी को दिये है। प्रषासन की इस कार्यवाही से अवैध कब्जेदारों मे हडकंप मचा हुआ है। इस सम्बन्ध मे तहसीलदार राहुल सिंह ने बताया कि मेरे द्वारा उपजिलाधिकारी के निर्देष पर जांच की गयी। प्रथम दृष्टया जो नव निर्माण हो रहा है, वह अवैध प्रतीत हो रहा है, जिस पर निर्माण करा रहे लोगो को दो दिन मे कब्जा हटाये जाने के निर्देष दिये है। लेखपाल द्वारा पैमाइस के उपरान्त चिन्हित कब्जेदारों को बेदखल करने की कार्यवाही की जायेगी।

## डीएम ने कोरोना पर स्वास्थ्य अधिकारियों से की गहन मंत्रणा

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज सीएमओ कार्यालय में संचालित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर में प्रभारी इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूमए प्रभारी सर्विलांसए प्रभारी सैम्पलिंगए प्रभारी स्टोरए मुख्य चिकित्सा अधिकारीए मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ कोविड.19 के संबंध में चल रही समस्त कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान समस्त उपजिलाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैंपल के संबंध में जानकारी ली तथा सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लक्षण युक्त सैंपल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य किया जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। कोविड अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजनए नाश्ता की व्यवस्था एवं अस्पताल में साफसफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाये। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक भोजन देने के साथ.साथ उनका देखभाल भी बेहतर ढंग से किया जाये ताकि मरीजों को कोई दिक्कत न होने पाये। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद अमेठी में 166549 सैंपल जांच हेतु भेजे गए हैंए जिनमें से 3095 मरीज पॉजिटिव आए हैंए अब तक 2975 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किए गए हैंए वर्तमान में 91 एक्टिव केस हैं।

## जिलाधिकारी ने स्नातक व शिक्षक के मतदान के लिए मास्टर ट्रेनरों को किया प्रशिक्षित

संवाददाता। प्रतापगढ़

**उत्तर** प्रदेश राज्य विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2020 के मतदान 1 दिसम्बर को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु आज अफीम कोठी के सभागार में जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार की अध्यक्षता में मास्टर टेऽ्नरों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिलाधिकारी ने बताया है कि लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक का मतदान प्रात: 8 बजे से सायंकाल 5 बजे तक जनपद के 62 पोलिंग स्टेशनों पर सम्पन्न होगा। मतदान कार्मिकों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण 21 नवम्बर तथा द्वितीय प्रशिक्षण 26 नवम्बर को राजकीय इण्टर कालेज में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक होगा। उन्होने बताया है कि स्नातक निर्वाचन के लिये सफेद रंग का और शिक्षक निर्वाचन के लिये गुलाबी रंग के मतपत्रों का प्रयोग होगा तथा स्नातक निर्वाचन के लिये मतदाता के बाये हाथ की तर्जनी उंगली पर एवं शिक्षक निर्वाचन के लिये मतदाता के बायें हाथ की मध्यमा उंगली पर अमिट स्याही का निशान लगाया जायेगा। पोलिंग पार्टियों की रवानगी 30 नवम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ से होगी और यहीं पर बैलेट बॉक्स भी जमा होगें। मतदाता अपने पसंद के उम्मीदवार के नाम के सामने बैगनी रंग के स्केच पेन से एक, दो, तीन या चार अंकों में अंकित करेगा। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मास्टर टेऽ्नरों प्रशिक्षित करते हुये कहा कि मतपेटिका को सील करना एवं मतदान की तैयारी करते समय सभी अभिकर्ताओं को प्राप्त मतपत्रों का पहला और अन्तिम क्रमांक दिखा दें, साथ ही निर्वाचक नामावली के प्रतियां भी अवलोकित करा दें एवं सभी उपस्थित अभिकर्ताओं एवं अभ्यर्थियों को मतपेटिका खोलकर इस आशय से दिखा दे कि अन्दर कुछ भी नही है। मतदान के पूर्व घोषणा प्रपत्र भरकर उपस्थित अभिकर्ताओं एवं अभ्यर्थियों से निर्धारित जगह पर हस्ताक्षर कराये। मतदान अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था बताये गये क्रम में इस प्रकार करें कि मतदान की गोपनीयता भंग न हो। ये सभी कार्यवाहियां इस प्रकार से करें कि समय से मतदान प्रारम्भ होने में किसी भी प्रकार का व्यवधान व विलम्ब न हो। मतदान समाप्त होने के पूर्व पीठासीन अधिकारी इस बात को सुनिश्चित कर लें कि परिसर में उपस्थित सभी मतदाता मतदान कर सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी मास्टर टेऽ्नर्स के साथ बैलेट बॉक्स को खोलने और बंद करने की प्रक्रिया को देखा और कहा कि सभी मास्टर टेऽ्नर्स अच्छी तरह से टेऽ्निंग प्राप्त कर लें ताकि वह मतदान कार्मिकों को अच्छे से प्रशिक्षण दे सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने मास्टर टेऽ्नरों से कहा कि इस चुनाव को हमें पूरी

## विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत निकाली जागरुकता रैली




**बरेठी, बरेठी** स्थित महाराणा प्रताप इण्टर कॉलेज में आश्रय वेलफेयर फाउंडेशन लखनऊ के सौजन्य से सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का उद्घाटन देवा कोतवाली के थानाध्यक्ष पी सी शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मास्क लगाये हुए व सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए दुंदपुरवा चौराहे से होते हुए बरेठी गांव तक सड़क सुरक्षा के जयघोष लगाते हुए जैसे सर सलामत तो सब सलामतए दुर्घटना से देर भलीए सड़क पर बने सँकेत को ध्यान में रखकर यात्रा करने के लिए अपील करते रहे।इस मौके पर मुख्य अतिथि पी सी शर्मा ने समस्त विद्यार्थियों को सुरक्षित यात्रा करने की अपील करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किये।कार्यक्रम में अनिल कुमार मौर्यए दशरथ मिश्रए सिद्ध करन मिश्राए संजय कुमारए रंजीतए अमित श्रीवास्तवए राणा प्रताप सिंहए मधू कश्यपएदीपकएअंकितएसूरजएअनुराग यादवए कोमल यादवए देवेंद्र कुमार यादवएगौरव राजवीर आदि दर्जनों विद्यार्थियों व अध्यापक गण शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबन्धक योगेंद्र बहादुर सिंह विसेन ने आये हुए अतिथि व विद्यार्थियों को हृदय से आभार प्रकट किये।